दर्शन-परिभाषा-कोश

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केन्द्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

अनुक्रम

पृष्ठ संख्या

प्रस्तावना

मानविकी तथा सामाजिक विज्ञानों के अन्तर्गत लगभग सभी विषयों में शब्दावली-निर्माण का कार्य पूरा हो जाने के बाद 1970 में यह आवश्यक समझा गया था कि अंतिम रूप में निश्चित की गई शब्दावली को स्थायित्व देने के लिए प्रत्येक विषय में परिभाषा-कोशों का निर्माण किया जाय। परिभाषायें शब्दावली को स्थिरता देने में सहायक होती हैं। इसी उद्देश्य से विभिन्न विषयों में परिभाषा-कोशों के संकलन का काम हाथ में लिया गया है।

प्रस्तुत कोश में दर्शन की सभी शाखाओं के महत्वपूर्ण शब्द दिये गये हैं और लगभग 2,100 मूलभूत शास्त्रीय शब्दों की परिभाषायें संकलित की गई हैं। अर्थ को स्पष्ट करने के लिए कहीं-कहीं उदाहरण भी दिये गये हैं।

इस कोश के निर्माण में अनेक प्रामाणिक पुस्तकों की सहायता ली गई है और अंग्रेजी में उपलब्ध परिभाषा-कोशों का भी उपयोग किया गया है। विदेशी नामों के उच्चारण और लिप्यंतरण के लिए वेबस्टर-कृत 'बायोग्राफिकल डिक्शनरी' को मानक आधार के रूप में स्वीकार किया गया है।

यद्यपि प्रस्तुत कोश को उपयोगी और प्रामाणिक बनाने का भरसक प्रयत्न किया गया है, फिर भी कोश की त्रुटियों से अवगत कराये जाने के लिए हम विद्वान् पाठकों के आभारी होंगे और अगले संस्करण में उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे।

आशा है, हिन्दी माध्यम से पढ़ने-पढ़ाने वाले विद्यार्थियों और अध्यापकों को इस कोश से विशेष लाभ होगा।

हरबंशलाल शर्मा
अध्यक्ष
वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली।

संपादकीय वक्तव्य

दर्शन में प्रयुक्त लगभग 2,100 मूलभूत शास्त्रीय शब्दों की परिभाषाएं इस कोश में समाविष्ट हैं। प्रविष्टियां अंग्रेजी वर्णानुक्रम से हैं। पहले अंग्रेजी भाषा का शब्द दिया गया है और फिर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा स्वीकृत उसका हिन्दी पर्याय तथा नीचे कम से कम शब्दों में उसके अर्थ को स्पष्ट करने वाली परिभाषा हिन्दी में दी गई है। अर्थ को अधिक स्पष्ट करने के लिए यत्र-तत्र उदाहरणों का भी आश्रय लिया गया है। जहां आवश्यक समझा गया शब्द के प्रयोग के संबंध में ऐतिहासिक या व्यक्तिवृत्तात्मक संदर्भों का उल्लेख कर दिया गया है।

इस कोश में दर्शन की सभी शाखाओं के महत्वपूर्ण शब्द दिए गए हैं। परिभाषाओं का आधार मुख्यतः नीचे लिखे संदर्भ-ग्रन्थों को बनाया गया है :—

1. Baldwin : Dictionary of Philosophy & Psychology
2. Edwards : Encyclopaedia of Philosophy
3. Ferm : Encyclopaedia of Morals
4. Ferm : Encyclopaedia of Religion
5. Runes : Dictionary of Philosophy

विषय के प्रमुख पाठ्य ग्रन्थों का भी भरपूर उपयोग किया गया है।

विदेशी नामों के उच्चारण और लिप्यंतरण के संबंध में वेबस्टर-कृत बायोग्राफिकल डिक्शनरी को मानक के रूप मे स्वीकार किया गया है। अनेक प्रसिद्ध नामों का हिन्दी में जो लिप्यंतरण मिलता है उसमें एकरूपता नहीं दिखाई देती। किसी-किसी नाम का सर्वत्र अशुद्ध उच्चारण मिलता है। कुछ उदाहरण ये हैं : Bradley, Berkeley इत्यादि नामों को निरपवाद रूप से 'ब्रेडले', 'बर्कले' इत्यादि लिखा और बोला जाता है, लेकिन इनका सही रूप 'ब्रेडली', 'बर्कली' इत्यादि है। Bosanquet वास्तव में 'बोसान्के' नही बल्कि 'बोज़न्केट' है। Nietzsche 'नीट्शे' नही बल्कि 'नीचे' लिखा-बोला जाना चाहिए। इसी प्रकार

Pythagoras, Peirce, Whewell, Euler का सही उच्चारण क्रमशः 'पिथेगोरस' या 'पाइथेगोरस' ('पाइथागोरस' नहीं), 'पर्स' ('पीयर्स' नहीं) 'ह्यूएल' ('ह्वीवेल' नहीं) और 'ऑयलर' ('यूलर' नहीं) है।

Socrates और Aristotle के संबंध में वेबस्टर का अनुसरण नहीं किया गया है। इन नामों के भारतीय रूप 'सुकरात' और 'अरस्तू' बहुत समय से चले आ रहे हैं। दर्शन-विशेषज्ञ-समिति ने समुचित विचार-विमर्श के पश्चात् इन्हीं रूपों को स्वीकार किया है।

गोवर्धन भट्ट

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

प्रो० हरबंशलाल शर्मा
अध्यक्ष

प्रो० जयकृष्ण, कुलपति, रुड़की विश्वविद्यालय
सदस्य

डा० आर० सी० मेहरोत्रा, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय
सदस्य

डा० पी० एस० वाही, भूतपूर्व महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली
सदस्य

प्रो० एस० के० मुखर्जी, कुलपति, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (बिहार)
सदस्य

डा० नगेन्द्र, प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
परामर्शदाता

दर्शन-परिभाषा-कोश

abbreviated syllogism — संक्षिप्त न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसकी एक या दो प्रतिज्ञप्तियां सुगम होने के कारण व्यक्त न की गई हों।

उदाहरण :—मनुष्य मरणशील है और क एक मनुष्य है। (यहां निष्कर्ष 'क मरणशील है' व्यक्त नहीं किया गया है)।

abbreviative definition — संक्षेपक परिभाषा

गणितीय तर्कशास्त्र में, वह परिभाषा जो यह बताती है कि अमुक प्रतीक अमुक सूत्र का संक्षिप्त रूप है और उसके स्थान पर प्रयुक्त होगा।

abduction — अपगमन

1. अरस्तू के तर्कशास्त्र में, वह न्यायवाक्य जिसमें साध्य-आधारिका सत्य होती है, किन्तु पक्ष-आधारिका केवल प्रसंभाव्य होती है, और फलत: निष्कर्ष भी प्रसंभाव्य ही होता है।
2. पर्स (Peirce) के अनुसार, तर्क का एक प्रकार जिसमें तथ्यों के समूह विशेष से उनकी व्याख्या करने वाली प्राक्कल्पना प्राप्त की जाती है।

abiogenesis — अजीवात् जीवोत्पत्ति

(यह मान्यता कि) जड़ पदार्थ जीवों का प्रादुर्भाव (होता है)।

abnegation — आत्मनिषेध

किसी उच्चतर आध्यात्मिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपनी इच्छाओं या लौकिक स्वार्थ का त्याग।

abridged syllogism — संक्षिप्त न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसमें एक या अधिक अवयव लुप्त हों। देखिए, abbreviated syllogism

absolute — 1. ब्रह्म, परम तत्त्व, परतत्त्व

मुख्यत: अध्यात्मवादी विचारधारा में, सर्वोच्च सत्ता जो सर्वग्राही, स्वयंभू, निरपेक्ष, निरुपाधि, नित्य, स्वतंत्र और पूर्ण है। (इस अर्थ को प्रकट करने के लिए यह शब्द प्रायः बड़े A से लिखा जाता है।)

2. निरपेक्ष, निरुपाधि, केवल; परम; पूर्ण

देश, काल, परिस्थिति इत्यादि से संबंध न रखनेवाला; उपाधियों से रहित; अनन्य रूप से अस्तित्व रखने वाला, दोषों से सर्वथा हीन, सर्वोच्च इत्यादि।

absolute concept — निरपेक्ष संप्रत्यय, केवल संप्रत्यय

कार्नेप (Carnap) के अनुसार, ऐसा संप्रत्यय जो किसी भाषा-विशेष की अपेक्षा नहीं रखता, जैसे [illegible] जो [illegible] के संबंध को व्यक्त करता है [illegible] मानते हैं।

absolute ego — [illegible]

फिख्टे (Fichte) के अनुसार, अनुभव [illegible] ज्ञाता-विषयी के भेद का [illegible] अवस्था।

absolute ethics — निरपेक्ष नीति

वह नीति जो मूल्यों को निरपेक्ष, वस्तुनिष्ठ, प्रतिमानवीय और शाश्वत मानती है अथवा, विशेषतः स्पेन्सर के अनुसार, आदर्श समाज के आदर्श व्यक्ति के लिए बनाई गई आदर्श आचरण-संहिता ।

absolute existence — ब्राह्मी स्थिति

कीर्केगार्द (Kierkegaard) के अनुसार, वह स्थिति जिसमें व्यक्ति ब्रह्म में अपना पूर्ण लय कर देता है ।

absolute frequency — निरपेक्ष बारंबारता

कार्नेप के अनुसार, किसी निर्दिष्ट क्षेत्र के अंदर एक वस्तु, घटना या गुण के उदाहरणों की वास्तविक संख्या ।

absolute good — निरपेक्ष श्रेय, निःश्रेयस

नैतिक जीवन का वह लक्ष्य जो अपने में शुभातिशुभ हो, जिससे अधिक श्रेष्ठ किसी वस्तु की कल्पना न की जा सकती हो ।

absolute idealism — परम-प्रत्ययवाद

पाश्चात्य दर्शन में, हेगेल का तत्त्वमीमांसीय सिद्धांत जिसमें परम तत्त्व को चिद्रूप या आध्यात्मिक और संपूर्ण सत्ता को आधारभूत एकता के रूप में माना गया है । भारतीय दर्शन में ब्रह्मवाद को इस विचार-धारा का समकक्ष मानना चाहिए ।

(the) Absolute Indefinite — परम अनिवर्चनीय

प्रो० कृष्णचंद्र भट्टाचार्य के अनुसार, वह तत्त्व जो विषय और विषयी के क्षेत्र से ऊपर है, अर्थात् हमारे साधारण लौकिक संप्रत्ययों की पकड़ से परे है ।

absolute personal equation

निरपेक्ष व्यैक्तिक विचरण

निजी विशेषताओं के कारण व्यक्ति के प्रेक्षण, निर्णय या मूल्यांकन में एक नियत मात्रा में दिखाई देने वाली त्रुटि ।

absolute pluralism

निरपेक्ष बहुतत्ववाद

बर्ट्रेंड रसेल का यह सिद्धांत कि दुनिया में अनेक वस्तुओं का अस्तित्व है, पर ऐसी कोई एक वस्तु या अवयवी नहीं है जो उन अनेक वस्तुओं के मेल से बना हो ।

absolute proof

पूर्ण प्रमाण

ऐसा प्रमाण जो पूर्णतः निश्चायक, अर्थात् संदेह का पूरी तरह से निराकरण कर देने वाला, हो ।

absolute realism

सर्ववास्तववाद

यह मत कि ज्ञान का विषय, चाहे वह यथार्थ हो या अयथार्थ सदैव वास्तविक होता है ।

absolute reality

परम सत्ता, परम तत्त्व

पारमार्थिक सत्ता जैसी कि वह स्वतः, मनुष्य के ज्ञान से स्वतंत्र रूप में, है ।

विशेषतः स्कालेस्टिक दर्शन में, सत्ता का वह रूप जो ईश्वरीय बुद्धि में प्रकट होता है ।

absolute space

निरपेक्ष दिक्

दिक् का स्थान घेरने वाली और स्थिति रखने वाली वस्तुओं से स्वतंत्र रूप ।

absolute spirit

केवल चित्, परमचित्

हेगेल के दर्शन में आत्यंतिक सत्ता या ब्र[illegible] के लिए प्रयुक्त पद ।

absolute term — निरपेक्ष पद

तर्कशास्त्र में, वह पद जो स्वतः बोधगम्य हो तथा जिसका अर्थ किसी अन्य पद के अर्थ पर आश्रित न हो, जैसे, 'गाय' आदि।

absolute value — निरपेक्ष मूल्य

वह मूल्य जो देश, काल और समाज की आवश्यकताओं से ऊपर और इसलिए शाश्वत है।

absolution — पापविमोचन

एक धार्मिक कृत्य जिसमें पादरी पश्चात्ताप करने वाले पापी को उसके पाप से और साथ ही प्रायश्चित्तस्वरूप दिए जाने वाले दंड से भी उसको मुक्त घोषित कर देता है।

absolutism — 1. ब्रह्मवाद, परमवाद

वह सिद्धान्त जो ब्रह्म को परम तत्त्व तथा विचार का अंतिम विषय मानता है।

2. निरपेक्षवाद

ज्ञानमीमांसा में, यह सिद्धांत कि मानव को सापेक्ष सत्य के अतिरिक्त निरपेक्ष तथा शाश्वत सत्य का ज्ञान भी संभव है।

मूल्यमीमांसा में, वह मत जो नैतिक व नैतिकेतर मानकों को शाश्वत, अतिमानवीय तथा निरपेक्ष मानता है।

[**absolutistic personalism** — परम-व्यक्तिवाद

ब्रह्म में व्यक्तित्व का आरोप करने वाला अर्थात् उसे सोचने समझनेवाला, अनुभूतिशील और इच्छा इत्यादि करनेवाला माननेवाला सिद्धांत।

abstract

अपाकृष्ट; अमूर्त

वस्तु का जो संपूर्ण रूप अस्तित्व में है उससे विचार के स्तर पर पृथक् किया हुआ जो गुण इत्यादि उसका आंशिक रूप है उसके लिए प्रयुक्त विशेषण ।

तर्कशास्त्र, व्याकरण इत्यादि में शब्दों के वर्गीकरण के संदर्भ में, गुण इत्यादि का बोध कराने वाले शब्द के लिए प्रयुक्त विशेषण।

abstract duty

निर्विशेष कर्तव्य

वह कार्य जो विशेष देश, काल और परिस्थिति का विचार किए बिना ही सामान्य रूप से कर्तव्य समझा जाता है जैसे, सत्य बोलना: सामान्य रूप से सत्य बोलना कर्तव्य माना जाता है और असत्य बोलना अकर्तव्य, हालांकि एक परिस्थिति-विशेष में ऐसा हो सकता है कि असत्य बोलना अधिक उचित हो ।

abstract idea

अमूर्त प्रत्यय

अमूर्त पदार्थों अथवा विचार के स्तर प पदार्थों से पृथक् किए गए पक्षों से संबंधित प्रत्यय ।

abstractio imaginationis

कल्पनात्मक अपाकर्षण

स्कालेस्टिक दर्शन में, कल्पना के द्वारा होने वाला सामान्य का वह बोध जो भौतिक द्रव्य या पुद्गल की उपस्थिति से तो ऊपर उठ जाता है पर उसकी उपाधियों यानी संवेद्य गुणों से अभी मुक्त नहीं हुआ होता ।

abstractio intellectus

बुद्धिमूलक अपाकर्षण

स्कालेस्टिक दर्शन में, बुद्धि के द्वारा होने वाला सामान्य का वह बोध जो पुद्गल, उसकी उपस्थिति, तथा उसकी अनुषंगी अवस्थाओं से भी मुक्त होता है ।

abstraction — अपाकर्षण अपाहरण

1. किसी संपूर्ण वस्तु के एक पक्ष या गुण को विचार के लिए उससे पृथक् कर लेना, जो कि सामान्य के संप्रत्यय के निर्माण की क्रिया का एक आवश्यक चरण होता है।

2. इस क्रिया का परिणाम।

3. स्कालेस्टिक दर्शन में, सामान्य से बोध के लिए आवश्यक मानसिक क्रिया।

abstractionism — दुरपाकर्षण (प्रवृत्ति)

अपाकर्षण का अनुचित प्रयोग, विशेषत: अपाकृष्ट को ठोस वस्तु समझ बैठने की प्रवृत्ति।

abstractio rationis — बुद्धिमूलक अपाकर्षण

देखिए abstractio intellectus

abstractive fiction — अपाकर्षी कल्पितार्थ

वह कल्पितार्थ जिसमें वास्तविकता के किसी अंश की विशेष रूप से उपेक्षा कर दी गई हो।

abstract term — अमूर्त पद

किसी अपाकृष्ट वस्तु का बोध कराने वाला पद, जैसे 'मनुष्यता'।

abstractum — अपाकर्ष, अपाहार

किसी मूर्त वस्तु का वह पक्ष जो बुद्धि द्वारा विचार की सुविधा के लिए उससे पृथक् कर लिया जाता है, जैसे सत्यता, मनुष्यता, लालिमा आदि।

abstract universal — अमूर्त सामान्य

अपाकर्षण की क्रिया से प्राप्त सामान्य (जैसे, लालिमा) जो सदैव पराश्रित और

प्रमाणाविक होना है। ब्रेडली और बोसां द्वारा (concrete universal) से भेद दिखाने के लिए प्रयुक्त पद।

abusive ad hominem argument — उपालंभी लांछन-युक्ति
एक प्रकार की कुयुक्ति जिसमें किसी व्यक्ति के मत को मिथ्या सिद्ध करने के लिये उचित तर्क प्रस्तुत करने के बजाय उस व्यक्ति के चरित्र इत्यादि पर आक्षेप किया जाता है।

acatalepsy — 1. अनिश्चयवाद
संशयवाद का एक प्राचीन यूनानी रूप जिसके अनुसार मानवीय ज्ञान केवल प्रसंभाव्य ही होता है, निश्चयात्मक कभी नहीं।
2. अज्ञेयता
निश्चयात्मक ज्ञान की असंभवता।

acategorematic word — पदायोग्य शब्द
वह शब्द जो न स्वत. और न अन्य शब्दों के साथ मिलकर किसी प्रतिज्ञप्ति का उद्देश्य या विधेय बन सके, जैसे 'अहा'।

accident (=accidens) — आगंतुक गुण, आकस्मिक गुण
अरस्तू के तर्कशास्त्र में, यह गुण जो किसी पद के गुणार्थ (Connotation) का न तो अंग हो और न तार्किक परिणाम ही हो।

accidental definition — आगंतुकगुण-परिभाषा
वह परिभाषा जो किसी पद के गुणार्थ को न बताकर मात्र उसके आकस्मिक गुणों को बताए, जैसे 'मनुष्य हंसनेवाला प्राणी है'।

accidentalism — यदृच्छावाद, आकस्मिकतावाद
एक सिद्धांत जिसके अनुसार घटनाएं बिना किसी कारण के घट जाती हैं या घट सकती हैं।

accidental morality — आगंतुक नैतिकता

कडवर्थ (1617–1688) के नैतिक सिद्धांत में, उन बातों की नैतिक विशेषता जो स्वतः या स्वभावतः तटस्थ होती है पर महापुरुषों की आज्ञाओं (विध-निषेध) का विषय बनने पर अच्छी या बुरी बन जाती है।

accidental proposition — आगंतुकगुणी प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसका विधेय कोई आकस्मिक गुण होता है, जैसे 'कुत्ता एक पालतू जानवर है'।

accompanying circumstances — अनुषंगी परिस्थितियां

वे परिस्थितिया जो किसी चीज के साथ गौण रूप में विद्यमान हो।

acervus argument — पुंज-युक्ति

एक विरोधाभासी तर्क जिसके अनुसार पत्थरो को उतनी संख्या में जो ढेरी बनाने में समर्थ न हो, यदि एक पत्थर और जोड़ दिया जाए तो ढेरी नही बनेगी, पर फिर भी यदि यह प्रक्रिया चलती रहे तो ढेरी बन जाती है।

achilles argument — अकिलीज-युक्ति

जीनों की यह युक्ति कि यदि हम गति को संभव मान लें तो हम इस विसंगति के शिकार हो जाएगे कि अकिलीज, जो ग्रीस का सबसे तेज धावक है, अपने से कही मंद कछुए की दौड़ में नही पकड़ पाएगा, क्योंकि वह कछुए तक की दूरी को जितने समय में तय करेगा उतने समय में कछुआ कुछ और दूरी तय कर लेगा; अतः गति असंभव है।

acosmism

अविश्ववाद, अप्रपंचवाद

यह सिद्धान्त कि जगत का (ज्ञाता से या ईश्वर से पृथक्) अस्तित्व है ही नही।

act

कृत; कर्म

देखिए Action।

action प्रक्रम है और act उसका परिणाम, परंतु सामान्यतः इस अंतर की उपेक्षा कर दी जाती है।

action

कर्म

वह जो विचारशील व्यक्ति स्वेच्छापूर्वक, किसी उद्देश्य से प्रेरित होकर, किसी परिणाम को उत्पन्न करने के लिए करता है और नैतिक निर्णय ('उचित' या 'अनुचित') का विषय होता है।

active courage

सक्रिय साहस

यूनानी नीतिशास्त्र में, वह साहस जो व्यक्ति को रास्ते की कठिनाइयों और कष्टों से या उनकी आशंका से अपने मार्ग से विचलित होने से रोकता है।

activistic idealism

क्रियात्मक प्रत्ययवाद

केवल आध्यात्मिक क्रियाशीलता को ही तात्विक माननेवाला सिद्धात।

activity theory

सक्रियता—सिद्धांत

बर्कली इत्यादि दार्शनिको का संकल्प—शक्ति के आधार पर कारणता की व्याख्या करनेवाला यह सिद्धात कि कारण सक्रिय होकर ही कार्य को उत्पन्न कर सकता है।

actual entity

वास्तविक पदार्थ, अन्त्य वस्तु

व्हाइटहेड के अनुसार, जगत् को उन आधारभूत अंतिम सत्ताओं में से एक जो जड़

न होकर आत्मकल्प अथवा चेतनकल्प है तथा क्षणिक मानी गई है ।

actual idealism — क्रियाप्रत्ययवाद

यह दार्शनिक सिद्धांत कि संपूर्ण सत्ता सक्रिय तथा चिन्मय है, न कि जड़ और निष्क्रिय ।

actual occasion — वास्तविक घटना, वास्तविक प्रसंग

व्हाइटहेड के अनुसार, अंत्य वस्तु अर्थात् पदार्थ का अल्पतम दिक् और अल्पतम काल में अस्तित्व रखनेवाला अंश, जो कि वास्तविकता का अंतिम घटक है । इसे "actual entity" भी कहा गया है ।

actus purus — विशुद्ध कर्म

ईश्वर के स्वरूप के वर्णन के प्रसंग में अरस्तू द्वारा 'उपादान से शून्य आकार' (matter without form) के अर्थ में प्रयुक्त पद । उत्तरवर्ती अध्यात्मवादी दार्शनिकों द्वारा इसका प्रयोग चिंतन-कर्म के अर्थ में किया गया है ।

act utilitarianism — कर्म-उपयोगितावाद

एक प्रकार का उपयोगितावाद जिसके अनुसार प्रत्येक कर्म के औचित्य या अनौचित्य का निर्णय उससे उत्पन्न परिणामों के आधार पर किया जाता है ।

adaptationism — अनुकूलनवाद

एक सिद्धांत जिसके अनुसार विचार पर्यावरण के साथ अनुकूलन का एक रूप है ।

adeism — अदेववाद

मैक्स मूलर द्वारा देवताओं के अस्तित्व का निषेध करने वाले मत के लिए प्रयुक्त शब्द ।

adequate knowledge — पर्याप्त ज्ञान ।

लाइप्नित्स के दर्शन में, वह ज्ञान जिससे वस्तु को अन्य वस्तुओं से अलग पहचाना जा सकता हो, उसके लक्षणों को अलग-अलग बताया जा सकता हो और लक्षणों के भी लक्षणों का अलग-अलग निरूपण किया जा सकता हो ।

ad hoc argument — तदर्थ युक्ति, यथावसर युक्ति

किसी तथ्य के घटित हो जाने के पश्चात् उसकी व्याख्या के लिए मनमाने तरीके से दी जानेवाली कोई युक्ति ।

adinity — पदित्व

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र मे विधेय या संबंध को यह सूचित करने वाली विशेषता कि उसमें कितने पद शामिल हैं : monadic, dyadic, triadic (एकपदी, द्विपदी, त्रिपदी) इत्यादि शब्दों के समान अंश . adi को लेकर निर्मित भाववाचक संज्ञा ।

adoptian Christology — दत्तकवादी ख्रीष्टमीमासा

ख्रीष्ट के व्यक्तित्व और कृतित्व की इस सिद्धात पर आधारित व्याख्या कि वह जन्मत: मनुष्य का पुत्र था, पर आध्यात्मिक प्रकर्ष के कारण ईश्वर के द्वारा पुत्र-रूप मे ग्रहण कर लिया गया था ।

adoptionism (also adoptianism) — दत्तकवाद

आठवी शताब्दी मे स्पेन के ईसाइयों मे प्रचलित यह अपविश्वास कि ईसा प्रारंभ से ईश्वर का अंश नही था, वल्कि दत्तक म[illegible] के रूप में ईश्वर का पुत्र था ।

(the) Advent — ख्रीष्टागमन

ख्रीष्ट (ईसा मसीह) का (अ) अवतार के रूप में तथा (ब) कयामत के दिन संसार में आगमन ।

adventism — अवतारवाद

ईसाई धर्म में, यह मत कि ख्रीष्ट (ईसा मसीह) का संसार में पुनः आगमन तथा संसार का अंत समीप है ।

advocatus dei — देवाधिवक्ता

रोमन कैथोलिक चर्च का वह अधिकारी जो किसी व्यक्ति के पोप द्वारा पुण्यात्मा या संत घोषित किए जाते समय के समारोह-विशेष में असुराधिवक्ता द्वारा उठाई गई आपत्तिओं का खंडन करता है ।

advocatus diaboli — असुराधिवक्ता

चर्च का वह अधिकारी जो पुण्यात्मवाचन या संतत्व घोषणा के समारोह में संबंधित व्यक्ति के चरित्र में या उसके पात्रत्व में दोष बताता है ।

aeon — ईओन

नॉस्टिक (Gnostic) रहस्यवादियों के अनुसार, उन शाश्वत विभूतियों का एक समूह जो ईश्वर से उत्पन्न है और ईश्वर तथा जगत् के मध्यस्थ है ।

aequilibrium indifferentiae — समबल-साम्य

दो ऐसे कर्मों के मध्य पूर्ण संतुलन की स्थिति [जो समान बलवाले अभिप्रेरकों से अभिप्रेरित

aesthetic enjoyment — सौंदर्योपभोग, रसोपभोग

गुणज्ञ व्यक्ति के द्वारा किसी सुंदर कलाकृति का आनंद लिया जाना ।

aesthetic ethics — सौंदर्यपरक नीति ।

देखिए aesthetic morality

aesthetic idealism — सौंदर्य-प्रत्ययवाद, सौंदर्यमीमांसीय प्रत्ययवाद

ललित कला में प्रत्ययात्मक तत्त्व को प्राधान्य देनेवाला सिद्धांत, जैसे (1) यह सिद्धात कि ललित कला का लक्ष्य शाश्वत (लोकोत्तर) प्रत्ययों का पूर्णता को प्रतिबिंबित करना है, या (2) कला में हूबहू नकल के बजाय कल्पानात्मक सर्जन होना चाहिए, अथवा (3) कला में संज्ञानात्मक अंश प्रधान रहे ।

aesthetic intuitionism — सौंदर्यात्मक अंतः प्रज्ञावाद, रसात्मक अंतः प्रज्ञावाद शैफ्ट्सबरी और हचेसन का नीति-शास्त्रीय सिद्धात, जो नैतिक गुणों को वस्तुगत मानता है और उनका तात्कालिक बोध कराने वाली "नैतिक इंद्रिय" को सुंदर-असुंदर का बोध कराने वाली "रसेंद्रिय" के जैसी एक नैसर्गिक शक्ति-विशेष ।

aestheticism — 1. सौंदर्यवाद

(क) यह सिद्धात कि सौंदर्य के तत्त्व ही आधारभूत तत्त्व हैं और सत्य तथा शिव जैसे अन्य तत्त्व उनसे ही व्युत्पन्न अथवा उद्भूत होते है ।

(ख) कलात्मक और सौंदर्यात्मक स्वायत्तता का सिद्धात, अर्थात् यह कि कलाकार पर राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक अथवा नैतिक किसी भी आधार पर बंधन न लगना चाहिए ।

2. सौंदर्यपरता

अन्य मानवीय आवश्यकताओं की उपेक्षा तक करते हुए सौंदर्यानुभूतियों अथवा सुंदर कलाओं के विकासादि की खोज में ही अत्यधिक रमे रहने की प्रवृत्ति ।

aesthetic judgment — सौंदर्यपरक निर्णय

किसी वस्तु को सुंदर अथवा असुंदर बताने वाला निर्णय ।

aesthetic morality — सौंदर्यपरक नीति

ब्रिटिश विचारक शेफ्ट्सबरी इत्यादि की नीति जिसमें सामंजस्य, समानुपात इत्यादि सौंदर्यशास्त्रीय संप्रत्ययों का खुलकर उपयोग किया गया है ।

aesthetics — सौंदर्यमीमांसा, सौंदर्यशास्त्र

दर्शन की वह शाखा जो सौंदर्य, उसके मानकों तथा निर्णयों का विवेचन करती है । अब यह कलाकृतियों और रसानुभूतियों का अध्ययन करनेवाला एक स्वतंत्र शास्त्र है ।

aesthetic values — सौंदर्य-मूल्य

वे मूल्य जो मनुष्य की सौंदर्यात्मक प्रकृति की तृप्ति करते हैं ।

aetiology (=etiology) — कारणविज्ञान ।

वस्तुओं और घटनाओं के कारणों को खोजने वाला विज्ञान ।

affective objective naturalism — भावात्मक वस्तुनिष्ठ प्रकृतिवाद

नीतिशास्त्र में, कोई भी ऐसा सिद्धांत जो किसी प्राकृतिक, भावमूलक और व्यक्ति निरपेक्ष चीज को अच्छाई-बुराई की कसौटी माने जैसे अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख को कसौटी माननेवाला उपयोगितावाद ।

affective theory — भावपरक मूल्य-सिद्धांत

वह सिद्धांत जो नैतिक मूल्य के निर्णय को व्यक्तियों की भावात्मक प्रतिक्रियाओं पर आधारित मानता है।

affirmative proposition — विध्यात्मक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो किसी बात का विधान करे, जैसे 'मनुष्य मरणशील है'।

a fortiori — सुतरां, अतितरां

उसके संबंध में प्रयुक्त क्रियाविशेषण या विशेषण जो पहले से निश्चित व युक्तिसंगत हो और अन्य तर्कों के द्वारा और भी अधिक निश्चायक बन जाए।

after-life — मरणोत्तर जीवन

आत्मा को अविनश्वर माननेवाले अधिकतर धर्मों की मान्यता के अनुसार शरीर के नाश के पश्चात् बना रहने वाला अस्तित्व।

agape — प्रेमभाव, एगापी

ऐसा प्रेमभाव जो किसी के प्रति उसके प्रिय गुणों के कारण नहीं बल्कि उसके एक अनुभवशील प्राणी मात्र होने के कारण होता है।

agapism — प्रेमभाववाद

एक मत जो परस्पर प्रेमभाव का समर्थन करता है।

agathism — श्रेयोवाद

यह मत कि प्रत्येक वस्तु परम शुभ की ओर उन्मुख है।

agathobiotik — श्रेयोजीवन

ऐसा जीवन जो श्रेयमय हो।

agathology — श्रेयोविज्ञान

शुभ का अध्ययन करनेवाला विज्ञान।

agathon — श्रेय

यूनानी में शुभ वस्तु का समानार्थक संज्ञा शब्द (इसका विशेषण रूप agathos है)।

agathopoetics — श्रेयोमीमांसा

वह शास्त्र जो 'शुभ' के संप्रत्यय का निरूपण करता है।

agent — कर्त्ता

नीतिशास्त्र में, वह विचारशील व्यक्ति जो स्वेच्छा से, किसी उद्देश्य से प्रेरित होकर किसी कर्म को करता है।

aggregate meaning — समूहार्थ

तर्कशास्त्र में, एक से अधिक व्यक्तियों के द्वारा स्वीकृत कोई सामान्य मत।

agnoiology — अज्ञातमीमांसा

दर्शन की वह शाखा जो यह निर्धारित करने का प्रयत्न करती है कि ऐसी कौनसी बातें हैं जिनका हमें ज्ञान हो ही नहीं सकता स्कॉटिस दार्शनिक जे० एफ० फेरियर द्वारा सर्वप्रथम 1854 में प्रयुक्त शब्द)।

agnosticism — अज्ञेयवाद

एक मत जो ईश्वर और चरम तत्व के ज्ञान को असंभव मानता है।

agnostic naturalism — अज्ञेयवादी प्रकृतिवाद

यह मत कि पुद्गल और आत्मा का स्वरूप तो अज्ञेय है, पर फिर भी विश्व को दृश्य घटनाओं के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें आत्मा या मन की स्थिति अकिंचित्कर छाया की तरह होती है।

agnosy — अज्ञान, अविद्या

तत्व के ज्ञान का अभाव, विशेषतः वह जिससे सारा संसार ग्रस्त है।

agrapha

अलिखित सूक्तियां

ईसा की वे सूक्तियां जो 'शुभसंदेशों' (Gospel) में नहीं मिलती किंतु नई इंजील के अन्य भागों में तथा ईसाईयों के पुराने ग्रंथो में जिनका उल्लेख है।

agreement in absence

अप्रस्तुतान्वय

उदाहरणों के एक समुच्चय में दो तत्वों का समान रूप से अनुपस्थित रहना, जो कि उनके कारण कार्य के रूप में संबंधित होने की प्रसंभाव्यता प्रकट करता है।

agreement in presence

प्रस्तुतान्वय

उदाहरणों के एक समुच्चय में दो तत्वो का समान रूप से उपस्थित रहना, जो कि उन दो तत्वो में कार्य-कारण संबंध होने की प्रसंभाव्यता प्रकट करता है।

akrasia

संकल्प—दौर्बल्य

वह स्थिति जिसमें व्यक्ति यह तो जानता कि उसको क्या करना चाहिए किंतु अप को वह कर्म करने में असमर्थ पाता है।

algebra of logic

तर्क-बीजगणित

एक पद्धति जिसमें तर्किक संबंधों को व्य करने के लिए बीजगणितीय सूत्रों का प्रयं किया जाता है।

algedonic

सुखदुःखपरक

सुख या दुःख की अनुभूतिवाला अ उससे संबंधित।

algedonics

सुखदुःखविज्ञान

सुख एवं दुःख की अनुभूतियों का वैज्ञा अध्ययन।

alternation
विकल्पन
तर्कशास्त्र में, (1) वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें दो या अधिक ऐसे विकल्प दिए हुए हों जो परस्पर व्यावर्तक हो, तथा (2) ऐसे विकल्पों के संबंध का सूचक प्रतीक (+)।

alternative indefinite
विकल्पी अनिश्चयवाचक
जॉनसन के अनुसार, आर्टिकल 'ए' (a) का वह रूप जिसका अर्थ 'यह या वह, कोई' होता है। 'उपस्थापक अनिश्चयवाचक' से इसका भेद किया गया है। देखिए introductory indefinite।

alternative proposition
वैकल्पिक प्रतिज्ञप्ति
वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें कोई विकल्प (विशेषत: व्यावर्तक) दिए गए हों, जैसे 'वह या तो बीमार है या बाहर गया हुआ है'।

alternative terms
वैकल्पिक पद
वे पद जो एकमात्र किसी उद्देश्य के विधेय नहीं बन सकते, जैसे 'क ख या ग है' में ख और ग।

altruism
परार्थवाद, परहितवाद, परार्थपरता, परहितपरता
परहित को नैतिक आदर्श माननेवाला सिद्धांत; परार्थशीलता अथवा परोपकार करने की प्रवृत्ति।

altruistic energism
परार्थोन्मुख शक्तिवाद
व्यक्ति की शक्तियों के उपयोग को समूह के हित-साधन के लिए ही श्रेयस्कर माननेवाला एक नीतिशास्त्रीय सिद्धांत।

altruistic hedonism
परसुखवाद
एक नीतिशास्त्रीय सिद्धांत जिसके अनुसार दूसरे का सुख ही कर्म का नैतिक उद्देश्य होना चाहिए।

ambiguous description — अनेकार्थक वर्णन

ऐसा वर्णन जो किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध न करावे और इसलिए जो किसी भी व्यक्ति या वस्तु पर लागू हो सके।

amoral — नीति-निरपेक्ष, नीतिबाह्य, निर्नैतिक

वह जिसे नैतिक दृष्टि से न अच्छा कहा जा सके और न बुरा, अर्थात् जिस पर नैतिक विशेषण लागू न हों।

amoralism — निर्नैतिकतावाद

यह सिद्धात कि शुभ-अशुभ के साधारण मानक अवैध हैं।

amorality — निर्नैतिकता, नीतिबाह्यता

नैतिक-अनैतिक के भेद से दूर होने की अवस्था या विशेषता।

ampliation — अर्थ-विस्तार

मध्ययुगीन तर्कशास्त्र में, किसी संकीर्ण अर्थ में प्रयुक्त जातिवाचक शब्द का व्यापक अर्थ में प्रयोग।

ampliative proposition — विस्तारी प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें विधेय उद्देश्य के संप्रत्यय में कुछ विस्तार अर्थात् वृद्धि करता है, संश्लेषी प्रतिज्ञप्ति।

anagogic interpretation — गूढार्थ-निरूपण

धर्मग्रंथो के वाक्यों के ऊपरी स्वरूप से हट कर उनमें निहित आध्यात्मिक सत्यों की खोज और उनका निरूपण करनेवाली व्याख्या।

analogate — सादृश्य-अनुयोगी

वह जिसका किसी अन्य वस्तु से सादृश्य बताया जाए : "क ख के सदृश है" में उद्देश्य-पद क।

analogical hypothesis	सादृश्यमूलक प्राक्कल्पना, साधर्म्यमूलक प्राक्कल्पना सादृश्य पर आधारित प्राक्कल्पना ।
analogical inference	साम्यानुमान साम्य या सादृश्य पर आधारित अनुमान । देखिए 'analogy' ।
analogies of experience	अनुभव-समीकारक कान्ट के दर्शन में, संवित्तों को एकता प्रदान करनेवाले तीन प्रागनुभविक संप्रत्ययों (कैटिगरीज ऑफ अंडरस्टैंडिंग)—द्रव्यता, कारणता और पारस्परिकता का सामूहिक नाम ।
analogous term	सदृशार्थक पद सदृश अर्थ रखने वाला पद ।
analogue machine	अनुरूपयंत्र किसी यंत्र की कार्य-प्रणाली को समुचित रूप से समझने के लिए बनाई गई उसकी प्रतिकृति, जो भले ही उसके हूबहू समान न हो पर यंत्र की आंतरिक व्यवस्था का सही प्रतिनिधित्व करती हो ।
analogy	1—साम्यानुमान तर्कशास्त्र में, दो वस्तुओं के बीच कुछ बातों में सादृश्य होने के आधार पर एक वस्तु में कोई एक विशेष बात देखकर दूसरी में भी उस बात के होने का अनुमान करना । 2—सादृश्य सामान्य प्रयोग में, दो वस्तुओं की समानता ।
analysandum	विश्लेष्य वह संप्रत्यय जिसका विश्लेषण करना है ।

analysans — विश्लेषक

वह अभिव्यक्ति जिसके द्वारा विश्लेष्य संप्रत्यय का विश्लेषण किया जाये।

analyst — 1—विश्लेषणवादी

वह व्यक्ति जो विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित संप्रत्ययों के विश्लेषण को ही दर्शन का एकमात्र कार्य मानता है।

2—विश्लेषक

विश्लेषण करनेवाला व्यक्ति।

analytic argument — गृहीतग्राही युक्ति, विश्लेषीयुक्ति

वह युक्ति जिसका निष्कर्ष पहले से ही उसकी आधारिकाओं में निहित रहता है।

analytic definition — विश्लेषी परिभाषा

वह परिभाषा जो परिभाष्य पद के गुणार्थ का विश्लेषण करती है।

analytic hedonism — विश्लेषी सुखवाद

सुखवाद का वह रूप जो सुख को शुभ के संप्रत्यय का अंग मानता है।

analytic incompatibility — वैश्लेषिक असंगति

शुद्ध तार्किक असंगति, जिसका आधार वैश्लेषिक होता है, अर्थात् जिसे जानने के लिए तथ्यों के प्रेक्षण की आवश्यकता नहीं होती बल्कि संबंधित संप्रत्ययों का विश्लेषण मात्र पर्याप्त होता है।

analytic judgment — विश्लेषी निर्णय

वह निर्णय जिसका विधेय उद्देश्य के गुणार्थ में पहले से ही निहित रहता है।

analytic method — विश्लेषण-प्रणाली, वैश्लेषिक प्रणाली

वह प्रणाली जिसमें विषय का विश्लेषण किया जाता है।

analytic philosophy विश्लेषी दर्शन

दर्शन की उन आधुनिक प्रवृत्तियों के लिए प्रयुक्त नाम जो संप्रत्ययों के विश्लेषण को दर्शन की प्रणाली के रूप में अपनाती हैं।

analytic proposition विश्लेषी प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसका विधेय उद्देश्य के गुणार्थ में पहले से ही सन्निविष्ट रहता है।

analytic-synoptic method खंडाखंड-प्रणाली

वह दार्शनिक प्रणाली जो पहले वस्तु का खंडों में विश्लेषण करती है और तत्पश्चात् पूर्ण इकाई के अन्य अंशों के साथ उन्हें संबद्ध करके देखती है।

analytic train of reasoning विश्लेषणात्मक तर्कमाला

परस्पर जुड़े हुए न्यायवाक्यों की वह शृंखला जो उत्तरन्यायवाक्य से पूर्वन्यायवाक्य की ओर चलती है।

देखिए episyllogism, prosyllogism तथा syllogistic chain.

anamnesis अनुस्मरण, अनुस्मृति

प्लेटो के दर्शन में, पूर्वजन्म में प्रत्यक्षीकृत 'प्रत्ययों' का इस जन्म में सदृश वस्तुओं के दर्शन से स्मरण होना।

anathema अभिशप्त; अभिशाप

ईसाई धर्म में, किसी व्यक्ति का धर्म और समुदाय से बहिष्कार करते समय धर्माचार्य के द्वारा उसके लिए प्रयुक्त शब्द : वह व्यक्ति जिसे अभिशाप दिया गया हो अथवा अभिशाप देना।

anergy — अनूर्जा

संवेदन की व्याख्या के लिए अमरीकी दार्शनिक मान्टेग्यू द्वारा प्राक्कल्पित ऊर्जा का एक ऋणात्मक रूप ।

anima — प्राणतत्त्व, जीवतत्व

वह तत्व जो पुद्गल के अंदर रहकर उसे सजीव बनाता है ।

animal faith — पशुसहज आस्था

कुछ बातों में (जैसे, बाह्य जगत् के अस्तित्व में) सहज रूप से विश्वास, जैसा कि पशु करते हैं ।

animal inference — पशुसहज अनुमान

ऐसा अनुमान जिसे पशु भी अपनी स्वाभाविक बुद्धि से कर सकते हैं ।

animal machine hypothesis — पशु-यंत्र-प्राक्कल्पना

देकार्त का यह मत कि पशु यंत्र मात्र हैं और अनुभूति तथा विचार की शक्ति से रहित हैं ।

anima mundi — विश्वात्मा

विश्व को आंतरिक रूप से व्यवस्थित रखनेवाली, गति प्रेरक एवं जीवनदायिनी आध्यात्मिक शक्ति । देखिए world soul ।

animation — अनुप्राणन

शरीर का मन या आत्मा के संपर्क से जीवंत और क्रियावंत बनना ।

animatism — प्राणवाद, सप्राणवाद

एक आदिम विश्वास जिसके अनुसार प्रकृति के सारे पदार्थ व्यक्तित्व और इच्छा से युक्त होते हैं परन्तु उनकी अलग-अलग आत्माएं नहीं होतीं ।

animism

1—जीवत्वारोपण

आदिम मानव की ब्रह्माड की सारी वस्तुओं में जीवत्व के आरोपण की प्रवृत्ति ।

2—जीववाद

यह विश्वास कि सृष्टि की प्रत्येक वस्तु जीवयुक्त है ।

animistic materialism

सजीव भौतिकवाद, सजीव पुद्गलवाद

अमरीकी वास्तववादी दार्शनिक मान्टेग्यू का यह सिद्धात कि आत्मा मानसिक गुणो से युक्त होते हुए भी भौतिक है ।

annihilationism

उच्छेदवाद

एडवर्ड ह्वाइट का यह सिद्धांत कि दुष्ट व्यक्ति के अस्तित्व का उसकी मृत्यु के वाद पूर्णतया लोप हो जाता है ।

anoctic

निस्संज्ञान

मन की भावात्मक अवस्था तथा अन्य प्राक्संज्ञानात्मक अथवा असंज्ञानात्मक अवस्थाओं के लिए प्रयुक्त विशेषण ।

anomoios

असदृशद्रव्य

वह जो भिन्न द्रव्य से बना हुआ हो । एरियसवाद में इस धारणा को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त शब्द कि ईसा न केवल ईश्वर से भिन्न था अपितु उसका निर्माण भी एक भिन्न द्रव्य से हुआ ।

anschauung

प्रत्यक्ष शक्ति

काट के दर्शन में उस शक्ति के लिए प्रयुक्त जर्मन शब्द जो बुद्धि को दिक् और काल के माध्यम से सामग्री उपलब्ध कराती है ।

Anselmian argument

एन्सेल्मी युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए एन्सेल्म की यह युक्ति मेरे मन में एक उच्चतम

सत्ता का प्रत्यय है, वह सत्ता जो वास्तविक जगत् में अस्तित्व रखती है उससे उच्चतर है जो केवल मन में है; अतः ईश्वर जो कि उच्चतम सत्ता है वास्तव में अस्तित्व रखता है।

antecedent — हेतुवाक्य

तर्कशास्त्र में, 'यदि क, तो ख' आकार वाली हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्ति में 'यदि' से शुरू होने वाला अंश।

antecedents — पूर्ववृत्त

किसी घटना की तुलना में वे चीजें, घटनाएं और स्थितियां जो उस घटना से किसी रूप में जुड़ी हों तथा उससे पहले हो चुकी हों।

antepredicaments — पदार्थपूर्विकाएं, विधेयपूर्विकाएं

पदार्थों के स्पष्ट बोध के लिए जिन बातों की पहले से जानकारी आवश्यक है वे। देखिए Predicament।

ante-rem theory (of universals) — पूर्ववृत्त-सामान्यवाद

यह प्लैटवी सिद्धांत कि सामान्य की सत्ता वस्तुओं से स्वतंत्र है और उसका अस्तित्व वस्तुओं से पहिले से ही रहता है।

anthropocentrism — मानवकेंद्रवाद

यह मत कि मनुष्य ही सृष्टि का केन्द्र है अथवा सब बातें मनुष्य-सापेक्ष हैं, जैसे प्राचीन यूनानी सोफिस्टों का मनुष्य को ही प्रमाण माननेवाला मत।

anthropological dualism — देहात्म-द्वैत

मनुष्य के निर्माण में देह और आत्मा नामक दो पृथक सत्ताओं का योग अथवा ऐसा मानने वाला सिद्धांत।

anthropomorphism मानवत्वारोपण
मानवेतर सत्ताओं (प्रकृति और ईश्वर) पर मानवीय आकार, गुण और व्यवहार का आरोप करने की प्रवृत्ति ।

anthroposophy मानवविद्या
ऑस्ट्रिया के दार्शनिक रुडोल्फ स्टाइनर (1861-1925) का रहस्यवादी सिद्धांत जो एनी बीसेंट के 'ब्रह्मविद्या' (थिओसोफी) के सिद्धांत से आंशिक असहमति के कारण विकसित हुआ ।

anti-authority प्रति-आप्तपुरुष
वह व्यक्ति जो सदैव असत्य कथन करता है और जिसके बारे में यह विश्वास किया जा सकता है कि भविष्य में वह जो भी कथन करेगा वह असत्य ही होगा ।

anti-bifurcationism द्विविभाजन-विरोधिता
वस्तुओं की प्रकृति और ब्रह्म, ब्रह्म और जीव, सत् और असत्, जीव और पुद्गल आदि विरोधी वर्गों में विभाजित करने की प्रवृत्ति का विरोध ।

antilogism विहेतु-न्यायवाक्य, प्रतिहेतु-न्यायवाक्य
तीन प्रतिज्ञप्तियों का एक ऐसा समुच्चय जिसमें किन्हीं दो को आधारिकाएं मानकर निकलने वाला निष्कर्ष तीसरी का व्याघाती होता है ।

antilogy वदतोव्याघात
स्वतोव्याघाती, स्वयं को ही काटनेवाला कथन ।

anti-metaphysics प्रतितत्त्वमीमांसा, तत्त्वमीमांसा-प्रतिषेध
परम्परागत तत्त्व मीमांसा का विरोध करने वाले तार्किक प्रत्यक्षवाद जैसे आधुनिक

आदोलनों की संज्ञा—इनकी अर्थ की कसौटी के अनुसार तत्वमीमासीय कथन प्रत्यक्ष द्वारा सत्यापनीय न होने के कारण निरर्थक हैं।

antinominaism — विधिमुक्तिवाद

विशेषतः ईसाई धर्म में, यह सिद्धात कि आस्था या ईश्वर की कृपा से व्यक्ति हर प्रकार के कानून या नियम से मुक्त हो जाता है। सामान्यतः कोई भी सिद्धान्त जो मनुष्य को कानूनों या नियमो के बंधन से मुक्ति दिलाए।

antinomy — विप्रतिषेध

समान बलवाले प्रमाणों पर आधारित दो सिद्धातो या निष्कर्षों का परस्पर विरोध।

antistrophon argument — स्वपक्षघाती युक्ति

विरोधी द्वारा दी गई ऐसी युक्ति जिसका उसी के विरुद्ध प्रयोग किया जा सके।

anti-symmetric relation — प्रतिसममित संबध

देखिए asymmetrical relation।

anti-symmetry — प्रतिसममिति

देखिए asymmetry।

anti-system — प्रतितंत्र; तत्र विरोध

किसी दार्शनिक तत्र (जैसे हेगेलीय तंत्र) के विरोध में बना हुआ कोई अन्य तंत्र; अथवा विचारतंत्रो के निर्माण का विरोध।

antithesis — प्रतिपक्ष

हेगेल के दर्शन में, द्वंद्वात्मक प्रक्रम का वह चरण जो पक्ष का निषेध करता है और अगले, सपक्ष के, चरण में स्वयं भी पीछे छूट जाता है। देखिए thesis और synthesis. कान्ट के दर्शन में, तर्कबुद्धि के विप्रतिषेधों

(antinomies) मे मे निषेधक प्रतिज्ञप्ति ।

antithetic विप्रतिषेधमीमांसा

कान्ट के अनुसार, तर्कबुद्धि के विप्रतिषेधों के पारस्परिक विरोध और उस विरोध के कारणों का अध्ययन करनेवाला शास्त्र ।

apagoge 1—अपगमन

अरस्तू के तर्कशास्त्र में, वह न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका तो निश्चित होती है किन्तु पक्ष-आधारिका प्रसंभाव्य होती है ।

2—असंभवापत्ति

अनुमान की वैधता को सिद्ध करने की एक प्रणाली जिसमें निष्कर्ष के व्याघातक को सत्य मानकर यह दिखाया जाता है कि उससे प्राप्त होनेवाला निष्कर्ष असंभव या अस्वीकार्य है ।

apeiron अपरिच्छिन्न, अपरिमित

अनैक्जिमण्डर (Anaximander) के दर्शन में, मूल प्रकृति जो अनियत और अपरिमित है तथा जिससे सब वस्तुएं उत्पन्न होती हैं ।

apercu सद्यः पश्यना, सद्यःप्रदर्शन

किसी वस्तु का तात्कालिक रूप में होने वाला अंतःप्रज्ञात्मक बोध ।

aphthartodocetism अविकार्यवाद

छठी शताब्दी के एक ईसाई संप्रदाय के अनुसार, यह मत कि दैवी प्रकृति से एक हो जाने के बाद रवीष्ट का शरीर अविकार्य हो गया था ।

apocalypticism — भविष्योद्घोषवाद

पुराकालीन यहूदी धर्म में और प्रारंभिक ईसाई काल में पनपी एक चिंतन-धारा जिसका उद्देश्य धर्म में आस्था रखनेवालों को हर अन्याय और दुर्भाग्य के विरुद्ध अविचलित बनाए रखना था और उनमें यह आस्था कायम रखना था कि शीघ्र ही स्थिति बदलेगी और पापात्माओं का विनाश होगा।

apocrypha — कूटग्रंथ, गुह्यलेख

वे ग्रंथ या लेख जिनके लेखक संदिग्ध अथवा अज्ञात हों। इस शब्द का शुरू में उन ग्रंथों के लिए प्रयोग होता था जिनमें गुह्य ज्ञान अथवा जनता के लिए हानिकर समझा जानेवाला ज्ञान निहित होता था और इस आधार पर जो जनता से छिपाकर रखे जाते थे।

apodeictic knowledge — निश्चय-ज्ञान

अनिवार्य रूप से घटनेवाली घटनाओं का ज्ञान।

apodeictic proposition — निश्चय-प्रतिज्ञप्ति

निश्चित रूप से होने वाली बात का कथन करनेवाली प्रतिज्ञप्ति।

apodosis — फलवाक्य

किसी सोपाधिक वाक्य का उत्तर-भाग जो पूर्व-भाग पर आश्रित होता है, जैसे 'यदि क, तो ख' में 'ख'।

apokatastasis (=apocatastasis) — 1—सर्वोद्धार, सर्वमुक्ति

ईसाई धर्म में; विशेषत: यह विश्वास कि अंत में ईश्वर सभी पापियों को अपनी शरण में ले लेता है और वे स्वर्गीय आनन्द के भागी बनते हैं।

2—प्रत्यावर्तन
स्टोइक दार्शनिकों के इस विश्वास का सूचक शब्द कि कल्पांत के बाद प्रत्येक वस्तु अपनी मूल अवस्था में आ जाती है।

apologetics
मंडनविद्या
विशेषतः ईसाई धर्मशास्त्र का वह भाग जिसका काम विधर्मियों की आलोचना का समुचित उत्तर देना तथा अपने सिद्धांतों को तर्कों से युक्तियुक्त सिद्ध करना होता है।

apology
मंडन, समर्थन
किसी के समर्थन में दिया गया भाषण या लिखा गया लेख।

apophansis
विधेयिका
प्रतिज्ञप्ति का अरस्तूकालीन नाम जो कि उसके स्वरुप को उद्देश्य-विधेयात्मक मानने पर आधारित है।

apostasy
धर्म-त्याग, सिद्धांत-त्याग पक्ष-त्याग
धार्मिक विश्वास या स्वीकृत सिद्धान्त आदि का परित्याग करना।

a posteriori
अनुभवसापेक्ष, अनुभवाश्रित
ज्ञान की उस सामग्री के लिए प्रयुक्त विशेषण जो अनुभव से प्राप्त होती है।

a posteriori reasoning
अनुभवाश्रित तर्क
आगमनात्मक तर्क जो प्रेक्षित तथ्यों से सामान्य निष्कर्ष निकालता है।

apostle
1—देवदूत
विशेषतः ईसाई धारणा के अनुसार, ईश्वर का संदेश मनुष्यों तक पहुंचाने वाला दूत।

2—धर्मदूत
धर्म का विदेश में जाकर प्रचार करनेवाला

apotheosis — देवत्वारोपण

मनुष्य को देवता बना देने की वह प्रवृति जो ऐतिहासिक पुरुषों की मूर्तिया बनवा कर पूजने, राजाओं के दैवी अधिकार मानने इत्यादि में प्रकट होती है।

appearance — आभास

1—वस्तु का इंद्रियों से ज्ञात रूप।

2—कान्ट में, दिक्काल में अस्तित्व रखनेवाली ऐंद्रिय वस्तु।

3—ब्रेडली इत्यादि के दर्शन में, सत्य या तत्त्व का एक अंश; वास्तविकता के बारे में कोई भी आंशिक और स्वव्याघाती निर्णय।

apperception — 1—अतः प्रत्यक्ष

लाइपनित्स के दर्शन में, मन को होनेवाला स्वयं अपनी ही अवस्थाओं का अपरोक्ष बोध।

2—अहंप्रत्यय

कान्ट के दर्शन में, ज्ञाता को होनेवाली आत्म-चेतना जो उसकी एकता को प्रकट करती है। देखिए empirical apperception तथा transcendental apperception.

applicative — आनुप्रयोगिक

जॉनसन के तर्कशास्त्र में, वह शब्द जो प्रतिज्ञप्ति में किसी सामान्य पद के अनुप्रयोग को निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होता है, जैसे 'यह', 'वह' आदि।

applicative principle — अनुप्रयोग-सिद्धांत

तर्कशास्त्र में पहली आकृति के आधारभूत सिद्धांत को जॉनसन के द्वारा दिया

गया नाम । सिद्धात यह है कि जो बात किसी पूरे वर्ग पर लागू होती है वह उसके प्रत्येक सदस्य पर भी लागू होनी है । देखिए dictum de omni et nullo.

plied ethics
अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र
वह शास्त्र जो नीतिशास्त्र के सिद्धातों को कानून, चिकित्सा, व्यवसाय आदि के क्षेत्र-विशेष में लागू करता है ।

apposition
सामानाधिकरण्य
दो ऐसे शब्दों का पारस्परिक सबंध जो शेष वाक्य के साथ व्याकरण की दृष्टि से समान सबंध रखते है, जैसे "मेरा भाई राम बुद्धिमान है", मे "मेरा भाई", और "राम" का ।

appreciative judgment
आशसी निर्णय
तथ्यमूलक निर्णय के विपरीत, वह निर्णय जो मूल्य बताता है, जैसे "राम अच्छा या सुन्दर है" ।

apprehension
अवबोध
किसी वस्तु का चेतना में उपस्थिति मात्रा का बोध, जिसमें निर्णय का अश नहीं होता ।

approbative theory
अनुमोदन-सिद्धान
वह नैतिक सिद्धात जो शुभ-अशुभ को अनुमोदन और अननुमोदन पर आधारित मानता है ।

appropriating
आत्मसात्करण, स्वीकरण
विशेषत: प्रोटेस्टेन्ट सप्रदाय में, आस्तिक के आस्थ्य द्वारा दैवी अनुग्रह का भागी बनने तथा पठन और मनन के द्वारा ईश्वरीय वचन को हृदयंगम करने के अर्थ में प्रयुक्त ।

approximate generalization — प्रत्यासन्न सामान्यीकरण

अधिक से अधिक दृष्टांतों के प्रेक्षण पर आधारित सामान्यीकरण ।

a priori — प्रागनुभविक, अनुभवनिरपेक्ष

उन सिद्धान्तों या प्रतिज्ञप्तियों के लिए संज्ञा और विशेषण के रूप में प्रयुक्त लैटिन शब्द जिनकी वैधता अनुभव पर आश्रित नहीं होती या जिनके ज्ञान के लिए अनुभव की अपेक्षा नही होती अथवा जो तर्कबुद्धि मात्र से ज्ञेय होते है ।

a priori concept — प्रागनुभविक संप्रत्यय

वह संप्रत्यय जो अनुभव के पहले से ही व्यक्ति के मन में विद्यमान रहता है ।

a priori fallacy — प्रागनुभविक-तर्कदोष

किसी बात को पर्याप्त प्रमाण की चिंता किए बिना स्वाभाविक प्रवृत्ति, पूर्वग्रह या अंधविश्वास के कारण मान लेने का दोष ।

a priori proposition — प्रागनुभविक प्रतिज्ञप्ति, अनुभवनिरपेक्ष प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसके सत्यापन के लिए अनुभव की अपेक्षा नहीं होती , जैसे, "क है या नहीं है " ।

a priori reasoning — अनुभवनिरपेक्ष तर्क

निगमनात्मक तर्क जो अनुभव पर आधारित न होकर कुछ अभिगृहितों से आकारिक नियमों के अनुसार निष्कर्ष निकालता है ।

apriorism — प्रागनुभविकवाद

अनुभव निरपेक्ष सिद्धातों में विश्वास । विशेषत: यह मत कि ज्ञान का आधार वे सिद्धांत है जो स्वयं सिद्ध है और किसी प्रकार के अनुभव की अपेक्षा नही रखते ।

arete — उत्कृष्टता, उत्कर्ष

अरस्तू के दर्शन में किसी वस्तु की वह स्थिति जो उसको श्रेष्ठता प्रदान करती है।

argument — 1—युक्ति

सामान्य अर्थ में, तर्क का भाषा में अभिव्यक्त रूप।

2—फलन-निर्धार्य, अवच्छेद्य

तर्कगणित में, फलन का वह चर जो स्वतंत्र होता है और जिस पर पूरे फलन का मूल्य आश्रित होता है। उदाहरणार्थ,

क=फ (ख)

में ख स्वतंत्र चर है।

argument 'a contingentia mundi' — विश्व-आपातिता-युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व का साधक यह तर्क कि चूंकि विश्व में प्रत्येक वस्तु आपाती है, इसलिए अंततः कोई ऐसी सत्ता होनी चाहिए जो अनिवार्य हो, और वही ईश्वर है।

argument by cases — प्रत्येकशः युक्ति

मुख्यतः गणित में प्रयुक्त एक प्रकार का तर्क जिसमें प्रत्येक उदाहरण में अलग-अलग एक ही निष्कर्ष निकाला जाता है और अन्त में उसका सामान्यीकरण कर दिया जाता है।

argument form — युक्ति-आकार

प्रतीकों का एक क्रम, जिनके स्थान पर कथनों को रखने से एक युक्ति प्राप्त हो जाती है,

जैसे प V फ

∼प

(प और फ के स्थान पर क्रमशः 'राम यहां है' और 'राम वहां है' रख देने से यह युक्ति बनती है :—

या तो राम यहां है या वहां है,

राम यहां नहीं है ;

∴ राम वहां है ।)

argument from design — अभिकल्प युक्ति, रचना-युक्ति, आयोजन-युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए दी गई एक युक्ति जिसके अनुसार इस विश्व की सृष्टि एवं व्यवस्था एक ऐसी शक्ति का द्योतक है जो कि बुद्धिमान तथा पूर्ण है, और यही शक्ति है ईश्वर ।

argument ad beculum — मुष्टि-युक्ति

वह युक्ति जिसमें तर्क से काम लेने के स्थान पर प्रतिवादी को डरा-धमका कर या बलपूर्वक अपनी बात मानने को बाध्य किया जाता है । वास्तव में यह एक युक्ति है ही नहीं ।

argument ad captandum vulgus — लोकानुरंजक युक्ति

वह युक्ति जिसमें तर्क के स्थान पर जन-समुदाय को किसी न किसी प्रकार से प्रसन्न करके पक्ष-समर्थन प्राप्त किया जाता है ।

argument ad crumenum — स्वार्थोत्तेजक युक्ति

वह युक्ति जो श्रोताओं के स्वार्थ या आर्थिक हित से संबंधित बातों से समर्थन प्राप्त करने की चेष्टा करती है ।

argumentum and hominem — लांछन-युक्ति

वह युक्ति जो प्रमाणों एवं तथ्यों पर आश्रित न होकर दूसरे के व्यक्तिगत जीवन पर आक्षेप करे ।

argumentum ad ignorantiam — पराज्ञानमूलक युक्ति

वह युक्ति जिसमें दूसरों के अज्ञान से लाभ उठाया जाय, जैसे, प्रतिवादी से संबंधित बात को असिद्ध करने के लिए कहा जाय और उसकी असमर्थता को बात का प्रमाण मान लिया जाय।

argumentum ad invidiam — क्षुद्रभावोत्तेजक युक्ति

वह युक्ति जिसमे लोगों की निम्नकोटि की भावनाओं को उत्तेजित करके या उनके पूर्वग्रहों का लाभ उठाकर अपनी बात को सिद्ध किया जाता है।

argumentum ad judicium — लोकमत-युक्ति

जनसमूह के सामान्य ज्ञान एवं निर्णय-शक्ति पर आधारित युक्ति।

argumentum ad misericordiam — दयामूलक युक्ति

वह युक्ति जिसमें श्रोता के अन्दर करुणा इत्यादि संवेगो को उत्तेजित करके अपने पक्ष को पुष्ट करने का प्रयास किया जाता है।

argumentum ad personam — स्वार्थोत्तेजक युक्ति, स्वार्थोद्दीपक युक्ति

वह युक्ति जिसमें अपने पक्ष को सबल बनाने के लिए लोगों की स्वार्थ-भावना को उकसाया जाता है।

argumentum ad populum — लोकोत्तेजक युक्ति

वह युक्ति जो तथ्य अथवा तर्क पर आधारित न होकर सामान्य जन की भावनाओं को उभाड़कर या उनकी कमजोरियों का लाभ उठाकर बल प्राप्त करे।

argumentum ad rem — अनुविषय युक्ति

वह युक्ति जो प्रसंग से संबद्ध बातों को ध्यान में रखे।

argumentum ad verecundiam — श्रद्धामूलक युक्ति

वह युक्ति जो अपनी बात को सिद्ध करने के लिए या अपने पक्ष को सबल बनाने के लिए महापुरुषों, प्राचीन प्रथाओं, संस्थाओं या आप्तपुरुषों के प्रति सामान्य जन की आदर की भावना का उपयोग करे।

argumentum a fortiori — अतितरा युक्ति

साम्यानुमान पर आधारित युक्ति जिसमें यह दिखाया जाता है कि प्रस्तावित प्रतिज्ञप्ति प्रतिवादी द्वारा पहले स्वीकृत प्रतिज्ञप्ति से अधिक युक्तिसंगत है।

argumentum ex concesso — अभ्युपगत्याश्रित युक्ति

वह युक्ति जो किसी ऐसी प्रतिज्ञप्ति पर आधारित हो जो प्रतिवादी द्वारा पहले ही स्वीकृत की जा चुकी हो।

Arianism — एरियसवाद

ख्रीष्ट और ईश्वर के संबंध के विषय में एरियस का यह मत कि दोनों के द्रव्य भिन्न हैं और ख्रीष्ट की स्थिति ईश्वर की अपेक्षा गौण है।

Aristotelianism — अरस्तूवाद

प्राचीन यूनानी विचारक अरस्तू, (384-322 ई० पू०) का दर्शन, जिसमें 'उपादन' और 'आकार' विश्व के मूल तत्व माने गए हैं और उसके 'आद्य चालक' के रूप में ईश्वर को आवश्यक बताया गया है।

Aristotles dictum — अरस्तू-अभ्युक्ति

तर्कशास्त्र में प्रथम आकृति में निहित अरस्तू के नाम से प्रचलित यह सिद्धान्त कि जो बात किसी सपूर्ण वर्ग के बारे में कही

जा सकती है वह उसके एक अंश के बारे में भी कही जा सकती है । देखिए dictum de omni et nullo ।

Aristotle's experiment — अरस्तू-प्रयोग

अरस्तू का भ्रम से संबंधित एक प्रयोग जिसमें एक ही हाथ की दो उंगलियों को आर-पार करके उनके बीच में रखी हुई कोई वस्तु दो प्रतीत होती हैं ।

ars combinatoria — संयुति-कला

लाइबनित्स के अनुसार, कुछ सरल संकल्पनाओं के योग से जटिल संकल्पनाओं के निर्माण की कला ।

artifices — गूढ़ोपाय, कूटोपाय

रहस्यात्मक प्रकृति की ऐसी संक्रियाएं जो सामान्य प्रक्रिया के विरुद्ध-सी प्रतीत होती हैं और द्रष्टा को अभिचार का आभास कराती हैं ।

artificial classification — कृत्रिम वर्गीकरण

वह वर्गीकरण जो वस्तुओं की मौलिक समानताओं पर आधारित न होकर उनकी ऊपरी समानताओं पर आधारित होता है और किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है ।

art impulse — कला-प्रेरणा

सौंदर्यशास्त्र में, उन अबौद्धिक प्रेरणाओं के लिए प्रयुक्त पद जो कला-कृति के सर्जन का कारण बनती हैं, जैसे अनुकरण की इच्छा, क्रीड़ा, अतिरिक्त मानसिक ऊर्जा का उपयोग इत्यादि ।

ascension — स्वर्गारोहण

ईसाई धर्मशास्त्र में ख्रीष्ट के पुनरुज्जीवित शरीर का पृथ्वी से उठकर स्वर्ग में प्रवेश ।

asceticism — यतिवाद; यतित्व

यह मत कि शारीरिक सुख और उससे संबंधित इच्छाएं आध्यात्मिक प्रगति में बाधक हैं, और इसलिए उनका दमन करना और शरीर को कष्ट देना धार्मिक एवं नैतिक प्रगति के लिए आवश्यक है।

अथवा, साधक की वह अवस्था जिसमें वह सुखभोग की इच्छा को छोड़कर तप और कष्ट का जीवन व्यतीत करता है।

aseitas — स्वयसत्

यह वस्तु या सत्ता जिसका अस्तित्व स्वयं पर आश्रित और स्वय के लिए हो: ईश्वर के लिए प्रयुक्त एक लैटिन शब्द।

aspectism — पाक्षिकवाद

बाम (Bahm) के अनुसार, ध्रुवों (जैसे, एक-अनेक, अभेद-भेद इत्यादि) को पाक्षिक अर्थात जो ध्रुवात्मक है उसके पक्ष मात्र माननेवाला (अर्थात् उनका पृथक अस्तित्व न माननेवाला) सिद्धांत।

assertion — अभिवचन, अभिकथन

प्रश्न पूछने, संवेग व्यक्त करने, आज्ञा देने इत्यादि की क्रिया से भिन्न, किसी बात को एक तथ्य के रूप में बताने की क्रिया।

assertive tie — अभिकथनात्मक बंध

डब्लू० ई० जॉनसन के अनुसार, विशेषण और विशेष्य का वह संबंध जो एक अभिकथित प्रतिज्ञप्ति के रूप में प्रकट होता है।

assertorial imperative — सर्वसाध्य-नियोग

कान्ट के नीतिशास्त्र में, सापेक्ष नियोग का एक प्रकार जिसमें व्यावहारिक तर्कबुद्धि उन साध्यों या उद्देश्यों से संबंधित आदेश

प्रदान करती है जिनको प्राप्त करने की आकांक्षा प्रत्येक विवेकशील प्राणी स्वभावतः रखता है, जैसे सुख।

assertoric knowledge — प्रकृत-ज्ञान, अस्ति-ज्ञान

जो अवश्यभावी है या असंभाव्य है उसके ज्ञान के विपरीत सामान्य तथ्य मात्र का ज्ञान।

assertoric proposition — प्रकृत-प्रतिज्ञप्ति, अस्ति-प्रतिज्ञप्ति

निश्चय-प्रतिज्ञप्ति और अनिश्चयात्मक प्रतिज्ञप्ति से भिन्न, वह प्रतिज्ञप्ति जो वस्तुस्थिति मात्र की सूचक होती है।

assertum — अभिकथ्य, अभिवाच्य

अभिकथन या अभिवचन का विषय, यानी वह जिसका अभिवचन करना है या किया गया है।

associationism — साहचर्यवाद

मन की संरचना और उसके संगठन के बारे में वह सिद्धांत कि प्रत्येक मानसिक अवस्था सरल, विविक्त घटकों से बनी होती है और संपूर्ण मानसिक जीवन की इन्ही घटकों के संयोजन और पुनर्योजन के द्वारा व्याख्या की जा सकती है

association values — साहचर्य-मूल्य

अर्बन (Urban) के नैतिक सिद्धांत के अनुसार, व्यक्तित्व और व्यवहार की वे विशेषताएं जो अन्यों मे साहचर्य बढाने में सहायक होती हैं तथा इस प्रकार परोक्षतः व्यक्ति के आत्मोपलब्धि के आदर्श की साधक होती है।

associative law — सहचारिता-नियम

कुछ विशेष तार्किक और गणितीय संक्रियाओं में चरों को भिन्न तरीके से समूहित करने

से परिणाम में कोई अंतर न आना बतानेव
नियम जैसे, (अ×ब)×म=अ×(ब×

assumption

अभिगृहीत; अभिग्रह
ऐसी प्रतिज्ञप्ति जिसे अनुमान के आधार
के रूप में मान लिया जाता है; अथवा किसी
प्रतिज्ञप्ति को सत्य या सत्यप्राय मान लेना।

astral body

सूक्ष्म देह, सूक्ष्म शरीर
भौतिक शरीर की तरह का सूक्ष्म शरीर
जिसका मृत्यु होने पर आत्मा के साथ जाना
माना गया है।

asymmetrical relation

असममित संबंध
वह संबंध जो अ का ब से हो पर ब
अ से न हो, जैसे पिता का संबंध।

asymmetry

असममिति
देखिए asymmetrical relation ।

ataraxia

प्रशांतता, सामरस्य
चिंता, आशा, आकांक्षा से मुक्त, अबाध
शान्ति की अवस्था।

ateleological

निरुद्देश्य, अप्रयोजन
प्रयोजन अथवा उद्देश्य से रहित: विशेष
रूप से, प्राकृतिक प्रक्रियाओं या विश्व के मूल
में कोई प्रयोजन न माननेवाले मत को प्रकट
करनेवाला विशेषण।

atheism

निरीश्वरवाद, अनीश्वरवाद
ईश्वर की सत्ता को स्वीकार न करनेवाल
सिद्धांत। ईश्वर के अस्तित्व को माननेवा
परंतु उसके स्वरूप को अवैयक्तिक माननेवा
मत के लिए भी इस शब्द का प्रयोग कि
जाता है।

atheistic existentialism — निरीश्वर अस्तित्ववाद

अस्तित्ववाद का वह रूप जो ईश्वर की सत्ता को नहीं मानता ।

atomic proposition — परमाणु-प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो एक सरलतम तथ्य को व्यक्त करती है, अर्थात् किसी एक चीज में कोई गुण या उसका किसी अन्य चीज से कोई संबंध व्यक्त करती है ।

atomism — परमाणुवाद

सामान्यतः यह मत कि समस्त विश्व (भौतिक एवं मानसिक) अंततः सूक्ष्म एवं अविभाज्य कणों से बना हुआ है, जिनको 'परमाणु' कहते है ।

atonement — प्रायश्चित

व्यक्ति के द्वारा स्वीकृत पाप की चेतना से प्रेरित होकर उसके निवारणार्थ किया गया कोई धर्म-विहित कृत्य ।

attitude theory — अभिवृत्ति-सिद्धान्त

सी० एल० स्टीवेन्सन का यह नैतिक सिद्धात कि "यह शुभ (या अशुभ) है" वक्ता की अनुमोदन (या अननुमोदन) की अभिवृत्ति मात्र को प्रकट करता है, न कि किसी वस्तुगत गुण को ।

attribute — गुण, विशेषता

सामान्य रूप से, किसी वस्तु की विशेषता जो आवश्यक या अनावश्यक भी हो सकती है । विशेषतः स्पिनोजा, देकार्त इत्यादि विचारकों के दर्शन में मानसिक या भौतिक द्रव्य की अपरिहार्य विशेषताओं में से एक ।

attributive materialism — गुणपरक भौतिकवाद, गुणपरक पुद्गलवाद, भूतगुणचैतन्यवाद

भौतिकवाद का एक प्रकार जो चैतन्य को पुद्गल (भौतिक द्रव्य) का ही एक गुण मानता है, न कि एक स्वतन्त्र सत्ता।

attrition — अनुशय

अपने किए हुए पापों के परिणाम-स्वरूप होनेवाला शोक, जिसके पीछे हेतु ऊंचा नहं बल्कि हीन कोटि का होता है, जैसे दंड का भय

Augustinianism — ऑगस्टाइनवाद

एक मध्ययुगीन विचारक संत ऑगस्टाइ (354–430 ई०) का दर्शन, जिसमें ईसाई धार्मिक विश्वासों को प्लैटोवाद और नव्य प्लैटोवाद के साथ मिला दिया गया है, आत्मा को प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक नई सृष्टि माना गया है, तथा अशुभ की समस्या के समाधान को आदम के पतन के सिद्धांत पर आधारित किया गया है।

auricular confession — एकांत-पापस्वीकृति, एकांत-पापदेशना

व्यक्ति के द्वारा स्वयं किए हुए पापों की पादरी के समक्ष पश्चाताप-स्वरूप एकांत में स्वीकृति।

austerity — तप, कृच्छ्रता

आध्यात्मिक सिद्धि के लिए स्वाभाविक इच्छाओं का दमन करते हुये असाधारण रूप से तीव्र शारीरिक कष्टों को सहन करने का अभ्यास।

authoritarianism — आप्तवाद

ज्ञानमीमांसा में, वह सिद्धांत जो कि प्रतिज्ञप्ति की प्रामाणिकता को इस बात प आधारित मानता है कि वह किसी ज्ञानव

और विश्वसनीय पुरुष या पुरुषों द्वारा स्वीकृत है।

authority

1. आप्त, आप्तपुरुष

ऐसा व्यक्ति जो सत्य का ज्ञाता और सत्य का वक्ता हो और इसलिए जिसके वचनों में विश्वास किया जा सके; ज्ञान के किसी क्षेत्र का अधिकारी विद्वान।

2. आप्तवचन, आप्तवाक्य, आप्तप्रमाण

ऐसे व्यक्ति का वचन।

autism

स्वैरचिंतन, स्वलीनता

वास्तविकता से पलायन करने का एक रूप जिसमें व्यक्ति अपनी ही कल्पना के जगत् में लीन रहता है।

automaton theory

यंत्रवाद, अगियत्रवाद

यह सिद्धांत कि जीव भौतिकी और यांत्रिकी के नियमों से परिचालित मशीन मात्र है।

autotelic

स्वसाध्यक, स्वहेतुक

उस क्रिया के लिए प्रयुक्त विशेषण शब्द जो स्वयं उसी के लिए की जाए, न कि किसी परिणाम की प्राप्ति के उद्देश्य से।

Averroism

इब्नरुश्दवाद

अरस्तु के टीकाकार प्रसिद्ध मुस्लिम विचारक इब्नरुशद (1126-1198 ई०) और उसके अनुयायियों का दर्शन जिसमें *मनुष्य की आत्मा को मस्तिष्क पर निर्भर* और उसके नाश के साथ नष्ट होनेवाली मानने के बावजूद मनुष्य के अंदर विद्यमान बुद्धितत्व को अविनश्वर माना गया है।

axiological ethics

मूल्याश्रित नीतिशास्त्र

वह नीति जो कर्म के औचित्य को मुख्यतः उसके अभिप्रेरक या परिणाम के

मूल्य पर आश्रित मानती है। परिणाम-निरपेक्ष नीति (deontological ethics) से इसका भेद किया जाता है।

axiological idealism — मूल्य-प्रत्ययवाद

प्लेटो और कान्ट से प्रेरित एक आधुनिक सिद्धान्त जो तार्किक एवं तात्विक दृष्टि से मूल्य को सत्ता से पहले स्थान देता है।

axiological realism — मूल्यवास्तववाद

वह सिद्धान्त जो मूल्यों का मन से स्वतन्त्र अस्तित्व स्वीकार करता है।

axiology — मूल्यमीमांसा

मूल्यों के स्वरूप और मानदंड इत्यादि का अध्ययन करनेवाला शास्त्र।

axiom — 1. स्वयंसिद्धि, स्वयंसिद्ध

वह प्रतिज्ञप्ति जो स्वतः प्रमाणित हो तथा अन्य प्रतिज्ञप्तियों के प्रमाण का आधार हो।

2. अभिगृहीत

विशेषतः आधुनिक तर्कशास्त्र में, वह आधारभूत प्रतिज्ञप्ति जिसको प्रमाणित किए बिना स्वीकार कर लिया जाता है।

axiomatic method — स्वयंसिद्धि-प्रणाली, अभिगृहीत-प्रणाली

वह प्रणाली जिसमें कुछ स्वयंसिद्धियों या अभिगृहीतों को आधार मानकर एक निगमनात्मक तन्त्र का निर्माण किया जाता है।

ixiomatics

स्वयंसिद्धिमीमांसा;
अभिगृहीतमीमांसा

स्वयंसिद्धियों, अभिगृहीतों अथवा उनके तंत्रों का अध्ययन करनेवाला शास्त्र।

B

aalism

बैऐल धर्म

मुख्यत: सीरिया और किनिस्तीन का एक धर्म जिसमे बैऐल देवता की, जो विशेषत. कृषि की वृद्धि करने वाला माना जाता था, पूजा की जाती थी।

cksliding

धर्मप्रतिमरण

किसी धर्म को ग्रहण कर लेने के बाद उससे च्युत होकर पिछले त्यक्त धर्मवाला या उससे भी पतित व्यवहार करना।

cenian method

बेकन-प्रणाली

फ़्रान्सिस बेकन (1561-1626 ई०) की आगमनात्मक प्रणाली, जिसका उद्देश्य विशेष तथ्यों के प्रेक्षण से सामान्य नियम ज्ञात करके मनुष्य को प्रकृति के ऊपर विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य प्रदान करना तथा उससे भरपूर लाभ उठाना था।

analogy

कुसाम्यानुमान

वह दोषयुक्त साम्यानुमान जो वस्तुओं की मुख्य गुणो में समानता पर आधारित न होकर ऊपरी या गौण समानताओं पर आधारित हो।

sm

बपतिस्मा

किसी व्यक्ति को ईसाई धर्म में दीक्षित करने के लिए किया जानेवाला धार्मिक कृत्य, जिसमें जल, मधु, मदिरादि से स्नान कराया जाता है।

Barbara — बारबारा

तर्कशास्त्र में, प्रथम आकृति का ए
प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसमें तीनों प्र
प्रतिज्ञा सर्वव्यापी विधायक होती ह

उदाहरण :

सब मनुष्य मरणशील हैं
राम एक मनुष्य है;
∴ राम मरणशील है।

Baroco — बारोको

तर्कशास्त्र में, द्वितीय आकृति का '
प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसमें साध्य-आधा
रिका सर्वव्यापी, विधायक, पक्ष-आधारि
अंशव्यापी निषेधक और निष्कर्ष भी अं
व्यापी निषेधक होता है। जैसे :—

सब बंगाली भारतीय हैं;
कुछ मनुष्य भारतीय नहीं हैं ;
∴ कुछ मनुष्य बंगाली नहीं हैं।

barren hypothesis — निष्फल प्राक्कल्पना

वह दोषयुक्त प्राक्कल्पना जिससे कों
तार्किक परिणाम न निकाले जा सकते हों
इसलिए जिसका सत्यापन संभव न हो।

basic pair — मूल युग्म

वाक्यों का वह जोड़ा जिसमें एक पर
वाक्य (atomic sentence) होता है
दूसरा उस वाक्य का निषेधक।

basic prodicate — आधारिक विधेय

किसी वस्तु के प्रेक्षणगम्य गुणधर्म
कराने वाला विधेय ।

basic proposition — आधारित प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो प्रेक्षण या प्रत्य
किसी बात का कथन करती हो।

basic sentence — आधारिक वाक्य, अधार-वाक्य

प्रेक्षण के परिणाम को व्यक्त करने वाला वाक्य जोकि सत्यापन का आधार बनता है। कुछ दार्शनिक भौतिक वस्तुओं के प्रेक्षणगम्य गुण धर्मों को व्यक्त करने वाले वाक्यों को और अन्य ऐंद्रिय दत्तों को व्यक्त करने वाले वाक्यों को ऐसा मानते हैं।

bathmism — वर्धन-बल, वर्धन-शक्ति

लामार्क के अनुयायी कोप (E.D. Cope) के अनुसार, एक विशेष शक्ति जो जीव-देह की वृद्धि में प्रकट होती है।

beatification — पुण्यात्मवाचन

रोमन कैथोलिक धर्म में, किसी मृत व्यक्ति को उसके अच्छे कर्मों के परिणामस्वरूप स्वर्ग प्राप्ति होने की घोषणा करना।

beatific vision — दिव्य दर्शन; परमानंदानुभव

ईसाई एवं यहूदी धर्म में सत्कर्म करने-वाले व्यक्ति को स्वर्ग में होने वाला ईश्वर का दर्शन अथवा ईश्वर की महिमा का चिंतन करने वाले संत को इस पृथ्वी पर ही होने वाला परमानंद का अनुभव।

beatitude — परमानंद: निःश्रेयस

वह अवस्था जिसमें परम आनंद की अनुभति होती है और जो सर्वोच्च नैतिक लक्ष्य की प्राप्ति से आती है।

beauty — सौन्दर्य, चारुता, रमणीयता

किसी व्यक्ति, वस्तु या कलाकृति की वह विशेषता जो उसे आकर्षक बनाती है और देखने वाले के मन में सुखद प्रभाव उत्पन्न करती है।

5—332CHDte/76.

becoming — भवन

किसी सत्ता या बीजभूत स्थिति का वास्तविक रूप में आना; परिवर्तन।

being — भाव, सत्

जो कुछ भी मनमें, कल्पना में, बुद्धि में, या जगत् में, कहीं भी है, अस्तित्व रखता है या वास्तविक है उन सबका व्यापकतम वर्ग।

प्राचीन यूनानी दर्शन में, पारमेनिडीज द्वारा परिवर्तन के विपरीत अर्थ में सर्वथा परिवर्तनहीन सत्ता के लिये, जो एक और शाश्वत है, प्रयुक्त।

behaviouristics — व्यवहारविज्ञान

व्यष्टि तथा समाज के व्यवहार का अध्ययन करने वाला शास्त्र।

belonging-to — तदीयत्व

किसी गुण धर्म का उस व्यष्टि से सं
जिसमें वह पाया जाता है।

Benthamism — बेन्थमवाद

बेन्थम (Jeremy Bentham, 174
1832) का नीतिशास्त्रीय सिद्धांत,
अधिकतम मनुष्यों के अधिकतम सुख
नैतिक आदर्श मानता है।

Berkeleianism — बर्कलीवाद

जॉर्ज बर्कली (1685—1753)
प्रत्ययवाद जिसमें तथाकथित "बाह
वस्तुओं को ज्ञाता के मन के प्रत्यय मा
माना गया है।

besoin — ईहा

लामार्क के विकासवादी सिद्धांत
आवश्यकता या इच्छा या जैव वृत्ति जिसे जै

की शरीर-रचना में होने वाले परिवर्तन का साक्षात् कारण माना गया है।

betting — पण, बाजी

दो आदमियों के बीच में यह शर्त लगना कि किसी एक की भविष्यवाणी के सत्य या असत्य होने पर कौन किसको कितना देगा।

betting quotient — पण-लब्धि

$\frac{अ_1}{अ_1+अ_2}$ के द्वारा प्रतीक-रूप में व्यक्त भिन्न जिसमे '$अ_1$' '$क_1$' के द्वारा '$क_2$' को '$क_1$' की भविष्यवाणी के गलत होने की दशा में दी जाने वाली राशि है और '$अ_2$' उस भविष्यवाणी के सत्य होने की दशा में '$क_2$' के द्वारा '$क_1$' को दी जाने वाली राशि।

†biblical criticism — बाइबिल-आलोचना

बाइबिल के विभिन्न खंडो की विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की मान्य प्रणालियों के द्वारा जांच।

†biblical theology — बाइबिल म ईश्वरमीमांसा

बाइबिल के ऊपर आधारित ईश्वरमीमासा के अर्थ में प्रयुक्त पद जो कि अब बाइबिल के संबंध में एक गलत धारणा पर आश्रित होने के कारण छोड़ दिया गया है।

biblicism — बाइबिलपरायणता

बाइबिल के शब्दों के प्रति अत्यधिक श्रद्धा का भाव।

biconditional — द्वि-उपाधिक

तर्कशास्त्र में, "यदि और केवल यदि" ("यद्यैव"), इस प्रकार की दो शर्तों का

सूचक प्रतिज्ञप्ति-संयोजक (क०)। 'प' यदि और केवल यदि 'फ' का अर्थ है: "यदि प तो फ और यदि फ तो प।"

bigotry — धर्मांधता, मताग्रह

अपने धर्म या मत पर अविवेकपूर्ण विश्वास व दृढ़ता तथा उसके विरोधी धर्म या मत के प्रति असहिष्णुता का भाव।

bi-implication — द्वि-आपादन

एक चिह्न (↔) के लिये प्रयुक्त शब्द। इसका प्रयोग तब होता है जब हेतु फल को और फल हेतु को आपादित करता है। यदि क ↔ ख तो क → ख तथा ख → क।

binary connective — द्विमबंधक

दो प्रतिज्ञप्तियों को परस्पर जोड़ने वाला प्रतीक।

binary method — द्विनाम-प्रणाली

दो नाम रखने की प्रणाली जो जीवविज्ञान रसायन, नृविज्ञान इत्यादि कतिपय .. में अपनाई जाती है, जैसे "होमो सैपियन्स" (=मनुष्य) जिसमे 'होमो' जातिसूचक शब्द और "सैपियन्स" उप जातिसूचक।

bio-anthropology — जैविक मानवमीमासा

दार्शनिक मानवविज्ञान की वह शाखा मनुष्य की सर्जनात्मक उपलब्धियो अ उसकी अभिवृत्तियो का उसकी . क्रियाओ से संहसंबध स्थापित करने के जीवविज्ञान के सिद्धांतो का दार्शनिक दृ से परीक्षण करती है।

bio-ism — जीवनतत्ववाद

बर्गसां का सिद्धात जो प्रकृति को ज तत्व से ओतप्रोत मानता है और उसी

आधारभूत मानता है—मन, बुद्धि इत्यादि तत्व इसी की ऊर्ध्ववर्ती गति के परिणाम हैं और पुद्‌गल इत्यादि इसकी अधोवर्ती गति के परिणाम।

biological-philosophical anthropology जैविक मानवमीमांसा

देखिए bio-anthropology.

biotism जीवनतत्ववाद

देखिये bioism.

black-and-white thinking अतिवादी चिंतन, अतिकोटिक चिंतन बिल्कुल विपरीत विकल्पों के रूप में सोचने का दोष; जैसे यह सोचना कि यदि एक चीज काली नहीं है तो वह सफेद है, जबकि वह काली के अलावा किसी भी रंग की हो सकती है।

blasphemy ईश्वर-निंदा, धर्मनिन्दा,

ईश्वर या धर्म या किसी भी पवित्र वस्तु के प्रति अनादर प्रकट करने वाला व्यवहार।

blessedness धन्यता

वह स्थिति जिसमें व्यक्ति ईश्वर को कुछ सीमा तक प्राप्त कर अपने को उसका कृपा-पात्र समझता है; आनंद की स्थिति।

bliss आनंद

लोकोत्तर या असाधारण सुख की स्थिति।

"block universe" शिलाकल्प विश्व

(आलोचकों की दृष्टि में) तर्कबुद्धिवाद और प्रत्ययवाद के द्वारा परिकल्पित विश्व, जिसकी व्यवस्था पहले से निर्धारित है और जिसमें कोई हेर-फेर नहीं हो सकता, जिसमें नवीनता, स्वतंत्रता और अनेकता के लिये बिल्कुल भी कोई गुंजाइश नहीं है।

Bocardo — बोकार्डो

तृतीय आकृति का वह प्रामाणिक न्याय-वाक्य जिसकी साध्य-आधारिका अंशव्यापी निषेधक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी विधायक और निष्कर्ष अंशव्यापी निषेधक होता है। जैसे

कुछ चौपाये गाय नहीं हैं;

सब चौपाये पशु हैं;

∴ कुछ पशु गाय नहीं हैं।

bodily transfer — कायांतरण

आत्मा का अपने शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में प्रकट होना (जैसा कि कुछ कहानियों में प्रसिद्ध है या कुछ लोग मानते हैं)।

bodily values — दैहिक मूल्य

स्वास्थ्य, शक्ति, स्फूर्ति इत्यादि शारीरिक गुण जो जीवन के लिये अनिवार्य होते हैं।

bondage — बंध

आत्मा की स्वतंत्रता का अभाव, देह के और अन्य सांसारिक बंधनों में बंधे रहने की अवस्था।

boniform faculty — श्रेयोनुभव-शक्ति

वह शक्ति जो व्यक्ति को श्रेय या शुभ का अपरोक्ष ज्ञान देती है और उसकी ओर अग्रसर करती है।

bonum consummatum — संपूर्ण श्रेय

पूर्ण शुभ अर्थात् वह शुभ जो आंशिक न हो: उदाहरणार्थ, कुछ नीतिशास्त्रियों (जैसे कान्ट) का विचार है कि सदाचार आंशिक शुभ है और कि वह पूर्ण तब होता है जब सुख का उसके साथ मेल हो जाता है। तदनुसार, सदाचार+सुख=संपूर्ण श्रेय।

Bostromianism — बूस्ट्रमवाद

स्वीडिश दार्शनिक क्रिस्टोफ़र जैकब बूस्ट्रम (1797-1866) का शेलिंग और हेगेल से प्रभावित दर्शन ।

bourgeois morals — बुर्जुआ-आचार-नीति

पूंजीप्रधान समाज की नैतिकता ।

Bramantip — ब्रामान्टीप

तर्कशास्त्र में, चतुर्थ आकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी विधायक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी विधायक तथा निष्कर्ष अंशव्यापी विधायक होता है । उदाहरण :

'सब कवि मनुष्य हैं,
सब मनुष्य द्विपद हैं ।
∴ कुछ द्विपद कवि हैं ।

"brickbat" notion — इष्टिकावत् वस्तु-धारणा

अमरीकी नव्य वास्तववादी होल्ट के द्वारा इस धारणा के लिये प्रयुक्त शब्द कि वस्तु के कुछ ऐसे स्थिर, अपरिवर्तनीय विधेय होते हैं जो सभी परिस्थितियों में सत्य होते हैं ।

"brutality" — प्रतिरोधिता

वास्तविक चीजों की वह विशेषता जिसके कारण उनमें इच्छानुसार परिवर्तन नही किया जा सकता ।

business ethics — व्यवसाय-नीति

व्यवसायों में अनुप्रयुक्त नीति ।

bundle theory — पोटलिका-सिद्धांत

वह मत जो आत्मा को मानसिक अवस्थाओं का एक समुच्चय मात्र मानता है ।

C

Cabalism

काबालावाद

यहूदियों के एक मध्ययुगीन रहस्यवादी सम्प्रदाय का सिद्धांत, जिसके केन्द्र-बिन्दु "काबाला" नाम से प्रसिद्ध गुह्य गुह्योपदेश थे।

Caesaropapism

1. राज्याधिधर्मता

16वीं शताब्दी में इंगलैंड तथा जर्मनी में राज्य के शासक की धार्मिक मामलों में श्रेष्ठता के लिए प्रयुक्त शब्द।

2. राज्याधिधर्मतंत्र

वह शासन-तंत्र जिसमें चर्च राज्य के शासक के अधीन रहकर काम करता है।

calculus of logic

तर्ककलन

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र को दिया गया एक नाम।

Calvinism

कॅल्विनवाद

फ्रेंच प्रोटेस्टेंट जॉन कॅल्विन (1509–1564) का धार्मिक मत, जो ईश्वर को भौतिक जगत् में होनेवाली समस्त घटनाओं का केन्द्र मानता है।

Camenes

कामेनेस

तर्कशास्त्र में, चतुर्थ आकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी विधायक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी निषेधक और इनसे प्राप्त निष्कर्ष भी सर्वव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण :

सब राजा मनुष्य हैं,

कोई भी मनुष्य घोड़ा नहीं है;

∴ कोई भी घोड़ा राजा नहीं है।

Camestres — कामेस्ट्रेस

तर्कशास्त्र में, द्वितीय आकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी विधायक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी निषेधक और निष्कर्ष भी सर्वव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण के लिए :

सब मनुष्य मर्त्य हैं;
कोई भी परी मर्त्य नहीं है;
∴ कोई भी परी मनुष्य नहीं है।

cardinal sins — मुख्य पाप

वे दुष्कर्म जो व्यक्ति के नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास में मुख्य रूप से बाधक हैं तथा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाते हैं।

cardinal virtues — मुख्य सद्गुण

सभी सद्गुणों के आधारभूत सद्गुण। विशेषत: यूनानियों के अनुसार, ये चार सद्गुण : न्याय, मिताचार, साहस और प्रज्ञान।

carnal sin — दैहिक पाप

शरीर द्वारा भौतिक जगत में किया गया पाप।

carpenter theory — काष्ठशिल्पी-सिद्धांत, कारु-सिद्धांत

यह सिद्धांत कि ब्रह्मांड का निर्माण किसी शिल्पी (विश्वकर्मा) ने उसी प्रकार किया है जिस प्रकार एक बढ़ई एक कुर्सी को बनाता है।

Cartesianism — देकार्तवाद

फ्रेंच दार्शनिक देकार्त (1596–1650) तथा उनके अनुयायियों का तर्क बुद्धिवादी दर्शन जिसमें संशयात्मक प्रणाली को अपनाया गया है, "मैं सोचता हूं" इस अंत:प्रज्ञा के आधार

कुछ प्रत्ययों को सहज माना गया है, तथा आत्मा और भौतिक द्रव्य के द्वैत को स्वीकार किया गया है।

case of conscience — धर्मसंमोह, किंकर्तव्यता
यह कठिन स्थिति जिसमें व्यक्ति यह निर्णय नहीं कर पाता कि धर्म क्या है और अधर्म क्या, कर्तव्य क्या है और अकर्तव्य क्या।

cash value — उदाहरण-मूल्य
जिन प्रतिज्ञप्तियों या संप्रत्ययों के उदाहरण दिए जा सकते हैं उनकी विशेषता।

casual coincidence — आकस्मिक संपात
घटनाओं का बिना किसी कारणात्मक संबंध के एक साथ घटना।

casualism — आकस्मिकतावाद, यदृच्छावाद
यह सिद्धांत कि समस्त वस्तुएं अथवा घटनाएं आकस्मिक है, अकारण हैं।

casuist — धर्मसंकटमीमासक
समस्याजनक परिस्थितियों में नीति और धर्म के सिद्धांतों को लागू करके कर्तव्य निर्धारित करने में निपुण व्यक्ति।

casuistry — धर्मसकटमीमांसा
नीतिशास्त्र की वह शाखा जो विशेष स्थितियों में आचरण से संबधित समस्याओं का नीति और धर्म के सिद्धांतों के द्वारा समाधान करती है, अथवा कर्तव्यों के विरोध को उन सिद्धांतों की सहायता से दूर करने की प्रणाली।

catch question — छल-प्रश्न
ऐसा प्रश्न जिसका उत्तर 'हां' या 'नहीं' दोनों तरह से देने में व्यक्ति स्वयं झंझट में फंस जाय।

catechesis
1. दीक्षापूर्वोपदेश
   बपतिस्मा से पूर्व दिए जाने वाले धार्मिक उपदेश ।
2. धर्मोपदेश
   धार्मिक उपदेश; (कभी-कभी) धार्मिक शिक्षा का एक पाठ ।

catechetic
परिप्रश्नोपदेश
   मौखिक रूप से, विशेषतः बच्चों को, प्रश्नोत्तर द्वारा दिया जाने वाला धार्मिक उपदेश ।

catechetical method
प्रश्नोत्तर-प्रणाली
   विशेषतः सुकरात के नाम के साथ संबद्ध वह प्रणाली जिसमें प्रश्नों और उत्तरों के द्वारा तत्व का निर्णय किया जाता है, अर्थात् जिज्ञासु को क्रमिक रूप से प्रश्न और उत्तर द्वारा तत्व का बोध कराया जाता है ।

catechumen
दीक्षार्थी
   वह जिसने अपना धर्म त्यागकर ईसाई धर्म ग्रहण कर लिया है, परन्तु जिसे अभी बपतिस्मा लेने से पहले नए धर्म के सिद्धांतों की शिक्षा लेनी है तथा कुछ उपदेशों के अनुसार आचरण करना है ।

categorematic word
पदयोग्य शब्द
   वह शब्द जो बिना किसी अन्य शब्द की सहायता के, स्वतन्त्र रूप में, एक पद के रूप में प्रयुक्त हो सकता है अर्थात् (पारंपरिक तर्कशास्त्र के अनुसार) किसी प्रतिज्ञप्ति का उद्देश्य या विधेय बन सकता है ।

categorical imperative
निरपेक्ष नियोग, निरपेक्ष आदेश
   कान्ट के नीतिशास्त्र में, नैतिक बुद्धि का यह सर्वोच्च आदेश कि उस सिद्धांत के अनुसार काम करो जिसे सार्वभौम बनाया जा सकता

हों। यह निरपेक्ष इसलिए है कि यह कि
परिणामों के चाहने पर निर्भर नहीं है।

categorical judgment — निरुपाधिक निर्णय

वह निर्णय जिसमें कोई उपाधि या श
शामिल न हो।

categorical proposition — निरुपाधिक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो बिना किसी उपाधि
किसी बात का विधान अथवा निषेध क
जैसे : 'सब मनुष्य मर्त्य हैं' या 'कोई भी व्यक्ति
पूर्ण नहीं है'।

categorical syllogism — निरुपाधिक न्यायवाक्य, निरपेक्ष न्यायवाक

वह न्यायवाक्य जिसकी तीनों प्रतिज्ञप्तिय
निरुपाधिक हों।

category — पदार्थ

1. अरस्तु के दर्शन में, विधेय के द
प्रकारों में से एक; सत्ता के सबसे आधारभू
रूपों म से एक। ये दस हैं : द्रव्य, परिमाण
गुण, संबंध, स्थान, काल, स्थिति, अवस्था
क्रिया तथा क्रियाफलभागिता।

2 कान्ट के दर्शन में, प्रतिपत्ति
(understanding) के बारह प्रागनुभवि
आकारों (a priori forms) में से एक, जो
ये हैं : 'एकता, अनेकता, साकल्य ('परिमाण
के अन्तर्गत); सत्ता, निषेध, परिच्छिन्नत्व
('गुण' के अंतर्गत); द्रव्य-गुण, कारण
कार्य, पारस्परिकता ('संबंध' के अंतर्गत);
संभवता-असंभवता, अस्तित्व-अनस्तित्व,
अनिवार्यता-आपातिकता ('निश्चयमात्रा' के
अंतर्गत)।

category mistake — कोटि-दोष, कोटि-त्रुटि

एक श्रेणी या कोटि के शब्द को किसी दूसरी
कोटि में समझ बैठने की गलती, अथवा ए

कोटि के अंतर को उसके बाहर लागू करने का दोष, जैसे विचारों में लाल-हरे का भेद करना।

causa ficta — कल्पित कारण

वह कारण जिसकी कल्पना कर ली गई हो।

causal body — कारण-शरीर

वेदान्त दर्शन में, स्थूल शरीर का मूल, अविद्या से निर्मित शरीर, जो मोक्ष पर्यन्त जीव के साथ बना रहता है।

causal coincidence — कारण-संपात

कोई कारणमूलक संबंध होने से दो घटनाओं का एक साथ घटना।

causal condition — कारण-उपाधि

वह उपाधि जो किसी कार्य को उत्पन्न करने के लिए आवश्यक होती है। यह उपाधि कारण का एक घटक होती है।

causal determinism — कारणनियतत्ववाद

यह मत कि प्रत्येक घटना अपने कारण से निर्धारित होती है।

causal implication — कारणात्मक आपादन

वह हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्ति जिसमें हेतु-वाक्य कारण का सूचक होता है और फलवाक्य कार्य का सूचक होता है, जैसे, "यदि गर्मी तेज पड़ती है, तो वर्षा भी अच्छी होती है"।

causality — कारणता, कार्यकारण-भाव

कार्य-कारण का संबंध, अर्थात् दो घटनाओं का इस प्रकार का अनिवार्य संबंध कि एक के होने पर दूसरी हो और उसके न होने पर वह न हो।

causal theory of rightness — इष्टसाधन-सिद्धांत

रॉस (Ross) के अनुसार, वह नैतिक सिद्धांत जो वांछनीय या इष्ट परिणामों को

उत्पन्न करने वाले कर्म को ही उचित मानता है।

causal theory of perception प्रत्यक्ष का कारण-सिद्धांत

यह सिद्धांत कि प्रत्यक्ष ज्ञान बाह्य वस्तु से आरंभ होने वाले कारण-कार्यों की एक शृंखला का अंतिम कार्य होता है।

causa sui स्वयंभू

वह जो स्वयं अपना कारण हो : ... के लिए प्रयुक्त एक शब्द।

causation 1. कार्योत्पादन

कारण के द्वारा कार्य के उत्पन्न होने की क्रिया।

2. कार्यकारण-भाव

दो घटनाओं के मध्य कारण-कार्य संबंध।

cause कारण

वह घटना जो किसी अन्य घटना (कार्य) की नियत पूर्ववर्ती हो और उसकी उत्पत्ति के लिए अनिवार्य हो।

Celarent केलारेन्ट

प्रथम आकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी विधायक तथा निष्कर्ष सर्वव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण :

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं है;
सब कवि मनुष्य हैं;
∴ कोई भी कवि पूर्ण नहीं है।

centre theory केन्द्र-सिद्धांत

ब्रॉड (Broad) के अनुसार, वह सिद्धांत जो मानसिक एकता को किसी एक केंद्र की क्रिया का परिणाम मानता है।

cerebralism — मस्तिष्क-चैतन्यवाद

यह जड़वादी सिद्धांत कि चेतना मस्तिष्क का एक कार्य है, अर्थात् उससे उत्पन्न है।

ceremonialism — कर्मकांडवाद; कर्मकांडपरता

कर्मकांड के द्वारा आध्यात्मिक लक्ष्य की प्राप्ति में विश्वास, कर्मकांड में अत्यधिक निष्ठा।

Cesare — केसारे

द्वितीय आकृति का वह प्रमाणिक न्याय-वाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी विधायक और निष्कर्ष सर्वव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण :

कोई भी गाय पक्षी नहीं है,
सब कौवे पक्षी हैं;
∴ कोई भी कौवा गाय नहीं है।

chain argument — शृंखला-युक्ति

युक्तियों की एक शृंखला जिसमें पूर्ववर्ती युक्ति का निष्कर्ष अनुवर्ती युक्ति में एक आधारिका बन जाता है।

chain implication — शृंखला-आपादन

हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्तियों की ऐसी शृंखला जिसमें पहली का फल अगली में हेतु बन जाता है और इस प्रकार अंत में एक निष्कर्ष प्राप्त हो जाता है। जैसे :

यदि क तो ख;
यदि ख तो ग;
यदि ग तो घ;

chance

संयोग, काकतालीयता, यदृच्छा

किसी बात का अप्रत्याशित रूप से ... अथवा कोई ऐसी घटना जिसका पूर्ववर्ती घटनाओं से कारणात्मक संबंध ज्ञात न हो।

chance coincidence

यदृच्छा-सपात

किन्हीं दो घटनाओं का परस्पर कार्य कारण के रूप में संबंध रखे बिना ... घटना ।

chance variation

यदृच्छा-विभेद, सांयोगिक परिवर्तन

विकास-सिद्धांत के अनुसार, जीव-जातियों की विशेषताओं में संयोगवश होनेवाला परिवर्तन जो कि समायोजन में उपयोगी सिद्ध होने पर स्थायी बन सकता है ।

chaoticism

अव्यवस्थावाद

यह मत कि कोई भी चीज कारण के द्वारा निर्धारित नही होती ।

character

चरित्र

व्यक्तित्व का वह पक्ष जिसका नि... व्यक्ति की स्थायी अभिवृत्तियो, ... उद्देश्यों, नैतिक मूल्यों तथा संकल्पो स... होता है ।

character complex

लक्षण-संग्रंथि

अमरीकी समीक्षात्मक वास्तववादियों द्वारा इंद्रिय-दत्त (sense data) के लिए प्रयुक्त शब्द ।

characteristica universalis

सार्वलौकिक भाषा

लाइबनित्स (Leibnitz) द्वारा ज्ञान ... सूत्रबद्ध करने के लिए एक 'सर्वव्यापी भाषा' ... निर्माण से संबधित योजना को दिया गया ना... जिसमें ऐसे प्रतीक या चिन्ह होते जो स...

तथा जटिल प्रत्ययों को व्यक्त करके समस्त ज्ञान को सबके लिए बोधगम्य बना देते ।

haracterology — चरित्रविज्ञान

चरित्र तथा उसके विकास से संबंधित शास्त्र ।

haracter values — चरित्र-मूल्य

संयम, परोपकारशीलता, ईमानदारी इत्यादि चारित्रिक गुण ।

harisma (pl. charismata)] — दिव्यदान, करिश्मा

ईश्वर का कृपा-पात्र होने से प्राप्त दिव्य शक्ति, जैसे भविष्य को जानने या रोगमुक्त करने की शक्ति ।

:harm — मंत्र

रहस्यमयी शक्ति से युक्त और इच्छाओं की पूर्ति करने में समर्थ समझा जानेवाला कोई शब्द-समुच्चय ।

chiliasm — सहस्राब्दवाद

ईसाइयों का एक सिद्धांत जिसके अनुसार ख्रीष्ट संसार में अवतार लेकर ऐसे ईश्वरीय शासन की स्थापना करेंगे जो कि एक हजार वर्ष तक चलता रहेगा ।

choice — 1. वरण

कई विकल्पों में से एक का चुनाव करने की क्रिया ।

2. विकल्प

उन बातों, वस्तुओं या कार्य-पद्धतियों में से एक, जिनके मध्य चुनाव करना होता है । देखिए "alternative" ।

chance

संयोग, काकतालीयता, यदृच्छा

किसी बात का अप्रत्याशित रूप से घटना अथवा कोई ऐसी घटना जिसका पूर्ववर्ती घटनाओं से कारणात्मक संबंध ज्ञात न हो।

chance coincidence

यदृच्छा-सपात

किन्हीं दो घटनाओं का परस्पर कार्य-कारण के रूप में संबंध रखे बिना एक साथ घटना ।

chance variation

यदृच्छा-विभेद, सायोगिक परिवर्तन

विकास-सिद्धांत के अनुसार, जीव-जातियों की विशेषताओं में संयोगवश होनेवाला परिवर्तन जो कि समायोजन में उपयोगी सिद्ध होने पर स्थायी बन सकता है ।

chaoticism

अव्यवस्थावाद

यह मत कि कोई भी चीज कारण के द्वारा निर्धारित नही होती ।

character

चरित्र

व्यक्तित्व का वह पक्ष जिसका निर्माण व्यक्ति की स्थायी अभिवृत्तियों, उसके उद्देश्यों, नतिक मूल्यो तथा संकल्पों से होता है ।

character complex

लक्षण-संग्रंथि

अमरीकी समीक्षात्मक द्वारा इद्रिय-दत्त (sense data) के प्रयुक्त शब्द ।

characteristica universalis

सार्वलौकिक भाषा

लाइबनित्स (Leibnitz) द्वारा ज्ञान सूत्रबद्ध करने के लिए एक 'सर्वव्यापी भाषा' निर्माण से संबंधित योजना को दिया गया नाम जिसमें ऐसे प्रतीक या चिन्ह होते जो

तथा जटिल प्रत्ययों को व्यक्त करके समस्त ज्ञान को सबके लिए बोधगम्य बना देते।

characterology — चरित्रविज्ञान

चरित्र तथा उसके विकास से संबंधित शास्त्र।

character values — चरित्र-मूल्य

संयम, परोपकारशीलता, ईमानदारी इत्यादि चारित्रिक गुण।

charisma (pl. charismata) — दिव्यदान, करिश्मा

ईश्वर का कृपा-पात्र होने से प्राप्त दिव्य शक्ति, जैसे भविष्य को जानने या रोगमुक्त करने की शक्ति।

charm — मंत्र

रहस्यमयी शक्ति से युक्त और इच्छाओं की पूर्ति करने में समर्थ समझा जानेवाला कोई शब्द-समुच्चय।

chiliasm — सहस्राब्दवाद

ईसाइयों का एक सिद्धांत जिसके अनुसार ख्रीष्ट संसार में अवतार लेकर ऐसे ईश्वरीय शासन की स्थापना करेंगे जो कि एक हजार वर्ष तक चलता रहेगा।

choice — 1. वरण

कई विकल्पों में से एक का चुनाव करने की क्रिया।

2. विकल्प

उन बातों, वस्तुओं या कार्य-पद्धतियों में से एक, जिनके मध्य चुनाव करना होता है। देखिए "alternative"।

chance — संयोग, काकतालीयता, यदृच्छा

किसी बात का अप्रत्याशित रूप से घटन अथवा कोई ऐसी घटना जिसका पूर्ववर्त घटनाओं से कारणात्मक संबंध ज्ञात न हो

chance coincidence — यदृच्छा-सपात

किन्ही दो घटनाओं का परस्पर कार्य कारण के रूप में संबंध रखे बिना एक सा घटना ।

chance variation — यदृच्छा-विभेद, सायोगिक परिवर्तन

विकास-सिद्धांत के अनुसार, जीव-जातियं की विशेषताओ में संयोगवश होनेवाल परिवर्तन जो कि समायोजन में उपयोगी सिद्ध होने पर स्थायी बन सकता है ।

chaoticism — अव्यवस्थावाद

यह मत कि कोई भी चीज कारण के द्वारा निर्धारित नही होती ।

character — चरित्र

व्यक्तित्व का वह पक्ष जिसका निर्माण व्यक्ति की स्थायी अभिवृत्तियो, उसके उद्देश्यों, नैतिक मूल्यो तथा सकल्पों से होता है ।

character complex — लक्षण-संग्रथि

अमरीकी समीक्षात्मक द्वारा इद्रिय-दत्त (sense data) के प्रयुक्त शब्द ।

characteristica universalis — सार्वलौकिक भाषा

लाइबनित्स (Leibnitz) द्वारा ज्ञान सूत्रबद्ध करने के लिए एक 'सर्वव्यापी भाषा' निर्माण मे संबंधित योजना को दिया गया नाम जिसमें ऐसे प्रतीक या चिन्ह होते जो

तथा जटिल प्रत्ययों को व्यक्त करके समस्त ज्ञान को सबके लिए बोधगम्य बना देते ।

characterology चरित्रविज्ञान

चरित्र तथा उसके विकास से संबंधित शास्त्र ।

character values चरित्र-मूल्य

संयम, परोपकारशीलता, ईमानदारी इत्यादि चारित्रिक गुण ।

harisma (pl. charismata) दिव्यदान, करिश्मा

ईश्वर का कृपा-पात्र होने से प्राप्त दिव्य शक्ति, जैसे भविष्य को जानने या रोगमुक्त करने की शक्ति ।

harm मंत्र

रहस्यमयी शक्ति से युक्त और इच्छाओं की पूर्ति करने में समर्थ समझा जानेवाला कोई शब्द-समुच्चय ।

chiliasm सहस्राब्दवाद

ईसाइयों का एक सिद्धांत जिसके अनुसार ख्रीष्ट संसार में अवतार लेकर ऐसे ईश्वरीय शासन की स्थापना करेंगे जो कि एक हजार वर्ष तक चलता रहेगा ।

choice 1. वरण

कई विकल्पों में से एक का चुनाव करने की क्रिया ।

2. विकल्प

उन बातों, वस्तुओं या कार्य-पद्धतियों में से एक, जिनके मध्य चुनाव करना होता है । देखिए "alternative" ।

classical morality — प्रतिष्ठित नीति

समाज में मान्यताप्राप्त नैतिक आचार

classification — वर्गीकरण

चीजों को समान विशेषताओं के आधार पर अलग-अलग वर्गों में रखना ।

classification by definition — परिभाषात: वर्गीकरण

वस्तुओं का परिभाषा के आधार पर वर्गीकरण, अर्थात् एक वर्ग की परिभाषा निश्चित करके पहले यह बताना कि उस वर्ग के सदस्यों के आवश्यक और मूल्य गुण क्या हैं और तत्पश्चात् उन गुणोंवाली वस्तुओं को एक वर्ग में रखना तथा वे जिनमें नहीं हैं उन्हें एक अलग वर्ग में रखना ।

classification by series — क्रमिक वर्गीकरण

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, किसी समान गुण से युक्त वस्तुओं को उस गुण की अधिक और कम मात्रा के अनुसार एक क्रम में रखना । इस क्रम में सर्वप्रथम वस्तुओं के उस वर्ग को रखा जाता है जिसके अंदर संबंधित गुण सबसे अधिक मात्रा में होता है और सबसे अंत में उसे जिसमें वह अल्पतम मात्रा में होता है । इस प्रकार क्रम अवरोही होता है ।

classification by type — प्ररूपी वर्गीकरण

ह्यूएल (Whewell) के अनुसार, किसी वर्ग की विशेषताओं को स्पष्टत: और पूर्णत: अभिव्यक्त करनेवाले एक व्यष्टि को प्ररूप मानकर उसके साथ न्यूनाधिक सादृश्य के आधार पर व्यष्टियों को एक समूह में व्यवस्थित करना ।

classificatory concept — वर्गकारी संप्रत्यय

वह संप्रत्यय जो वस्तुओं को दो या अधिक वर्गों में व्यवस्थित करने मे सहायता करे

class inclusion — वर्ग-अंतर्भाव, वर्ग-समावेश

एक वर्ग का दूसरे वर्ग में शामिल होना : ऐसा तब होता है जब किसी वर्ग का प्रत्येक सदस्य दूसरे वर्ग का भी सदस्य होता है।

class-membership proposition — वर्गसदस्यता-प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो किसी वस्तु को किसी वर्ग से संबंध बतावे, जैसे, "टैगोर बंगाली है।"

closed class — संवृत वर्ग

वह वर्ग जिसके सदस्यों की एक सूची द्वारा गणना की जा सके।

closed morality — संकुचित नैतिकता

वह नैतिकता जिसका उद्देश्य एक विशेष समाज का ही हित हो, न कि मानव-मात्र का।

closed society — संवृत समाज

ड्यूई (Dewey) के अनुसार, वह समाज जो किसी भी नवीन तत्व अथवा भिन्न तत्व को ग्रहण करने में संकोच करे तथा विकास का विरोधी हो।

co-alternate — सहविकल्प

उन दो पदों या प्रतिज्ञप्तियों में से एक जो परस्पर विकल्प के रूप में संबंधित हों।

code of honour — शिष्टाचार-संहिता, आचरण-नियमावली

किसी वर्ग-विशेष या व्यवसायिकसमूह में प्रचलित आचरण के परंपरागत नियम।

co-determinate predicates — सहनियत विधेय, सहनिर्धारित विधेय

एक ही परिच्छेद्य (determinable) गुण (जैसे, रंग) के अन्तर्गत आनेवाले परिछिन्न

रूपों (जैसे, नीला, पीला, इत्यादि) के
बोधक विधेय-शब्द ।

co-disjunct

सहवियुतक
ऐसे दो पदों या प्रतिज्ञप्तियों में से ए
जो साथ-साथ नहीं रह सकते ।

co-effect

सहकार्य
एक ही कारण का वह कार्य जो दूस
के साथ घटित होता है, जैसे आग से उत्पन्न
गर्मी के प्रसग में धुआ ।

co-efficient of correlation

सहसबंध-गुणाक
वह सख्या जो दो चीजों के सहसंबंध की
मात्रा बताती है ।

co-exclusive

सहव्यावर्तक, अन्योन्यव्यावर्तक
ऐसी दो प्रतिज्ञप्तियां जो परस्पर व्यावर्तक
हों ।

co-exhaustive

सहसर्वसमावेशी
ऐसे दो वर्गों, प और फ, के लिए प्रयुक्त
जो मिलकर समस्त विचाराधीन क्षेत्र को
नि.शेष कर देते हैं : "प्रत्येक वस्तु या तो
प है या फ" की सत्यता का यही आधार
बनता है ।

co-existence

सह-अस्तित्व
दो वस्तुओं का एक साथ अस्तित्ववान
होना ।

co-extensive

सह-विस्तृत
देश एव काल में समान विस्तार रखनेवाली
(वस्तुएं) ।

co-externals

सहवाह्यक
ऐसे दो वर्ग कि पहले वर्ग का एक भी
सदस्य दूसरे वर्ग का सदस्य न हो और

वर्ग का एक भी सदस्य पहले वर्ग का सदस्य न हो ।

cogitatio — चिंतन

स्पिनोज़ा (Spinoza) के अनुसार, मनुष्य की बुद्धि के लिए सुगम ईश्वर के दो गुणों में से एक (दूसरा extensio है), जो कि आत्मा या मनस् का भी विशिष्ट गुण है ।

cogitative substance — चिंतक द्रव्य

देकार्त (Descartes) के अनुसार, वह द्रव्य जिसमें चिंतन की शक्ति हो ।

cogito ergo sum — चिन्तये अतोऽस्मि

देकार्त (Descartes) की एक सुप्रसिद्ध उक्ति ("मैं सोचता हूं, अतः मैं हूं") जिसका उद्देश्य चिंतन मात्र से (संदेह करना भी चिंतन का एक रूप है) आत्मा का अस्तित्व सिद्ध करना था ।

cognate (=coordinate) species — सजातीय उपजाति

तर्कशास्त्र में एक ही जाति (genus) के अंतर्गत आनेवाली उपजातियों में से एक ।

cognition — संज्ञान

जानने की क्रिया, सर्वाधिक व्यापक अर्थ में ।

cognitive meaning — संज्ञानार्थ, संज्ञानात्मक अर्थ

वाक्य के दो प्रकार के अर्थों में से एक । यह अर्थ तब होता है जब वाक्य कोई ऐसी बात बताता है जो सत्य या असत्य हो । (दूसरा अर्थ emotive meaning है ।)

cognitive question — संज्ञानार्थक प्रश्न

तथ्यों के बारे में जिज्ञासा प्रकट करनेवाला प्रश्न ।

cognitive sentence — संज्ञानात्मक वाक्य

ऐसा वाक्य जो संज्ञानात्मक अर्थ रखता हो ।

cognoscendum — संज्ञेय

संज्ञान का विषय ।

coherence — संसक्तता

प्रतिज्ञप्तियों का इस प्रकार संबंधित होना कि प्रत्येक अन्यों की सत्यता की संपुष्टि करनेवाली हो ।

coherence theory — संसक्तता-सिद्धांत

एक ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत जो सत्यता को मुख्यत: प्रतिज्ञप्तियों के एक विशाल संगतिपूर्ण तंत्र का गुण मानता है और ऐसे तंत्र की किसी एक प्रतिज्ञप्ति की सत्यता को एक व्युत्पन्न गुण मानता है ।

co-implicant — सहापादक

यदि प फ को आपादित करता है और फ प को आपादित करता है तो इनमें से एक दूसरे का "सहापादक" है ।

co-implication — सहापादन

दो ऐसी प्रतिज्ञप्तियों का संबंध जो एक दूसरी को आपादित करती हैं ।

co-inadequate — सह-अपर्याप्त

यदि क और ख दो ऐसे वर्ग हैं जो पूरे विषय-क्षेत्र को निःशेष नहीं करते, तो क और ख दोनों उस विषय-क्षेत्र की दृष्टि से 'सह-अपर्याप्त' होते हैं ।

coincidence — संपात

दो ऐसी घटनाओं का एकसाथ घटना जिनका एक-दूसरे से कोई निश्चित कारण-कार्य-संबंध ज्ञात न हो ।

coincidentia oppositorum — विरुद्ध-संपात

विरोधी बातों का एकत्र अस्तित्व: निकोलस के दर्शन में ईश्वर की विशेषता बताने के लिए प्रयुक्त पद ।

collective good — सामूहिक हित

वह हित जो एक व्यष्टि का न हो बल्कि पूरे समूह का हो ।

collective judgment — संकलनात्मक निर्णय

दृष्टांतों की पूरी गणना पर आधारित निर्णय, जैसे "इस पुस्तकालय की 200 की संख्या वाली सभी पुस्तकें दर्शन की हैं, "कोई भी अमरीकी कवि प्रथम श्रेणी का नहीं है" इत्यादि ।

collectively exhaustive classes — सर्वसमावेशी वर्ग

वे वर्ग जिनके अंतर्गत सम्मिलित रूप से संबंधित क्षेत्र की समस्त वस्तुएं आ जाती हैं और कुछ भी शेष नहीं रहता ।

collective property — समष्टि-गुणधर्म

वह गुणधर्म जो एक समूह के अलग-अलग व्यष्टियों का न हो बल्कि पूरे समूह का हो ।

collective term — समूह-पद, समष्टि-पद

समान गुणधर्मोंवाली वस्तुओं के समूह या वर्ग का द्योतक पद ।

collective use — समष्टिक उपयोग

तर्कशास्त्र में, प्रतिज्ञप्ति के उद्देश्य-पद का ऐसा प्रयोग जिससे विधेय उसके द्वारा व्यक्त प्रत्येक वस्तु पर लागू नहीं होता बल्कि उनके पूरे समूह पर लागू होता है । उदाहरणार्थ, "त्रिभुज के सब कोण दो समकोण के बराबर होते हैं" में विधेय "दो समकोण के बराबर"

उद्देश्य "त्रिभुज के सब कोण" पर सामूहिक रूप से लागू होता है ।

collectivism — समूहवाद, समष्टिवाद, सामूहिकतावाद

व्यष्टि के विरुद्ध, समूह (समाज या राज्य) को अधिक महत्व देने वाला सिद्धांत ।

colligation of facts — तथ्यानुबंधन

अलग-अलग देखे हुये तथ्यों का एक सूत्र के अंतर्गत एकीकरण । यह एक आगमन जैसी प्रक्रिया लगती है, पर आगमन है नहीं । उदाहरण . एक वैज्ञानिक के द्वारा विभिन्न समयों में प्रेक्षित एक ग्रह की स्थितियों का दीर्घवृत्त के संप्रत्यय के अंतर्गत एकीकरण ।

collocation — संस्थिति

कारण के निष्क्रिय-जैसी लगनेवाली परिस्थितियों के समुच्चय-वाले अंश के लिए सक्रिय लगनेवाले अंश, 'moving power ('चालक शक्ति'), से भेद दिखाने के लिए बेन (Bain) द्वारा प्रयुक्त शब्द । विस्फोट पैदा करने के लिए चिनगारी (moving power) की तुलना में बारूद का ढेर एक उदाहरण है ।

commandment — धर्मादेश

विशेष रूप से, ईसा के द्वारा दिए गए धार्मिक आदेशों में से एक ।

commensurability of values — मूल्यों की समेयता

मूल्यों की यह विशेषता कि उनकी दूसरे से तुलना की जा सकती है और आधार पर उनमें उच्च और निम्न रा किया जा सकता है ।

commensurate terms — समेय पद

तर्कशास्त्र में, दो ऐसे पद जिनमें से प्र उन सभी वस्तुओं पर लागू होता है जि

दूसरा-लागू होता है, जैसे समबाहु त्रिभुज और समकोणिक त्रिभुज'।

commentary proposition टीका-प्रतिज्ञप्ति

जॉनसन के तर्कशास्त्र में, आख्यानात्मक (narrative) प्रतिज्ञप्ति के विपरीत, वह प्रतिज्ञप्ति जो किसी विशेष व्यक्ति या वस्तु के बारे में एक सामान्य टिप्पणी के रूप में होती है। और आम व्यक्तियों व वस्तुओं के बारे में कोई सामान्य बात बताती है।

common consent argument सामान्य-प्रतिपत्तिक युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व के समर्थन में यह युक्ति कि आमराय उसे मानने के पक्ष में है।

common good सामान्य हित

सब लोगों का हित ।

commensense सामान्यबुद्धि

वह बोध जिसकी प्रत्याशा किसी विषय का विशेष ज्ञान प्राप्त किए बिना प्रत्येक सामान्य व्यक्ति से की जाती है; व्यक्ति को ऐसा बोध कराने वाली शक्ति।

common-sense morality सामान्य बुद्धि-नीति

उचित-अनुचित की सामान्य-बुद्धि पर आश्रित धारणाएं।

common-sense philosophy सामान्यबुद्धि-दर्शन

जनसाधारण की दार्शनिक धारणाएं जो दर्शन के विशेष अध्ययन-मनन पर आश्रित नहीं होती।

common-sense realism सामान्यबुद्धि-वास्तववाद

सामान्य जन का यह विश्वास कि ज्ञान की वस्तुओं का बाह्य जगत् में स्वतंत्र अस्तित्व होता है, अर्थात् वे ज्ञाननिरपेक्ष हैं, और उनका स्वरूप भी हूबहू वैसा ही होता है।

common sensibles — सामान्य संवेद्य

अरस्तू के मनोविज्ञान में, इंद्रियग्राह्य वस्तु के वे गुण जो एक से अधिक इंद्रियों द्वारा ग्रहण किए जा सकते हैं, जैसे आकृति।

communicatio idiomatum — गुण संचारण

शाब्दिक अर्थ में, किसी गुण या गुणों का एक से दूसरे में पहुंच जाना; विशेषत (ईसा की द्वैध प्रकृति के प्रसग में प्रस्तावित) एक ईसाई सिद्धांत के अनुसार, ईश्वर के द्वारा मनुष्य को अपना गुण प्रदान करना और इसी प्रकार मानवीय प्रकृति के द्वारा दैवी प्रकृति का भी प्रभावित होना।

communication — संज्ञापन

प्रतीकों या निश्चित संकेतों के द्वारा विचारों, कल्पनाओं तथा संवेदनों का व्यक्तियों के आपस में आदान-प्रदान।

comparative concept — तुलनात्मक संप्रत्यय

वह संप्रत्यय जो तुलना पर आधारित है जैसे : "उससे अधिक", "उससे कम" आदि

comparative method — तुलनात्मक प्रणाली

वह प्रणाली जो तुलना पर आधारित हो

comparative religion — तुलनात्मक धर्ममीमांसा

विश्व में जितने धर्म हुए हैं उनके विकास और पारस्परिक संबंधों इत्यादि का तुलनात्मक अध्ययन करनेवाला शास्त्र

compassion — अनुकंपा, करुणा

नैतिक दृष्टि से उत्कृष्ट एक संवेग जिसमें दूसरे के दुःख-दर्द को समझना, उसे स्वयं अनुभव करना और उसकी सहायता लिए प्रेरित होना शामिल है।

complementary class — पूरक वर्ग

ऐसी वस्तुओं का संग्रह जो मूल वर्ग में समाविष्ट न हो। उदाहरण के लिए, 'न-मानव' का वर्ग 'मानव' वर्ग का पूरक है।

complete good — पूर्ण श्रेय

वह शुभ जो आंशिक या एकांगी न हो; विशेषत: कान्ट के अनुसार, वह शुभ जिसमें ऐसा न हो कि सुख ही सुख हो पर आत्मिक पूर्णता न हो या आत्मिक पूर्णता हो पर सुख न हो, अर्थात् वह जिसमें दोनों ही सही अनुपात में हो।

complete induction — सिद्ध आगमन, पर्याप्त आगमन

वह आगमन जिसमें कारण-संबंध खोज लिया गया हो।

बेन के अनुसार, वह आगमन जो सब स्थानों और कालों में लागू होनेवाले सामान्यीकरण के रूप में हो।

complete inversion — पूर्ण विपरिवर्तन

वह विपरिवर्तन जिसमें निष्कर्ष के उद्देश्य और विधेय आधारिका के क्रमश: उद्देश्य और विधेय के व्याधातक होते हैं।

complex dilemma — सम्मिश्र उभयत:पाश

वह उभयत:पाश जिसकी साध्य-आधारिका में अलग-अलग हेतुओं और फलों वाली हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्तियां होती है, पक्ष-आधारिका में एक वियोजक प्रतिज्ञप्ति होती है तथा जिसका निष्कर्ष भी एक वियोजक प्रतिज्ञप्ति होता है।

complex double epicheirema — सम्मिश्र उभयपक्षीय संक्षिप्त प्रतिगामी तर्कमाला

न्यायवाक्यों की वह श्रृंखला जो उत्तरन्यायवाक्य से पूर्वन्यायवाक्य की ओर चलती है,

जिसमें पूर्वन्यायवाक्यो की एक आधारिका लुप्त होती है, जिसमें उत्तरन्यायवाक्य की दोनों आधारिकाओं को संक्षिप्त न्याय-वाक्यों के द्वारा सिद्ध किया जाता है तथा फिर इन संक्षिप्त न्यायावाक्यों की आधारिकाओं को भी अन्य संक्षिप्त न्यायवाक्यों के द्वारा सिद्ध किया जाता है। उदाहरण: सब ऋषि आदरणीय है, क्योंकि सब योगी आदरणीय हैं, और सब ऋषि योगी है। सब योगी आदरणीय है, क्योंकि सब दार्शनिक आदरणीय हैं, और सब दार्शनिक आदरणीय है, क्योंकि सब विद्वान आदरणीय है,

और पुन.

सब ऋषि योगी हैं, क्योंकि सब तत्वद्रष्टा योगी हैं, और सब तत्वद्रष्टा योगी हैं, क्योंकि सब परमार्थी योगी हैं।

compex epicheirema

सम्मिश्र संक्षिप्त प्रतिगामी तर्कमाला

न्यायवाक्यों की वह शृंखला जो न्यायवाक्य से पूर्वन्यायवाक्य की ओर अग्रसर होती है, जिसमें पूर्वन्यायवाक्य में केवल एक आधारिका व्यक्त होती है, तथा जिसमें उत्तरन्यायवाक्य की आधारिकाओं को सिद्ध करने वाले संक्षिप्त न्यायवाक्यों की आधारिकाओं को पुनः संक्षिप्त न्याय-वाक्यों के द्वारा सिद्ध किया जाता है।

Complex single epicheirema

सम्मिश्र एकपक्षीय संक्षिप्त प्रतिगामी तर्कमाला संक्षिप्त न्यायवाक्यों की वह शृंखला जो उत्तरन्यायवाक्य से पूर्वन्यायवाक्य की ओर अग्रसर होती है, जिसमें उत्तरन्यायवाक्य की केवल एक आधारिका को संक्षिप्त न्यायवाक्य के द्वारा सिद्ध किया जाता है और इस संक्षिप्त न्यायवाक्य की व्यक्त आधारिका को भी पुनः

प्रकार सिद्ध किया जाता है उदाहरण : सब ऋषि आदरणीय हैं, क्योंकि सब योगी आदरणीय हैं और सब ऋषि योगी हैं।

सब योगी आदरणीय हैं, क्योंकि सब दार्शनिक आदरणीय हैं।

सब दार्शनिक आदरणीय हैं, क्योंकि सब विद्वान आदरणीय हैं।

nposite sense सम्मिश्र अर्थ

मध्ययुगीन तर्कशास्त्र में, निश्चयमात्रिक वाक्य में शामिल निश्चयमात्रासूचक शब्द (शायद, संभवतः, अनिवार्यतः, इत्यादि) का यह अर्थ कि वह पूरे प्रकृत वाक्य (अथवा अस्ति-वाक्य) का विशेषण है।

देखिये "divided sense"।

posite syllogism सम्मिश्र न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसमें दो से अधिक आधारिकाएं होती हैं। उदाहरण :

सब जन्म लेने वाले मरणशील हैं,
सब मनुष्य जन्म लेते हैं;
राम एक मनुष्य है;
∴ राम मरणशील है।

osite term सम्मिश्र पद

ऐसा पद जिसमें एक से अधिक शब्द शामिल हों, जैसे, "कलकत्ता-विश्वविद्यालय"।

sition of causes कारण-संहति

कारणों का ऐसा योग जो एक मिश्रित कार्य उत्पन्न करे। मिल ने इस पद का प्रयोग कारणों के उस विशेष योग के लिये किया है जो कार्यों के एक सजातीय मिश्रण को उत्पन्न करता है न कि एक भिन्नकारी

compound proposition — मिश्र प्रतिज्ञप्ति।

एक या अधिक सरल प्रतिज्ञप्तियों से बनी हुई प्रतिज्ञप्ति, जैसे, 'मनुष्य न तो अमर है और न पूर्ण है।'

compound syllogism — संयुक्त न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसमें एक आधारिका सोपाधिक प्रतिज्ञप्ति हो। उदाहरण : यदि जनता परिश्रमी है तो देश समृद्ध होता है; भारतीय जनता परिश्रमी है;

∴ हमारा देश समृद्ध बनेगा।

comprehension — व्यापकार्थ

तर्कशास्त्र में उन विशेषताओं का समुच्चय जो किसी पद के द्वारा व्यक्त व्यष्टियों में व्यापक रूप से विद्यमान रहती हैं और उसे अर्थ प्रदान करती है।

compresence — सहवृत्ति, सहोपस्थिति

दो या अधिक वस्तुओं का एकसाथ अस्तित्व। विशेषतः चेतना के कई तत्वों की एक साथ उपस्थिति के अर्थ में सैमुअल अलेक्जेंडर द्वारा प्रयुक्त शब्द।

concatenation — कारणानुबंध

जे० एस० मिल के अनुसार, वैज्ञानिक व्याख्या का एक प्रकार, जिसमें कारण और उसके दूरवर्ती कार्यों के बीच की कड़ियों की खोज करके उनके संबंध को बोधगम्य बनाया जाता है। उदाहरण : बिजली की चमक और उसके अनन्तर पैदा होने वाली कड़कड़ाहट की व्याख्या इनके बीच की कड़ी ताप को बता कर करना : विद्युत से ताप उत्पन्न होता है जो बादलों के बीच की हवा को तुरन्त फैला देता है फलतः कड़कड़ाहट पैदा होती है।

oncept — संकल्पना, संप्रत्यय

सामान्यत: किसी वर्ग के व्यष्टियों में पाए जाने वाले समान और आवश्यक गुणधर्मों का समुच्चय; सामान्य प्रत्यय।

onception — संकल्पना, सप्रत्यय

सामान्य प्रत्यय के निर्माण की प्रक्रिया; परन्तु कभी-कभी फल के लिये भी प्रयुक्त।

onceptualism — सप्रत्ययवाद, संकल्पनावाद

नामवाद तथा वस्तुवाद के बीच का यह मत कि सामान्य (जैसे, मनुष्यत्व) विशेष वस्तुओं के आवश्यक और समान गुणों के सप्रत्यय होते हैं तथा उनका अस्तित्व हमारे मन के अन्दर होता है।

onceptualization — संप्रत्ययीकरण

संप्रत्ययों के निर्माण की क्रिया।

onceptual realism — सप्रत्यय-वास्तववाद

सप्रत्ययवाद और प्लैटवी वास्तववाद का मिला-जुला रूप जो सप्रत्ययो को किसी तरह की मनःनिरपेक्ष सत्ता प्रदान करता है।

onceptus suit — आत्म-संप्रत्यय

आत्मा का सप्रत्यय जिसे कि जेंटिले (Gentile) ने वस्तुओं के सारे संप्रत्ययों का आधार होने के कारण सच्चा संप्रत्यय कहा है।

nciliarism — चर्चपरिषद्‌वाद

ईसाई धर्म में एक सिद्धांत जो धार्मिक मामलों में पोप के बजाय एक प्रतिनिध्यात्मक चर्च-परिषद् को सर्वोच्च सत्ता मानता है।

conclusion — निष्कर्ष

वह प्रतिज्ञप्ति जो अनुमान की
से प्राप्त होती है।

conclusion indicator — निष्कर्ष-सूचक (शब्द)

निष्कर्ष का बोधक शब्द, जैसे "अत"।

concomitance — सहवर्तन, सहगामिता

दो घटनाओं का एक साथ घटना।

concomitant variation — सहपरिवर्तन

दो घटनाओं में एक साथ घट-बढ़ होन
इसके आधार पर कार्य-कारण का
स्थापित किया जाता है।

concrete — मूर्त

"सामान्य" (general) और
(abstract) के विपरीत अर्थ का
विशेषण शब्द; वस्तु का विशिष्ट
व्यष्टिभूत रूप।

concrete term — मूर्त पद

तर्कशास्त्र में, वस्तु का बोधक पद,
"मनुष्य"।

concrete universal — मूर्त सामान्य

हेगेलीय तथा नव्य-हेगेलीय दर्शन में,
ऐसा सामान्य जो सब भिन्नताओं
अनेकताओं को एक सर्वसमावेशी
के अन्दर एकता और पूर्णता प्रदान करता
परतत्व या ब्रह्म ही एक ऐसा 'पूर्ण
हो सकता है क्योंकि वहाँ सब दृष्टियों
'पूर्णता' और 'एकता' का प्रतीक है।

concretism — मूर्तवाद

पोलैंड के दार्शनिक कोटारबिन्स्की (Kc
binski) का यह मत कि केवल
वस्तुएं ही अस्तित्ववान् हैं, तथा अमूर्

जैसे श्वेतता, आदि का कोई अस्तित्व नही होता।

concretum — मूर्त

कोई चीज जो मूर्त हो, विशेष हो। abstractum का विपरीतार्थक संज्ञाशब्द।

concurrence — 1. देवसम्मति

ऑगस्टाइन के अनुसार, ईश्वर का सहयोग, जिसके बिना मनुष्य पाप-कर्म से नहीं बच सकता; सामान्यतः ईश्वर यानी मुख्य कारण का गौण कारणो के साथ मिलकर काम करना।

2. सहघटन

दो घटनाओं का एक साथ घटना।

condition — उपाधि

तर्कशास्त्र में, कोई भी तत्व जिसका कार्य के उत्पादन में कुछ हाथ होता है: कारण (अर्थात् कार्य का अनिवार्य, अव्यवहित पूर्ववर्ती) का एक आवश्यक घटक।

conditional immortality — सोपाधिक अमरता, सोपाधिक अमरत्व

ईसाई धर्म की एक धारणा के अनुसार, ईसा मसीह में आस्था रखकर उसका अनुयायी बन जाने के पश्चात् पुरस्कार के रूप में प्राप्त अमरत्व: इसमें यह विचार निहित है कि आत्मा निसर्गतः अमर नहीं है।

conditional morality — सोपाधिक नीति

वे नैतिक नियम जिनका पालन किसी विशेष उद्देश्य की प्राप्ति के हेतु किया जाता है।

conditional proposition — सोपाधिक प्रतिज्ञप्ति

तर्कशास्त्र में, वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें किसी बात का विधान अथवा निषेध सशर्त होता है।

conditional syllogism — सोपाधिक न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसकी एक आधारिका सोपाधिक होती है।

conditions sine quibus non — अपरिहार्य उपाधियां

वे उपाधियां जिनकी अनुपस्थिति में किसी कारण का संबंधित कार्य उत्पन्न करना असंभव होता है।

conduct — आचार, आचरण

किसी व्यक्ति का वह कर्म या व्यवहार जो स्वेच्छा से किसी उद्देश्य से प्रेरित होकर अनेक विकल्पों में से चुनाव करने के पश्चात् किया जाता है तथा नैतिक निर्णय का विषय होता है।

confession — पापस्वीकृति, पापदेशना

विशेष रूप से ईसाई धर्म में, किसी धर्माचार्य के सामने यह मान लेना कि मैंने अमुक पाप किया है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस तरह पाप के फल से मुक्ति मिल जाती है।

congruism — आनुकूल्यवाद

यह मत कि ईश्वरीय कृपा इसलिए प्रभावकारी होती है कि उसके लिए ईश्वर अनुकूल समय को चुनता है।

congruity — मध्यर्हता

स्कॉलेस्टिक धर्ममीमांसा में, वह जिसमें व्यक्ति को लाभ उसकी योग्यता की तुलना में अधिक होता है।

conjunct — संयुक्त

जब दो कथन 'और' शब्द के द्वारा [illegible] होते हैं तब पूरे मिश्र कथन को '[illegible]'

कहते हैं और प्रत्येक अंशभूत कथन को 'संयुतक' कहते हैं ।

conjunction — संयोजन

'और' शब्द के द्वारा जुड़े हुए दो या अधिक कथनों से निर्मित मिश्र कथन, जैसे "मनुष्य मरणशील है और देवता अमर हैं"; अथवा प्रतिज्ञप्ति-संबंधक 'और' या उसका प्रतीक (.) ।

conjunctive proposition — संयोजक प्रतिज्ञप्ति

वह मिश्र प्रतिज्ञप्ति जिसमें दो सरल प्रतिज्ञप्तियां 'और' शब्द के द्वारा जुड़ी होती हैं ।

conjunctive syllogism — संयोजी न्यायवाक्य

हैमिल्टन (Hamltion) के द्वारा सोपाधिक न्यायवाक्य (Conditional Syllogism) के लिये प्रयुक्त पद ।

connexity — व्यवस्थिति, क्रमबद्धता

किसी संबंध में उस स्थिति में पाई जाने वाली एक विशेषता जब उसके क्षेत्र में आने वाले किन्हीं भी दो पदों के मध्य वह संबंध अवश्य होता है, जैसे प्राकृतिक संख्याओं के क्षेत्र में 'से बड़ा' संबंध में है ।

connotation — गुणार्थ

पद का वह अर्थ जो उसके द्वारा निर्दिष्ट चीजों के समान और आवश्यक गुणों का सूचक होता है ।

connotative definition — गुणार्थक परिभाषा

वह परिभाषा जो पद के गुणार्थ को बताती है ।

connotative term — वस्तुगुणार्थक पद

वह पद जो कुछ सामान्य और आवश्य विशेषताओं का बोध कराता है और साथ उन वस्तुओं का निर्देश भी करता है जिन वे गुण होते हैं।

connotative view — गुणार्थक मत

विधेयन-संबंधी एक मत जिसके अनुसा उद्देश्य और विधेय दोनों गुणार्थ में ग्रह किये जाते हैं।

conscience — अंतर्विवेक सदसद्विवेक

शुभ-अशुभ, कर्तव्य-अकर्तव्य का भेद करा वाली सहज आतंरिक शक्ति।

conscientalism — चिदर्थवाद

एक सिद्धान्त जिसके अनुसार व वस्तु जिनका हमें बोध होता है, अनिवार्यत मानसिक या चिद्रूप होती हैं।

conscientiousness — अंतर्विवेकशीलता

सावधानी के साथ और निष्ठापूर्वक अंत विवेक के आदेशों का पालन करने वाले व्यक्ति के चरित्र की विशेषता।

conscious illusion theory — स्वकृत-भ्रम-सिद्धांत

यह सौन्दर्यशास्त्रीय सिद्धांत कि कला और उसके रसास्वादन में स्वेच्छा से भ्रम में पड़ना, झूठमूठ में कुछ विश्वास कर लेना इत्यादि आवश्यक तत्व हैं। ये व्यक्ति को थोड़े समय के लिए संसार की कठोर वास्तविकताओं से हटाकर कल्पना-लोक में ले जाते हैं तथा उसके जीवन में नई स्फूर्ति ले आते हैं।

nscious intention — सचेतन अभिप्राय

मैकेन्ज़ी के अनुसार कर्म के पीछे व्यक्ति का वह अभिप्राय जिसका उसे बोध रहता है।

nsciousness in general — चेतना-सामान्य

कान्ट के दर्शन में, व्यष्टि की चेतना के विपरीत, वह चेतना जो शुद्ध रूप से तर्क-निष्ठ, वस्तुनिष्ठ और सर्वव्यापी तथा अनिवार्यतः वैध है।

consciousness only" school — "विज्ञप्तिमात्रता" संप्रदाय

बौद्ध दर्शन का एक प्रत्ययवादी संप्रदाय जिसका अधिक प्रचलित नाम "योगाचार" या "विज्ञानवाद" है। मूल शब्द "विज्ञप्ति-मात्रता" है जिसका यह अंग्रेजी अनुवाद है। चीन की धरती में इसका नाम "वेइ-शिह" हो गया था, जिसका कि प्रस्तुत शब्द अंग्रेजी अनुवाद है।

nsectarium — निगमन

सिसरो (Cicero) की शब्दावली में निगमनात्मक अनुमान का निष्कर्ष।

sensus gentium — लोक-संप्रतिपत्ति

सब लोगों की सहमति: विशेषतः सद्-असत्, उचित-अनुचित के निर्णय के प्रसंग में एक कसौटी के रूप में।

sequence logic — निगमन-तर्कशास्त्र

शुद्ध आकारिक तर्कशास्त्र का वह भाग जिसमें मात्र संगति के आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते हैं।

sequence theory — फलपरक सिद्धांत

नीतिशास्त्र के सिद्धांतों में से एक, जिसके अनुसार किसी धर्म का औचित्य उससे उत्पन्न

होने वाले परिणामों पर आधारित है
सुखवाद इसका एक रूप है ।

consequent

फलवाक्य

हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्ति "यदि क तो ख"
"तो" वाला भाग जो "यदि" वाले भाग
फल होता है । देखिए antecedent ।

consequentia

सत्यफलवत् (प्रतिज्ञप्ति)

मध्ययुगीन तर्कशास्त्रियों द्वारा
हेतु फलात्म प्रतिज्ञप्ति को दिया गया नाम।

conservation of value

मूल्य-सरक्षण

नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का
न होना जो कि, हॉफडिंग के अनुसार,
तरह धार्मिक आस्था का आधारभूत सिद्ध
है जिस तरह वैज्ञानिक उर्जा और भौ
द्रव्य के संरक्षण को अपने आस्था
आधार मानता है।

conservation theory

स्थिर परिमाण-सिद्धात, संरक्षण-
विज्ञान में एक सिद्धात जिसके अनुसार
का कुल परिमाण विश्व में समान या स्थि
बना रहता है।

conservatism

रूढिवाद; रूढ़िवादिता

परम्परागत आचार-विचार को ही
मानने वाला तथा उससे भिन्न
विचार को अग्राह्य मानने वाला मत, अ
ऐसी मनोवृत्ति ।

conservative

रूढ़िवादी

उपर्युक्त मत या मनोवृत्ति वाला व्यक्ति

consilia evangelica (evangelical counsels)

शुभसंदेशीय परामर्श

नैतिक पूर्णता की प्राप्ति के वे साधन
ईसाई में (उसके 'गोस्पेल' या 'शुभसं

नामक भाग में) बताए गए हैं । वे हैं : अकिंचनता, ब्रह्मचर्य और आज्ञाकारिता ।

consilience of inductions — आगमन-संप्लुति

ह्यूएल (Whewell) के अनुसार, किसी अच्छी प्राक्कल्पना की यह विशेषता कि विचाराधीन तथ्यों की व्याख्या करने के अलावा वह अप्रत्याशित रूप से अन्य तथ्यों की भी व्याख्या कर देती है।

consistency — संगति

उन विचारों या प्रतिज्ञप्तियों की विशेषता जिनका मेल व्याघात या तार्किक विरोध से रहित होता है।

consolamentum — पापमोचन-संस्कार

एक ईसाई सम्प्रदाय-विशेष (कैथरिस्ट) में प्रचलित एक धार्मिक संस्कार जिसमें मृत्यु से पूर्व पापों के प्रायश्चित के रूप में व्यक्ति को आध्यात्मिक बपतिस्मा के द्वारा मुक्ति दी जाती है।

constant — अचर, स्थिरांक

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, कोई भी ऐसा प्रतीक जो किसी निश्चित व्यष्टि, गुणधर्म, या संबंध का स्थानीय हो ।

constatation — प्रत्यक्षबोधक वाक्य

वह वाक्य जो प्रत्यक्ष पर आधारित हो।

constitutive conditions — अंगगत निर्धारक

विशेषतः जॉनसन के तर्कशास्त्र में, अनुमान के सत्य होने की वे शर्तें जिनका संबंध प्रतिज्ञप्तियों और उनके संबंधों से होता है और जो अनुमानकर्ता पर निर्भर नहीं होतीं ।

देखिये epistemic conditions ।

constructive dilemma रचनात्मक उभयतःपाश

वह उभयतःपाश जिसमें पक्ष-आधारिका में साध्य-आधारिका में समाविष्ट हेतुओं का विकल्पतः विधान किया जाता है, और निष्कर्ष में उसके फलों का विकल्पतः विधान किया जाता है। उदाहरण :

यदि मनुष्य अपनी इच्छानुसार कार्य करता है तो उसकी आलोचना होती है और यदि वह दूसरों की इच्छानुसार कार्य करता है तो भी उसकी आलोचना होती है।

मनुष्य या तो अपनी इच्छानुसार कार्य करता है या दूसरों की इच्छानुसार।

प्रत्येक दशा में उसकी आलोचना होती है।

consubstantiation समद्रव्यभाव (ख्रीष्टीय)

शाब्दिक अर्थ में, एक द्रव्य बन जाना। ख्रीष्टीय धर्म में यह मान्यता कि यूखरिस्त या प्रभु के रात्रिभोज में रोटी तथा शराब के साथ ख्रीष्ट का वास्तविक भौतिक शरीर तथा रक्त मिला हुआ था।

contemplation ध्यान

1. रहस्यवादी अर्थ में, ज्ञाता का ज्ञेय वस्तु से आंशिक या पूर्ण तादात्म्य जिसमें उसकी व्यष्टित्व की चेतना लुप्त हो जाती है।

2. सैमुएल अलेक्जेंडर (Samuel Alexander) के द्वारा आत्म-चेतना (enjoyment) के विपरीत वस्तु के ज्ञान के लिये प्रयुक्त शब्द।

contensive पूर्वानुभवाश्रित (प्रत्यय)

पहले के अनुभव द्वारा ज्ञात या उस पर आधारित।

ontent — वस्तु, विषय, अंतर्वस्तु, विषयवस्तु

शाब्दिक अर्थ में, जो अंदर रखा हुआ हो, जैसे ज्ञान की क्रिया में मन के अन्दर विद्यमान प्रतिमा, प्रत्यय इत्यादि, जो कि बाहर स्थित ज्ञान की वस्तु से भिन्न हैं।

ntentions syllogism — वैतंडिक न्यायवाक्य

वह दोषपूर्ण न्यायवाक्य जो एक पक्ष के द्वारा वाद में विजय प्राप्ति की इच्छा मात्र से प्रयुक्त होता है।

—

ntextual definite — सदर्भ-निश्चयवाचक जॉनसन के तर्कशास्त्र में, वह उपपद ('the, this' इत्यादि) जिसके आगे आनेवाले शब्द का किसी विशेष संदर्भ में एक निश्चित चीज के लिये प्रयोग हुआ हो।

ntextualism — 1. दृष्टिसृष्टिवाद

ज्ञानमीमासा में, एक मत जिसके अनुसार ज्ञान के विषय या वस्तु का ज्ञान-क्रिया के द्वारा निर्माण होता है; उसका बाह्य जगत् में कोई स्वतन्त्र अस्तित्व नही होता।

2. सदर्भवाद

यह मत कि किसी भी कलाकृति के सम्यक् मूल्यांकन के लिए उसे संपूर्ण संदर्भ मे, अर्थात् जिस पृष्ठभूमि मे उसकी रचना हुई है उसे पूरी तरह ध्यान में रखते हुए, देखा जाना चाहिए।

ontinence — संयम

मनुष्य की अपनी दैहिक इच्छाओं को विवेक के द्वारा नियंत्रित करने की क्षमता

ontingent proposition — आपातिक प्रतिज्ञप्ति, अनुभवाश्रित प्रतिज्ञप्ति वह प्रतिज्ञप्ति जो किसी तार्किक अनिवार्यता को व्यक्त न करती हो, अर्थात् जिसका निषेध तर्कतः संभव हो।

continuant — अनुपायी

स्थितियों एवं संबंधों में परिवर्तन होते रहने पर भी जिसका अस्तित्व निरन्तर बना रहे उसके लिये जॉनसन द्वारा प्रयुक्त शब्द ।

contraction of a genus — जाति-संकोच, जाति-परिच्छेद

स्कॉलेस्टिक दर्शन में, एक जाति (genus) का किसी उपजाति (species) के लिए प्रयोग, जैसे 'मनुष्य' द्विपाद प्राणी है में "प्राणी" का "मनुष्य" के लिए ।

contraction of a species — उपजाति-संकोच, उपजाति-परिच्छेद

स्कॉलेस्टिक दर्शन में, एक उपजाति (species) का किसी व्यष्टि (individual) के लिए प्रयोग, जैसे "राम एक अच्छा मनुष्य है" में, "मनुष्य" का "राम" के लिए ।

contradiction — व्याघात

दो पदों या प्रतिज्ञप्तियों का ऐसा विरोध कि दोनों एक साथ सत्य और एक साथ असत्य नहीं हो सकतीं ।

contradiction in terms — वदतोव्याघात

स्वतोव्याघाती कथन, जैसे "मेरी माता वंध्या है"।

contradictory negation — व्याघातक निषेध

किसी बात की व्याघातक बात कहकर (न कि विपरीत बात कहकर) उस बात का निषेध करना । इसे "शुद्ध निषेध" भी कहते हैं ।

contraposition — प्रतिपरिवर्तन

अव्यवहित अनुमान का वह रूप जिसमें निष्कर्ष का उद्देश्य दी हुई प्रतिज्ञप्ति

विधेय का व्याघाती होता है, और निष्कर्ष का विधेय दी हुई प्रतिज्ञप्ति का उद्देश्य होता है।

उदाहरण :

सब दार्शनिक मनुष्य हैं,

∴कोई अ-मनुष्य दार्शनिक नही है।

contrapositive — प्रतिपरिवर्तित (वाक्य)

प्रतिपरिवर्तन मे प्राप्त निष्कर्ष।

देखिए "constraposition"।

contrariety — वैपरीत्य

ऐसे पदो या प्रतिज्ञप्तियो का विरोध जो एक साथ सत्य नही हो सकती, पर एक साथ असत्य हो सकती हैं।

contrary — विपरीत

दो ऐसी प्रतिज्ञप्तियों के लिये प्रयुक्त विशेषण जो एक साथ सत्य नही हो सकती, पर एक साथ असत्य हो सकती हैं। इसका प्रयोग दो ऐसे पदों के लिए भी होता है जो परस्पर व्यावर्तक हों, पर मिलकर अपने विषय-क्षेत्र को निःशेष करने वाले न हों, जैसे, "काला" और "गोरा"।

contrary negation — विपरीतक निषेध

किसी बात को विपरीत बात कहकर (न कि व्याघाती) उसका निषेध करना।

contrary-to-duty imperatives — प्रतिकर्तव्य नियोग

चिजहोम (Chisholm) के आबंधी तर्कशास्त्र (deonticlogic) मे, वे कर्तव्य जिनको पूरा करने के लिये हम इसलिये बाध्य होते हैं कि हमने कोई [illegible]

contrary-to-fact conditional — प्रतितथ्य सोपाधिक

एक ऐसी सोपाधिक प्रतिज्ञप्ति जिस हेतु अंश प्रकटतः तथ्यविरुद्ध होता है, जैसे: "यदि इच्छाएं घोड़े होते (असल में नहीं) तो भिखारी सवारी गांठते"।

contraversion — प्रतिवर्तन

डिमॉर्गन द्वारा "obversion" के प्रयुक्त शब्द।

contributive value — अंशदायी मूल्य

किसी वस्तु का वह मूल्य जो वह अन्य वस्तु का अंग बनकर उसको करती है।

conventional connotation — रूढ़ गुणार्थ

कान्ट का नैतिक सिद्धांत जो कर्म के औचित्य का निर्णय इस नियम ('आकार') के द्वारा करता है कि कोई भी काम ऐसा न करो जिसे आप न चाहें कि दूसरे लोग करें—अरस्तू से चली आनेवाली 'आकार' और 'वस्तु' की शब्दावली में, यह नियम 'आकार' है और ठोस परिस्थितियों में हमारे विशष कर्तव्य इसकी 'वस्तु' हैं, जो देशकालानुसार वदलती रहती है ।

ical hedonism — नैतिक सुखवाद

यह मत कि सुख ही एकमात्र साध्य है और तदनुसार प्रत्येक को वही काम करना चाहिए जो सबसे अधिक सुखदायक परिणामों का देनेवाला हो ।

ical intuitionism — नैतिक अंतःप्रज्ञावाद

एक मत जिसके अनुसार नैतिक औचित्य या अनौचित्य का ज्ञान व्यक्ति को अंतःप्रज्ञा से होता है और वह कर्म के शुभ या अशुभ परिणामों पर आश्रित नहीं होता ।

ical legalism — नैतिक विधिवाद

यह मत कि आचरण के कुछ नियम हैं जिनका परिणामों की ओर ध्यान दिए बिना अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए ।

hical mysticism — नैतिक रहस्यवाद

जीव की ब्रह्म से एकता की प्राप्ति को परम साध्य माननेवाला तथा इस

लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाधि ... ethi
गूढ़ उपायों को साधन बतानेवाला ...

ethical naturalism — नैतिक प्रकृतिवाद
नीतिशास्त्र को एक ई...
विज्ञान और उसके संप्रत्ययों को ...
प्राकृतिक विज्ञानों के संप्रत्यय ...
मत।

ethical nihilism — नैतिक नास्तिवाद
शुभ-अशुभ उचित-अनुचित ...
नैतिक विभेदों की प्रामाणिकता का ...
करनेवाला मत।

ethical realism — नैतिक वास्तववाद
1. नैतिक मूल्यों के अस्तित्व ...
अनुभव या ज्ञान से स्वतन्त्र ...
मत, जैसे हार्टमान (Hartmann) का ...
2. साधारण प्रयोग में उस ...
का मत जो आचरण में व्यावहारिक ...
स्वार्थवादी हो।

ethical relativism — नैतिक सापेक्षवाद
यह नीतिशास्त्रीय सिद्धांत कि ...
के औचित्य-अनौचित्य और शुभत्व-अशु...
का मानदंड देश, काल और समुदाय ...
अनुसार बदलता रहता है।

ethical relativity — नैतिक सापेक्षता
देखिए ethical relativism

ethical scepticism — नैतिक संशयवाद
वह मत जो नैतिकता को व्यक्ति...
रुचि का विषय मानकर शाश्वत नै...
मूल्यों में संदेह प्रकट करता है।

ethical sense — नैतिक मविवित्ति
उचितानुचित का बोध

ical viewpoint — नैतिक दृष्टिकोण

उचित तथा अनुचित आदि नीतिशास्त्रीय शब्दों का अर्थ-विश्लेषण करनेवाला दृष्टिकोण । इसका आचारिक दृष्टिकोण (moral viewpoint) से भेद किया जाता है, जो इन शब्दो के प्रयोग के संबंध में होता है ।

hics — नीतिशास्त्र, आचारनीति, नीति

दर्शन की वह शाखा जो कर्म में उचित-अनुचित, शुभ-अशुभ, कर्तव्य-अकर्तव्य, पुण्य-पाप इत्यादि भेदों का विवेचन करती है तथा इन भेदो के मूल मे जो आदर्श निहित है उसका निरूपण करती है ।

thology — आचारविज्ञान, चरित्रविज्ञान

चरित्र-निर्माण का अध्ययन करनेवाला शास्त्र ।

iquette — शिष्टाचार

आचरण के परंपरा द्वारा स्थापित नियमों का समच्चय ।

udaemonism — आत्मपूर्णतावाद, आत्मानंदवाद

यह नीतिशास्त्रीय सिद्धांत कि कर्म का चरम लक्ष्य ऐंद्रिय सुख की प्राप्ति नहीं बल्कि आत्मिक आनंद है जो कि तर्कबुद्धि के शासन में रहते हुए आत्मा की शक्तियों का पूरा विकास करने से प्राप्त होता है ।

Evhemerism — यूहीमरसवाद

यह सिद्धांत कि पौराणिक कथाएं सच्ची एतिहासिक घटनाओं के विकृत रूप है । यूहीमरस (300 ई० पू०), जिसके नाम से यह सिद्धांत प्रचलित है, देवताओं को मूलतः इतिहास के वीर [illegible]

Eunomianism — यूनोमियसवाद

ईसाई धर्म में एक रोमन कैथोलिक यूनोमियस के नाम से प्रचलित शताब्दी (ईसवी) का यह सिद्धा ईश्वर के द्वारा रचा हुआ होने से पुत्र (ईसा) ईश्वर के सदृश नहीं हो

event — घटना

सामान्य रूप से, दिक्काल के एक सीमित के अन्दर होनेवाला कोई भी परि विशेषतः ह्वाइटहेड (Whitehead) दर्शन में, 'अंत्य वस्तुओं' (actual enti की एक संबद्ध शृंखला, जैसे एक अणु का क्षणों तक अविच्छिन्न अस्तित्व ।

event particle — घटना-कण

ह्वाइटहेड के दर्शन में, घटना का वह जिसमें उसकी विमाओं को कल्पना में अल्पतम कर दिया गया हो ।

evil — अशुभ, अनिष्ट, अमंगल, अहित,

वे बातें जो व्यक्ति या समाज के भौतिक, नैतिक और आध्यात्मिक अहितकर हैं ।

evolution — विकास

वस्तुओं के सरल से जटिल, विषमांग तथा कम विशिष्टीकृत से विशिष्टीकृत होने की क्रमिक क्रिया ।

विशेषतः जीवविज्ञान में, थोड़े से जीवों से पर्यावरण के प्रभाव से परिवर्तनों के समायोजन में सहायक कारण वंशागति से अगली पीढ़ी में पहुंच और धीरे-धीरे संचित होते-होते जातियों के उत्पन्न होने की क्रिया ।

evolutionary ethics — विकासवादी नीतिशास्त्र

डार्विन इत्यादि के विकासवादी सिद्धांत पर आधारित नीतिशास्त्र, जिसमें नैतिक बोध इत्यादि के विकास पर विशेषतः विचार किया जाता है तथा नैतिक मानक के निरूपण में अनुकूलन में सहायक होना, जीवनोपयोगी होना इत्यादि बातों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाता है।

exceptive proposition — अपवादी प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें कोई अपवाद बताया गया हो, जैसे 'व्यापारियों को छोड़कर सभी आजकल दुःखी' हैं।

exclamatory proposition — उद्गारी प्रतिज्ञप्ति

जानसन के अनुसार, प्रतिज्ञप्ति का वह आदिम रूप जिसमें एक ही शब्द का उद्गार के रूप में उच्चारण करके उससे एक पूरी प्रतिज्ञप्ति का काम लिया जाता है, जैसे 'कुत्ता!' (अर्थात् 'यह कुत्ता है' या 'कुत्ता आ रहा है'।)

excludent — व्यावर्त्य

डिमॉर्गन के तर्कशास्त्र में, वह विधेय जिसका किसी के लिए भी प्रयोग न किया जा सके।

exclusive egoism — व्यावर्तक स्वार्थवाद

यह मत कि जो वस्तु एक व्यक्ति के लिए शुभ है वह दूसरे व्यक्ति के लिए शुभ नहीं हो सकती और इसलिए किसी अन्य व्यक्ति के शुभ का अपने शुभ से तादात्म्य नहीं हो सकता।

exlcusive proposition — व्यावर्तक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें विधेय का [illegible]

में 'केवल' या '——के अलावा कोई न' आदि शब्दों का प्रयोग होता है वह प्रतिज्ञप्ति को प्रकट करता है। उदाहरण 'केवल भक्त ही मुक्ति के अधिकारी हैं' 'राम के अलावा कोई अन्दर नहीं जा सक' इत्यादि।

exegesis — शास्त्रतात्पर्य—निरूपण

किसी भी ग्रंथ के अर्थ का निर्णय करना विशेष रूप से, किसी धर्मग्रंथ के अर्थ का निर्णय करना।

exemplarism — प्रतिमानवाद

यह सिद्धांत कि ईश्वर के मन में रहने वाले प्रत्यय मूल हैं और इस परिच्छिन्न जगत की वस्तुएं उनकी प्रतिकृतियां (नकल) हैं।

exemplary cause — आदर्श—कारण

वैसा कारण जैसा प्लैटो के प्रत्यय हैं, जिनके अनुकरण पर मर्त्यलोक की वस्तुओं का निर्माण हुआ है। ईश्वरीय योजना भी इस प्रकार का कारण है क्योंकि (मध्ययुगीन दर्शन के अनुसार) विश्व की सृष्टि उसी के अनुसार की गई है।

exemplification — निदर्शन, दृष्टांतीकरण

किसी बात का उदाहरण या दृष्टांत देना। विशेष रूप से, भारतीय पंचावयव न्याय में तीसरा अवयव, उदाहरण।

exemplum — दृष्टांत—कथा

किसी नैतिक शिक्षा को बल देने के लिए सुनाई गई कोई सच्ची या कल्पित कहानी जैसी कि पंचतंत्र में मिलती हैं।

exhaustive judgment — सर्वसमावेशी निर्णय

बोसांकेट (Bosanquet) के अनुसार वह निर्णय जिसका विधेय उद्देश्य

के द्वारा व्यक्त वर्ग में शामिल प्रत्येक व्यष्टि पर लागू हो, जैसे 'सब मनुष्य मरणशील हैं' ।

nt — अतिरेकी

डिमॉर्गन की शब्दावली में, वह वर्ग जो एक अन्य वर्ग के अंशतः बाहर हो ।

उदाहरण : 'कुछ क ख नहीं है' में क ख की तुलना में ऐसा है ।

tence — अस्तित्व

सत्य या वास्तविक होने की अवस्था जिसमें वस्तु अन्य वस्तुओं के साथ क्रिया-प्रतिक्रियाशील होती है ।

tence theory (of truth) — अस्ति-सिद्धांत (सत्यता का)

प्लेटो के 'सोफिस्ट' में सत्यता का एक वैकल्पिक सिद्धांत जिसके अनुसार सत्य विश्वास वह है जिसका विषय कोई अस्तित्व रखनेवाली वस्तु होता है और मिथ्या वह है जिसका विषय कोई अस्तित्व न रखनेवाली वस्तु होता है ।

stential analysis — अस्तित्वपरक विश्लेषण

स्विस मनश्चिकित्सक लुडविग बिन्स्वैन्जर (Ludwig Binswanger) का संप्रदाय जो हुसर्ल (Husserl) के संवृतिशास्त्र, हाइडेगर (Heidegger) के अस्तित्ववाद और फ्रॉयड (Freud) के मनोविश्लेषण का मिश्रित रूप है और इस बात पर ज़ोर देता है कि रोगी अपने पर्यावरण का क्या अर्थ ले रहा है तथा उसकी वर्तमान समस्याएं क्या हैं ।

stential generalization (rule) — अस्तित्वपरक सामान्यीकरण (नियम)

अनुमान का एक नियम जिसके अनुसार 'गुणधर्म ग एक वस्तु व में पाया जाता है,' इस आकार के एक कथन से 'एक ऐसी वस्त

अस्तित्व रखती है जिसमें गुणधर्म
जाता है', इस प्रकार के एक
किया जा सकता है।

existential import — अस्तित्वपरक आशय

किसी प्रतिज्ञप्ति में इस बात
होना कि किन्हीं वस्तुओं का अस्ति

existential instantiation (rule) — अस्तित्वपरक दृष्टांतीकरण (नियम)

अनुमान का एक नियम जिसके
कुछ स्थितियों में 'एक ऐसी वस्तु'
रखती है जिसमें गुणधर्म ग पाया
इस प्रकार के एक कथन से 'गुणधर्म
वस्तु य में पाया जाता है', इस
एक कथन का अनुमान किया जा

existentialism — अस्तित्ववाद

कीर्केगार्द (Kierkegaard), ह
(Heideggar) इत्यादि कुछ
दार्शनिकों के नाम के साथ जुड़े
आंदोलन का नाम, जिसका उद्देश्य
को विचारों और वस्तुओं से हटाकर
अस्तित्व पर केंद्रित करना है।

existential proposition — अस्तित्वपरक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो अपने उद्देश्य के
का कथन करे अथवा, ब्रेन्टानो के
जो अस्तित्व का विधान या निषेध

existential quantifier — अस्तित्व-परिमाणक

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र मे, प्रतीक
(ヨ) जिसे एक "ऐसी वस्तु का अस्ति
बोला या पढ़ा जाता है।

ex opere operato — कर्मानुष्ठानत.

रोमन कैथोलिक धर्मशास्त्र में, इस
प्रकट करने के लिए प्रयुक्त पद कि

संस्कार का प्रभाव उसके अनुष्ठान मात्र से हो जाता है और वह स्वतः फल देता है न कि अनुष्ठान करनेवाले या उसका लाभ प्राप्त करने वाले की गुणवत्ता के कारण।

teric — बहिरंग

जो सामान्य जन है या अदीक्षित अथवा अविशेषज्ञ हैं उनसे संबंधित या उनके लिए उपयोगी।

perient — अनुभविता, अनुभावक

अनुभव करनेवाला व्यक्ति।

perientialism — अनुभववाद

अनुभव (जिसमें इंद्रियों के अतिरिक्त अतःप्रज्ञा में तथा अन्य असाधारण लगनेवाले उपायों से होनेवाले अनुभव भी शामिल है) को ज्ञान का स्रोत माननेवाला सिद्धांत।

periential proposition — अनुभवमूलक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो अनुभव से ज्ञात किसी तथ्य का कथन करती है।

perimental empiricism — प्रायोगिक इंद्रियानुभववाद

जॉन ड्यूई का ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत, जो अनुभव को ज्ञान का स्रोत मानता है और वस्तुओं के ऐंद्रिय गुणों को पारंपरिक रूप में स्थिर न मानते हुए उन प्रयोगों या संक्रियाओं का परिणाम मानता है जो हम उनके ऊपर करते हैं।

xperimentalism — प्रयोगवाद

ड्यूई का यह मत कि संपूर्ण जीवन मनुष्य का सफलतापूर्वक परिस्थितियों से समायोजन करने के उद्देश्य से किया जानेवाला एक प्रयोग

experimental logic — प्रयोगात्मक तर्कशास्त्र

ह्यूई के अनुसार, वह शास्त्र जिसमें उन प्रणालियों का अध्ययन करता है जिनका अनुसरण करके प्रयोगात्मक विज्ञान सफलता के साथ ज्ञान की प्राप्ति करते हैं और जिनके आधार पर भावी खोज के लिए नियामक नियम निर्धारित किए जा सकते हैं ।

experimental method — प्रयोगात्मक प्रणाली

विज्ञानों के द्वारा अपनाई जानेवाली प्रणाली जिसमें, परिस्थितियों को पूरी तरह नियंत्रण में रखकर वैज्ञानिक प्राक्कल्पना की सचाई की जांच करता है।

experimentum crusis — निर्णायक प्रयोग

वह प्रयोग जो किसी प्राक्कल्पना को निर्णायक रूप से सत्य सिद्ध कर देता है।

explanandum — व्याख्येय

वह जिसकी व्याख्या करनी हो; व्याख्या का विषय ।

explanans — व्याख्यापक

वह बात जो किसी व्याख्यापेक्षी चीज की व्याख्या करे ।

explanation — व्याख्या

जो बात (तथ्य, घटना, या नियम) संबंधों के स्पष्ट न होने से दुर्बोध लगती हो उसके (अन्य तथ्यों या नियमों से) संबंधों को प्रकट करके उसे बुद्धिगम्य बना देना।

explicandum — विवार्य

वह संप्रत्यय जिसका और अधिक स्पष्ट संप्रत्यय में विश्लेषण करना हो ।

[Exp]licative definition विचारक परिभाषा

वह परिभाषा जो किसी संप्रत्यय का विश्लेषण करे।

[Exp]licative proposition विचारक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें विधेय उद्देश्य-पद का विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

[Exp]licit definition पर्यायार्थक परिभाषा

वह परिभाषा जो परिभाष्य पद का पर्याय अर्थात् तुल्यार्थक शब्द बताती है।

[Ex]ponible व्याख्यापेक्षी, विवरणापेक्षी

तर्कशास्त्र में, ऐसी प्रतिज्ञप्ति के लिए प्रयुक्त विशेषण जिसके अर्थ को स्पष्ट करने के लिए व्याख्या अपेक्षित हो।

[Ex]portation निर्यातन

प्रतिज्ञप्ति कलन के वैध अनुमान का वह रूप जिसमें अ ब⊃स से निष्कर्ष (अ⊃ ब⊃ स) प्राप्त होता है।

[Ex]position प्रतिपादन

किसी कथन के निहितार्थ को खोलकर बताना; विशेषतः मध्ययुगीन तर्कशास्त्र में, किसी आलंकारिक कथन का तार्किक रूप में विश्लेषण करना।

[Ex]pository syllogism व्यष्टिहेतुक न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसमें दो पदों का एक एकवाचक पद द्वारा व्यक्त किसी तीसरी वस्तु से समानतः संबंधित होने के आधार पर निष्कर्ष में संबंध स्थापित किया जाता है जैसे : जान कायर है;

∵ जान एक सैनिक है;

∴ कोई सैनिक कायर होता है।

expression — व्यंजक

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, प्रतीक सीमित लंबाईवाला कोई भी प्रतुक्रम 'प ⊃ फ'।

expressionism — अभिव्यंजनावाद

यह सिद्धांत कि कला का उद्देश्य जगत् के विषय में कुछ बताना नहीं, कलाकार की भावनाओं, अनुभूतियों अभिवृत्तियों (जो कि बाह्य वस्तुओं के उसके अंदर होनेवाली प्रतिक्रियाएं हैं) अभिव्यक्त करना मात्र है।

expressive meaning — भावव्यंजक अर्थ, संवेगार्थ

किसी पद या वाक्य का वह अर्थ जो वस्तुस्थिति को नहीं बताता बल्कि वक्ता मन की अवस्था या उसके भाव या को व्यक्त करता है।

extension — वस्त्वर्थ

तर्कशास्त्र में, वे सब वस्तुएं जो किसी के अंतर्गत आती हैं, अर्थात जिनपर वह लागू होता है या जिनका वह नाम होता

extensive abstraction — विस्तारी अपाकर्षण

व्हाइटहेड (Whitehead) के द्वारा रेखा इत्यादि गणितीय संप्रत्ययों को वस्तुओं से जोड़ने के लिए अपनाई गई प्रणाली : जैसे, इसके द्वारा हम एक गोले अंदर दूसरे गोले की कल्पना करते उत्तरोत्तर अधिक छोटे गोले लें जाते हैं और इस तरह बिंदु का संप्रत्यय लिए बोधगम्य हो जाता है।

extensive quality — विस्तारशील गुण, योगशील गुण।

वह गुण जिसकी मात्रा को संख्या के द्वारा सही-सही बताया जा सकता हो, जैसे

लंबाई इत्यादि। कोहेन और नेगेल के 'तर्कशास्त्र' में इसका 'Intensive quality' में भेद किया गया है, जिसकी न्यूनता या अधिकता तो बताई जा सकती है परंतु 'कितनी?' का सही-सही उत्तर नहीं दिया जा सकता।

:oity — बाह्यता

विशेष रूप से ज्ञाता के मन से बाहर होने का गुण।

nalism — बाह्यादानवाद

शिक्षा-दर्शन में, यह सिद्धान्त कि व्यक्ति प्रारम्भ में बिल्कुल कोरा होता है और फलतः बाहर से चीजों को ग्रहण करके ही उसका विकास होता है।

nalization — बाह्यीकरण; बाह्यीभवन

विशेषतः संवेदन का, जो कि चित्त या मन का आंतरिक विकार है, बाह्य वस्तु के रूप में बदल जाना।

rnal law — बाह्य नियम

वह नियम जो व्यक्ति की अंतरात्मा का अपना नहीं होता बल्कि किसी बाह्य शक्ति के द्वारा उस पर आरोपित किया (थोपा) जाता है।

rnal sanction — बाह्य अनुशास्ति

वे बाहरी बातें जो व्यक्ति को नीतिनिष्ठ बनाती हैं अर्थात उसे नैतिकता के मार्ग पर चलाती हैं, जैसे दंड का भय, ईश्वर का भय इत्यादि।

ernal theory of relations — बाह्य-संबंध-सिद्धांत, संबंध-बाह्यतावाद, बहिःसंबंधवाद

नव्य-वास्तववादियों का यह मत कि संबंध संबंधित पदों से स्वतंत्र होते हैं, अर्थात वे जिन

वस्तुओं को जोड़ते हैं उनके स्वरूप को भी प्रभावित नहीं करते।

external world — बाह्य जगत्

जिनका प्रत्यक्ष होता है और [illegible] हो सकता है उन सब वस्तुओं की समष्टि

extra-logical fallacies — तर्केतर दोष

वे दोष जो तार्किक नियमों [illegible] अनेकार्थक शब्दों के प्रयोग से नहीं अनुचित अभिगृहीतों और असबद्ध कि[illegible] कारण युक्ति में उत्पन्न होते हैं, जैसे अ[illegible]तरसिद्धि (ignoratio elenchi) वे[illegible] उल्लिखित दोष।

extraspective situation — परेक्षणात्मक स्थिति

ब्रॉड (Broad) के अनुसार, वह स्थिति जिसमें हम अन्य मनों और अवस्थाओं से साक्षात् संपर्क रखते होते हैं।

extrinsic values — परतः मूल्य, आगंतुक मूल्य

वे चीजें जो कि स्वयं मूल्यवान् नहीं बल्कि किसी शुभ उद्देश्य की प्राप्ति मूल्य रखती हैं।

extrojection — बहिःक्षेपण

मन के द्वारा अपने अंदर [illegible] एंद्रिय गुणों और भावात्मक [illegible] बाह्यीकरण।

fact — तथ्य

वह जो वस्तुतः है, अस्तित्ववान् है घटित हुआ या होता है, वस्तुस्थिति।

facticity — तथ्यिकता, तथ्यात्मकता

जर्मन अस्तित्ववादी विचारक मार्टिन [illegible]डेगर (Martin Heidegger) के

यह स्थिति कि आदमी स्वयं को अकेला नहीं बल्कि एक दुनिया में पाता है जो पहले से ही मौजूद है और जिसे उसने नहीं बनाया है, और जिसमें उसका होना उसकी इच्छा-अनिच्छा पर निर्भर नहीं है।

titious correlation — कृत्रिम सहसंबंध, या यादृच्छिक सहसंबंध

ऐसा सहसंबंध जिसका आधार स्वाभाविक या वस्तुनिष्ठ न हो, जैसे किसी भी भाषा में पाए जाने वाले नामों और वस्तुओं का सहसंबंध।

tual content — तथ्यिक अंतर्वस्तु

कुछ आधुनिक दार्शनिकों (तार्किक इंद्रियानुभववादियों) के अनुसार, ऐसे वाक्यों की कथ्य वस्तु जो न स्वतोव्याघाती हैं और न विश्लेषी बल्कि जो इन्द्रियानुभव के द्वारा सत्यापित किए जा सकते हैं।

tual correlation — तथ्यात्मक सहसंबंध

कृत्रिम (factitious) सहसंबंध से भिन्न वह सहसंबंध जिसका आधार वास्तविक या वस्तुनिष्ठ होता है।

tually empty — तथ्यत: रिक्त

ऐसा कथन जो तथ्यिक अंतर्वस्तु से रिक्त अर्थात् जिसके सत्यापन के लिए इंद्रियानुभव की आवश्यकता न हो; तार्किक इंद्रियानुभववादियों के अनुसार स्वतोव्याघाती और विश्लेषी कथन इस प्रकार के होते हैं।

ctual meaning — तथ्यार्थ

ऐसे वाक्य का अर्थ जिसकी सत्यता किसी तथ्य पर निर्भर होती है।

actual premise — तथ्यात्मक आधारिका

रसेल के अनुसार, वह आधारिका जो अनुमान से प्राप्त नहीं है और किसी ऐसी

घटना का कथन करती है जो वि
विशेष में घटित हुई है।

fair bet — न्याय्यपण

वह शर्त जिससे संबंधित . को होने वाले लाभ और हानि की प्र ताएं गणित की दृष्टि से बिल्कुल बरा

faith — आस्था

किसी ऐसी चीज में विश्वास जि में पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध न हो, से परे हो, जैसे ईश्वर, अमरत्व, नैति इत्यादि।

Faksoko — फाक्सोखो

तर्कशास्त्र में, साक्षात् आकृत्यंतरण द्वितीय आकृति के वैध विन्यास लिए प्रयुक्त वैकल्पिक नाम। देखिए

fallacy — तर्कदोष; दोष

तर्क में होने वाला कोई दोष, विशेष तर्क में जो ऊपर से निर्दोष-जैसा लगता अथवा, कोई भी दोष जो तर्क की प्रक्रियाओं के किसी नियम के उ होता है, जैसे परिभाषा इत्यादि में दोष।

fallacy extra dictionem — शब्देतर दोष

अरस्तू के वर्गीकरण के अनुसार, जो युक्ति में भाषा या शब्दों की से नहीं आता, जैसे अव्याप्तहेतु-दोष।

fallacy in dictione — शब्द-दोष

अरस्तू के वर्गीकरण के अनुसार, वह जो युक्ति में भाषा या शब्दों की अनेकार्थ के कारण उत्पन्न होता है, जैसे पदार्थ दोष (fallacy of accent) या द्व्यर्थक दोष (fallacy of ambiuous middle)

cy of absolute ity — निरपेक्ष-पूर्ववर्तिता-दोष

यह मिथ्या धारणा कि प्रत्येक घटना-क्रम में पूर्ववर्ती-परवर्ती का संबंध निरपेक्ष है, अर्थात् जो पूर्ववर्ती है वह परवर्ती नहीं हो सकता, जैसे यदि अज्ञान गरीबी का पूर्ववर्ती है तो गरीबी अज्ञान का पूर्ववर्ती नही हो सकती।

y of accent — पदाघात-दोष

वाक्य में गलत शब्दों के ऊपर बल देने से उत्पन्न होनेवाला दोष, जैसे "तुम अपने पड़ोसी के विरुद्ध झूठी गवाही नही दोगे," इस वाक्य में "पड़ोसी" के ऊपर जोर देने से यह अर्थ निकलता है कि जो पड़ोसी नहीं है उसके विरुद्ध झूठी गवाही दी जा सकती है, जोकि मूल वाक्य की दोषपूर्ण व्याख्या होगी।

y of accident — उपाधि-दोष

यह दोष तब होता है जब किसी सामान्य रूप से सत्य कथन को किन्ही आकस्मिक या विशिष्ट परिस्थितियों में भी सत्य मान लिया जाता है। उदाहरण :

पानी तरल होता है;

बर्फ पानी है;

इसलिए, बर्फ तरल है।

["converse fallacy of accident" से भेद करने के लिए इसे "direct fallacy a accident" भी कहते है।]

:y of affirming onsequent — फलवाक्य-विधान-दोष

पक्ष-आधारिका में फलवाक्य का विधान करके निष्कर्ष में हेतुवाक्य का विधान करने का दोष, जैसे "यदि अ है तो ब है; ब है; अतः अ है, 'या' यदि कोई राजस्थानी है तो वह भारतीय है; अप्पास्वामी भारतीय है; इसीलिए वह राजस्थानी है"।

fallacy of ambiguous major — द्वयर्थक-साध्य-दोष

साध्य-पद की द्वयर्थकता से युक्ति में होने वाला दोष। उदाहरण :

कन्नौज में रहने वाले कनौजिया

रामसिंह क्षत्री कन्नौज का रहने

अतः रामसिंह क्षत्री कनौजिया (

है।

fallacy of ambiguous middle — द्वयर्थक-हेतु-दोष

हेतु-पद की द्वयर्थकता से युक्ति में होनेवाला दोष। उदाहरण :

सब द्विज जनेऊ पहनते हैं;

सब पक्षी द्विज ह;

अतः सब पक्षी जनेऊ पहनते हैं।

fallacy of ambiguous minor — द्वयर्थक-पक्ष-दोष

पक्ष-पद की द्वयर्थकता से युक्ति में होनेवाला दोष। उदाहरण :

सब जलाशय मछलियो के

चश्मा जलाशय है;

अतः चश्मा (पहनने का) मछलि

निवास है।

fallacy of amphiboly (or amphilology) — वाक्यछल

वह दोष जो किसी शब्द की से नही बल्कि वाक्य की भ्रामक कारण उसमें अनेकार्थकता आने से पै है, जैसे "मैं स्वयं को साथियो से भिन्न के लिए ऐसे कपड़े नही पहनूगा।"

fallacy of begging the question — आत्माश्रय-दोष,

देखिए fallacy of petitio pr

fallacy of category mixing — कोटि-संकरण-दोष

एक दोष जो किसी युक्ति में तब होता है जब उसमें एक कोटि के

जानकर या अनजाने एक भिन्न कोटि के शब्द की तरह इस्तेमाल किया गया होता है, अर्थात् जब उसमें एक शब्द कोटि-परिवर्तन के कारण अर्थहीन हो जाता है। उदाहरण : मैं काल की गति को नहीं रोक सकता; अतः मैं बलवान् नहीं हूं। (यहां काल को मोटर-जैसी गतिमान् चीज के रूप में लिया गया है जो कि एक भिन्न कोटि की वस्तु है।)

...acy of circular argument — चक्रक-युक्ति दोष

आत्माश्रय-दोष का एक जटिल रूप जिसमें एक प्रतिज्ञप्ति एक अन्य प्रतिज्ञप्ति के द्वारा सिद्ध की जाती है और फिर इस अन्य प्रतिज्ञप्ति को सिद्ध करने के लिए पिछली प्रतिज्ञप्ति को आधार बनाया जाता है। उदाहरण . "ईश्वर है क्योंकि धर्मग्रंथ ऐसा कहते हैं"। "पर धर्मग्रंथों की बात क्यों मानी जाए?" "इसलिए कि वे ईश्वर के वचन हैं।"

...acy of co-effects — सह-कार्य-दोष

एक ही कारण के कार्यों में से एक को अन्य का कारण मान लेने का दोष, जैसे, ज्वार को भाटे का कारण मान लेना, जबकि दोनों एक ही कारण, चंद्रमा का आकर्षण, के कार्य हैं।

...acy of co-existence — सह-अस्तित्व-दोष

साथ-साथ अस्तित्व रखनेवाली बातों में कारण-कार्य का संबंध मान लेने का दोष, क्योंकि यह संबंध होता अनुक्रमिक घटनाओं में है। उदाहरण : तावीज पहनने को दुर्घटना से बच जाने का कारण मान लेना, जबकि दोनों में सह-अस्तित्व मात्र का संबंध है।

fallacy of complex question

प्रश्नछल

यह दोप तब होता है जब प्रति ऐसा प्रश्न किया जाता है जिसमें कोई मान्यता छिपी रहती है। देखिए fallacy many questions तथा fallacy of question (ये सब एक दोष के नामान्तर

fallacy of composition

संग्रह-दोष, संहति-दोष

किसी पद को व्यष्टिक अर्थ में ग्रहण के बाद उसका समष्टिक अर्थ में प्रयोग से उत्पन्न दोष। उदाहरण : प्रत्येक का सुख उसके लिए शुभ है, इसलिए सुख सारे समाज के लिए शुभ है। collective use तथा distributive

fallacy of confusing cause with effect

कार्य-कारण-विपर्यय-दोष

कार्य-कारण के रूप में संबंधित घटनाओं में से यह न समझ पाना कि कारण है और कौन कार्य है, जैसे, यह न पाना कि भारी वर्षा और तूफान में से कारण है और कौन कार्य।

fallacy of consequent

फलवाक्य दोष

हेतु और फल को परस्पर विनिमेय लेने से उत्पन्न होनेवाला तर्कदोष। यदि धर्म सचमुच आत्मोन्नति का साधन तो उसका कभी नाश नहीं होता; धर्म का जो कि अनादिकाल से चला आ है, नाश नहीं हुआ है ; अतः हिंदू धर्म मुच आत्मोन्नति का साधन है।

fallacy of context mixing

संदर्भ संकरण-दोष

एक प्रकार का दोष जो किसी युक्ति तब पैदा होता है जब उनमें एक भिन्न में ही सार्थकता रखनेवाले शब्द का होता है। उदाहरण : भेड़िए अभिमान

करते, झूठ नहीं बोलते; इसलिए वे मनुष्य से अधिक नीतिपरायण हैं। (यहा भेड़िए के संदर्भ में ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया है जो मनुष्य की चर्चा में ही सार्थकता रखते हैं।)

...acy of denying the antecedent — हेतुवाक्य-निषेध-दोष

पक्ष-आधारिका में हेतुवाक्य का निषेध करके निष्कर्ष में फलवाक्य का निषेध करने का दोष; जैसे "यदि अ है तो ब है; अ नही है; अतः ब नही है", या "यदि युद्ध होता है तो विनाश होता है; युद्ध नहीं हो रहा है; अतः विनाश नही हो रहा है।"

...acy of division — विग्रह-दोष, विभक्ति दोष

किसी पद को पहले समष्टिक अर्थ में ग्रहण करके बाद में व्यष्टिक अर्थ में इस्तेमाल करने से उत्पन्न तर्कदोष। उदाहरण: "इस कमरे के सब आदमियों का वजन बीस मन है; हरि इस कमरे में मौजूद एक आदमी है; अतः हरि का वजन बीस मन है।"

...acy of double question — प्रश्नछल

यह दोष तब होता है जब प्रश्न ऊपर से एक लगता है पर होते असल में दो प्रश्न हैं, जिससे उसका "हां" या "नहीं" में सीधा-सा उत्तर नही दिया जा सकता। उदाहरण: "क्या आपने पीना छोड़ दिया है?"

...acy of doubling the ...et — पण-द्विगुणन-दोष

यह मानने की गलती करना कि चित-पट जैसे खेल में, जिसमें विकल्प समान रूप से प्रसंभाव्य होते हैं, यदि कोई एक ही बाल पर शर्त लगाता जाए और हारने पर शर्त को दुगना करता जाए तो अंत में वह अवश्य जीतेगा।

fallacy of equivocation — अनेकार्थता-दोष

युक्ति में किसी अनेकार्थक शब्द से उत्पन्न होने वाला दोष, जैसे "... है; रक्त लाल होता है; अतः ... है।"

fallacy of exclusive linearity — व्यावर्तक-रेखा-दोष

अनुचित रूप से यह मान बैठना कि ... इस प्रकार संबंधित हैं कि उनसे ... एक रेखावत् क्रम बन जाता है।

fallacy of exclusive particularity — व्यावर्तक-विशेषता दोष

यह मान लेने का दोष कि यदि ... एक संदर्भ में एक संबंध रखती है तो ... या किसी अन्य संदर्भ में कोई अन्य ... रख सकती। उदाहरण: एक ... एक प्रसंग में ईमानदार पाकर य... करना कि वह किसी अन्य प्रसंग ... हो ही नहीं सकता।

fallacy of existential assumption — अस्तित्वाभिग्रह-दोष

यदि स्पष्ट रूप से यह न बता... कि एक चीज का अस्तित्व है तो उस... को नहीं मान लेना चाहिए: इस ... विपरीत अस्तित्व मान लेने का दोष

fallacy of false cause — मिथ्या-कारण-दोष

जो कारण नहीं है उसे कारण ... का दोष।

fallacy of false conclusion — मिथ्या-निष्कर्ष-दोष

वह दोष जिसमें युक्ति का निष्क... होता है।

fallacy of false disjunction — मिथ्या-वियोजन-दोष

देखिए fallacy of false opp...

cy of false opposi-
n

मिथ्या-विरोध-दोष

यह मानने का दोष कि सब विकल्प परस्पर व्यावर्तक होते हैं, जैसे यह मान लेना कि यदि चीजें स्थिर हैं तो उनमें परिवर्तन बिल्कुल नहीं हो सकता।

cy of figures of speech

रूपार्थसाम्य-दोष

यह दोष तब होता है जब एक ही व्याकरणिक रूप रखनेवाले अथवा एक ही मूल से व्युत्पन्न शब्दों का एक ही अर्थ समझ लिया जाता है। उदाहरण : चित्रकार वह है जो चित्र बनाता है; इसलिए चर्मकार वह है जो चमड़ा बनाता है।

cy of four terms

चतुष्पद-दोष

निरुपाधिक-न्यायवाक्य से संबंधित इस नियम के उल्लंघन से उत्पन्न दोष कि उसमें केवल तीन पद होने चाहिए। यह दोष प्रायः तब होता है जब हेतु पद द्व्यर्थक होता है, जिसमें देखने में तीन ही पद होते हैं पर हेतु पद के दो अर्थों के कारण वास्तव में चार पद बनते हैं।

देखिए fallacy of ambiguous middle।

icy of hysteron pro-
ron

पूर्वापरक्रम-दोष

प्राकृतिक या तार्किक क्रम के उलट दिए जाने से यह दोष उत्पन्न होता है। उदाहरण : मुगल काल में अकबर और बाबर ने विशेष प्रसिद्धि प्राप्त की।

icy of ignoratio elenchi

प्रतिज्ञातर-सिद्धि-दोष, अर्थांतर-सिद्धि-दोष

यह दोष तब होता है जब युक्ति असंबद्ध होती है, अर्थात् जब सिद्ध कुछ करना होता है और सिद्ध किया जाता है कुछ और।

fallacy of illicit importance	अवैध-महत्त्व-दोष यह मान बैठने का दोष कि वृत्ति ... ज्ञप्ति स्वतः सिद्ध है इसलिए वह ... है।
fallacy of illicit major	अव्याप्त-साध्य-दोष यह दोष तब होता है जब साध्य-पद ... में व्याप्त होता है, पर साध्य-आधार ... व्याप्त नहीं होता, जैसे "सब पक्षी ... होते हैं; कोई चमगादड़ पक्षी नहीं है; ... कोई चमगादड़ पंखवाला नहीं होता।
fallacy of illicit minor	अव्याप्त-पक्ष-दोष यह दोष तब होता है जब पक्ष-पद ... में व्याप्त होता है, पर पक्ष-आधार ... व्याप्त नहीं होता, जैसे "कोई आदमी ... पैरोंवाला नहीं है; सब आदमी प्राणी ... अतः कोई प्राणी चार पैरोंवाला नहीं है।
fallacy of initial predication	आदि-विधेयन-दोष किसी वस्तु की किसी सुपरिचित ... को अथवा जो विशेषता उसमें अन्यों से ... दिखाई दे उसे उसकी परिभाषा या ... प्रकृति मान लेने का दोष।
fallacy of insufficient evidence	अपर्याप्त-प्रमाण-दोष तथ्यों के किसी निष्कर्ष पर पहुंचाने ... लिए तार्किक दृष्टि से अपर्याप्त होने के ... जूद उनसे निष्कर्ष निकाल बैठने का दोष
fallacy of irrelevance	अर्थांतर-दोष, अप्रासंगिकता-दोष आवश्यक बात को सिद्ध या असिद्ध ... के बजाय किसी असंबद्ध बात को सिद्ध ... असिद्ध करना।

acy of irrelevant :lusion — प्रतिज्ञांतर-सिद्धि-दोष, अर्थांतर-सिद्धि-दोष

यह दोष तब होता है जब सिद्ध कुछ करना होता है और प्राप्त होता है उससे बिल्कुल ही असंबद्ध निष्कर्ष। देखिए fallacy of ignoratio elenchi।

:y of many questions — प्रश्नछल

प्रतिवादी से एक एसा प्रश्न पूछना जिसमे एक से अधिक प्रश्न छिपे हों, जिनका अलग-अलग उत्तर मांगना ही उचित होता है, अथवा जिसमें कोई ऐसा कथन छिपा होता है जिसकी स्वीकृति प्रतिवादी के पक्ष के लिए घातक होती है पर जिसका उत्तर वह उसे स्वीकार किए बिना नहीं दे सकता।

cy of misplaced con-eteness — भ्रांत-मूर्तता-दोष

जो अमूर्त या अपाकृष्ट है उसे मूर्त मान लेने के दोष के लिए ह्वाइटहेड द्वारा प्रयुक्त पद। तदनुसार साधारण जनों के दिक् और काल के संप्रत्यय में यह दोष है।

icy of negative pre-nises — निषेधात्मक-उभय-आधारिका-दोष

न्यायवाक्य से संबंधित इस नियम के उल्लंघन से उत्पन्न होनेवाला दोष कि आधारिकाओं में से कम-से-कम एक विध्यात्मक हो।

acy of non causa pro ausa — अकारण-कारण-दोष

किसी प्रतिज्ञप्ति को इसलिए अस्वीकार कर देना कि उससे एक असत्य प्रतिज्ञप्ति निष्कर्ष के रूप में प्राप्त होती है जबकि वास्तव में वह उससे निगमित होती ही नहीं।

acy of non sequitur — नानुमिति-दोष

वह दोषपूर्ण युक्ति जिसमें निष्कर्ष आधारिकाओं से बिल्कुल असंबद्ध होने के कारण निकलता ही नहीं।

fallacy of petitio principii	आत्माश्रय-दोष वह दोष पूर्ण युक्ति जिसमें आधारिकाओं में पहले से ही सिद्ध मान लिया जाता है।
fallacy of quoting out of context	असंदर्भोद्धरण-दोष किसी उक्ति को उसके मूल संदर्भ से अलग उद्धृत करने से उत्पन्न दोष। उदाहरण यदि किसी फिल्म-समीक्षक ने कहा हो कि फिल्म खराब अभिनय और खराब फोटोग्राफी के अलावा निर्दोष है, और कोई फिल्म को देखने-योग्य बताने के लिए यह कहे कि अमुक फिल्म समीक्षक ने उसे निर्दोष कहा है, तो यह दोष होगा।
fallacy of reduction	न्यूनीकरण-दोष, अपचयन-दोष चीजों का उनके घटकों में विश्लेषण की सामान्य वैज्ञानिक प्रणाली के फलस्वरूप इस गलत धारणा का बन जाना कि चीज घटकों के अलावा कुछ है ही नहीं, जैसे कि पानी आक्सीजन और हाइड्रोजन के अलावा कुछ है ही नहीं।
fallacy of secundum quid	विशेष-सामान्य भ्रम-दोष वह दोष पूर्ण युक्ति जिसमें किसी ज्ञप्ति को जो कि विशेष [illegible] ही सत्य होती है, सामान्य रूप से सत्य मान लिया जाता है।
fallacy of selected instances	दृष्टांत-चयन-दोष थोड़े-से चुने हुए दृष्टांतों के आधार पर कोई सामान्यीकरण कर लेने का दोष, जैसे "बंगाली वाचाल होते हैं"।
fallacy of simplism	आभासी-सरलता-दोष दो प्राक्कल्पनाओं में से जो सरल हो उसे सत्य मान लेने का दोष।

acy of undistributed iddle — अव्याप्त-हेतु-दोष, साधारण अनैकांतिक

अनुमान के इस नियम के उल्लंघन से उत्पन्न दोष कि हेतु-पद को कम से कम एक वार अवश्य व्याप्त होना चाहिए । यदि हेतु-पद दोनों आधारिकाओं में अव्याप्त हो तो निष्कर्ष नही निकलेगा ।

acy of unproved hypo-hesis — असिद्ध-प्राक्कल्पना-दोष

किसी बात की व्याख्या के लिए प्रस्तावित प्राक्कल्पना के सिद्ध न होने से उत्पन्न दोष ।

lacy of use mixing — प्रयोग-संकरण-दोष

भाषा के एक प्रकार के प्रयोग (जैसे संवेगार्थक या आज्ञार्थक प्रयोग) को दूसरे प्रकार (जैसे, सज्ञानार्थक प्रयोग) का मान लेने से पैदा होनेवाल दोष । उदाहरण : "ईसा ने अपने शत्रुओं को प्यार करने का आदेश दिया ; लेकिन इसके सत्य होने का कोई प्रमाण नही है और इसलिए यह मिथ्या है; अतः जो मिथ्या है उसका अनुसरण मैं नही कर सकता ।"

lse analogy — मिथ्या साम्यानुमान

वह साम्यानुमान जो दो वस्तुओं के मुख्य गुणों के बजाय उनके गौण गुणों की समानता पर आधारित हो या उपमा और रूपक के प्रयोग पर आश्रित हो ।

lsifiability — मिथ्यापनीयता

उस वाक्य या कथन की विशेषता जिसका (विशेषतः प्रेक्षण द्वारा) मिथ्या सिद्ध किया जाना संभव हो : अर्थ की सत्यापनीयता (verifiability) की कसौटी की त्रुटियों को ध्यान में रखते हुए कार्ल पॉपर (Karl Popper) द्वारा कसौटी के रूप में प्रस्तावित ।

family of sense data	इंद्रियदत्त-परिवार समसामयिक अंग्रेजी दार्शनिक एच॰ प्राइस के अनुसार, किसी भौतिक व संबंधित इंद्रियदत्तों का समुच्चय, जिस भौतिक वस्तुओं के इंद्रियदत्त-स से भेद किया जा सकता है।
fana	फना मुसलमान सूफियों की मान्यता के समाधि की अवस्था जिसमें साधक एकाकार हो जाता है और अपने अस्ति बिल्कुल भूल जाता है।
fatalism	नियतिवाद, भाग्यवाद, दैववाद यह मत कि मनुष्य जो कुछ भी होता करता है वह पहले से ही ईश्वर के द्वारा होता है।
facundity of pleasure	सुख की उर्वरकता, सुख की फलप्रदता सुखवादी नीतिशास्त्री बेन्थम के सुख की अन्य सुखों को जन्म देने की जिसे विभिन्न सुखों की तुलना करते ध्यान में रखना चाहिए ; अन्य सुखों जन्म देनेवाला सुख श्रेष्ठ होता है।
Felapton	फेलाप्टोन तृतीय आकृति का वह प्रामाणिक जिसकी साध्य आधारिका सर्वव्यापी पक्ष-आधारिका सर्वव्यापी विधायक निष्कर्ष अंशव्यापी निषेधक होता है : कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं है ; सब मनुष्य विवेकशील हैं ; ∴कुछ विवेकशील प्राणी पूर्ण नहीं हैं।

फेरीयो

प्रथम श्राकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-आधारिका श्रंशव्यापी विधायक, तथा निष्कर्ष श्रंशव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण :

कोई बंगाली यूरोपीय नही है ;
कुछ दार्शनिक बंगाली है ;
कुछ दार्शनिक यूरोपीय नही है ।

फॅरीसोन

तृतीय श्राकृति का वह प्रामाणिक न्याय-वाक्य जिसकी साध्य-श्राधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-श्राधारिका श्रशव्यापी विधायक श्रौर निष्कर्ष श्रंशव्यापी निषेधक होता है ।
उदाहरण :

कोई भी मनुष्य बंदर नही है ;
कुछ मनुष्य नीग्रो हैं ;
∴कुछ नीग्रो बंदर नही है ।

फेसापो

चतुर्थ श्राकृति का वह प्रामाणिक न्यायवाक्य जिसकी साध्य-श्राधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-श्राधारिका सर्वव्यापी विधायक तथा निष्कर्ष श्रंशव्यापी निषेधक होता है। उदाहरण:

कोई भी बंदर मनुष्य नही है ;
सब मनुष्य द्विपद ह ;
∴कुछ द्विपद बंदर नही हैं ।

फेस्टीनो

द्वितीय श्राकृति का वह प्रामाणिक न्याय-वाक्य जिसकी साध्य-श्राधारिका सर्वव्यापी निषेधक, पक्ष-श्राधारिका श्रंशव्यापी विधायक तथा निष्कर्ष श्रंशव्यापी निषेधक होता है ।
उदाहरण :

कोई भी मनुष्य बंदर नहीं है;

कुछ प्राणी बंदर हैं ;
∴ कुछ प्राणी मनुष्य नहीं हैं।

fiat

एवमस्तु

"ऐसा हो जाय"; का लैटिन जिसके (ईश्वर या किसी दैवी-शक्ति पुरुष द्वारा) उच्चारण मात्र से इष्ट सृष्टि हो जाने की बात मानी जाती है।

fiction

कल्पितार्थ, कल्पना

मन के द्वारा रची हुई कोई चीज अनुरूप वास्तविक जगत में कुछ भी कोई तार्किक रचना या काल्पनिक मिथ्या होने के बावजूद व्यवहार में हो।

fictionalism (fictionism)

कल्पनावाद

विशेषतः जर्मन दार्शनिक हान्स (Hans Vaihinger) द्वारा यह मत कि विज्ञान, गणित, दर्शन और के मूल संप्रत्यय शुद्ध कल्पनाएं हैं, पर भी व्यवहार में उनकी उपयोगिता है।

fiction of mean values

मध्यमान-कल्पितार्थ

औसत का संप्रत्यय जो कि वास्तवि होते हुए भी गणना करने में उपयोगी है, जैसे, "औसत आयु", यदि चार क्रमशः 12, 14, 18 और 10 वर्ष तो उनकी औसत आयु 13-1/2 वर्ष है जबकि उनमें से कोई भी वस्तुतः इस का नहीं है।

fideism

आस्थावाद

यह सिद्धांत कि संपूर्ण ज्ञान का आस्था है।
देखिए faith।

[illegible]ative definition

आलंकारिक परिभाषा

वह दोषयुक्त परिभाषा जिसमें परिभाष्य पद की जाति और अवच्छेदक गुण बताने के बजाय उपमा और रूपक का प्रयोग किया गया हो, जैसे "ऊँट रेगिस्तान का जहाज है ।"

आकृति

तर्कशास्त्र में, न्यायवाक्य का तीन पदों (साध्य, हेतु और पक्ष) की सापेक्ष स्थिति से निर्धारित रूप ये चार होते हैं : प्रथम आकृति में हेतु-पद साध्य-आधारिका मे उद्देश्य और पक्ष आधारिका में विधेय होता है; द्वितीय आकृति में वह दोनों मे विधेय होता है ; तृतीय में वह दोनों में उद्देश्य होता है ; और चतुर्थ में वह साध्य-आधारिका में विधेय और पक्ष-आधारिका में उद्देश्य होता है ।

[illegible]ed syllogism

साकृति न्यायवाक्य

एक निश्चित आकृति मे व्यक्त न्यायवाक्य ।

उदाहरण .

सब मनुष्य मरणशील हैं ,
राम एक मनुष्य है ;
∴ राम मरणशील है ।

(प्रथम आकृति में व्यक्त एक न्यायवाक्य)

[illegible] cause

प्रयोजन-कारण

अरस्तु के द्वारा स्वीकृत चार प्रकार के कारणों में से अंतिम, जो कि किसी चीज की उत्पत्ति के पीछे उत्पादन-कर्ता का प्रयोजन या उद्देश्य होता है ।

[illegible]lism

प्रयोजनवाद

यह सिद्धांत कि भौतिक जगत् की उत्पत्ति और उसकी घटनाओं के मूल में कोई प्रयोजन होता है, तथा कुछ भी आकस्मिक या निष्प्रयोजन नहीं है ।

परिमित होती है और इसलिए जिनका सत्यापन किया जा सकता है।

st cause argument — आदि-कारण युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए दी गई एक युक्ति जो विश्व को कारण-कार्य के रूप में जुड़ी हुई घटनाओं की एक शृंखला मानकर एक आदि-कारण के अस्तित्व को आवश्यक मानती है और उसी को ईश्वर कहती है।

rst Heaven — आद्यद्यौ

अरस्तू के ब्रह्माडमीमासीय सिद्धात के अनुसार, सबसे बाहर का गोला जिसमें स्थिर या अचल तारे रहते हैं।

st-person statement — उत्तमपुरुष-कथन

किसी व्यक्ति द्वारा स्वयं अपने विषय में किया गया कथन, जैसे : "मेरे पेट में दर्द हो रहा है"।

st philosophy — आद्य दर्शन

अरस्तू के अनुसार, (1) आदि कारणों तथा सत्ता के तात्विक गुणों का विवेचन करने वाला शास्त्र, तथा (2) विशेषत: ईश्वर मीमांसा।

st principles — आदि तत्त्व

वे कथन और विश्वास जो मौलिक या आधारभूत, निर्विवाद और स्वत: प्रमाणित हैं तथा जिन के ऊपर प्रत्येक दार्शनिक तंत्र का निर्माण होना चाहिए।

rst science — आदि विज्ञान

अरस्तू के अनुसार, विशुद्ध सत् का अध्ययन करने वाला शास्त्र, अर्थात् सत्ता-मीमासा।

"fluid" thinking — "तरल" चिंतन

सी० डी० ब्रॉड के अनुसार,
वह रूप जिसमें प्रतीकों का

fore-knowledge — प्राग्ज्ञान

भावी घटनाओं का पहले से ज्ञान,
ये दो रूप होते हैं :

(1) भविष्य का अपरोक्ष,
ज्ञान, तथा (2) स्मृति इत्यादि
अनुमान की सहायता से

fore-ordination — पूर्वनियतता

(एक मान्यता के अनुसार) व्यक्ति
जीवन की घटनाओं का और उसके
का ईश्वर के द्वारा पहले

forgetful induction — अनवहित आगमन

वह अप्रामाणिक आगमनिक तर्क
कुछ महत्वपूर्ण उपलब्ध सामग्री को
दिया गया हो ।

form — आकार

कान्ट के दर्शन में, वह प्रागनुविक तत्व
इंद्रियों से प्राप्त सामग्री को एकता और
प्रदान करके सार्थक प्रत्यक्षों और निर्णयों
बदलता है ।

अरस्तू के दर्शन में, वस्तु का वह
उसके प्रकार को निर्धारित करता है ।
के दर्शन में, शाश्वत प्रत्यय ।

formal axiomatic method — आकारिक स्वयसिद्धि-प्रणाली

शुद्ध गणित में प्रयुक्त एक प्रणाली जिसमें
तथ्यों के ज्ञान की बिल्कुल उपेक्षा करके
यादृच्छिक आद्य प्रत्ययों और प्रतिज्ञप्तियों
आधार पर आकारिक परिणाम नि
हुए एक अमूर्त सिद्धांत की रचना की जा
है ।

rmal cause

आकारिक कारण

अरस्तू के द्वारा माने हुए चार प्रकार के कारणों में से एक, जो वस्तु की उत्पत्ति या सृष्टि की क्रिया में उसके स्वरूप का निर्धारक होता है, जैसे मूर्ति के निर्माण में कलाकार के मन में वर्तमान आकृति जिसके अनुसार वह पत्थर को तराशता है।

rmal ethics

आकारपरक नीति

इमानुएल कान्ट का नैतिक सिद्धांत जो कि कर्तव्य के आकार अर्थात् मूल में रहने वाले शाश्वत नियम ("उस सिद्धांत के अनुसार काम करो जिसे आप एक सार्वभौम सिद्धांत बनाने के लिए तैयार हो") मात्र को निर्धारित करता है, परन्तु यह नहीं बताता कि कर्तव्य की वस्तु क्या है, अर्थात् विभिन्न परिस्थितियों में वे कार्य क्या हैं, जिन्हें हमें करना है।

rmal fallacies

आकारिक तर्कदोष

निगमनात्मक तर्क के वे दोष जो केवल तार्किक (आकार गत) नियमों के उल्लंघन से पैदा होते हैं।

rmal goodness

आकारिक शुभत्व

उस कर्म की विशेषता जो अच्छे अभिप्राय से किया जाता है, भले ही उसके परिणाम अच्छे न हों।

rmal grounds

आकारिक आधार

आगमन अर्थात् कुछ विशेष दृष्टांतों के प्रेक्षण से प्राप्त सामान्यीकरण के मूल में यह मान्यता होती है कि प्रकृति समान परिस्थितियों में समान व्यवहार करेगी (प्रकृति की एकरूपता) तथा प्रत्येक घटना का कोई कारण होता है (कारण-नियम)। यही दो

बातें आगमन के "आकारिक आधार" ... हैं, क्योंकि ये किसी भी आगमन की ... सत्यता के आधार हैं।

formal idealism

आकारिक प्रत्ययवाद

कान्ट का दार्शनिक सिद्धांत जिसमें ... और काल को "संवेदन-शक्ति के ..." अर्थात् वे साँचे जिनमें से होकर ... की विषयवस्तु बुद्धि के सामने पहुंचती ... कहा गया है और इस प्रकार ... विषयिगत यानी ज्ञाता के अंदर ... रखनेवाले माना गया है।

formal intention

आकारिक अभिप्राय

मैकेन्जी के अनुसार, वह ... आदर्श जिससे प्रेरित होकर कोई ... एक काम करने को उद्यत होता है। दो ... एक सरकार को उखाड़ने का प्रयत्न करते हैं, पर शायद इसलिए कि एक उसे ... ही रूढ़िवादी समझता है और दूसरा ... ही प्रगतिशील। यह "आकारिक अभि..." का अंतर है।

formalism

आकारवाद

नीतिशास्त्र में कभी-कभी अतः ... के लिए प्रयुक्त। कान्टीय अर्थ के लिए ... ethical formalism। कला में, ... अधिक और वस्तु पर कम बल देने ... प्रवृति।

formalizability

आकार निर्धार्यता

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, सूत्रों (... अचरों और चरों से युक्त व्यंजकों) के ... में प्रस्तुत किए जाने या रखे जा सकने ... क्षमता।

[illegible]al logic — आकारपरक तर्कशास्त्र

तर्कशास्त्र का वह प्रकार जो तर्क के आकार तक ही स्वय को सीमित रखता है, उसकी विषय वस्तु से कोई संबंध नही रखता।

[illegible]al truth — आकारिक सत्यता

प्रतिज्ञप्तियो या विचारो का वह गुण जो उनके स्वसंगत होने से, उनमें स्वतोव्याघात का अभाव होने से, अथवा उनके विशुद्ध तार्किक नियमो का अनुसरण करने से आता है।

[illegible] criticism — मूलानुसधान-आलोचना

बाइबिल-आलोचना की एक प्रणाली जिसका प्रयोजन बाइबिल के अंशो का साहित्यिक प्ररूपो के अनुसार वर्गीकरण (जैसे प्रेम-काव्य, नीतिकथा, आख्यान इत्यादि में) है तथा जो प्रत्येक प्ररूप के मूल रूप को निर्धारित करने के लिए मौखिक परम्परा के आदिकाल मे पहुचने का प्रयास करती है।

[illegible]itude — धीरता

प्लैटो सम्मत चार मुख्य सद्गुणो में से एक: साहस का वह रूप जो व्यक्ति को विचलित हुए बिना कष्टो का सामना करने की शक्ति देता है तथा संकट की अवस्था में भी उसका मानसिक संतुलन बनाए रखता है।

[illegible]-valued logic — चतुर्मूल्यक तर्कशास्त्र

वह तार्किक पद्धति जिसमें प्रत्येक सूत्र के दो पारंपरिक सत्यता मूल्यों के स्थान पर चार सत्यता-मूल्य सभव माने गए हैं।

[illegible]dom of will — संकल्प-स्वातंत्र्य

कई विकल्पों में से कोई एक विकल्प [illegible]

जो कि नैतिक दायित्व की आधारभ
है ।

freeman's worship — मुक्त मानव की उपासना

रसेल के अनुसार, वह स्थिति ज
निजी सुख या संसार की क्षणिक वस्तु
कामना से मुक्त होकर शाश्वत वस्तु
अनन्य भाव से चिंता करता है।

free thinker — मुक्त चिंतक

श्रुति, इलहाम, पैगबर इत्यादि
अंधानुसरण न करनेवाला, आप्तप्रम
न मानने वाला तथा सूक्ष्म (विशेष
और नीति की) बातों को तर्कगम्य
व्यक्ति ।

free thought — स्वतंत्र विचार, मुक्त विचार

रसेल के अनुसार, वह विचार जो
या आर्थिक लाभ-हानि के दायरे से
प्रमाण मात्र के बल पर आश्रित होता है

fresison — फ्रेसीसोन

चतुर्थ आकृति का वह
न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका
व्यापी निषेधक, पक्ष-आधारिका
विधायक तथा निष्कर्ष अंशव्यापी
होता है । उदाहरण: कोई भी मनुष्य
नहीं है; कुछ पूर्ण प्राणी विवेकशील
∴ कुछ विवेकशील प्राणी मनुष्य नहीं

fruition — कर्मविपाक

विशेषत: भारतीय कर्मवाद के अ
अच्छे-बुरे कर्मों के नैतिक परिणामों का
होना ।

full contrapositive — पूर्ण प्रतिपरिवर्तित

एक प्रकार के अव्यवहित अनुमान,
परिवर्तन, के निष्कर्ष के रूप में प्राप्त

प्रतिज्ञप्ति जिसका उद्देश्य मूल विधेय का व्याघाती तथा विधेय मूल उद्देश्य का व्याघाती होता है, जैसे, "कोई मनुष्य गधा नहीं है" से प्राप्त यह प्रतिज्ञप्ति कि "कुछ जो गधे नहीं है, मनुष्य नहीं है ।"

:tional realism — अन्योन्याश्रयी वास्तववाद

यह मत कि विश्व की द्रव्य, गुण, द्रष्टा, दृश्य इत्यादि सभी वस्तुएं एक-दूसरी पर आश्रित हैं, अर्थात् प्रत्येक चीज शेष सब चीजों के द्वारा निर्धारित है ।

damentalism — मूलप्रमाणवाद, मूलतत्ववाद

मुख्यत प्रोटेस्टेंट सम्प्रदाय में इस अर्थ में प्रचलित शब्द कि मूल धार्मिक सिद्धांत उनकी आधुनिक व्याख्याओं की अपेक्षा अधिक प्रामाणिक है । मूल धार्मिक ग्रंथों के अक्षरशः अनुसरण के अर्थ में भी इस शब्द का प्रयोग होता है ।

ıdamental syllogism — मूल न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसकी आधारिकाओं में कोई भी पद अनावश्यक रूप से व्याप्त न हो, अर्थात् जिसकी आधारिकाओं में कोई भी ऐसा पद व्याप्त न हो जो निष्कर्ष में अव्याप्त है और हेतु-पद केवल एक बार व्याप्त हो, जैसे वार्वारा. सब मनुष्य मरणशील हैं; सुकरात एक मनष्य है; अतः सुकरात मरणशील है । (यहां हेतु-पद "मनुष्य" केवल एक बार साध्य आधारिका में, व्याप्त है और पक्ष-पद निष्कर्ष और पक्ष-आधारिका दोनों में व्याप्त है ।)

ndamentum divisionis — विभाजनाधार

तर्कशास्त्र में, वह विशेषता जिसे दृष्टि में रखकर किसी जाति (वर्ग) का

उपजातियों (उपवर्गों) में विभाजि जाता है।

futurism — भविष्यवाद

1. ईसाई धर्मशास्त्र में, यह नई इंजील की भविष्यवाणियां कभी अवश्य सच होंगी।

2. यूरोपीय कला और साहित्य परंपराओं को बिल्कुल छोड़कर चल आन्दोलन का नाम।

G

Galenian figure — गैलेनी आकृति

तर्कशास्त्र में, न्यायवाक्य की चतुर्थ का नाम, जिसमें हेतुपद साध्य-आधार में विधेय होता है और पक्ष-आधार में उद्देश्य। इस आकृति को सर्वप्रथम कला गैलेन (मृत्यु 200 ई०) ने मान्यता दी इसलिए यह नाम पड़ा।

geist — आत्मा

जर्मन भाषा में आत्मा का पर्याय; काण्ट के द्वारा कलाकृति में प्राण वा करने वाले तत्व के अर्थ में प्रयुक्त।

general idea — सामान्य प्रत्यय

व्यष्टि के प्रत्यय से असमान बातें छोड़ देने तथा केवल उन बातों को करने के पश्चात् बना हुआ प्रत्यय समूह के सब व्यष्टियों में समान होती है।

general intuition — सामान्य अंतःप्रज्ञा

(कुछ लोगों की मान्यता के व्यक्ति को कर्मों के किसी वर्ग के बारे में वाली यह अंतःप्रज्ञा कि वह सदैव ठीक है या ठीक नहीं होता, जैसे यह कि सहायता करना सदैव अच्छा होता है

झूठ बोलना बुरा होता है । अंतर के लिए देखिए individual intuition, universal intuition.

al intuitionism — सामान्य अंत: प्रज्ञावाद

नीतिशास्त्र में यह मत कि अंत:प्रज्ञा सदैव कर्मों के प्रकारों के बारे में होती है, न कि विशेष कर्मों के बारे में ।

alized cause — सामान्यीकृत कारण

कारण का वह रूप जिसमें कार्य के विभिन्न दृष्टांतों में कारण में शामिल सभी उपाधियों को न लेकर केवल समान उपाधियों को लिया गया हो ।

al logic — सामान्य तर्कशास्त्र

नील (Kneale) के अनुसार, वह तर्कशास्त्र जो निषेध, संयोजन, वियोजन इत्यादि के प्रत्ययों के साथ-साथ "प्रत्येक" इत्यादि शब्दों द्वारा अभिव्यक्त सामान्यता के प्रत्यय का भी विवेचन करता है ।

ral term — अनेकव्यापी पद

तर्कशास्त्र में, ऐसा पद जो अनेक व्यष्टियों पर लागू होता हो, जैसे, "मनुष्य" ।

ral will — समष्टि-संकल्प

समाजमीमांसा और राजनीतिमीमासा में, समूह में व्यक्तित्व का आरोप करके सचमुच या लाक्षणिक अर्थ में उसके अंदर संकल्प की उसी तरह की शक्ति की कल्पना जैसी व्यक्ति के अंदर होती है ।

rative realism — जननात्मक वास्तववाद

यह सिद्धांत कि संवित्त अथवा वस्तु के संवेदन में दिए हुए गुण वस्तुतः वस्तु की संवेदनकर्ता के तंत्रिका-तंत्र के ऊपर होने वाली क्रिया की उपज होते हैं ।

generative theory of sense data — संवित्त-जनन-सिद्धांत

यह मत कि इंद्रिय-दत्त या संवित्त कर्ता के मन की उपज हैं और ... की अवधि में ही उनका ... है।

generic accident — जातिगत आगंतुक गुण

वह आगंतुक गुण जो पूरी जाति ... के अन्दर विद्यमान रहता है, जैसे ... का कोई ऐसा गुण जो इस पद की ... का अंग न हो, न परिभाषा ... पर जो मनुष्यों में ही विशेष रूप ... उसकी पूरी जाति (=अधिक ... अर्थात् सब पशुओं में विद्यमान हो।

generic attribute — जातिगत गुण

ऐसा गुण जो पूरी जाति में ... प्रश्नाधीन उपजाति के अतिरिक्त उस ... की अन्य उपजातियों में भी ...

generic excludent — जातिगत व्यावर्त्य

डिमॉर्गन (Demorgan) के ... में, किसी उपजाति पर लागू न ... वाला वह विधेय जो उस जाति ... लागू नहीं होता जिसके अन्तर्गत वह ... जाति है।

generic judgment — जातिपरक निर्णय

बोजंकेट (Bosanquet) के द्वारा ... व्यापी निर्णय ("सब प फ है") को ... गया नाम।

generic non-accident — जातिगत अनागतुक गुण

वह गुण जो आगतुक यानी ... न हो और जाति से उपजाति में ... हो।

: property — जातिगत गुणधर्म

वह गुणधर्म जो जाति के गुणार्थ का परिणाम हो, जैसे समद्विबाहु त्रिभुज के तीनों कोणों के योग में दो समकोण होने की विशेषता, जो त्रिभुज (जाति अर्थात् बड़ा वर्ग) के गुणार्थ का परिणाम है।

c definition — जनन मूलक परिभाषा, औत्पत्तिक परिभाषा यह परिभाषा जो परिभाष्य पद का गुणार्थ न बताकर यह बताती है कि संबंधित वस्तु की उत्पत्ति या रचना कैसे होती है, जैसे "वृत्त" की वह परिभाषा जो यह बताए कि यह आकृति कैसे बनाई जाती है।

ic epistemology — जननिक ज्ञानमीमांसा

ज्ञानमीमासा की वह शाखा जो व्यक्ति के अन्दर तार्किक, गणितीय और दार्शनिक संप्रत्ययों के विकास का अध्ययन करती है, जिसका प्रारंभ स्विस दार्शनिक ज्याँ पिआज़े (Jean Piaget) के एतद्विषयक प्रयोगात्मक खोज-कार्य से हुआ।

: fallacy — जननिक दोष

जननिक प्रणाली का दुरुपयोग, जिसके फलस्वरूप संबंधित वस्तु के प्रति उसके आदिम मूल से उत्पन्न होने से अवमानात्मक धारणा हो जाती है।

logic — जननिक तर्कशास्त्र

बोज़ंकेट (Bosanquet) के अनुसार, वह तर्कशास्त्र जो विचार को विकासवादी दृष्टिकोण से देखता है, अर्थात् उसे व्यावहारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विकसित अनुकूलनों का एक समुच्चय मानता है।

genetic method
जननिक प्रणाली

वस्तुओं को उनकी उत्पत्ति या आधार पर व्याख्या करने की प्रणाली

genidentity
क्रमतादात्म्य

कार्नेप (Carnap) के तर्कशास्त्र ऐसी वस्तुओं के जो कि सामान्यतः ए की ही आगे-पीछे के दो क्षणों की स्थाएं मानी जाती है पर होते दो भिन्न व्यष्टि है, संबंध का नाम।

genus
तर्कशास्त्र में, किसी छोटे वर्ग की में वह बड़ा वर्ग जिसके वस्त्वर्थ में वस्त्वर्थ समाविष्ट होता है, जैसे की तुलना में वृक्ष या नीग्रो की मनुष्य ।
देखिए species ।

geometric method
ज्यामितीय प्रणाली

परिभाषाओं और स्वयंसिद्धियों से निकालने की वह प्रणाली जिसका में अनुसरण किया जाता है और जिसे नोजा, देकार्त इत्यादि विचारकों ने के लिए भी आदर्श माना ।

ghost theory
प्रेतवाद

यह विश्वास कि शरीर की मृत्यु भी आत्मा अदृश्य रूप में बनी रहती चाहने पर इस लोक के निवासियों से सपर्क कर सकती है तथा उनके जीवन प्रभावित कर सकती है ।

gnosiology
ज्ञानमीमांसा

देखिए pistemology ।

is

प्रज्ञान

मूलत. ज्ञान का समानार्थक, पर प्रथम तथा द्वितीय शताब्दियों में विशिष्ट साधनों के द्वारा प्राप्त होने वाले उच्च कोटि के पारमार्थिक सत्यो के ज्ञान के अर्थ में प्रयुक्त।

ticism

प्रज्ञानवाद

विशेषत ईसाई धर्म के अन्तर्गत उसके इतिहास के प्रारभ के दिनो के कुछ रहस्यवादी सम्प्रदायों की विचारधारा के लिए प्रयुक्त शब्द। इन संप्रदायों को बाद मे चर्च ने धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया था।

thi seauton

आत्मा न विद्धि

आत्मज्ञान के लिए प्रेरित करनेवाली एक प्राचीन यूनानी सूक्ति।

l

ध्येय, लक्ष्य

वह जिसे प्राप्त करने के लिए कर्म किया जाता है।

d realization

ईश्वर-प्राप्ति

विशेषत: भक्त का नैतिक आदर्श, जो स्वय को ईश्वर के प्रयोजनो का साधन मात्र मानता हुआ ईश्वरार्पण-बुद्धि से काम करता हुआ अत मे ईश्वर से एक हो जाने या ईश्वर के साक्षात्कार की कामना रखता है।

ood

शुभ, श्रेय, पुरुषार्थ

वह जो नैतिक दृष्टि मे प्रशसनीय हो, नैतिकता का साध्य हो अथवा नैतिक मूल्य रखता हो.।

ood analogy

सुसाम्यानुमान

वह साम्यानुमान जो सख्या और महत्व मे अधिक समानताओं पर आधारित हो।

gratuitous hypothesis — अनुपयोगी प्राक्कल्पना

ऐसी प्राक्कल्पना जो जातियों पर · न हो ।

great man theory — महापुरुष-सिद्धांत

वह सिद्धांत जो इतिहास को के लिए महापुरुषों को कुंजी मानता इतिहास के निर्माण में उनका महत्व है ।

gross egoistic hedonism — स्थूल स्वसुखवाद

वह सिद्धांत जो अपने ही सुख को उद्देश्य मानता है और सुखों में भेद को नहीं बल्कि केवल मात्रा-भेद स्वीकार करता है ।

gross utilitarianism — स्थूल उपयोगितावाद

वह सिद्धांत जो कर्म की उपयोगिता उसके अधिकतम लोगों के अधिकतम सुख साधन के रूप में ही मानता है और मे गुण-भेद नहीं बल्कि केवल भेद स्वीकार करता है ।

ground — अधिष्ठान

विशेषतः वह चिदात्मक अथवा त्मक तत्व जो संपूर्ण ब्रह्माड का, स्वयं का भी, मूलभूत कारण है ।

grounds of induction — आगमन के आधार

वे बातें जिनके अभाव में आगमन नहीं होता, जैसे, कारण और प्रकृति एकरूपता के नियम तथा प्रेक्षण और प्रयो

H

happiness — प्रसन्नता, आनन्द

वह स्थिति जिसमें व्यक्ति कुल मिला अपने जीवन से संतोष का अनुभव कर है या उसे अपने आदर्शों के अनुरूप

है तथा अपने मन में आशा, उत्साह इत्यादि प्रियभावों का अनुभव करता है; कभी-कभी "pleasure" (सुख) के पर्याप्त के रूप में प्रयुक्त ।

rd data — दृढ़ दत्त

संवेदन में व्याख्या, अर्थबोध इत्यादि मनः कल्पित अंशों को निकाल देने के बाद बचा हुआ सार भूत अंश जिसके बारे में ज्ञाता दृढ़ विश्वास के साथ कह सकता है कि वह बाहर से आया है ।

rd determinism — कट्टर नियतत्ववाद

विलियम जेम्स (William James) के द्वारा इस सिद्धांत के लिए प्रयुक्त पद कि मनुष्य और उसके कर्म पूर्णतः कारणों के द्वारा निर्धारित हैं और उसके वश के बिल्कुल बाहर हैं तथा हमारी उत्तरदायित्व और स्वतंत्रता की धारणाएं एकदम निराधार हैं ।

asidism — हसीदवाद

यहूदी धर्म के अन्तर्गत एक रहस्यवादी आन्दोलन जिसका उदय पोलैंड में अट्ठारहवीं शताब्दी में हुआ था, तथा तीसरी शताब्दी ई० पू० में स्थापित एक संप्रदाय का सिद्धांत जो यहूदी धर्म में प्रविष्ट यूनानी प्रभावों का विरोधी था ।

isty generalization — अविचारित सामान्यीकरण

वह दोषपूर्ण सामान्यीकरण जिसमें पूरी छानबीन किए बिना ही थोड़े-से दृष्टांतों के आधार पर एक सामान्य कथन कर दिया जाता है ।

earsay — अनुश्रुति, जनश्रुति, किंवदंती

सुनी-सुनाई बात जिसका कि प्रमाण के रूप में बहुत ही कम मूल्य होता है ।

heaven स्वर्ग

देवताओं तथा पुण्यात्माओं का (
निवास-स्थान ।

hedonics सुखशास्त्र

बाल्डविन (Baldwin) के अनुसा
और दुःख की मानसिक अवस्था
उनके परिवर्तनों और विकास का,
करने वाला शास्त्र ।

hedonism सुखवाद, प्रेयवाद

नीतिशास्त्र में, यह सिद्धांत कि सु
एकमात्र शुभ है या सर्वोच्च साध्य है

hedonistic aesthetics सुखवादी सौंदर्यमीमांसा

यह सौंदर्यमीमांसीय सिद्धांत जो
का सुख के साथ अभेद कर देता है
देखने-सुनने में सुख देनेवाली वस्तु
ही सुंदर मानता है।

hedonistic calculus सुख-कलन

बेन्थम (Bentham) द्वारा
गणना-पद्धति जिसका उद्देश्य
शब्दावली में किसी कर्म से प्राप्त
वाले सुख का मूल्यांकन करना होत
और इस आधार पर वैकल्पिक
में से एक का चुनाव करने में, कर्ता
सहायता करना होता है ।

hedonistic optimism सुखवादी आशावाद

हर्बर्ट स्पेंसर (Herbert Spencer)
यह विश्वास कि विकास के प्रक्रम
कालांतर में सुखवादी आदर्श स्व
वास्तविक बन जाएगा ।

hedonistic utilitarianism सुखवादी उपयोगितावाद

नीतिशास्त्र में, एक सिद्धांत जो कर्म
औचित्य का आधार शुभ को

करने की उसकी क्षमता को बनाता है (उपयोगितावाद) और शुभ को सुख से अभिन्न मानता है (सुखवादी)।

anism
हेगेलवाद

प्रसिद्ध प्रत्ययवादी जर्मन दार्शनिक हेगेल (1770-1831) का सिद्धांत जिसके अनुसार परमसत्ता प्रत्ययस्वरूप है और द्वंद्वात्मक प्रणाली (dialecticmethod) से उसे समझा जा सकता है।

ian Left
हेगेलीय वामपक्ष

हेगेल की विचारधारा का क्रांतिकारी आदर्शों के समर्थन के लिए उपयोग करनेवाले विचारकों का समुदाय।

ian Right
हेगेलीय दक्षिणपक्ष

हेगेल की विचारधारा का धर्म, नीति और राजनीति के सनातन आदर्शों के समर्थन के लिए उपयोग करनेवाले विचारकों का समुदाय।

ian triad
हेगेलीय त्रिक

हेगेल की द्वंद्वात्मक दार्शनिक प्रणाली के तीन चरण : पक्ष (thesis), प्रतिपक्ष (antithesis) और संपक्ष (synthesis)। देखिए dialectical method।

नरक

प्रायः सभी धर्मों द्वारा कल्पित वह स्थान या लोक जहां दुष्टात्माएं मृत्यु के पश्चात् जाती है और तरह-तरह की यंत्रणाएं भोगती है।

logical argument
पूर्णतामात्रिक युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए दी गई यह युक्ति कि पूर्णता की

विभिन्न कम या अधिक मात्राए
हैं और इसलिए कहीं उसकी
मात्रा अवश्य होनी चाहिए जो
में ही हो सकती है।

henotheism — एकैकाधिदेववाद

वैदिक विचारधारा में पाई
प्रत्येक देवता की स्तुति करते
सर्वोच्च मान लेने की प्रवृत्ति
मूलर द्वारा दिया गया नाम।

heresy — अपधर्मिता; अपधर्म;

किसी मत, धर्म, वाद या
अनुयायी होने का दावा
का कोई ऐसा विश्वास जो
धर्म इत्यादि के विरुद्ध हो।

hesychasm — प्रशांतचित्तता; प्रशांतचित्ततावाद

दिव्य-दर्शन या
शांत होकर चिंतन करने
स्थिति; अथवा चौदहवीं
उन ईसाई रहस्यवादियों का
जो इस लक्ष्य को प्राप्त करने
प्रशांत चिंतन की प्रणाली
थे।

heterization — इतरीकरण; इतरीभवन

सामान्यतः एक से अन्य
विशेषतः हेगेल के दर्शन में, ब्रह्म
का जगत् (अनात्मन्) के रूप
हो जाने की क्रिया।

heterodoxy — विपथिता

किसी भी धर्म के अनुयायी
रूढ़ या पारंपरिक स्वरूप
न करते हुए किन्हीं बातों में
पड़ जाने या हट जाने की अवस्था

gical | परगुणार्थक

शब्दों की इस विशेषता का सूचक विशेषण कि वे जो गुण प्रकट करते हैं वह स्वयं उनका गुण नहीं होता। उदाहरणार्थ, 'लंबा' स्वय एक लंबा शब्द नहीं है।

omy | परायत्तता, परतंत्रता

अपने से बाहर के नियम के अधीन या दूसरे की इच्छा के वशीभूत होने की विशेषता। अंतर के लिए देखिए autonomy।

athic effect | कार्य

मिल (Mill) के अनुसार, ऐसा कार्य जो अपनी कारणात्मक उपाधियों के कार्यों का योग मात्र न होकर कुछ नवीनता से युक्त होता है।

pathic intermixture ffects | भिन्नरूपी-कार्य-सम्मिश्रण

अनेक कारणों का सयोग होने की दशा में उनके अलग-अलग कार्यों का वह सम्मिश्रण जिसमें समग्र कार्य प्रकार की दृष्टि से अपने कारणों से भिन्न होता है, जैसा कि ऑक्सीजन और हाइड्रोजन से पानी उत्पन्न होने में होता है।

pathic unipathy | इतरैकानुभूति

एक प्रकार का भावात्मक तादात्म्य जिसमें अहं इतर में लीन हो जाता है। दूसरे प्रकार के भावात्मक तादात्म्य के लिए देखिए diopathic unipathy।

opsychological hics | अनतर्विवेकात्मक नीतिशास्त्र

जेम्स मार्टिन्यू (James Martineau) द्वारा उस नैतिक सिद्धांत के लिए

प्रयुक्तपद जो अंतर्विवेक से भिन्न तथ्यों पर आधारित होता है।

heterotelic — अन्यहेतुक, अन्यसाध्यक
किसी दूसरे के प्रयोजन (कर्म इत्यादि)।

heterozetesis — प्रतिज्ञांतर-सिद्धि, अर्थांतर-सिद्धि
तर्कशास्त्र में, वह दोषपूर्ण युक्ति निष्कर्ष को छोड़कर किसी अन्य को सिद्ध करती है।

heuristic fiction — अन्वेषणोपकारी कल्पितार्थ, कल्पितार्थ
एक ऐसा संप्रत्यय जो किसी का बोधक तो नहीं होता पर की खोज करने में सहायक होता इसलिए वैज्ञानिक उसका करते। परमाणु को किसी-किसी ही एक कल्पितार्थ माना है।

highest good — निःश्रेयस, परमार्थ, परम पुरुषार्थ
नैतिकता का सबसे ऊंचा जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य जिसे प्राप्ति, आध्यात्मिक पूर्णता, मोक्ष अनेक रूपों में माना गया है।

historical determinism — ऐतिहासिक नियतत्ववाद
यह मत कि ऐतिहासिक घटना पूर्व-निश्चित योजना के अनुसार रहा है अथवा यह कि प्रत्येक घटना एक या अधिक जातिगत, आर्थिक इत्यादि कारकों के द्वारा निर्धारित होती है।

historical explanation — ऐतिहासिक व्याख्या
ऐतिहासिक घटनाओं की व्याख्या इसकी कि ... का युद्ध क्यों।

cal materialism — ऐतिहासिक भौतिकवाद

कार्ल मार्क्स और फ्रीड्रिक एंगेल्स का यह मत कि समाज का ढांचा और उसका ऐतिहासिक विकास "जीवन की भौतिक परिस्थितियों" अथवा जीवन के भौतिक साधनों के उत्पादन के तरीकों के द्वारा निर्धारित होते हैं।

ical relativism — ऐतिहासिक सापेक्षवाद; इतिहास-सापेक्षवाद

यह मार्क्सवादी सिद्धांत कि निरपेक्ष रूप से सत्य या असत्य कुछ नहीं है, बल्कि सत्यता एक लक्ष्य है जिसे इतिहास को प्राप्त करना है और ज्ञान सदैव सीमित और अपूर्ण होता है।

ricism — इतिहासपरतावाद

यह विश्वास कि किसी चीज की प्रकृति को समझने तथा उसके मूल्य को निर्धारित करने के लिए उसकी उत्पत्ति और विकास के इतिहास को जान लेना पर्याप्त होता है।

ım — साकल्यवाद

स्मट्स (Smuts) का यह सिद्धांत कि प्रकृति और विकास-प्रक्रम में भावी तत्व अवयवी या साकल्य होते हैं और अवयवी अपने अवयवों के योग से सदैव अधिक होता है।

ophrastic meaning — समप्रार्थ

पूरे कथन का अर्थ जो कि उसके अलग-अलग शब्दों के अर्थ से भिन्न होता है।

yism — पावनवाद

जर्मन दार्शनिक और धर्मशास्त्री रुडोल्फ ओटो (otto 1869-1937) का

धार्मिक मत जिसमें ईश्वर को ... कहा गया है।

holy spirit — पवित्र आत्मा

वह दिव्य शक्ति जो अंदर ... होकर साधारण व्यक्ति से ... असाधारण काम करवा देती है। ... त्रयी (Trinity) में शामिल ... शक्ति।

homiletics — प्रवचनशास्त्र

धर्मशास्त्र की प्रवचन-कला और ... प्रशिक्षण से संबंधित शाखा-विशेष।

homme moyen

सामान्य मानव (कल्पितार्थ) आदमी का संप्रत्यय, जो कि मिथ्या ... हुए भी उपयोगी है।

homo absconditus — दुर्ज्ञेय मानव

मानवमीमांसा अर्थात् दार्शनिक ... विज्ञान का एक संप्रत्यय, जिसके ... मनुष्य को दार्शनिक धारणाओं ... अंदर नही बाधा जा सकता और ... वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रणालियां ... उस पर लागू होती हैं।

homo creator — स्वसर्जक मानव, स्वनिर्माता मानव

मनुष्य स्वयं अपना निर्माण ... के रूप में : नीत्शे (Nietzche) ... प्राप्त एक मानवमीमांसीय संप्रत्यय।

homo dionysiacus — डायोनिससीय मानव

ह्रास या पतन की अवस्था में ... मानव : शोपेनहावर, नीत्शे इत्यादि ... चिंतन से प्रेरित मनुष्य की स्वयं ... पतन की कल्पना।

omeries — समांग, समावयव

अरस्तू के दर्शन में, वे पिंड जिनका ऐसे अवयवों में विभाजन किया जा सकता है जो गुण की दृष्टि से परस्पर समान हों और पूर्ण के भी समान हों, जैसे धातुएं।

ousios — सदृशद्रव्य

ईसाई धर्मशास्त्र में इस धारणा का सूचक शब्द कि पिता (ईश्वर) और पुत्र (ईसा) समान द्रव्य के थे, न कि एक ही द्रव्य के।

mensura — मनुष्य एवं प्रमाणम्

प्राचीन यूनानी दार्शनिक प्रोटेगोरस की एक प्रसिद्ध उक्ति का लैटिन रूपांतर। इस उक्ति की अनेक तरीकों से व्याख्या की गई है। पर यह निश्चित है कि प्रोटेगोरस हर चीज को मनुष्य सापेक्ष समझता था और सचाई, अच्छाई इत्यादि का आधार मनुष्य के लिए उनकी उपयोगिता को मानता था।

ousios — समद्रव्य

ईसाई धर्मशास्त्र में इस बात का सूचक शब्द कि पिता (ईश्वर) और पुत्र (ईसा) एक ही द्रव्य के बने हैं, न कि मिलते-जुलते द्रव्य के।

religiosus — धार्मिक मानव

मनुष्य एक धर्मनिष्ठ या धर्मभीरु प्राणी के रूप में : यह मनुष्य की स्वविषयक धारणा के विकास की एक अवस्था है।

o sapiens — प्राज्ञ मानव

मनुष्य एक बुद्धिमान् और तर्कशील प्राणी के रूप में : मनुष्य की स्वविषयक धारणा के विकास में एक और चरण।

honorific words — सम्मानसूचक शब्द, आदरसूचक श

ऐसे शब्द जिनका प्रयोग इन्हें आदर का भाव प्रकट करने के लिए किया जाता है, जैसे "आप"।

hyle — पुद्गल

भौतिक द्रव्य का बोधक यूनानी व्युत्पन्न शब्द।

hylomorphism — पुद्गलाकारवाद

यह मत कि सभी भौतिक व तत्वों के मेल से बनी हैं : एक भौतिक द्रव्य या पुद्गल जो कि में सातत्य और तादात्म्य का है और दूसरा है आकार।

hylosis — पुद्गलवृत्ति

अमरीकी नव्य वास्तववादी द्वारा चित्तवृत्ति (मानसिक अवस्था) पाई जानेवाली (सहचारी) भौतिक के लिए प्रयुक्त शब्द।

hylosystemism — भूततंत्रवाद, पुद्गलतंत्रवाद

अजैव पिंडों की रचना के बारे सिद्धांत कि उनके अणु और वस्तुतः परमाणु से भी सूक्ष्म बने होते हैं जो कि गतिशील रूप में परस्पर संयुक्त होते हैं।

hylotheism — पुद्गलेश्वर वाद, जड़ेश्वर वाद

ईश्वर का पुद्गल या जड़ द्रव्य से करनेवाला सिद्धांत भौतिकवाद।

hylozoism — भूतजीववाद

यह मत कि जीवन भौतिक द्र व्युत्पन्न है, उसका एक गुणधर्म है उससे पृथक् नहीं किया जा

अर्थात् वह कोई स्वतंत्र और नया तत्व नहीं है।

Hyper-organic values — अधिजैविक मूल्य

अर्बन (Urban) के अनुसार, वे मूल्य जो जैविक आवश्यकताओं से ऊपर हैं और मनुष्य के सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन से संबंधित होते हैं।

Hyperousios — द्रव्यातीत

नव्य प्लेटोवाद में ईश्वर को द्रव्य से परे बताने के लिए प्रयुक्त शब्द।

Hypostasis — आधारद्रव्य

ईसाई धर्मशास्त्र में, ईश्वर की-त्रात्मक एकता में समाविष्ट तीनों व्यक्तियों, पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के लिए प्रयुक्त शब्द।

Hypostatization — वस्तूकरण, पदार्थीकरण

संप्रत्यय को वस्तु बना लेना अथवा अमूर्त को मूर्त वस्तु समझ बैठना।

Hypothesis — प्राक्कल्पना

किसी घटना की व्याख्या के लिए, अथवा उसके कारण के रूप में, अपर्याप्त प्रमाण के आधार पर की गई कोई कामचलाऊ कल्पना, जो पूर्णतः सिद्ध या असिद्ध होने के लिए और अधिक प्रेक्षण और प्रयोग की अपेक्षा रखती है।

Hypothesis concerning agent — कर्तृविषयक प्राक्कल्पना

प्राक्कल्पना का एक प्रकार, जिसमें नियम ज्ञात होता है पर कर्ता ज्ञात नहीं होता और इसलिए घटना की व्याख्या के लिए कर्ता की कल्पना कर ली जाती है, जैसे यह मालूम होने पर कि .

में चोरी हुई है पर यह न मालूम हो पर कि किसने चोरी की है, यह कल्पना कर लेना कि शायद क चोर है।

hypothesis concerning collocation संस्थितिविषयक प्राक्कल्पना

प्राक्कल्पना का एक प्रकार, जि केवल कारण और उसका नियम ज्ञात होता है पर यह ज्ञात नहीं होता कि परिस्थितियों का कौन-सा समुच्चय जिसमें घटना हुई, और इसलिए उसकी कल्पना कर ली जाती है, जैसे उन परिस्थितियों की कल्पना जिनमें क ने चोरी की।

hypothesis concerning law नियमविषयक प्राक्कल्पना

प्राक्कल्पना का एक प्रकार, जिसमें कर्ता ज्ञात होता है पर उसकी कार्य-प्रणाली ज्ञात नहीं होती और इसलिए घटना की व्याख्या के लिए कार्य-प्रणाली की कल्पना कर ली जाती है, जैसे पृथ्वी सूर्य इत्यादि की स्थिति-परिवर्तन की व्याख्या के लिए गुरुत्वाकर्षण के नियम की कल्पना।

hypothesis of cause कारण-प्राक्कल्पना

घटना की व्याख्या के लिए उसके कारण को मान लेना, जैसे वायुमंडल के नाइट्रोजन के प्रयोगशाला के नाइट्रोजन से भारी होने की व्याख्या के लिए उसमें किसी और गैस (जिसे आर्गन कहा गया है) का मिश्रित होना मान लेनेवाली प्राक्कल्पना।

hypothetical dualism प्राक्कल्पनात्मक द्वैतवाद, बाह्यानुमेयवाद

ज्ञानमीमांसा में, यह सिद्धांत कि बाह्य जगत का ज्ञान केवल अनुमान से

होता है और उसका अस्तित्व प्रत्यक्ष-प्रमाण पर आधारित न होकर प्राक्कल्पित मात्र है।

hypothetical imperative — सापेक्ष नियोग

कान्ट के नीतिशास्त्र में, "यदि आप अमुक बात चाहते हैं तो अमुक काम करो", इस प्रकार का कोई आदेश, जिसका पालन कर्ता के अन्दर किसी इच्छा के होने पर निर्भर होता है।

hypothetical morality — सोपाधिक नीति, सापेक्ष नीति

सापेक्ष नियोग के रूप में व्यक्त नैतिक नियम।

hypothetical proposition — हेत्वाश्रित प्रतिज्ञप्ति, हेतुफलात्मक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें "यदि" से शुरू होने वाला एक हेतु हो और "तो" से शुरू होनेवाला उसका एक फल बताया गया हो, जैसे "यदि उत्पादन बढ़ता है तो कीमतें घटती हैं"।

hypothetico-deductive method — प्राक्कल्पना–निगमनात्मक प्रणाली

विज्ञान में उपयोगी वह प्रणाली जिसमें घटना के कारण इत्यादि की प्राक्कल्पना कर ली जाती है और उससे निगमनात्मक निष्कर्ष निकालकर प्रेक्षण और प्रयोग से उनकी जाच की जाती है।

iconic sign — अनुसंकेत

पर्स (Peirce) के अनुसार, वह संकेत जो किसी वस्तु का बोध अपनी कुछ उन विशेषताओं के कारण कराता है जो उस वस्तु मे भी होती है, जैसे एक नमूना, मॉडल या चित्र।

है: परम सत्ता आध्यात्मिक चिद्रूप है न कि भौतिक।

tic monism

चिदेकतत्त्ववाद

यह मत कि परम तत्त्व एक और मनोमय या चिद्रूप है।

tic vitalism

मनःप्रधान प्राणतत्त्ववाद

जर्मन दार्शनिक ड्रीश (Driesch) का उनकी गिफर्डभाषण-माला में अभिव्यक्त यह सिद्धांत कि जीवन के उपर मन का आधिपत्य मानते हुए उसकी व्याख्या दी जा सकती है।

zation

आदर्शीकरण

कला में, पूर्ण या आदर्श प्ररूप को प्रस्तुत करने के लिए व्यष्टियों के गुणों के संबंध में अपाकर्षण और सामान्यीकरण का प्रयोग।

observer theory

आदर्श-प्रेक्षक-सिद्धांत

नैतिक वाह्यार्थवाद (objectivism) का एक रूप, जिसके अनुसार नैतिक निर्णय कर्मों के बारे में उन भावनाओं को व्यक्त करते हैं जिनका एक आदर्श प्रेक्षक को, यदि उसका अस्तित्व होता तो, अनुभव होता।

l of reason

तर्कबुद्धि-आदर्श

कान्ट के अनुसार, एक ऐसी सर्वग्राही सत्ता (ईश्वर) का प्रत्यय जो सभी परिच्छिन्न वस्तुओं का अंतिम कारण हो-यह एक आदर्श मात्र है न कि कोई तर्कसिद्ध वस्तु।

al utilitarianism

आदर्श उपयोगितावाद

उपयोगितावाद का एक रूप, जो सुख के अतिरिक्त अन्य चीजों को भी शुभ

मानता है। इंगलैण्ड में मूर
लेयर्ड इस मत के प्रमुख सम

ideas of pure reason — शुद्ध तर्कबुद्धि-प्रत्यय

काण्ट के दर्शन में, आत्मा, ई
विश्व से संबंधित प्रत्यय, जो
बुद्धि के लिए नियामक हैं
व्यावहारिक तर्कबुद्धि वास्तवि
चलती है।

ideatum — प्रत्येय

प्रत्यय का विषय, अथवा
अनुरूप वह वस्तु मन के बाह
में अस्तित्व रखती है।

identity-in-difference — भेदान्वित अभेद

सत्ता के स्वरूप की एकत्व और
की धारणाओं में समन्वय करने
प्रस्तुत संप्रत्यय।

identity philosophy — तादात्म्यवाद, अभेदवाद

सामान्य अर्थ में, कोई भी
जो भौतिक द्रव्य और चित् तत
और विषयी में भेद न कर
कारण उनको एक माने।

विशेषतः शेलिंग (Schelling
दर्शन के लिए प्रयुक्त पद, जो
और आत्मा को मूलतः एक मा
मानता है।

ideogenetic theory — प्रत्ययजनन-सिद्धांत

ब्रेन्टानो (Brentano) एवं
संवृतिवादियों का एक सिद्धांत
अनुसार निर्णय चेतना की एक
क्रिया है जो प्रत्ययों को पैदा कर

graphic language — भावलेखात्मक भाषा

लाइबनित्स (Leibnitz) के अनुसार, ऐसी भाषा जिसमें प्रत्येक सरल संकेत एक सरल प्रत्यय का बोधक हो और संयुक्त संकेत एक संयुक्त प्रत्यय का: इसकी योजना ज्ञान को सबके लिए सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाई गई थी।

logy — 1. प्रत्ययविज्ञान

फ्रेंच दार्शनिक देस्त्यूत द त्रासी (Destutt de Tracy : 1754-1836) द्वारा प्रत्ययों का विश्लेषण करने और संवेदनों से उनकी उत्पत्ति दिखानेवाले विज्ञान के लिए सर्वप्रथम प्रयुक्त शब्द।

2. सिद्धांतवाद

कुछ अर्थनियतत्ववादियों द्वारा प्रभावोत्पादक व्यवहार के विपरीत प्रभावहीन या कोरे विचारों या सिद्धांतों के अर्थ में प्रयुक्त।

3. विचारधारा

जीवन की सामान्य समस्याओं के विषय में व्यवस्थाबद्ध चिंतन।

pathic unipathy — स्वैकानुभूति

भावात्मक स्तर पर इतर का अहम् में विलय हो जाना और इस प्रकार दोनों का अभेद हो जाना।

o-psychological ethics — अंतर्विवेकात्मक नीतिशास्त्र

जेम्स मार्टिन्यू (1805-1899) के अनुसार, वह नीतिशास्त्र या नैतिक सिद्धांत जो अंतर्विवेक पर आधारित हो।

Idiotology
व्यष्टिविज्ञान
मैकन्ज़ी (Mackenzie) के अनुसार, मानवविज्ञान की वह शाखा जिसका विषय समाज न होकर व्यष्टि हो।

idol
व्यामोह
ब्रूनो (Bruno) द्वारा ... भ्रम में डालने वाली या ... करने वाली चीज के लिए प्रयुक्त शब्द। फ्रांसिस बेकन (Francis Bacon) ने 'नोवम ऑर्गेनम' ... दर्शन और विज्ञान के क्षेत्र में ... द्वारा की जानेवाली गलतियों के प्रमुख कारणों के लिए इस शब्द का प्रयोग किया है।

idols of the cave
प्राकृत व्यामोह
फ्रांसिस बेकन के अनुसार, वे ... जिनका शिकार आदमी अपने ... की विचित्र विशेषताओं तथा अपनी ... परिस्थितियों के कारण बनता है।

idols of the market (idola fori)
लोकगत व्यामोह
बेकन के अनुसार, वे भ्रांतियां ... जो व्यक्तियों के समागम से, ... प्रचलित भाषा और शब्द-प्रयोग को ... नाने से, पैदा होती हैं।

idols of the theatre
वैचारिक व्यामोह
बेकन के अनुसार, बिना जांच किए परंपरागत मतों और धारणाओं को अपनाने से उत्पन्न भ्रांतियां।

idols of the tribe (idola tribus)
जातिगत व्यामोह
बेकन के अनुसार, वे भ्रांतियां ... मूल सामान्य मानव-प्रकृति है और ...

जो पूरी मानव-जाति में व्यापक रूप से पाई जाती है।

यद्येव

तर्कशास्त्र में, द्वि-उपाधिक "If and only if' (यदि——तो——और केवल तभी————)का संक्षिप्त रूप।

a ratio — तर्करोधी युक्ति

तर्क को निष्क्रिय कर देनेवाली इस प्रकार से युक्ति : यदि रोग से मुक्त होना आपके भाग्य में लिखा है तो आप रोग-मुक्त हो जाएंगे, चाहे आप डाक्टर के पास जाएं या न जाएं।

itimate hypothesis — अवैध प्राक्कल्पना

वह प्राक्कल्पना जो स्वतोव्याघाती, प्रकृति के सुस्थापित नियमों के विरुद्ध अथवा असत्यापनीय हो।

t generalization — अवैध सामान्यीकरण

पर्याप्त प्रमाणों के बिना तथ्यों के अधूरे प्रेक्षण के आधार पर किया गया कोई सामान्य कथन।

utionary act — वचनेतर कर्म

भाषाविश्लेषणवादी दार्शनिक ऑस्टिन (Austin) के अनुसार, बोलने के साथ किए जानेवाला वक्ता का इशारा इत्यादि करने का काम।

trative fiction — मूर्तकारी कल्पितार्थ

फाइहंगर (Vaihinger) के अनुसार, किसी प्रत्यय के लिए एक चित्र का प्रयोग करके सूक्ष्म को स्थूल या इंद्रियगम्य (और इस प्रकार एक मिथ्या) रूप देने की प्रणाली।

illustrative symbol — दार्ष्टांतिक प्रतीक

जॉनसन के अनुसार, वर्णनात्मक कोई अक्षर जिसका प्रयोग किसी के स्थान पर किया जाता है जैसे "क ख है" में "क" और "ख"।

imaginative generalization — कल्पनात्मक सामान्यीकरण

ह्वाइटहैड के अनुसार, ज्ञान के सीमित क्षेत्र में कुछ विशेषताएं सामान्य होने की संभावना होते हुए कल्पना से उन्हें सामान्य सिद्धांत बना देने की क्रिया।

imitationism — अनुकरणवाद

पोलैण्ड के समसामयिक दार्शनिक कोटारबिन्स्की (Kotarbinski) का मत कि दूसरों की मानसिक अवस्थाओं और प्रक्रियाओं से संबंधित कथनों को श्रोता केवल उनके व्यवहार का अनुकरण करके ही समझ सकता है।

Immaculate conception — निष्कलंक गर्भाधान

(रोमन कैथोलिकों के एक विश्वास के अनुसार) गर्भाधान के क्षण में ही कुमारी मरियम (ईसा की माता) का ईश्वर की विशेष कृपा से 'आद्य पाप' के स्पर्श से बिल्कुल मुक्त रहना।

Immanence — अंतर्वर्तिता

अंदर व्याप्त, वर्तमान या उपस्थित होने की विशेषता—मुख्यतः ईश्वरमीमांसा और तत्त्वमीमांसा में ईश्वर या ब्रह्म के संबंध में प्रयुक्त शब्द।

[Imm]anence philosophy — अंतर्वर्तिता-दर्शन

जर्मन दार्शनिक विल्हेल्म शुपे (Wilhelm Schuppe, 1836–1913) का प्रत्ययवादी दर्शन जो परिच्छिन्न चेतना की अंतर्वस्तु में समाविष्ट सामान्य अंश को विश्व-चेतना का विषय मानता है, और फलतः विश्व को प्रत्येक परिच्छिन्न चेतना में "अंतर्व्याप्त" मानता है।

[Im]manent activity — अंतर्वर्ती क्रिया

मन की वह क्रिया जो विषय के ऊपर कोई प्रभाव नहीं डालती, जैसे ज्ञान में।

[Im]manental theory — अंतर्वर्तिता-सिद्धांत

मन और शरीर के द्वैत का इस आधार पर निषेध करने वाला नव्यवास्तववादी सिद्धांत कि प्रत्यक्ष और संकल्प में ये परस्पर ओत-प्रोत प्रतीत होते हैं।

[Im]manent causation — अंतर्वर्ती कारणता

किसी व्यवस्था या तंत्र के आंतरिक अवयवों के मध्य होने वाला कार्यकारणात्मक परिवर्तन, जिसमें उस तंत्र के बाहर के किसी तत्व या कारण का हाथ नहीं होता।

[I]mmanenttheism — आतरातीत ईश्वरवाद

यह सिद्धांत कि ईश्वर जगत में व्याप्त भी है और उससे अतीत भी है, अर्थात् उसमें समाया हुआ है पर उससे अभिन्न नहीं है।

[I]mmanent transcendence — आंतरातीतता

व्याप्त होने के साथ-साथ अतीत होने की विशेषता।

Immaterialism — अभौतिकवाद

भौतिक वस्तुजात के अस्तित्व का एकान्तिक रूप से निषेध करनेवाला विशुद्ध प्रत्ययवाद।

immateriality अभौतिकता

अभौतिक होने की विशेषता जो कि, स्कोलैस्टिक दार्शनिकों के अनुसार, आत्मा, फरिश्तों में तथा आत्मा की बुद्धि और ... नामक शक्तियों में होती है।

immediacy अव्यवहितत्व

ज्ञेय वस्तु की चेतना के समक्ष ... उपस्थित; अथवा ज्ञान की वह ... जिसमें अनुमान, अर्थबोध और कल्पना ... अंश या तो होता ही नहीं या अत्यल्प ... है।

immediate inference अव्यवहित अनुमान

निगमनात्मक अनुमान का एक ... जिसमें केवल एक आधारिका से सीधे नि... निकाला जाता है। उदाहरण :

सब मनुष्य मर्त्य हैं;

∴ कुछ मर्त्य (प्राणी) मनुष्य हैं।

immediate intention तात्कालिक अभिप्राय

मैकेंज़ी के अनुसार, कर्त्ता का वह ... प्राय जिसकी पूर्ति उसके कर्म में प्रवृ... से तत्काल हो जाती है।

immediate knowledge अव्यवहित ज्ञान

ज्ञानेंद्रियों से बाह्य वस्तुओं ... आंतरिक प्रत्यक्ष से स्वयं अपनी मान... अवस्थाओं का साक्षात्, अर्थात् किसी मा... के बिना, होनेवाला ज्ञान।

immoralism रूढ़-नीति-द्रोह

पारंपरिक नैतिक मूल्यों के प्रति उपे... भाव अथवा उनका विरोध : विशेषतः ... (Nietzsche) की नीति के संदर्भ ... प्रयुक्त शब्द।

nortality — अमरता, अमरत्व

शरीर की मृत्यु के बाद भी आत्मा का अनंत काल तक अस्तित्व।

mutability — अविकार्यता, अपरिवर्त्यता, कूटस्थता

(ईश्वर और आत्मा का) विकार या परिवर्तन से शून्य होने का गुण।

eccability — अपापता, अदोषता

स्वभाव के पाप या दोष से रहित होने का गुण।

penetrability — अभेद्यता

भौतिक द्रव्य का (लॉक के अनुसार) एक (प्राथमिक) गुण, जिसके कारण भौतिक द्रव्य के दो अंश कदापि एक ही काल में एक ही स्थान नही घेर सकते।

perfect figure — अपूर्ण आकृति

अरस्तू के अनुसार, वह आकृति (द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ) जिस पर मूल ताकिक सिद्धात (dictum de omni) 'यज्जाति-विधेयम् तद्व्यक्तिविधेयम्' सीधा लागू नही होता और फलत जिसके विन्यासो की वैधता को प्रथम आकृति में रूपातरित करके ही सिद्ध करना होता है।

personalism — निर्वैयक्तिकवाद

यह यंत्रवादी संकल्पना कि विश्व के सभी जड-चेतन पदार्थों के अंदर प्रकृति बिल्कुल नियमबद्ध तरीके से काम करती है और उसके पूरे तंत्र में वैयक्तिक मूल्यों के लिए कोई स्थान नही है।

mpersonalistic idealism — निर्वैयक्तिक प्रत्ययवाद

प्रत्ययवाद का वह रूप जो परम तत्व को व्यक्तिरूप न मानकर अचेतन आत्मद्रव्य या चिद्द्रव्य मानता है।

implicans — आपादक

आपादनात्मक प्रतिज्ञप्ति (... फ") का प्रथम भाग ("यदि प")।

implicate — आपाद्य

आपादनात्मक प्रतिज्ञप्ति का दूसरा ("तो फ") ।

implication — आपादन

दो ऐसी प्रतिज्ञप्तियों (प और फ) संबंध जिनमें से दूसरी पहली का ... होती है (यदि प तो फ) और इस ... पर दूसरी का पहली से निगमन किया सकता है ।

implicative proposition — आपादनात्मक प्रतिज्ञप्ति

"यदि—तो———" आकार प्रतिज्ञप्ति जिसका पहला अंश दूसरे को आपादित करता है ।

implicit definition — निहित परिभाषा

तर्कगणित में, अभिगृहीतों के एक समु... में आए हुए अपरिभाषित पदों को ... न देकर इस प्रकार परोक्ष रूप से प... करना कि उन पदों के निर्देश अभिप्रेत ... तक ही सीमित रहें और यह ऐसी शर्त... अभिगृहीतों में समाविष्ट करके किया ... है जिन्हें वस्तुओं का केवल एक ही समुच्च... कर सकता है ।

implicit faith — अंतर्निहित आस्था

ईसाई धर्मशास्त्र में ऐसे व्यक्ति ... धार्मिक आस्था के लिए प्रयुक्त पद जो ... की शिक्षाओं को पूर्णतः सत्य मानता है ... स्पष्ट रूप में यह नहीं जानता कि वे ... क्या ।

ort

आशय

पदों के संदर्भ में, अर्थ या गुणार्थ का पर्याय । प्रतिज्ञप्तियों के संदर्भ में, उद्देश्य, विधेय और इनके संबंध का जो अर्थ होता है उसके लिए तथा पूरी प्रतिज्ञप्ति मुख्य रूप से वस्तुओं, नामों या प्रत्ययों में से जिसकी बोधक होती है या मानी जाती है उसके लिए प्रयुक्त शब्द ।

redicative definition

अविधेयक परिभाषा

हेनरी प्वांकारे (Henri Poincare, 1854-1912) के अनुसार, किसी वस्तु की उस समष्टि के द्वारा दी गई परिभाषा जिसका वह एक सदस्य हो । ऐसी परिभाषा दोषयुक्त मानी गई है ।

ressionism

संस्कारवाद

ह्यूम का यह मत कि बाह्य वस्तुओं के हमारी इंद्रियों के ऊपर जो संस्कार (या छाप) पड़ते हैं उन्ही से ज्ञान मूलतः प्राप्त होता है ।

ination

प्रवृत्ति

झुकाव, या अनुकूल वृत्ति जो कि किसी कार्य को स्वेच्छा से या बिना बाहरी दबाव के करने में प्रकट होती है ।

usion

समावेश

ऐसे दो समुच्चयों या कुलकों का संबंध जिनमें से एक के सब सदस्य दूसरे के सदस्य होते हैं ।

mplete induction

असिद्ध आगमन, न्यून आगमन

वह आगमन जिसके मूल में कोई कारण-कार्य-संबंध सिद्ध नहीं किया जा सकता या खोजा नहीं जा सकता ।

Incomplete symbol — अपूर्ण प्रतीक

वह प्रतीक (या व्यंजक) जिसका से कोई अर्थ न हो, किंतु जो किसी व्यंजक का घटक बनकर उसे अर्थ प्रदान (जैसे) जोकि पूरे व्यंजक, ( ) अंश है।

Inconsistent triad — असंगत त्रिक

ऐसी तीन प्रतिज्ञप्तियों का समूह में तीसरी पहली दो को मिलाने से निष्कर्ष की व्याघाती होती है।

Incorrigible proposition — शंकातीत प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसकी सत्यता पर करना असंभव हो : एयर (Ayer) के "आधारिक प्रतिज्ञप्तियां" (basic p positions) "शंकातीत" होती हैं, वक्ता कोई शब्द-प्रयोग संबंधी गलती जाय।

indefectibility — अविकार्यता

पतन, विकार, क्षय इत्यादि की से मुक्त होने का गुण; विशेषतः धर्मशास्त्र में, ईश्वरीय कृपा, पवित्रता के संदर्भ में प्रयुक्त शब्द।

indefinite definite — अनिश्चायक निश्चयवाचक

तर्कशास्त्री जॉनसन के अनुसार, भाषा के निश्चयवाचक आर्टिकिल का वह प्रयोग जिसमें उसके बाद आने संज्ञा-शब्द का अर्थ संदर्भ को जाने अनिश्चित होता है, जैसे "दि पार्क" यहां पार्क का अर्थ उसके लिए निश्चित नहीं है जिसे यह पता न हो कि प्रसंग दिल्ली नेहरू पार्क का है।

:finite indefinite । अनिश्चायक अनिश्चयवाचक

तर्कशास्त्री जॉनसन के अनुसार, अंग्रेजी भाषा में आर्टिकिल "ए" का वह प्रयोग जिसमें उसके बाद आने वाले संज्ञा-शब्द का निर्देश पूर्णतः अनिश्चित होता है, जैसे "ए" का 'ए मैन मस्ट हैव बीन इन दि रूम" में।

:finite proposition अनिश्चित प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो उसके सर्वव्यापी या अंशव्यापी होने के सूचक किसी शब्द के अभाव से अनेकार्थक होती है।

emonstrables अप्रमाणनीय

स्टोइक दार्शनिकों (Stoics) की शब्दावली में स्वयसिद्ध प्रतिज्ञप्तियों का नाम।

esignate proposition अनिर्दिष्ट प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसके परिमाण, अर्थात् व्याप्तत्व या अव्याप्तत्व का स्पष्ट उल्लेख नही होता, जैसे "पुस्तकें उपयोगी चीजें हैं"। (इस उदाहरण मे यह स्पष्ट रूप से नही बताया गया है कि सब पुस्तकें उपयोगी हैं या कुछ।)

:terminism अनियततत्ववाद

यह मत कि कभी-कभी हमारा संकल्प पूर्ववर्ती शारीरिक और मानसिक अवस्थाओं से बिल्कुल अप्रभावित होता है, अर्थात् हम जिस काम को करने का निश्चय करते हैं वह अकारण होता है।

:xical sign निर्देशक चिह्न

"मैं", 'तुम', 'यहां', 'अब' इत्यादि शब्दों के लिए पर्स (Peirce) द्वारा इस आधार पर प्रयुक्त पद कि इनसे किस चीज का बोध होगा, इसका निर्धारण शब्द के उच्चारण

भा उस चीज के साथ एक नित्य कालिक संबंध होने से होता है।

Indicator term — निर्देशक पद

आर्थर पैप के अनुसार, वह पद निर्देश प्रसंगानुसार बदलता रहता है यहां,' 'वहां', 'मैं'।

Indifferentism — 1. तटस्थवाद

स्टोइकों (Stoics) का यह कि स्वास्थ्य, धन-संपत्ति, सौंदर्य, कुल में जन्म इत्यादि बातें हमारे की नहीं है और इसलिए ये नैतिक दृ तटस्थ हैं।

2. अभेदवाद

मध्य युग में वास्तववाद और के विवाद को दूर करने के लिए (Adelard) द्वारा प्रस्तुत यह कि कोई चीज व्यष्टि है या (सामान्य), यह हमारे दृष्टिकोण पर करता है : इससे उसके स्वरूप में कोई नहीं आता।

indirect intention — परोक्ष अभिप्राय

मैकेंजी के अनुसार, कर्त्ता के का वह अंश जिसकी पूर्ति के उद्देश्य से कर्म में वह प्रवृत्त नहीं होता पर वह जो वास्तविक उद्देश्य होता है उससे रूप से जुड़े होने के कारण वह उसे स्व करना पड़ता है।

indirect knowledge — असाक्षात् ज्ञान

वह ज्ञान जो प्रत्यक्ष से नहीं बल्कि अनुमान साक्ष्य और आप्त-प्रमाण इत्यादि से परोक्ष प्राप्त होता है।

ect proof — असाक्षात् प्रमाण

देखिए reductio ad absurdum

ect reduction — असाक्षात् आकृत्यंतरण

पारंपरिक तर्कशास्त्र में दिए हुए निगमन (द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ आकृति में) को असत्य मानते हुए, उसके व्याघातक वाक्य तथा दी हुई आधारिकाओं में से किसी एक के संयोग से प्रथम आकृति मे एसा निगमन प्राप्त करके जो दूसरी आधारिका का व्याघातक हो, यह सिद्ध करना कि मूल निगमन सत्य है।

scernibility of identi-als — तदात्म-अविभेद्यता

लाइपनित्स का यह नियम कि यदि अ और ब बिल्कुल एक ही चीजें हैं तो अ के बारे में जो सत्य है वह ब के बारे में भी सत्य है।

lividual constant — व्यष्टि-अचर

कोपी (copi) के द्वारा प्रस्तावित प्रयोग के अनुसार, अंग्रेजी वर्णमाला का a से w तक का कोई भी छोटा अक्षर जिसे प्रतिज्ञप्ति-कलन (propositional calculus) में (उससे शुरू होनेवाले) व्यक्ति वाचक नाम के स्थान पर रखा जाता है।

lividual ethics — व्यष्टिक नीति

व्यष्टि की नैतिक समस्याओं और उनके समाधान से संबंधित नीतिशास्त्र।

lividual intuition — प्रातिस्विक अंतःप्रज्ञा

किसी कर्म-विशेष के उचित या अनुचित होने का सीधा और सहज ज्ञान।

individual intuitionism — प्रातिस्विक अंत: प्रज्ञावाद

नीतिशास्त्र में यह मत कि ... के औचित्य-अनौचित्य का अंत:प्रज्ञा ... बोध हो जाता है । तुलना के लि... general intuitionism और intuitionism

individualism — व्यष्टिवाद

व्यष्टि के हित को समष्टि या ... हित की अपेक्षा वरीयता देनेवाला ... व्यष्टि को प्रधान या साध्य मान... सिद्धांत ।

individualistic hedonism — व्यष्टिसुखवाद

स्वसुखवाद का दूसरा नाम । egoistic hedonism

individual relativism — व्यष्टि-सापेक्षतावाद

कर्म की अच्छाई और उसके ... को व्यष्टियों के मनोभावों या उनकी ... वृत्तियों पर आधारित माननेवाला सि...

individual variable — व्यष्टि-चर

तर्कशास्त्र में, कोपी द्वारा प्रस्तावि... के अनुसार, अंग्रेजी वर्णमाला का ... x जो उस स्थान का सूचक होता है ... से w तक का कोई व्यष्टि-अचर रखा ... है । तुलना के लिए देखिए indi... constant

induction — आगमन

अनुमान का वह प्रकार जिसमें ... तथ्यों से सामान्य निष्कर्ष निकाला जा...

उदाहरण :

राम मर्त्य है;
मोहन मर्त्य है;

सोहन मर्त्य है;
∴सब मनुष्य मर्त्य है।

...tion by colligation ...facts
तथ्यानुबंधी आगमन

सर्वप्रथम ब्रिटिश दार्शनिक ह्यूएल (Whewell) द्वारा प्रयुक्त एक पद। व्याख्या के लिए देखिए "colligation of facts

...ction by complete ...numeration
पूर्णगणनाश्रित आगमन

वह आगमन जो अपने क्षेत्र के सारे दृष्टांतों के प्रेक्षण पर आधारित होता है, जैसे "इस पुस्तकालय में 164 न० वाली सब किताबें तर्कशास्त्र की हैं"।

...ction by parity of ...asoning
तर्क-साम्य-आगमन

एक प्रकार का अनुमान (आगमन) जिसमें एक सामान्य प्रतिज्ञप्ति इस आधार पर निष्कर्ष के रूप में प्राप्त की जाती है कि जो तर्क एक विशेष दृष्टांत पर लागू होता है वही उसके अंतर्गत आनेवाले प्रत्येक अन्य समान दृष्टांत पर लागू होगा, जैसे ज्यामिति की यह उपपत्ति कि "सब त्रिभुजों के अंतः कोणों का योग दो समकोण होता है"।

...uction by simple enu- ...neration
केवल गणनाश्रित आगमन

वह आगमन जिसका आधार भूयोदर्शन अथवा अबाधित अनुभव मात्र होता है और जिसमें कारण-संबंध ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया गया होता, जैसे, "सब कौवे काले होते हैं"।

...nductive" causality
आगमनात्मक कारणता

वह कार्य-कारण-संबंध जो दृष्टांतों के प्रेक्षण मात्र पर आधारित हो।

...uctive class
आगमनात्मक वर्ग

रसेल के अनुसार, अन्वागतिक वर्ग (hereditary class) : कोई वर्ग

अन्वागतिक तब होता है जब व के एक सदस्य होने पर व+1 भी उसका होता है।

inductive definition — आगमनात्मक परिभाषा

किसी शब्द की ऐसी परिभाषा जो गुणार्थ (connotation) के [illegible] पर आधारित न हो बल्कि उस शब्द [illegible] वस्तुओं के लिए प्रयोग होता है [illegible] पर आधारित अर्थात् आगमनिक [illegible] से प्राप्त हो।

inductive fallacy — आगमन-दोष

आगमन के नियमों का उल्लंघन [illegible] से उत्पन्न दोष : इस वर्ग में [illegible] प्राक्कल्पना, वर्गीकरण आदि के शामिल हैं।

inductive leap — आगमन-प्लुति

आगमनात्मक अनुमान की एक [illegible] विशेषता जो कि ज्ञात से अज्ञात में [illegible] की, प्रेक्षित या देखे हुए उदाहरणों [illegible] बात लागू होती है उसे अप्रेक्षित या [illegible] उदाहरणों में भी लागू करने का खतरा में प्रकट होती है।

inductive syllogism — आगमनात्मक न्यायवाक्य

आगमनात्मक अनुमान को न्याय[illegible] का रूप देने का अरस्तु से लेकर आधुनि[illegible] में मिल तक चला आने वाला प्रयास, जैसे

अ, ब, स——काले हैं;
अ, ब, स——सब कौवे हैं,
∴ सब कौवे काले हैं।

In facto — परिनिष्पन्न, वास्तव

स्कॉलैस्टिक दर्शन में, उस वस्तु के [illegible] प्रयुक्त जो अपने अवयवों के सहित [illegible]

रूप में अस्तित्व रखती है, जैसे उस चित्र के लिए जिसे कलाकार ने पूरा कर लिया है।

अनुमान

तर्क की वह प्रक्रिया जिससे कुछ सत्य मान ली गई प्रतिज्ञप्तियों के आधार पर ऐसी प्रतिज्ञप्ति या प्रतिज्ञप्तिया निष्कर्ष के रूप में प्राप्त की जाती हैं जिनकी सत्यता मूल प्रतिज्ञप्तियों में निहित होती है।

ce by added deter-nts

योजित-विशेषणानुमान

एक प्रकार का अव्यवहित अनुमान जिसमें मूल उद्देश्य और विधेय के साथ एक विशेषण जोड़ कर कुछ कम विस्तार-वाला निष्कर्ष प्राप्त किया जाता है। उदाहरण : मनुष्य एक प्राणी है ;

∴ एक अच्छा मनुष्य एक अच्छा प्राणी है।

ce by change of ion

संबंध-परिवर्तन-अनुमान

एक प्रकार का अव्यवहित अनुमान जिसमें निरुपाधिक, हेतुफलात्मक और वियोजक में से किसी एक तरह की प्रतिज्ञप्ति से (ये संबंध की दृष्टि तीन प्रकार की प्रतिज्ञप्तियां हैं) शेष दो में से किसी एक प्रकार का निष्कर्ष निकाला जाता है। उदाहरण :

सब मनुष्य मरणशील हैं (निरुपाधिक);

∴ यदि कोई प्राणी मनुष्य है।

तो वह मरणशील है (हेतुफलात्मक)।

ence by complex con-ption

मिश्रधारणानुमान

एक प्रकार का अव्यवहित अनुमान जिसमें आधारिका के उद्देश्य और विधेय को किसी अधिक जटिल संप्रत्यय का अंश बनाकर निष्कर्ष प्राप्त किया जाता है। जैसे :

घोड़ा एक पशु है ;

∴ घोड़े का सिर एक पशु का सिर है।

inference by converse relation — परिवर्तित-संबंधानुमान

एक प्रकार का अव्यवहित अनुमान ... आधारिका के उद्देश्य के स्थान पर ... सहसंबंधी रखकर, विधेयगत ... के स्थान पर उद्देश्य-पद को रखा ... संबंध-सूचक पद के स्थान पर विलोम ... का सूचक पद रखकर निष्कर्ष प्राप्त ... जाता है :

राम सीता का पति है।

∵ सीता राम की पत्नी है।

inferential fallacies — आनुमानिक दोष

अनुमान के नियमों का उल्लंघन ... से उत्पन्न दोष जो कि परिभाषा, ... प्रेक्षण आदि के दोषों से भिन्न होते हैं।

In fieri — परिनिष्पाद्य, भाव्य

स्कॉलेस्टिक दर्शन में, उस वस्तु के ... प्रयुक्त जिसका अस्तित्व अभी शुरू है। ... जो अभी पूर्णतः अस्तित्व में नहीं ... जैसे एक निर्माणाधीन चित्र।

infima species — निम्नतम उपजाति

तर्कशास्त्र में, किसी वर्गीकरण की ... छोटी उपजाति, जो और छोटी ... में विभाजित नहीं की जा सकती।

infinite judgment — अपरिमित निर्णय

वह निर्णय जिसका विधेय कोई ... पद होता है। जैसे "अ अ-ग है"।

infinite term — अनियत पद

तर्कशास्त्र में, निषेधात्मक और ... अस्तर्थ वाला पद, जैसे "अमनुष्य"।

ifinity — अनंतता, आनंत्य

दिक्, काल अथवा संख्याओं की किसी श्रेणी का कभी समाप्त न होनेवाला विस्तार।

formal fallacy — अनाकारिक तर्कदोष

वह तर्कगत दोष जो आकारिक न हो : ऐसे दोष तर्क में तब पैदा होते हैं जब हम असावधान रहते हैं अथवा तर्क को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त भाषा में कोई द्वयर्थकता होती है।

fralapsarianism — पतनोत्तर-उद्धारवाद

ईसाई धर्म में एक मत, जिसके अनुसार ईश्वर को इस बात का पूर्वज्ञान था कि मनुष्य का पतन होगा और इसके बावजूद उसने उसका पतन होने दिया तथा कुछ मनुष्यों को अपनी कृपा का पात्र बनाकर उनका उद्धार किया।

fusion of grace — दिव्य-अंतर्वेशन

रोमन कैथोलिक चर्च में प्रचलित यह धारणा कि बपतिस्मा इत्यादि संस्कारों के द्वारा दिव्य तत्व का व्यक्ति के हृदय में प्रवेश कराया जाता है।

gression — निवेश

ह्वाइटहैड के अनुसार, "शाश्वत वस्तु" (eternal object) का किसी "अंत्य वस्तु" (actual entity) के निर्माण में उसे एक विशेष आकार प्रदान करने के लिए प्रवेश।

nate ideas — सहज प्रत्यय

लॉक के अनुसार, वे प्रत्यय जो जन्म से ही मनुष्य के मन में होते हैं, जिन्हें शिक्षा और अनुभव से प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, और सामान्यतः जो सभी मनुष्यों को प्राप्त होते हैं। ईश्वर, अमरत्व, पाप और

ıstantial indefinite — दाष्टांतिक अनिश्चयवाचक

देखिए "definite indefinite) ।

astantial proposition — दाष्टांतिक प्रतिज्ञप्ति

अस्तित्व (existence) "(ईश्वर है)" और वर्तित्व (subsistence) "(3+4=7)" बतानेवाली प्रतिज्ञप्तियों का सामूहिक नाम।

nstantiation — दृष्टांतीकरण

कोपी (Copi) के अनुसार, किसी व्यष्टि-चर के स्थान पर एक व्यष्टि-अचर को रख देना।

देखिए individual constant तथा individual variable ।

instinctive morality — सहज नैतिकता

पशुओ और मनुष्यों का वह व्यवहार जो नैतिकता के अनुरूप होता है, परतु जिसमें विचार और सकल्प का अभाव होता है।

instrumentalism — करणवाद

जान ड्यूई (John Dewey) का यह मत कि ज्ञान जीवन का पर्यावरण से सफलता पूर्वक समायोजन करने का एक साधन (करण) है।

instrumental theory — करण-सिद्धात

सी० डी० ब्रॉड के अनुसार, यह मत कि मन शरीर से स्वतत्र अस्तित्व रखता है, पर जब तक वह किसी शरीर से जुडा होता है तब तक शरीर ही उसके लिए ज्ञान और कर्म का साधन होता हैं।

instrumental value — साधन-मूल्य

वह वस्तु जो साधन के रूप में मूल्यवान् हो या जिसका मूल्य उससे निकलने वाले

वास्तविक या संभावित परिणामों पर आधारित हो।

Intellectualistic determinism — प्रज्ञानियतत्ववाद

विन्डेलबैंड के अनुसार, यह मत कि प्रज्ञा न केवल शुभ का सामान्य रूप से बोध कराती है अपितु यह भी विचार करती है कि व्यक्ति के लिए विशेष रूप से शुभ क्या है और इस प्रकार उसके संकल्प को भी प्रभावित करती है।

Intellectual virtue — प्राज्ञ सद्गुण

प्रज्ञा के विकास से संबंधित सद्गुण।

intellectus agens — सक्रिय प्रज्ञा

टॉमस अक्वाइनस के अनुसार, आत्मा की एक विशेष शक्ति जो संवेदन से प्राप्त वस्तु की नकल से अपनी प्रकृति से सामंजस्य रखने वाले तत्वों को लेकर वस्तु की छाप यानी "संवेदी प्रतिरूप' (sensible species) को 'प्राज्ञ प्रतिरूप' ("intelligible species") में बदल देती है।

intellectus archetypus — संवेदनाश्रयी प्रज्ञा

कान्ट के अनुसार, वह बुद्धि जिसपर या जिसके प्रत्ययों पर संवेदनों या संवेदनों से दी हुई वस्तुओं का स्वरूप आश्रित होता है।

intellectus ectypus — संवेदनाश्रित प्रज्ञा

कान्ट के अनुसार, वह बुद्धि जो अपने प्रत्ययों या प्रक्रियाओं के लिए सामग्री इन्द्रियानुभव या संवेदनों से प्राप्त करती है।

intelligible — बुद्धिगम्य, प्रज्ञागम्य

सामान्य अर्थ में, वह जो समझ में आ सके। विशेष रूप से, वह जो केवल प्रज्ञा से ही जाना जा सकता हो, इंद्रियों से नहीं।

...ible species

प्रज्ञ प्रतिरूप

टॉमस एक्वाइनस के अनुसार, 'संवेदी प्रतिरूप' का सक्रिय प्रज्ञा' के द्वारा परिष्कृत रूप : 'संवेदी प्रतिरूप' भौतिक वस्तु का संवेदन से प्राप्त प्रतिरूप होता है; सक्रिय प्रज्ञा-शक्ति उसे आत्मा के द्वारा ग्राह्य बनाने के लिए उसके स्थूल भौतिक अंशों को हटाकर उसे यह रूप प्रदान करती है, जो उस वस्तु का सामान्य प्रत्यय होता है।

...ion

गुणार्थ

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, किसी वस्तु के संप्रत्यय में समाविष्ट गुणों का समूह।

...ive quality

प्रकर्षशील गुण, आयोगशील गुण

कोहेन और नैगेल (Cohen & Nagel) के अनुसार, ऐसा गुण जिसमें कुछ जोड़ा-घटाया न जा सके और इसलिए जिसके बारे में "कितना" और "कितने गुना" पूछना निरर्थक हो, जैसे मृदुता, बुद्धिमता इत्यादि। इसका extensive quality से भेद किया गया है।

...itionality

स्वातिगता, विषयाभिगता

सकर्मकत्व

मानसिक क्रिया या चेतना की यह विशेषता कि वह सदैव किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु की ओर उन्मुख होती है।

...entional theory of mind

मनःस्वातिगता-सिद्धांत

मन को स्वातिगता के प्रत्यय की सहायता से परिभाषित करने वाला सिद्धांत : इसकी शुरुआत स्कॉलेस्टिक दर्शन में हुई थी और आधुनिक दर्शन में ब्रेन्टानो ने इसे पुनर्जीवित किया।

interactionism — अन्योन्यक्रियावाद

मन और शरीर का संबंध बताने ... पहले-पहल देकार्त द्वारा प्रस्तावित ... कि मन और शरीर एक-दूसरे पर प्रतिक्रिया करते हैं।

intercession — परार्थप्रार्थना

ईसाई धर्म में, ईश्वर से दूसरों ... प्रार्थना।

interjectionism — उद्‌गारवाद

यह सिद्धांत कि अच्छा-बुरा ... बतानेवाले मूल्य-निर्णय किन्हीं ... विशेषताओं को प्रकट नहीं करते ... अथवा वक्ता के निजी भावों या ... व्यक्त करनेवाले उद्‌गार मात्र होते ...

intermixture of effects — कार्य-समिश्रण

मिल (Mill) के अनुसार, ... काल में सक्रिय विभिन्न कारणों ... अलग-अलग प्रभावों का मिला-जुला ...

internal sanction — आंतरिक अनुशास्ति

: कर्तव्य के उल्लंघन से उत्पन्न ... पश्चात्ताप और दु:ख की अनुभूति ... भविष्य में कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए ... करती है। यह एक आंतरिक ... व्यक्ति को नैतिक अनुशासन में बांधती ... है।

internal sense — अंत:करण, आंतर इंद्रिय

आंतरिक अवस्थाओं का ... करानेवाली इंद्रिय।

internal theory of relations — अंत:संबंध-सिद्धांत, अंत:संबंधवाद

मुख्यतः हेगेलीय प्रत्ययवादियों ... सिद्धांत कि वस्तुओं के संबंध उनकी ...

प्रकृति पर आधारित होते हैं, वे वस्तुओं के स्वरूप के निर्माता होते है । तथा दो चीजों का संबंध उनकी प्रकृति में परिवर्तन किए बिना टूट नही सकता ।

sensual language — इंद्रियाभिसम्लवी भाषा

तार्किक इंद्रियानुभववादियो के द्वारा प्रस्तावित प्रोग्राम के अनुसार एकीकृत विज्ञान (unified science) की वह भाषा जिसके कथनो की एक से अधिक इंद्रियों द्वारा जाच की जा सके।

subjective — अंतराविषयक

विभिन्न विषयियों या ज्ञाताओं के द्वारा प्रयुक्त या समझा जा सकनेवाला (संप्रत्यय, ज्ञान, भाषा इत्यादि)।

subjective cognition — अंतराविषयिक सज्ञान

देखिए intersubjective intercourse

ubjective intercourse — अतराविषयिक सव्यवहार

एक विषयी या ज्ञाता को अन्य विषयी का या अन्य की चेतन अवस्थाओ का बोध होना।

erbal definition — शब्दानुशब्द परिभाषा

एक शब्द की अन्य शब्दों के द्वारा परिभाषा, जैसी की प्राय: कोशो में उपलब्ध होती है।

sitive relation — असत्रामी संबंध

ऐसा संबंध जो यदि अ और ब के मध्य हो तथा ब और स के मध्य भी हो तो कदापि अ और स के मध्य नहीं हो सकता, जैसे पिता-पुत्र का संबंध : यदि अ ब का पिता है और ब स का पिता है तो अ स का पिता नही हो सकता।

intrinsic value — स्वतःमूल्य

किसी वस्तु का वह मूल्य जो अपनी आंतरिक रचना, अपने या अपने ही अस्तित्व के कारण है : अथवा वह चीज जो स्वयं, न कि अच्छे परिणामों के कारण, या दूसरी चीज के साधन के रूप में, वान होती है।

introductory indefinite — उपस्थापक अनिश्चयवाचक

जॉनसन के अनुसार, अंग्रेजी भाषा अनिश्चयवाचक आर्टिकिल "ए" का प्रयोग जो किसी स्थान, काल या का किसी वर्णन, के प्रारंभ में करने के लिए किया जाता है।

introjection — अंतःक्षेपण

जर्मन दार्शनिक एविनेरियस (Avena द्वारा पहले पहल देकार्त, और बर्कली के इस सिद्धांत के प्रयुक्त शब्द कि मन अपने ही के अन्दर बंद रहता है और उसे जगत् का बोध उसके बिंबों के से होता है।

intuition — अंत.प्रज्ञा

ज्ञाता को अपरोक्ष रूप से स्वतः वाला अपने और दूसरे के मन का, जगत् का, सामान्यों का, मूल्यों अथवा शाश्वत सत्यों का ज्ञान।

intuitionism — अंतःप्रज्ञावाद

सामान्यतः वह मत जो समस्त को, कम से कम दार्शनिक ज्ञान अंतःप्रज्ञा पर आधारित मानता विशेषतः नीति-शास्त्र में यह मत

व्यक्ति को अच्छाई-बुराई का ज्ञान अंतः-प्रज्ञा से परिणाम-निरपेक्ष रूप में होता है।

st logic — अंतःप्रज्ञ तर्कशास्त्र

पारंपरिक तर्कशास्त्र से भिन्न तथा अंतःप्रज्ञा को सत्यता का स्रोत मानने वाला तर्कशास्त्र.ब्राउवर (Brouwer) इत्यादि विचारकों के अनुसार तर्कशास्त्र कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं रखता बल्कि गणित के अंतःप्रज्ञा से ज्ञात संप्रत्ययों पर ही ूर्णतः आधारित है।

induction — अंतःप्रज्ञ आगमन

जानसन के अनुसार, वह सामान्य प्रतिज्ञप्ति जिसका बोध तत्काल एक ही विशेष दृष्टांत से हो जाता है।

property — अव्यभिचारी गुणधर्म

वस्तु के व्यवहार की वह विशेषता जो बदलती हुई परिस्थितियों में भी अपरिवर्तित बनी रहती है।

विपरिवर्तित

विपरिवर्तन की क्रिया से प्राप्त वाक्य, अर्थात् विपरिवर्तन का निष्कर्ष। देखिए invension।

:ductive method — प्रतिलोम निगमन प्रणाली

किसी जटिल कार्य का कारण ढूंढने में प्रयुक्त एक प्रणाली, जिसके अनुसार पहले उस कार्य के अनेक उदाहरणों का प्रेक्षण करके यह पता किया जाता है कि कौन-सी परिस्थिति सब में समान है और फिर उसे कारण मानते हुए उच्चतर नियमों से यह निगमित किया जाता है

कि उसमे उस कार्यविशेष
बिल्कुल नैसर्गिक है।

Inverse inference — प्रतिलोम अनुमान

कार्नेप (Carnap) के अनुसार
अनुमान का एक प्रकार, जि
नमूने के प्रेक्षण के आधार
वर्ग के बारे में निष्कर्ष निकाला

Inversion — विपरिवर्तन

एक प्रकार का अव्यवहित
जिसमें निष्कर्ष का उद्देश्य
उद्देश्य का व्याघातक होता

सब उ वि है;
∴ कुछ अ-उ वि नहीं है।

invertend — विपरिवर्त्य

विपरिवर्तन की आधारिका
वाक्य जिसका विपरिवर्तन क
है। देखिए inversion।

involuntary ideas — अनैच्छिक प्रत्यय

बर्कली के अनुसार, बाह्य
प्रत्यय जो व्यक्ति की इच्छा
नहीं होते बल्कि ईश्वर की इच्छा
मन मे आते हैं: बर्कली बाह्य
को ऐसे प्रत्ययों से अभिन्न मा

inwardization — आभ्यतरीकरण

कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य के
विषयी की क्रमशः सभी बाह्
स्वयं को विच्छिन्न कर देने की

I proposition — ई प्रतिज्ञप्ति

पारंपरिक तर्कशास्त्र में,
विधायक प्रतिज्ञप्ति: "कुछ उ वि

lism — अतर्कबुद्धिवाद; तर्कबुद्धिविरोध

मानवीय प्रज्ञा या तर्कबुद्धि को सर्वोच्च प्रमाण मानने का विरोध अथवा विरोध करने वाला मत, विशेषत: यह मत कि तत्व अथवा वास्तविकता का स्वरूप तर्कबुद्धिगम्य या तर्कबुद्धिपरक प्रणालियों के द्वारा प्राप्य नही है।

e relation — अपरावर्ती संबंध

ऐसा संबंध जो किसी वस्तु का स्वय अपने साथ नही हो सकता, जैसे, "के उत्तर में", "का पति" इत्यादि।

n — नास्तिकता; अधर्म

किसी भी वस्तु को निष्ठा, भक्ति या आस्था के योग्य न मानने की प्रवृत्ति; धार्मिक प्रवृत्ति का अभाव।

ibility — अनुत्क्रमणीयता

विशेषत: काल की यह विशेषता कि उसके विभिन्न अशों के क्रम को उल्टा नही जा सकता।

udgment — अस्ति-निर्णय

तथ्य से संबधित निर्णय। इस तरह के निर्णय प्राकृतिक या वर्णात्मक विज्ञान के अतर्गत आते है।

nism — पृथकतावाद

एक सौंदर्यशास्त्रीय मत जिसके अनुसार किसी भी कलाकृति को सम्यक् रूप से समझने के लिए एकाग्र होकर किसी भी बाहरी तत्व की ओर ध्यान दिए बिना उसे देखते, सुनते या पढ़ते जाना मात्र आवश्यक होता है। अंतर के लिए देखिए contextualism।

isosthenia — समवलता

वह अवस्था जिसमें किसी पक्ष और विपक्ष में प्रमाण बिल्कुल बराबर शक्ति का

iterated modality — पुनरावृत्त निश्चयमात्रा

निश्चयमात्रा-सूचक शब्द से प्रकट निश्चयमात्रा, जैसे संभव" या "अनिवार्यतः अनिवार्य

ius divinum — दैवी नियम, दैवी विधि

स्कॉलेस्टिक दर्शन में, विशेष दर्शन में, प्रकृति और मानव को अटूट व्यवस्था में ईश्वरीय नियम।

iustitia naturalis — स्वाभाविक नीतिपरायणता

मनुष्य के अन्दर विद्यमान पर चलाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति प्रेरणा कहीं बाहर से नहीं

iustitia originalis — आदिम नीतिपरायणता

ईसाई धर्म के अनुसार जन्म या सृष्टि के समय ईश्वर प्रदत्त नीतिनिष्ठता, जिसे पूर्व आदम के अंदर विद्यमान गया है।

J

joint denial — संयुक्त निषेध

दो प्रतिज्ञप्तियों के एकत्र के लिए प्रतीतात्मक तर्कशास्त्र एक चिह्न (↓)।

joint method of agreement and difference — अन्वय-व्यतिरेक-प्रणाली

मिल के तर्कशास्त्र में, संबंध निर्धारित करने की एक

जिसका सूत्र यह है: यदि एक घटना के घटने के कई दृष्टांतों में एक परिस्थिति समान रूप से विद्यमान रहती है और उस घटना के न घटने के कई दृष्टातो में अन्य बातों के प्रायः समान रहते हुए उस परिस्थिति का भी अभाव रहता है, तो उस घटना तथा परिस्थिति में कार्य-कारण का संबंध है। उदाहरण: यदि एक व्यक्ति अनेक बार यह देखता है कि जब भी उसने खीरा खाया, उसके पेट में दर्द हुआ, और खीरा न खाने पर पेट में दर्द नहीं हुआ, तो खीरा पेट के दर्द का कारण है।

nent of fact — तथ्य-निर्णय

वस्तुस्थिति को बतानेवाला या बताने का दावा करने वाला निर्णय, जैसे : चंद्रमा एक उडा उपग्रह है। इस प्रकार के निर्णय प्राकृतिक या वर्णनात्मक विज्ञानों के क्षेत्र में आते हैं।

nent of taste — सौंदर्य-निर्णय

किसी वस्तु के बारे में यह कथन कि वह सुन्दर, कलात्मक या मनोरम है। इस प्रकार के कथन मूल्यनिर्णय के सामान्य वर्ग में आते हैं।

ment of value — मूल्य-निर्णय

निर्णय का वह प्रकार जो किसी वस्तु का तार्किक, नैतिक या सौंदर्य-शास्त्रीय मूल्यांकन करता है, अर्थात् किसी बात को सत्य या असत्य, अच्छी या बुरी, सुन्दर या असुन्दर बतानेवाला निर्णय। इस तरह के निर्णय मानकीय विज्ञानों के अंतर्गत आते हैं।

jural ethics
वैधिक नीतिशास्त्र

वह नीतिशास्त्र या सिद्धांत जो विधिशास्त्र का अनुसरण करते हुए साध्य और 'शुभ' की अपेक्षा 'कर्तव्य' और उसके अनुसरण तथा औचित्य जैसे संप्रत्ययों को प्रमुखता देता है।

justice
न्याय; न्यायशीलता

प्लेटो के द्वारा स्वीकृत चार सद्गुणों में से एक। तदनुसार यह होता है जब समाज का प्रत्येक अपना कार्य सुचारु रूप से करता है, दूसरे के कार्य में कोई बाधा नहीं, तथा, फलतः, समाज में पूर्ण रहता है। इसकी आधुनिक धारणा मुख्य तत्व हैं · नियमों का पालन, समानता, निष्पक्षता तथा प्राप्ति।

K

kalology
सौंदर्यशास्त्र

मॉन्टेग्यू के अनुसार, वस्तुओं चरित्र की सुन्दरता का अध्ययन वाला शास्त्र।

Kantianism
कान्टवाद

प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक इमानुएल (1724-1804) का दर्शन, जो में कुछ प्रागनुभविक मानसिक महत्व स्वीकारता है और वस्तुओं तात्विक स्वरूप को अज्ञेय मानता

kathenotheism
एकैकाधिदेववाद

देखिए henotheism।

kenotism
आत्मरेचनवाद, दिव्यत्वत्यागवाद

ईसाई धर्मावलंबियों का यह कि ईसा ने मानव-रूप धारण करते

अपने कुछ दिव्य गुणों का त्याग किया था।

1. वर्ग

अन्य वस्तुओं में न पाए जाने वाले एक ऐसे लक्षण से युक्त वस्तुओं का समूह जो उनमें समान हो।

2. जाति

जे० एस० मिल के अनुसार, प्राकृतिक वर्ग, जैसे कोई जीव-जाति, जिसके सदस्यों में परिभापक गुणधर्म के अलावा अन्य असंख्य गुणधर्म भी समान होते हैं।

(Ki)ngdom of ends साध्यलोक, साध्यजगत

कान्ट के अनुसार, वह आदर्श जगत जिसमें प्रत्येक व्यक्ति साध्य होगा और कोई व्यक्ति साधन मात्र नहीं होगा, प्रत्येक व्यक्ति विवेक से काम लेते हुए निरपेक्ष आदेश का पालन करेगा तथा दूसरे के सुख को वही प्रधानता देगा जो स्वयं अपने सुख को देता है और इस तरह अन्य लोगों के साथ सामजस्य स्थापित किए रहेगा।

(Kn)owledge by acqaintance साक्षात् ज्ञान

सम्मुख उपस्थित वस्तु, व्यक्ति या गुण का ज्ञाता को होनेवाला अपरोक्ष ज्ञान। ठीक अर्थ में इसका प्रयोग ऐंद्रिय दत्तों के लिए ही होता है, परन्तु अब सामान्यतः इन दत्तों के माध्यम से होनेवाले वस्तु (मेज इत्यादि) और व्यक्ति के प्रत्यक्ष को भी इसके अंतर्गत माना जाता है।

knowledge by description वर्णन-ज्ञान

परिचयात्मक अथवा साक्षात् ज्ञा
विपरीत, वस्तु के बारे में वह
जो अनुमान इत्यादि से प्राप्त होता

kratocracy बलवत्ततंत्र, शक्तितंत्र

मॉन्टेग्यू (Montague) के
ऐसे लोगों का शासन जो बलपूर्व
चालाकी से सत्ता हथियाने की
रखते हैं।

L

Lamaism लामाधर्म; लामावाद

महायान बौद्धधर्म का वह रूप जो मु
तिब्बत में, पर साथ ही भूटान,
सिक्किम तथा मध्य एशिया के
प्रदेशों में भी मिलता है और
पुरान 'बोन' नामक जादूटोनाप्रधान
के तथा तंत्र के तत्व मिश्रित हैं।

law of bivalence द्विमूल्य-नियम

एक नियम जिसके अनुसार
प्रतिज्ञप्ति के दो ही मूल्य होते हैं:
सत्यत्व एवं दूसरा मिथ्यात्व;
यह कि प्रतिज्ञप्ति या तो सत्य होती
या असत्य, कोई तीसरी अवस्था सम्भव
है।

law of contradiction व्याघात-नियम

विचार का यह नियम कि कोई
वस्तु एक ही देश तथा काल में व्याघ
गुणों-वाली नहीं हो सकती—क ग
अ-ख दोनों नहीं हो सकता। यह तर्कशा
के आधारभूत नियमों में दूसरा है।
विचारकों ने इसे 'अव्याघात-नियम'
(Law of non-contradiction) कहा

of excluded middle — मध्याभाव-नियम

तर्कशास्त्र में, विचार का एक आधार-भूत नियम जिसके अनुसार किसी एक वस्तु या स्थिति के बारे में दो व्याघाती बातें एक साथ मिथ्या नहीं हो सकती : यदि एक मिथ्या है तो दूसरी अवश्य सत्य होगी; उनके अतिरिक्त कोई तीसरा विकल्प नहीं होगा।

of indentity — तादात्मय-नियम

तर्कशास्त्र के आधारभूत नियमों में से प्रथम, जिसके अनसार, "सत्य सदा-सर्वदा आत्मानुरुप होता है।" इस नियम को इस प्रकार व्यक्त किया गया है: "कोई चीज जो है वह है," या "क क है" अथवा "प्रत्येक वस्तु अपने तुल्य होती है।"

इसमें यह माना गया है कि प्रत्येक वस्तु की एक प्रकृति होती है जो मनमाने ढंग से नहीं बदलती। यह परिवर्तन का निषेध नहीं है: परिवर्तन होता है पर वस्तु उसके बावजूद अपनी एकता बनाए रखती है।

of parsimony — लाघव-न्याय, लाघव-नियम

एक प्रणाली संबंधी नियम जो व्याख्या में मितव्ययिता के ऊपर बल देता है। यह नियम तथ्यों या घटनाओं की व्याख्या को व्यर्थ शब्दों के जाल या आनवश्यक अभिगृहीतों द्वारा जटिल बनाने के स्थान पर कम से कम शब्दों या अभि-गृहीतों में स्पष्ट करने को कहता है।

of sufficient reason — पर्याप्त-हेतु-नियम

तर्कशास्त्र में, विचार का एक आधार-भूत नियम (लाइपनित्स के अनुसार

चौथा) जिसके अनुसार प्रत्येक ... के पीछे कोई कारण होता है ... द्वारा उसकी संतोषजनक व्याख्या ... जा सकती है।

laws of co-existence

सह-अस्तित्व-नियम

वे प्राकृतिक नियम जो एक ही ... में अस्तित्व रखनेवाली वस्तुओं के ... संबंधों को प्रकट करते हैं।

Laws of succession

पौर्वापर्य-नियम

वे प्राकृतिक नियम जो अनुक्रम से घटनेवाली घटनाओं के नियत संबंधों को प्रकट करते हैं।

laws of thought

विचार-नियम

पारंपरिक तर्कशास्त्र में वे नियम जो तर्क के मूलाधार हैं तथा जिन पर शास्त्र के अन्य नियम आश्रित हैं। ... के अनुसार ये नियम हैं: (1) तादात्म्य-नियम, (2) व्याघात-नियम, और ... मध्याभाव-नियम। लाइपनित्स के अनुसार ... अन्य नियम भी है, और वह है पर्याप्त हेतु-नियम।

lay confession

अदीक्षित के समक्ष पापस्वीकृति, अदीक्षित के समक्ष पापदेशना

पादरी की अनुपस्थिति में ... व्यक्ति के समक्ष यह स्वीकृति कि ... अमुक पाप किया है। यह बात मध्य... के ईसाई समाज में प्रचलित थी।

legal duty

विधिक कर्त्तव्य

वह कर्त्तव्य जिसे न करने पर कानून मे दण्ड की व्यवस्था रहती है।

al ethics — विधिक नीतिशास्त्र

वह नीति जो कानून या बाह्य नियमों के आधार पर कर्म के औचित्य या अनौचित्य का निर्धारण करती है और उनको नैतिक मानक मानती है।

al nihilism — विधिक नास्तिवाद

समस्त कानूनों को अर्थहीन मानकर उनका निषेध करने वाला सिद्धांत।

al philosophy — विधिमीमांसा, विधि-दर्शन

कानून तथा न्याय से संबंधित दार्शनिक प्रश्नों का विवेचन-विश्लेषण करने वाला शास्त्र।

itimate hypothesis — वैध प्राक्कल्पना

वह प्राक्कल्पना जो स्वतोव्याघाती न हो, तथ्य-विरुद्ध न हो, निश्चित हो, स्थापित नियमों के अनुरूप हो, किसी वास्तविक कारण को मानती हो तथा सत्यापनीय हो।

cal definition — कोशीय परिभाषा

कोश में दी हुई परिभाषा जिस का काम यह बताना होता है कि अमुक शब्द जो पहले से प्रयोग में है, क्या अर्थ रखता है।

ration — मुक्ति, मोक्ष

विशेषतः भारतीय दर्शनकारों की सामान्य धारणा के अनुसार, परमार्थ के रूप में कल्पित वह अवस्था जिसमें जीव सुख-दुःख और जन्म-मरण के चक्र से सदा के लिए छूट जाता है।

ratarianism — स्वेच्छातंत्रवाद

यह सिद्धांत कि व्यक्ति अच्छे-बुरे में से चुनाव करने में बिल्कुल स्वतंत्र

है, उसके ऊपर कोई बाह्य दबा ...
है, और इस प्रकार वह अपने ...
लिए पूर्णतः उत्तरदायी है।

limitative judgment

परिच्छेदक निर्णय

कान्ट के अनुसार, इस प्रकार का ...
जैसे "प्रत्येक क अ-ख है।" ...
तर्कशास्त्र में निर्णयों में ...
और निषेधात्मक का जो भेद माना ...
है, यह भेद उसके अतिरिक्त है।

logic

तर्कशास्त्र

तर्क या अनुमान का व्यवस्थित ...
से अध्ययन करने वाला शास्त्र, जिसकी ...
शाखाएं हैं: निगमनात्मक तर्कशास्त्र ...
आगमनात्मक तर्कशास्त्र।

logical addition

तार्किक योग

यदि क और ख दो व्यावर्तक ...
हैं तो "या तो क या ख" इन दो ...
का "तार्किक योगफल" (प्रतीकात्मक ...
में, "क+ख") कहलाता है और ...
प्रकार इन दोनों को मिलाने की क्रि...
"तार्किक योग"।

logical atomism

तार्किक परमाणुवाद

बर्ट्रेंड रसेल का सिद्धांत जिसमें ...
तीय तर्कशास्त्र की भाषा को ...
माना गया है और विश्व को परमाणु ...
प्रतिज्ञप्तियों (atomic propositions) ...
के द्वारा व्यक्त सरलतम तथ्यों (...
सरल गुणधर्म या संबंध के द्वारा विशिष्ट ...
विशेषों) की संहति माना गया है। यह ...
एक प्रकार का बहुतत्ववाद है और इसका ...
नामकरण स्वयं रसेल ने किया है।

:cal calculus — तर्ककलन

गणित के अनुकरण पर रचा गया आधुनिक प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र।

cal constant — तार्किक अचर

तार्किक सकारकों के लिए प्रयुक्त प्रतीकों में से कोई एक, जैसे '—' 'v', →, ↔ ।

:al constructionism — तार्किक रचनावाद, तार्किक निर्मितिवाद

ओकम (Occam) के लाघव-न्याय से मिलता-जुलता बर्ट्रेंड रसेल का यह सिद्धांत कि विज्ञान के व्याख्याकार और दार्शनिक को सत्ताओं की कल्पना के स्थान पर तार्किक रचनाओं का उपयोग करना चाहिए: किसी वस्तु व को वस्तु य से बनी तार्किक रचना कहने का तात्पर्य यह है कि व-विषयक कथनों का य-विषयक कथनों में अनुवाद किया जा सकता है और य व की अपेक्षा अधिक आधारभूत प्रकार की सत्ता है।

ical definition — तार्किक परिभाषा

किसी पद की वह परिभाषा जिसमें उसके गुणार्थ का तार्किक नियमों के अनुसार पूरा और स्पष्ट कथन किया गया हो।

gical division — तार्किक विभाजन

किसी जाति या बड़े वर्ग का उसकी उपजातियों या छोटे वर्गों में तार्किक नियमों के अनुसार विभाजन।

ogical empiricism — तार्किक इंद्रियानुभववाद

"वियना सर्कल" (Vienna Circle) के दार्शनिकों द्वारा विकसित सिद्धांत जो

"लॉजिकल पॉजिटिविज्म" के द
अधिक प्रसिद्ध है। इसमें वैज्ञानिक
और सहयोग पर बल दिया
जो बातें अनुभव द्वारा सत्यापनीय
उन्हें अर्थहीन माना गया है,
विरोधी दृष्टिकोण अपनाया गया है
भाषा का तार्किक विश्लेषण
मुख्य कार्य बताया गया है।

logical multiplication — तार्किक गुणन

यदि क (जैसे "प्रोफेसर")
(जैसे "हंसोड़") दो वर्ग हैं।
ऐसे व्यक्तियों को छाटना चाहें
दोनों वर्गों में शामिल हों (
प्रोफेसर") तो छाटने की यह
"तार्किक गुणन" कहलाती है और
फल "तार्किक गुणनफल", जिसे
त्मक रूप में "क×ख" अथवा
लिखा जाता है।

logical positivism — तार्किक प्रत्यक्षवाद

देखिए (logical empiricism)।

logic diagram — तर्करेख

पदों इत्यादि के तार्किक संबंधों
दिखाने के लिए प्रयुक्त रेखाकृति।

logicism — तर्कांतर्भूतगणितवाद

फ्रेगे तथा रसेल का यह सिद्धा
गणित के सब संप्रत्यय तर्कशास्त्र के
प्रत्ययों मे और गणित के सब
तार्किक निगमन मात्र के द्वारा तर्कशा
के अभिगृहीतो से प्राप्त किए जा सकते।

logistic — तर्कगणित

1904 की अंतर्राष्ट्रीय दर्शन-
में आइटेलसन (Itelson) इत्यादि

दार्शनिकों के द्वारा प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र के पर्याय के रूप में प्रस्तावित तथा अब उसी अर्थ में प्रचलित शब्द। इस प्रयोग के पीछे गणित को तर्कशास्त्रमूलक मानने और तर्कशास्त्र को गणितात्मक बनाने की भावना निहित है।

लॉगोस

प्राचीन यूनानी दर्शन में वैदिक चिंतन के "ऋत" से मिलती-जुलती एक संकल्पना। सर्वप्रथम हैराक्लाइटस द्वारा ब्रह्मांड की व्यवस्था और नियमबद्धता की कारणभूत पराबुद्धि के अर्थ में प्रयुक्त शब्द। बाद में स्टोइकों द्वारा विश्व की आंगिक एकता और प्रयोजनवत्ता के मूलभूत *बुद्धितत्व की संकल्पना* के रूप में विकसित। ईसाई धर्मशास्त्र मे, "त्रयी" (Trinity) का दूसरा व्यक्ति जो ईसा के रूप में अवतरित हुआ।

I

men naturale

नैसर्गिक प्रकाश

मध्ययुगीन दर्शन में, मनुष्य को साधारणत: प्राप्त बौद्धिक शक्ति जो दैवी सहायता के बिना ही उसे वस्तुओं का ज्ञान कराती है।

M

aecenatism

मिसीनैसी वृत्ति, कला-प्रतिपालन, कला-सरक्षण

कला और कलाकारों को उदारतापूर्वक संरक्षण देने की वृत्ति के लिए रोम के दो कवियों, होरेस और वर्जिल, के आश्रयदाता मिसीनस के नाम से प्रचलित शब्द।

gic

जादू, जादू-टोना, अभिचार

1. वह विद्या जिसमें तंत्र-मंत्र के प्रयोग से किसी (आत्मा, देवता, भूत-प्रेत आदि)

अलौकिक शक्ति का आराधन करके, द्वारा कोई अभिप्रेत कार्य सम्पन्न करना है ।

2. तंत्र-मंत्र से प्राप्त अलौकिक [illegible]

manners — शिष्टाचार

व्यक्ति का वह व्यवहार जो समाज के मूल्यों एवं मानदंडों के अनुरूप हो।

materialistic monism — भूतैकतत्त्ववाद, पुद्गलैकतत्त्ववाद

यह तत्त्वमीमांसीय मत कि मूलतत्त्व एक है और वह भौतिक है।

materialistic realism — भौतिकवादी वास्तववाद

भौतिक वस्तुओं के ज्ञाननिरपेक्ष स्वतंत्र अस्तित्व में विश्वास रखनेवाला म[illegible]

materialisation — भौतिकीकरण

1. स्कॉलेस्टिक दर्शन में, भौतिक का 'आकार' ग्रहण कर एक पिंड या [illegible] बन जाना ।

2. प्रेतविद्या में, किसी आत्मा का [illegible] दृश्य आकार ग्रहण कर लेना ।

material cause — उपादान-कारण

अरस्तू के अनुसार, वह सामग्री जि[स] कोई वस्तु उत्पन्न होती है या बनाई जाती जैसे घड़े के प्रसंग में मिट्टी ।

material equivalence — वैषयिक तुल्यता

ऐसे दो कथनों का संबंध जो या तो दोनों सत्य होते हैं या दोनों असत्य ।

material logic — वस्तुपरक तर्कशास्त्र

तर्कशास्त्र का वह रूप जो विचारों की पारस्परिक संगति के साथ-साथ वास्तविकता से संगति को भी अध्ययन का विषय बनाता है ।

ial obversion

वैपर्ययिक प्रतिवर्तन

बेन (Bain) के अनुसार, प्रतिवर्तन का एक रूप, जिसमें निष्कर्ष के उद्देश्य और विधेय मूल प्रतिज्ञप्ति के उद्देश्य और विधेय के विपरीत या व्याघातक होते हैं, किंतु प्रतिज्ञप्ति के गुण में कोई परिवर्तन नहीं होता : जैसे 'युद्ध अशुभ है; ∴शान्ति शुभ है'। यह अनुमान अनुभव तथा ज्ञान पर आधारित होता है न कि प्रतिज्ञप्तियों के आकार पर।

rial truth

वास्तविक सत्यता

प्रतिज्ञप्तियों की वह तार्किक विशेषता जो तथ्यों से संगति होने से उनमें आती है।

rial implication

वस्तुगत आपादन

कोपी (Copi) के अनुसार "यदि— तो—" आकारवाला एक ऐसा कथन जिसका फल-भाग ("तो" वाला अंश) हास्यजनक ढंग से किसी असंभव बात को कहता है और इसलिए जिसका हेतु-भाग ("यदि" वाला अंश) असत्य होता है, जैसे "यदि रावण भला आदमी था तो मैं बंदर का मामा हूँ"। ऐसे कथन में हेतु और फल के मध्य कोई वास्तविक या तार्किक अनिवार्यता का संबंध नहीं होता। उसका उद्देश्य किसी बात का एक हास्यजनक तरीके से निषेध करना मात्र होता है।

hematical induction

गणितीय आगमन

अनंत धन-पूर्णांकों के बारे में कोई निष्कर्ष निकालने के लिये प्रयुक्त इस प्रकार की अनुमान-क्रिया : "0 में गुणधर्म ग है; यदि किसी धन-पूर्णांक अ में गुणधर्म ग है तो उसके अनुक्रमी अ+1 में भी वह गुणधर्म ग है; अतः प्रत्येक धन-पूर्णांक में गुणधर्म ग है।"

mathematical intuitionism गणितीय अंतःप्रज्ञावाद

ब्राउवर (Brouwer), हिटिंग (H.
आदि की विचारधारा, जिसने
दर्शन एवं तर्कशास्त्र की
दी और इस बात पर बल दिया
संप्रत्ययों तथा अनुमानों का
माध्यम से स्वतः ही स्पष्ट बोध होता

mathematical logic तर्कगणित

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र, जिसमें
भाषा के दोषों से बचने के लिए प्र
भाषा और गणितीय सांक्रियाओं का
किया जाता है ।

mathesis universalis सार्वभौम गणित

लाइपनित्स द्वारा प्रस्तावित एक
पद्धति जिसका प्रयोजन सभी
तर्क-प्रक्रियाओं को व्यक्त करने
एक समान और सबके लिए
प्रदान करना था । लाइपनित्स
को आधुनिक प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र
में पहला चरण माना जा सकता है ।

matter 1. भौतिक द्रव्य, पुद्गल

परिमाण, विस्तार, संहतत्व,
आकर्षण, विकर्षण, आदि गुणधर्मों
वह द्रव्य जिससे दृश्य जगत् की वस्तु
निर्माण हुआ है ।

2. उपादान; वस्तु

वह सामग्री जिससे कोई वस्तु
जाती है (material)

अरस्तू के अनुसार, आकार (form
भिन्न वह स्थूल और अनियत चीज़
आकार प्रदान किया जाता है ।

काण्ट के अनुसार, संवेदन की वह वैविध्य-पूर्ण सामग्री जो बलपूर्वक ज्ञानेंद्रियों के माध्यम से मन के सामने प्रस्तुत होती है तथा प्रागनुभविक आकारों (a priori forms) के द्वारा व्यवस्थित की जाती है।

…ism — यांत्रिकवाद

विश्व, प्रकृति या जीवित प्राणी को यंत्र के समान कुछ बंधे हुए नियमों के अनुसार स्वतः चलनेवाला माननेवाला सिद्धांत जो विशेष रूप से प्रयोजनवत्ता और संकल्प स्वातंत्र्य का विरोधी है।

…e inference — व्यवहित अनुमान

वह अनुमान जिसका निष्कर्ष एक से अधिक आधारिकाओं पर आश्रित होता है।

उदाहरण:

सब मनुष्य मरणशील हैं;

राम एक मनुष्य है;

∴ राम मरणशील है।

…e knowledge — व्यवहित ज्ञान

वह ज्ञान जो परोक्ष रूप में प्राप्त होता है, जैसे अनुमानमूलक या साक्ष्य से प्राप्त ज्ञान।

…ism — सुधारवाद, उन्नयनवाद,

यह मत कि विश्व न तो पूर्णतः बुरा है और न पूर्णतः अच्छा है, बल्कि, उसके अंदर शुभ-अशुभ की मात्रा परिवर्तनशील है, तथा मानव-प्रयत्न से उसको और अधिक अच्छा या शुभ बनाया जा सकता है।

…lism — मानसवाद

एक तत्वमीमांसीय सिद्धांत जो केवल मन और मानसिक अवस्थाओं को ही वास्तविक मानता है।

माननेवाली पुरानी धारणा का खंडन करके यह बताने के लिए प्रयुक्त शब्द कि उसका विवेच्य विषय सारे शास्त्र हैं।

nguage — अधिभाषा

वह भाषा जिसका प्रयोग किसी अन्य भाषा का विवेचन करने के लिए किया जाता है, अर्थात् दूसरे शब्दों में, जिसके प्रतीक किसी अन्य भाषा के प्रतीकों के गुणधर्मों का वर्णन करते हैं, जैसे व्याकरण की भाषा।

etalanguage — अध्यधिभाषा

वह भाषा जिसके माध्यम से अधिभाषा के विषय में चर्चा की जाती है।

ysical division — तात्त्विक विभाजन

किसी वस्तु का उसके गुणों में विश्लेषण, जैसे कुनीन की गोली का सूक्ष्मत्व, श्वेतत्व और कटुत्व के गुणों में विश्लेषण। इसको संप्रत्ययात्मक विश्लेषण भी कहा जाता है।

ysical dualism — तात्त्विक द्वैतवाद

विश्व के आधारभूत दो परस्पर भिन्न और स्वतंत्र द्रव्यों के अस्तित्व में विश्वास, जैसे आत्मा और पुद्गल में।

ysical essence — तात्त्विक सार

स्कॉलैस्टिक दर्शन में, किसी वस्तु की अनिवार्य विशेषताओं का योग, जिसके आधार पर वह अन्य वस्तुओं से पृथक की जाती है।

ysical evil — प्राकृतिक अशुभ, प्राकृतिक अनिष्ट

पैट्रिक (Patrick) के अनुसार, शारीरिक (एवं मानसिक) अशुभ तथा नैतिक अशुभ से भिन्न एक तीसरे प्रकार की बुराई जो विश्व में पाई जाती है : प्राकृतिक प्रकोप, जैसे भूचाल, अकाल, बाढ़ आदि।

विचाराधीन घटना के दो या अधिक दृष्टांतों में केवल एक बात समान हो तो केवल वह समान बात ही निर्दिष्ट घटना का कारण (या कार्य) है।"

ıod of difference — व्यतिरेक-प्रणाली

एक आगमनिक प्रणाली जिसका आधारभूत नियम मिल के अनुसार यह है : "यदि दो दृष्टांत ऐसे हों जिनमें से एक में विचाराधीन घटना होती है और दूसरे में नहीं होती, और दोनों में एक को छोड़कर बाकी प्रत्येक बात बिल्कुल तुल्य हो, तथा वह बात पहले दृष्टांत में उपस्थित और दूसरे में अनुपस्थित हो, तो वह बात जिसमें दोनों दृष्टांत भिन्न हैं विचाराधीन घटना के साथ कारण, कार्य अथवा कारण के एक अनिवार्य अंश के रूप में संबंधित है"।

ıod of elimination — निराम-प्रणाली

कार्य-कारण का आवश्यक संबंध स्थापित करने के लिए आकस्मिक या अनावश्यक तत्वों को निकाल बाहर करने की प्रणाली।

thod of residues — अवशेष-प्रणाली

एक आगमनिक प्रणाली जिसके आधारभूत सिद्धांत को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

"यदि यह ज्ञात हो कि क ख ग कार्य क^1 ख^1 ग^1 का कारण है और यह भी ज्ञात हो कि क क^1 का और ख ख^1 का कारण है, तो शेष ग ग^1 का कारण है"।

hodological psism — प्रणालीतंत्रीय अहंमात्रवाद, प्रणालीतंत्रीय सर्वाहंवाद

एक ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत जो दार्शनिक विवेचन का एकमात्र संभव आरंभ-बिन्दु

अहं (आत्मा) और उसकी प्र...
मानता है।

mthedology

1. प्रणालीतंत्र

विज्ञानों में अपनाई गई प्रा...
का समूह ।

2. प्रणालीविज्ञान

तर्कशास्त्र की शाखा-विशेष जो उन ...
या प्रक्रियाओं का विवेचन-विश्ले...
है जिनका अध्ययन के विशेष क्षेत्रों में
किया जाना चाहिए ।

macrocosm

विराट् विश्व

सूक्ष्म रूप में विश्व को निरूपित ...
अणु के विपरीत पूरा, विशाल, ब्रह्मां...

microcosm

अणुविश्व

विराट् विश्व के विपरीत, उसका
सूक्ष्म अंश, अणु, जो उसके ढांचे को छ...
पैमाने पर निरूपित करता है।

millenarianism

सहास्राब्दवाद, सहास्राब्दशासनवाद

ईसाइयों की एक मान्यता, जिसके ...
ईसा मानव-शरीर धारण करके ...
आकर एक हजार वर्ष तक शासन करेंगे।

mind-stuff theory

मनोद्रव्यवाद

यह सिद्धांत कि मन चैत कणों से ...
होता है जो भौतिक परमाणुओं के सदृ...
हैं ।

nima naturalia

भौतिक लघिष्ठ, भौतिक अल्पिष्ठ

अरस्तू के अनुसार, परमाणु, जो
भौतिक द्रव्य के विभाजन के अंत में ...
लघुतम अंश हैं और जिनका सिद्धांततः
विभाजन नहीं हो सकता ।

... arts

गौण कलाएं

मूर्तिकला एवं चित्रकला से भिन्न लघुरूप वस्त्र, मृद्‌भाण्ड आदि बनाने की कलाएँ।

...ism

नव्यद्वेष

नवीन के प्रति घृणा की भावना अथवा नई परिस्थिति से भयभीत होने की प्रवृत्ति।

... hypothetical ...gism

मिश्रित हेतु फलात्मक न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसकी साध्य-आधारिका हेतुफलात्मक, पक्ष-आधारिका निरुपाधिक तथा निष्कर्ष भी निरुपाधिक होता है।

उदाहरण : यदि वर्षा होती है तो उपज अच्छी होती है; वर्षा हुई है;

∴ उपज अच्छी होगी।

...ic causation

स्मृतिक कारणता

वह कारणता जिसमें अव्यवहित पूर्ववर्ती तत्त्वों के अतिरिक्त सुदूर अतीत में घटी हुई कोई घटना भी कार्योत्पत्ति के लिए उत्तरदायी होती है, जैसा कि स्मृति के प्रसंग में होता है।

...lism

पर्यायवाद

द्वितीय एवं तृतीय शताब्दी ईसवी मे ईसाई लोगों द्वारा मान्य एक सिद्धात जिसके अनुसार रव्रीष्टीय "त्रयी" में सम्मिलित पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा एक ही द्रव्य के तीन पर्याय (रूप) है।

...lity

निश्चयमात्रा

प्रतिज्ञप्तियों की वह विशेषता जिसके अनुसार वे (1) प्रकृत (2) अनिश्चयात्मक और (3) निश्चयात्मक, अथवा, कान्ट के मत मे, (1) वास्तविक (2) संभव और (3) अनिवार्य, इन तीन प्रकारों में विभाजित की जाती हैं।

modal proposition — निश्चयमात्रिक प्रतिज्ञप्ति

ऐसा कथन के द्वारा अभिव्यक्त जिसमें उसकी निश्चयात्मकता को बतानेवाला कोई शब्द ("अवश्य", इत्यादि) जुड़ा हो ।

mode — पर्याय

सामान्यतः किसी आधार की एक विशेष अभिव्यक्ति या अवस्था उसका कोई-रूप-भेद ।

देकार्त के दर्शन में, द्रव्य के गुणों से भिन्न कोई गौण और वह जो अपने अस्तित्व और लिए पराश्रित (द्रव्याश्रित)

स्पिनोजा के दर्शन में, एकमात्र है और विचार और विस्तार उसके हैं । "पर्याय" इन्हीं के परिच्छिन्न आत्माएं और शरीर, हैं ।

modus ponendo ponens — विधिविध्यात्मक हेतुफलानुमान

निम्नलिखित प्रकार का

यदि क तो ख;

क;

∴ ख,

इसमें पक्ष-आधारिका में हेतु किया जाता है और निष्कर्ष में विधान।

modus ponendo tollens — विधिनिषेधात्मक वियोजनानुमान

निम्नलिखित प्रकार का अनुमान

या तो क या ख;

क;

∴ ख नहीं ।

इसमें पक्ष-आधारिका एक विकल्प का विधान करती है और निष्कर्ष दूसरे विकल्प का निषेध करता है ।

ponens

विधायक हेतुफलानुमान

यह हेतुफलानुमान जिसमे पक्ष-आधारिका हेतु का विधान करती है और निष्कर्ष फल का ।

उदाहरण :

यदि क तो ख;

क;

∴ ख ।

llendo ponens

निषेधविध्यात्मक वियोजनानुमान

निम्नलिखित प्रकार का अनुमान :

या तो क या ख;

क नही;

∴ ख ।

इसमें पक्ष-आधारिका एक विकल्प का निषेध करती है और निष्कर्ष दूसरे विकल्प का विधान करता है ।

r proposition

अणु-प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमे सरल प्रतिज्ञप्तिया घटको के रूप में शामिल हों, जैसे "राम और मोहन गए" (राम गया और मोहन गया), "यदि क आता है तो ख जाता है" ।

n

मोलीनावाद

स्पेन के जेज्यूइट मोलीना (1535—1600) एवं उसके अनुयायियों का सिद्धांत जिसमें ईश्वर को सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान् मानते हुए भी मनुष्य को कर्म करने में स्वतंत्र माना गया है ।

चिदणु

लाइपनित्स के दर्शन में उन तात्त्विक सत्ताओं के लिए प्रयुक्त नाम जो चिद्रूप,

आणविक, विस्तारहीन, गतिमान
अविनश्वर और सप्रयोजन है।
भी इसी प्रकार की एक सत्ता
यद्यपि वह अन्यों की अपेक्षा
है। लाइपनित्स से पहले इस
ऑगस्टाइन, ब्रूनो और प्रोटेस्टेंट
में मिलता है।

monadology

चिदणुविद्या, चिदणुवाद

मुख्यतः लाइपनित्स का दार्शनिक
जो विश्व को ईश्वर के द्वारा पहले से
सामंजस्यपूर्ण एकता में बंधे हुए
आणविक एककों - चिदणुओं- का
है, जिसमें प्रत्येक स्पष्टता की विभिन्
में संपूर्ण विश्व को अपने विशेष
से प्रतिबिंबित करता है।

monasticism

मठवाद; भिक्षुधर्म मठचर्या

आध्यात्मिक विकास के लिए
विरक्त होकर आश्रम या मठ में
हुए चिंतन-मनन, ध्यान, तपश्चर्या
भ्यास का उपदेश करनेवाला सिद्धांत
जीवन-पद्धति।

monergism

ईशैककृतिवाद

ईसाई धर्मशास्त्र में एक मत जिसके
आध्यात्मिक पुनरुत्थान अकेले दैवी
से ही संभव है, उसमें मानव-संकल्प
योगदान नहीं होता।

monism

एकतत्त्ववाद; एकत्ववाद

1. तत्त्वमीमांसा में, यह मत कि
नानात्व से युक्त विश्व में मूलभूत
या सत्ता एक है, हालांकि उसके स्वरूप
लेकर यह विवाद हो सकता है कि
भौतिक है, आध्यात्मिक है अथवा दोनों

2. ज्ञानमीमांसा में, यह मत कि प्रत्यक्ष के बाहर जो वस्तु होती है वह तथा प्रत्यक्षकर्ता के मन में उसका जो प्रत्यय होता है वह एक है।

psychism — एकात्मवाद

यह मत कि आत्मा एक है और वह शाश्वत है तथा संसार में जो अनेक जीवात्मा हैं वे सब उसकी अभिव्यक्तियां हैं।

theism — एकेश्वरवाद

अनेक देवताओं की कल्पना के विपरीत यह धार्मिक विश्वास कि ईश्वर एक है।

le Carlo fallacy — मॉन्टी-कार्लो-दोष

आगमनिक तर्क में पाया जानेवाला एक दोष, जो तब होता है जब निकट भूत में एक घटना विशेष के आशा से कम बार घटने से यह अनुमान किया जाता है कि निकट भविष्य में उसके घटने की प्रसंभाव्यता बढ़ गई है।

l argument — नीतिपरक युक्ति

ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के उद्देश्य से मनुष्य की नैतिक प्रकृति के आधार पर विभिन्न कालों में विभिन्न विचारकों द्वारा प्रस्तावित युक्तियों में से कोई एक।

उदाहरण:

1. "नियम नियामक के बिना नहीं हो सकता; नैतिक नियम नियम है और मनुष्य उसका नियामक नहीं हो सकता; अतः ईश्वर उसका नियामक है।"

2. नैतिक कर्मों का फल देनेवाला कोई होना चाहिए; यह काम मनुष्य की शक्ति से बाहर है; अतः उसे सर्वशक्तिमान् ईश्वर

3. नैतिकता की एक तर्कसम्मत मा
है कि सदाचारी अंत में सुखी हो और
दुःखी; कोई सीमित शक्ति या व
नैतिकता का सुख से संयोग नहीं करा स
अतः ईश्वर का अस्तित्व होना चाहि
(कुछ ऐसे ही आधार पर दार्शनिक
ईश्वर को नैतिकता का एक अभ्युपगम मा

moral code

नीति-संहिता, आचार-संहिता

व्यक्ति के आचरण के औचित्य के
के लिए समाज द्वारा निर्धारित नैतिक
का संग्रह।

moral duty

नैतिक कर्तव्य

वह कर्तव्य जिसका पालन करने के
कानून तो बाध्य नहीं करता परन्तु
की नैतिकता के अनुसार जिसका पालन
की व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है।

moral evil

नैतिक अशुभ, नैतिक अनिष्ट

पैट्रिक के अनुसार, वह बुराई जो नै
के उल्लंघन से पैदा होती है, जैसे अन्याय
चोरी, घूसखोरी इत्यादि ।

(the) moral law

नैतिक नियम

विशेषतः कान्टीय नीतिशास्त्र में, व्य
हारिक तर्कबुद्धि का यह निरपेक्ष आ
कि केवल कर्तव्यबुद्धि से कर्तव्य करो
उसे कर्तव्य मानो जिसे तुम एक सार्व
सिद्धांत के रूप में स्वीकार कर सको।

moral institutions

नैतिक संस्थाएं

वे सामाजिक संस्थाएं जिनका नि
व्यक्ति की श्रेय, पुरुषार्थ या नैतिक
की प्राप्ति में सहायता करने के प्रयोजन
हुआ है, जैसे परिवार, विद्यालय, चर्च आदि

ity — 1. नैतिकता

व्यक्ति के कर्म, आचरण या चरित्र की वह विशेषता जो उसके नैतिक आदर्श के अनुरूप होने से या उसका अनुसरण करने से उसमें आती है।

2. नीति

नैतिक आदर्श की दृष्टि से आचरण का अध्ययन करनेवाला शास्त्र अथवा मुख्य रूप से मानव-स्वभाव, आदर्श और उसका अनुसरण करने के लिए बनाए गए नियमों से संबंधित विचारों का तंत्र विशेष।

ty of masters — प्रभु-नीति, स्वामि-नीति

जर्मन दार्शनिक नीत्चे (Nietzsche) के अनुसार, शक्तिमान् की नीति जिसमें साहस, पौरुष, उद्यम इत्यादि वीरोचित गुणों को प्राधान्य दिया जाता है। नीत्चे स्वयं भी इस नीति का समर्थक था।

ty of slaves — दास-नीति

जर्मन दार्शनिक नीत्चे के अनुसार, उपयोगिता के विचार से प्रेरित नीति जिसे सेवक-वर्ग या शासित-वर्ग अपनाता है और जिसमें विनय, धैर्य, शांति अहिंसा इत्यादि गुणों को प्राधान्य दिया जाता है। नीत्चे ने इस प्रकार की "स्त्रैण" नीति की निन्दा की है।

y religion — नीतिप्रधान धर्म

वह धर्म जो ईश्वर, परलोक इत्यादि परिकल्पनाओं को छोड़कर नैतिकता को प्रधानता देता है, जैसे बौद्ध धर्म।

optimism — नैतिक आशावाद

यह मत कि दुनिया की इस समय जो स्थिति है उसमें सुधार किया जा सकता है

है और अन्त में मनुष्य के नैतिक ... नैतिक आदर्श के अनुरूप बनाने में ... सिद्ध होंगे ।

moral sense theory

नैतिक संवित्तिवाद

मुख्य रूप से ब्रिटेन के शेफ्ट्सबरी ... हचेसन नामक नीतिशास्त्रियों का ... कि हमें कर्म के औचित्य और ... का बोध अंतर्विवेक से हो जाता है: जि... आंख, कान इत्यादि रूप, शब्द ... गुणों का साक्षात् ज्ञान करानेवाली ... हैं, उसी प्रकार अंतर्विवेक नैतिक गु... साक्षात् ज्ञान करानेवाली इंद्रिय है।

moral sentiment theory

नैतिक-भाव-सिद्धांत, व्यष्टि-अनुमोदन ...

नीतिशास्त्रीय सिद्धांतों के टी... हिल (T. E. Hill) के वर्गीकरण ... अनुसार, वह सिद्धांत जो नैतिक ... अनौचित्य के निर्णय को कर्म-विशेष के ... निर्णय करने वाले व्यक्ति के मन में ... अनुमोदन-अननुमोदन के भाव (जिसमें ... सा बौद्धिक अंश भी स्वीकार किया ग...) पर आधारित मानता है। ईश्वरानु... सिद्धान्त और समाजानुमोदन-सिद्धा... इसका भेद किया गया है ।

moral syllogism

नैतिक न्यायवाक्य

अरस्तू ने नैतिक आचरण को एक ... क्रिया की परिणति माना है : पहले ... को नैतिक मानक का बोध होता है, ... उसे परिस्थिति विशेष में कर्म-विशे... उस मानक के अनुरूप होने का बोध ... है और तब वह तदनुसार आचरण क... है। इन तीनों चरणों को क्रमशः न्यायवा... की साध्य-आधारिका, पक्ष-आधारिका ...

निष्कर्ष के रूप में लिया जा सकता है। यही "नैतिक न्यायवाक्य" है।

'al theology — नैतिक धर्मशास्त्र, नैतिक ईश्वरमीमांसा

संकुचित अर्थ में, धर्मशास्त्र की वह शाखा जो ईसाई धर्मावलंबियों के जीवन का ईश्वरीय इच्छा के संदर्भ में अध्ययन करती है। व्यापक अर्थ में, मानवीय जीवन की समस्या का, उसके नैतिक लक्ष्यों का, उसके नैतिक मानकों का और मानव के नैतिक आचरण का तथा इन सबका ईश्वर से जो संबंध है उसका अध्ययन करने वाला शास्त्र।

lortification of the flesh — आत्म-यातना

आध्यात्मिक उपलब्धि के लिए संयम और त्याग का आचरण करते हुए नैसर्गिक इच्छाओं का दमन तथा प्रायश्चित्त के रूप में अथवा तप इत्यादि के द्वारा शरीर को कष्ट देना।

saic philosophy — कुट्टिम दर्शन

विश्व को मोज़ेक के समान विभिन्न रूप-रंगों वाले मौलिक तत्वों से निर्मित माननेवाला सिद्धांत : आलोचकों द्वारा बहुतत्त्व वादी दर्शन के प्रति अवशंसा का भाव प्रकट करने के लिए प्रयुक्त पद।

ltiformity — बहुरूपता

स्टेबिंग (Stebbing) के अनुसार, एकसाथ देखी गई ऐसी घटनाओं का एक समूह जिनमें से कोई एक या अधिक अन्य अवसरों पर अन्यों की अनुपस्थिति में घटित होती है : समूह घटनाओं के अलावा गुणों या विशेषताओं का भी हो सकता है।

multiple location theory

अनेकत्र-स्थिति-सिद्धांत

सहज वास्तववाद को मानने में इत्यादि मिथ्या प्रत्यक्षों से जो बाधा होती है उससे उसे बचाने के उद्देश्य से एन० व्हाइटहैड द्वारा प्रस्तावित वह सि कि वस्तु एक स्थान पर सीमित नहीं है बल्कि अनेक स्थानों में स्थित होती है। वह सभी दिशाओं और सभी दूरि पहुंची होती है और उन दिशाओं और के अनुरूप उसमें अनेक गुण आ जो परस्पर विरोधी तक हो सकते हैं। एक सिक्के की दीर्घवृत्तीयता और वर्तु

multiple relation theory

बहु-संबंध-सिद्धांत

निर्णय को निर्णयकर्ता का मन (वि तथा बाह्य पदार्थ (विषय) जिसे प्रति कहा गया है, इन दो पदों का संबंध वाले बर्ट्रेंड रसेल इत्यादि का मत। निर्णय में एक घटक तो निर्णयकर्ता (विषयी) होता है और अन्य प्रति के अंश होते हैं जिन्हें विषयी एक निर्दि क्रम प्रदान करता है। उदाहरणार्थ, का यह विश्वास कि रावण सीता को कर ले गया, इन अनेक घटकों का एक है : जटायु (विषयी) रावण, सीता, ले जाना (प्रतिज्ञप्ति के अंश जो नियत क्रम में है)।

mundus intelligibilis

प्रज्ञा-लोक

प्लेटो के अनुसार, प्रज्ञागम्य का लोक जिसमें दृश्य जगत् की वस्तु का प्रतिमान विद्यमान रहता है।

mysticism

रहस्यवाद

वह धार्मिक आस्था अथवा पद्धति जो ईश्वर के अपरोक्षानुभव पर

अपने सकीर्ण अहं की सीमाओं को तोड़कर उसमें लीन हो जाने या उससे अभेद स्थापित करने पर बल देती है तथा इस प्रयोजन की प्राप्ति के लिए योग-मार्ग मे बताए गए एकांत चिंतन, मनन, ध्यान, समाधि इत्यादि उपायों का आश्रय लेती है इस पद्धति में ईश्वर के ज्ञान के लिए बुद्धि को असमर्थ माना गया है और उसके अनुभव को अनिर्वचनीय आनन्द की स्थिति माना गया है, जो तर्क और भाषा से परे है।

aive realism सहज वास्तववाद

जन-साधारण का मत, जो अनालोचनापूर्वक या बिना छान-बीन किए सहज रूप से यह मान लेता है कि बाह्य जगत् का अस्तित्व है और उसे प्रत्यक्ष से जाना जा सकता है।

arrative proposition आख्यानात्मक प्रतिज्ञप्ति

जॉनसन के अनुसार, यह प्रतिज्ञप्ति जिसके उद्देश्य-पद के पहले कोई निर्देशात्मक या उपस्थापक विशेषण लगा होता है, जैसे, "एक छाताधारी सैनिक नीचे उतरा," "वह व्यक्ति बड़े गुस्से मे था" इत्यादि। इस तरह की प्रतिज्ञप्तियां उपन्यासों, कथा-कहानियो और इतिहास की पुस्तकों में प्रायः होती हैं। जॉनसन ने "टीका-प्रतिज्ञप्ति" (commentary proposition) अर्थात् कोई सामान्य बात बतानेवाली प्रतिज्ञप्ति से इसका भेद किया है।

ativism सहजज्ञानवाद, प्रकृतज्ञानवाद

यह सिद्धांत कि मन में ज्ञान के ऐसे तत्व विद्यमान हैं जो संवेदन से प्राप्त नही हुए हैं। इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जर्मन

विचारक हेल्महोल्त्स (1821-1894) इस सिद्धांत के लिए किया था कि ज्ञान में कुछ तत्व आनुवंशिक होते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्युत्पन्न रूप से प्राप्त होते हैं।

natural dualism

प्राकृत द्वैतवाद

प्रत्यक्ष को इस बात का असंदिग्ध माननेवाला सिद्धांत कि 'मन' और 'द्रव्य' दोनों का स्वतंत्र और अलग है।

natural experiment

प्राकृतिक प्रयोग

उन घटनाओं के लिए प्रयुक्त नाम प्रकृति स्वयं ही ऐसी विशेष परिस्थिति उत्पन्न कर देती है जिन्हें प्रयोगशाला कृत्रिम रूप से पैदा करना संभव नहीं और फलतः जिनमें एक असाधारण या दुर्लभ घटना का वैज्ञानिक प्रेक्षण का सुअवसर प्रकृति स्वयं प्रदान है, जैसे ग्रहण।

naturalism

प्रकृतिवाद

1. यह विचारधारा कि विश्व में होने वाली किसी भी प्रक्रिया या घटना के किसी अतिप्राकृतिक शक्ति का हाथ है, सब कुछ प्रकृति से व्युत्पन्न है और कारण-नियम के द्वारा व्याख्येय है, प्रकृति के अन्दर कोई प्रयोजन काम नहीं कर रहा है, तथा मानवीय व्यवहार और नैतिक तथा सौंदर्यमीमांसीय मूल्यों को समझने के लिए भी किसी आध्यात्मिक सत्ता का सहारा लेने की जरूरत नहीं है।

2. सौंदर्यशास्त्र में यह मान्यता कि कलाकार को अपने भौतिक पर्यावरण

सूक्ष्म प्रेक्षण करके केवल प्रकृति की विशेषताओं का ही स्पष्टतः चित्रण करना चाहिए।

ralistic ethics — प्रकृतिवादी नीतिशास्त्र

नीतिशास्त्र को एक आनुभविक विज्ञान माननेवाला, नैतिक समस्याओं को प्राकृतिक विज्ञानों में हुई खोजों के आधार पर समाधेय और नैतिक संप्रत्ययों को पूर्णतः प्राकृतिक विज्ञानों के संप्रत्ययों के द्वारा व्याख्येय माननेवाली विचारधारा।

ralistic fallacy — प्रकृतिवादी दोष

प्रकृतिवादी नीतिशास्त्र में अ-नीतिशास्त्रीय आधारिकाओं से नीतिशास्त्रीय निष्कर्ष निकालना, अर्थात् नीतिशास्त्रीय संप्रत्ययों (यथा "शुभ") की प्राकृतिक विज्ञानों के संप्रत्ययों (यथा "सुख") के द्वारा परिभाषा देना, जिसे जी० ई० मूर (G. E. Moor) तथा उनके अनुयायियों ने अनुचित कहा है।

ralistic humanism — प्रकृतिवादी मानवतावाद

फ्रेंच दार्शनिक ऑगस्त कांत आदि का मत जो समस्त मानवता के हित को सर्वोच्च नैतिक आदर्श मानता है तथा अतिप्राकृत में विश्वास न करके मानवता से संबंधित प्रश्नों को तर्क, विज्ञान, तथा लोकतन्त्रीय प्रणालियों के द्वारा हल करने का प्रस्ताव करता है।

ural philsosophy — प्रकृतिशास्त्र, प्रकृतिविज्ञान

प्रकृति का सामान्य अध्ययन करनेवाला शास्त्र।

ural realism — प्राकृत वास्तववाद, नैसर्गिक वास्तववाद

ज्ञानमीमांसा में यह सिद्धांत कि संवेदन और प्रत्यक्ष ज्ञान के विश्वसनीय साधन

हैं और इनसे बाह्य जगत्
अस्तित्व का असंदिग्ध प्रमाण
है।

natural sanction — प्राकृतिक अनुशास्ति

शारीरिक कष्ट, रोग और
हमें स्वास्थ्य इत्यादि के प्राकृ
का उल्लघंन करने के फलस्वरू
है और इस प्रकार जो हमें ...
रण करने के लिए प्रेरित करते
(Bentham) के द्वारा बताई हुई
की बाह्य अनुशास्तियों में से ए

natural slave doctrine — नैसर्गिक-दास-सिद्धांत

अरस्तू का यह सिद्धांत कि
की कार्य-क्षमता में भिन्नता होने
समाज में दास और स्वामी के व
रूप से बन जाते हैं।

natural theology — प्राकृतिक ईश्वरमीमांसा

ईश्वर के अस्तित्व, स्वरू
से संबधित दर्शन की वह शाखा
तथ्यों और घटनाओं के प्रेक्षण को
ज्ञान का आधार तथा मनुष्य को
रूप से प्राप्त तर्कबुद्धि को उसका
मानती है। इसका एक ओर
तथा दूसरी ओर "इलहामी ई
अर्थात् ईश्वर-प्रेरित अनुभव म
ईश्वरीय ज्ञान का साधन माननेवाली
मीमांसा से भेद किया गया है।

natura naturans — कारण-प्रकृति

इब्न रुश्द (Ibn-Rushd), नि
कूसेनस (Nicholas Cusanus),
(Bruno) इत्यादि मध्ययुगीन
निकों द्वारा अव्यक्त या कारणरू

के लिए प्रयुक्त पद। प्रपचात्मक जगत् का यह सारभूत रूप है और इस रूप मे ईश्वर से उसका अभेद होने से "अव्यक्त प्रकृति" ईश्वर का ही नामांतर माना जाना चाहिए। इस पूरे प्रपच या सपूर्ण सृष्टि के मूल मे वही प्रेरक शक्ति के रूप में वर्तमान है।

a naturata — कार्य-प्रकृति

मध्ययुगीन दर्शन मे, सपूर्ण वस्तुजात, प्रपचात्मक सृष्टि, या नानावस्तुमय संसार जो कि "कारण-प्रकृति" का व्यक्त रूप है।

e philosophers — प्रकृति-मीमासक, प्रकृति-दार्शनिक

सुकरात से पहले के भौतिकविद्याविदो तथा यूरोपीय पुनर्जागरण-युग के उन दार्शनिकों को दिया गया नाम जिन्होंने भौतिक बातो के अध्ययन में रुचि को पुनः जाग्रत किया।

आम लोगो और विद्वानो की पुनर्जागरण काल से पहले बाइबिलीय धर्म पर जो अध श्रद्धा हो गई थी उसके टूटने पर प्रकृति के प्रक्षण को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। पुनर्जागरण के तीन उल्लेखनीय प्रकृति-दार्शनिक हैं : टेलेसिओ (Telesio) ब्रूनों (Bruno) और काम्पानेला (Campanella)

e-religion — प्रकृति -प्रधान धर्म

एक वर्गीकरण के अनुसार, नीतिप्रधान *धर्म (morality religion) से भिन्न* वह धर्म जिसमें प्राकृतिक शक्तियो की उपासना और तत्संबंधी कर्मकाड को प्रधानता दी जाती है।

e worship — प्रकृति-पूजा

मूलतः सभ्यता के प्रारंभिक काल मे समुचित ज्ञान के अभाव में मानव के द्वारा

प्रकृति की उपकारक शक्तियों की, प्रकाशन तथा अधिक अनुग्रह के लिए मानकर की जानेवाली उपासना और शक्तियों की उनके कोप की शांति के उपासना ।

naturism

1- प्रकृति-पूजा
प्राकृतिक शक्तियों के प्रकोप से उनकी पूजा ।

2- प्रकृतिदेववाद
यह सिद्धांत कि आदिम धर्म, या प्रकृतिक शक्तियों को देवता चलनेवाला और उनकी उपासना का एक रूप था ।

necessary proposition

अनिवार्य प्रतिज्ञप्ति
पारंपरिक तर्कशास्त्र में, वह जो किसी बात को अनिवार्य बताए जैसे "त्रिभुज के तीनों कोणों का योग ... अनिवार्यतः होता है", "जो पैदा हुआ अवश्य मरेगा" इत्यादि ।

necessitarianism

अवश्यतावाद
यह सिद्धांत कि विश्व की प्रत्येक कारणों के द्वारा निर्धारित होती है, के उपस्थित होने पर घटना अनिवार्य से होती है, कुछ भी आकस्मिक नहीं तथा भौतिक और मानसिक गुण भी ... नहीं है । यह अवश्यता या ... को सार्वभौम माननेवाला सिद्धांत है। नियतत्ववाद (determinism) ... नियतता के क्षेत्र में अर्थात् मानवीय ... पर लागू होनेवाला रूप-भेद है।

necromancy

कर्णपिशाची विद्या
प्रेतात्माओं की सहायता से भविष्य ... करने की तथाकथित विद्या ।

tionism — निषेधमात्रवाद

किसी नए सुझाव को दिए विना या विकल्प को बताए विना स्वीकृत विश्वासों का निषेध मात्र करने का सिद्धात ।

tive condition — अभाव-उपाधि

मिल के अनुसार, कार्योत्पत्ति को रोकनेवाले कारक का अभाव, जैसे, फिसलकर गिरनेवाले आदमी के प्रसग मे अवलंब का अभाव ।

tive definition — निषेधात्मक परिभाषा

वह परिभाषा जो किसी पद के विषय मे यह बताने के बजाय कि वह क्या है, यह बताए कि वह क्या नही है । ऐसी परिभाषा को तब दोषयुक्त माना जाता है जब परि-भाष्य पद निषेधात्मक नही होता । उदाहरण : "प्रकाश वह है जो अंधकार न हो ।"

tive proposition — निषेधक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो निषेध के रूप मे हो, यानी जिसमें किसी बात का निषेध हो, जैसे "कोई भी मनुष्य पूर्ण नही है"। पारपरिक तर्कशास्त्र में, 'ए' (E) (सर्वव्यापी निषधक) और "ओ" (O) (अशव्यापी निषेधक) निषेधक प्रतिज्ञप्तिया है ।

tive term — अभावात्मक पद

वह शब्द या शब्द-समूह जो किसी गुण या वस्तु के अभाव को प्रकट करे, जैसे : "बुद्धिहीन", "अमानव", "अश्वेत" इत्यादि ।

ative value — नास्ति-मूल्य

"वैल्यू" वह विशेषता है जो मूल्यवान चीजों में होती है, और एक प्रयोग के

शुभ के साथ ही अशुभ के लिए भी इस शब्द का समानतः प्रयोग होने लगा है, और इन दोनों में अन्तर बनाए रखने के लिए शुभ को "positive value" और अशुभ को "negative value" कहा जाता है।

negativism

निषेधवाद

सत्य की प्राप्ति में संशय करने वाला अथवा सत्य की प्राप्ति को असंभव मानने वाला, या सत्ता का, विशेषतः दृश्य जगत् का, निषेध करनेवाला सिद्धांत।

neglective fiction

अपाकर्षी कल्पितार्थ

हान्स फाइइंगर (Hans Vaihinger) के अनुसार, वह कल्पितार्थ यानी अवास्तविक परन्तु व्यवहारोपयोगी संप्रत्यय जिसमें विचार की सरलता के लिए जटिल तथ्यों में से कुछ बातों को निकालकर शेष तत्वों को रख लिया जाता है।

neo-criticism

नव्य-संपरीक्षावाद, नव्य-समालोचनावाद, नव्य-समीक्षावाद

फ्रेंच दार्शनिक कूर्नो (Cournot) ने अपने दार्शनिक सिद्धांत को दिया यह नाम। रिनूविए (Renouvier) भी कांट की समीक्षात्मक प्रणाली को लेकर चला और उसका प्रारंभिक सिद्धांत भी इस नाम से अभिहित होता है। परन्तु वह कांट के "पारमार्थिक जगत्", तथा "वस्तु-निज-रूप" को नहीं मानता। उसके उत्तरकालीन दार्शनिक सिद्धांत के लिए "व्यक्तित्ववाद" अधिक उपयुक्त अभिधान है।

neo-idealism

नव्य-प्रत्ययवाद

इटली में क्रोचे (Croce) तथा जेंटीले (Gentile) के नेतृत्व में विकसित नव्य-हेगेलवाद का नामान्तर। इस

मत में हेगेल के एक "मूर्त सामान्य" के बजाय दो "मूर्त्त सामान्य" माने गए हैं, हेगेल के सर्वबुद्धिवाद को छोड़ दिया गया है, क्रियाशीलता पर बल दिया गया है तथा दर्शन की ऐतिहासिक व्याख्या की गई है।

·intuitionism — नव्य-अन्तः प्रज्ञावाद

उचितानुचित के ज्ञान को अतः प्रज्ञामूलक और परिणाम-निरपेक्ष माननेवाले ऑक्सफोर्ड के रॉस (Ross) प्रिचर्ड (Prichard) कैरिट (Carritt) इत्यादि कुछ समसामयिक विचारकों का मत।

logy — नव्य-प्रयोग

सामान्यतः नए शब्द का प्रयोग अथवा पुराने शब्द का परंपरा से भिन्न किसी नए अर्थ में प्रयोग। विशेषतः धर्मशास्त्र मे, कोई नई व्याख्या अथवा कोई नया सिद्धांत जो परपरा को मान्य न हो, जैसे बाइबिल इत्यादि धर्मशास्त्रों के आप्तत्व को चुनौती देनेवाला तर्कबुद्धिवाद।

Platonism — नव्य-प्लैटोवाद

अलेक्जेंड्रिया में दूसरी शताब्दी ईसवी में अमोनियस सैकास (Ammonius Saccas) द्वारा चलाया गया एक मत जो मुख्यतः प्लैटो के प्रत्ययवाद और गौणतः अरस्तू, स्टोइक इत्यादि तत्कालीन विचारधाराओं से लिए गए अंशो का मिश्रण था। प्रोक्लस (Proclus) के समय तक इस मत का प्रभाव रहा।

सत्रहवीं शताब्दी में कैम्ब्रिज, इंगलैंड में कडवर्थ (Cudworth) और हेनरी मोर (Henry More) के प्रभाव से प्लैटो के

दर्शन का जो पुनरुद्धार हुआ वह और
से प्रसिद्ध है।

neo-Thomism

नव्य टॉमसवाद

समसामयिक दर्शन में, वह
जो विज्ञानमीमांसा, समाजमीमांसा,
राजनीतिमीमांसा की समस्याओं पर
टॉमस अक्वाइनस के सिद्धांतों की
में विचार करती है। इसके प्रतिनिधि
(Maritain), एड्लर (Adler)
(Noel) इत्यादि हैं।

nescience

अविद्या, अज्ञान

विशेष रूप से, ईश्वर, आत्मा और,
के अज्ञान की अवस्था; परमार्थ-तत्व
का अभाव।

neuter proposition

अनुभय प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो न सत्य हो
असत्य, जैसे "आज से पाँच वर्ष
तीसरा महायुद्ध होगा"। इस तरह
प्रतिज्ञप्तियों की सत्यता-असत्यता को
ने संदिग्ध माना था और मध्ययुगीन
शास्त्रियों ने इन्हें अनुभय माना।

neutral monism

तटस्थ एकतत्त्ववाद, निर्विशेष एकतत्त्व

विलियम जेम्स के निबंध "
consciousness exist ?" में प्रस्तुत
से प्रेरित यह सिद्धांत कि मानसिक
भौतिक उन चरम सत्ताओं के मध्य
हैं जो स्वयं न मानसिक हैं और न भौतिक
यह मत गुणात्मक रूप से एकतत्त्ववादी
क्योंकि मूल सत्ताएं एक ही प्रकार की
हालांकि उनकी संख्या बहुत मानी गई है।

l stuff — तटस्थ वस्तु, उभयेतर वस्तु

कुछ दार्शनिकों के अनुसार, ऐसी वस्तु जो न मानसिक है और न भौतिक, किन्तु जो दोनों के मूल में है, अर्थात् जिससे जड़ और चेतन दोनों की उत्पत्ति हुई है।

n — तटस्थ वस्तु, अनुभय वस्तु

देखिए neutral stuff

alism — नव्य-वास्तववाद

बीसवीं शताब्दी के आरंभ की एक विचार-धारा जो प्रत्ययवादी तत्वमीमांसा के विरोध में आरंभ हुई। इसने मन के विपरीत बाह्य वस्तुओं को प्राथमिकता दी। इसके अनुसार प्रकृति मूल है और मन उसका एक अंश है; बाह्य जगत् मन से स्वतंत्र अस्तित्व रखता है। इसकी दो शाखाएं हैं : एक का विकास जी० ई० मूर के नेतृत्व में इंगलैंड में हुआ और दूसरी का अमेरिका में, जहां होल्ट, मार्विन, मॉन्टेग्यू, पेरी, पिटकिन और स्पॉल्डिंग ने एक ही मंच से इसका उद्घोष किया।

t in intellectu quod prius — नास्ति संवेदने यत्तत् बुद्धावपि न वर्तते

लैटिन भाषा का एक सूत्र जिसका अर्थ है : "कोई भी ऐसी बात बुद्धि में नहीं होती जो पहले संवेदन में न रह चुकी हो।" अर्थात् उच्चतर चिंतन-मनन की सारी सामग्री ज्ञानेन्द्रियों के व्यापार से प्राप्त होती है। इसमें व्यक्त संवेदनवादी सिद्धांत के मानने-वालों में प्रमुख अरस्तू, संत टॉमस और लॉक थे।

: nibilo — नासत् : किंचित्

"असत से कुछ उत्पन्न नहीं होता"। यह सूत्र पर्याप्त-हेतु-सिद्धांत का निषेधात्मक रूप है।

nihilism

1. नास्तिवाद, शून्यवाद

यह मत कि ससार में किसी
अस्तित्व नही है, या किसी वस्तु
ज्ञान प्राप्त नही हो सकता है।
मूल्यवान नही है।

2. विनाशवाद, विध्वंसवाद

एक समाजशास्त्रीय सिद्धांत
इसका तात्पर्य यह है कि सामाजिक
सब सामाजिक एवं राजनीतिक
विनाश करके ही संभव है।

nominal definition

शाब्दिक परिभाषा

एक मत के अनुसार, वह परि
वस्तु की नही बल्कि शब्द या
होती है।

इसमें कुछ तर्कशास्त्रियों का
है कि परिभाषा सदैव नाम या
ही होती है, वस्तु की बताती
अतः कोपी (Copi) इत्यादि
तर्कशास्त्री इस पद को "स्वनिर्
भाषा" का पर्याय मानते हैं।
देखिए "stipulative definition"।

nominal essence

शाब्दिक सार

जॉन लॉक के अनुसार, मन
कोई जटिल प्रत्यय जिसे कोई
दिया गया हो और जो उस
परिभाषा का आधार बनता है।
"real essence" ("वास्तविक
से भेद किया गया है।

nominalism

नामवाद

यह सिद्धांत कि सामान्य कोई
चीज नहीं है जिसका समर्थित
हो। "मनुष्य" इत्यादि जो

पद हैं, जिनका एक से अधिक व्यष्टियों के लिए प्रयोग होता है, वे किसी ऐसी चीज के अस्तित्व के सूचक नहीं होते जो उन व्यष्टियों में समान हो, व्यष्टियों में समान केवल नाम होता है।

...ogical proposition — नियम-प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो प्रकृति के किसी नियम को व्यक्त करे, जैसे "समुद्र की सतह पर पानी 32° फा० पर जमकर बर्फ बन जाता है," "प्रत्येक भौतिक पिंड प्रत्येक अन्य भौतिक पिण्ड को अपनी ओर खींचने की शक्ति रखता है" इत्यादि।

...entre theory — न-केन्द्र-सिद्धांत

सी० डी० ब्रॉड के अनुसार, मानसिक एकता का कारण किसी एक केन्द्र भूत सत्ता को न मानकर एक काल में होनेवाली मानसिक घटनाओं का सीधे पारस्परिक संबंधों से जुड़े होने को माननेवाला सिद्धांत।

...ogitative substance — अचितक द्रव्य

लॉक के अनुसार, वह द्रव्य जिसमें चिंतन की शक्ति न हो।

...ognitivist theory — निस्संज्ञानवादी सिद्धांत

कर्मों को शुभ-अशुभ, सदसत्, या भला-बुरा बतानेवाले नैतिक निर्णयों को किसी वस्तुगत गुण का नहीं बल्कि व्यक्ति की अभिवृत्ति (अनुमोदन इत्यादि) या अनुभूति का अभिव्यंजक माननेवाला सिद्धांत।

...-collective term — असमूह-पद, असमष्टि-पद

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, वह पद जो किसी समूह के लिए प्रयुक्त न हो, जैसे 'मनुष्य'।

non-connotative term — न-वस्तुगुणार्थक पद।

जॉन स्टुअर्ट मिल के अनुसार
जिसका या तो केवल वस्त्वर्थ
केवल गुणार्थ, न कि दोनों
"जेम्स" (केवल वस्त्वर्थ) या
(केवल गुणार्थ)।

non-dualism — अद्वैतवाद

भारतीय दर्शन के "अद्वैतवाद"
अंग्रेजी पर्याय। अद्वैतवाद में ब्रह्म
मात्र सत्य माना गया है और
को मिथ्या। नानात्व माया के
प्रतीत होता है और इसलिए
दृष्टि से असत् है।
ब्रह्म है, पर उसे 'एक'
अद्वैत कहा गया है: 'एक' इसलिए
कि ब्रह्म निर्विशेष है; 'एक'
सविशेष बना देने के समान है
उसके लिए अद्वैत इत्यादि
शब्दों का प्रयोग अधिक समीचीन

non-ethical — निर्नीतिशास्त्रीय; निर्नैतिक

नीतिशास्त्र या नैतिकता के
वहार या; वह जिसपर नैतिक
संप्रत्यय लागू ही न हों: जो
हो और न अशुभ।

non-inferential fallacies — अनानुमानिक दोष

निगमन के वे दोष जो अनुमान
नहीं हैं, जैसे परिभाषा और
के दोष।

non-logical fallacies — न-तार्किक दोष

देखिए 'extra-logical fallacies'

ral — निर्नैतिक; निर्नीति शास्त्रीय

वह जो न नैतिक हो और न अनैतिक, न नीतिशास्त्रीय हो और न अनीतिशास्त्रीय।

mative ethics — न–आदर्शक नीतिशास्त्र,

न–नियामक नीतिशास्त्र

नीतिशास्त्र का वह भाग जिसमें वर्णनात्मक कथन समाविष्ट होते हैं, जैसे, "हिमाचल प्रदेश के कुछ समुदायों में परिवार के सब भाइयों की एक ही पत्नी होती है और इसे बुरा नहीं माना जाता," "अच्छे बुरे की धारणाएं देश-कालानुसार बदलती रहती हैं" इत्यादि।

exive relation — न-परावर्ती संबंध

ऐसा संबंध जो न परावर्ती हो और न अपरावर्ती, जैसे 'प्रेम करना', 'घृणा करना', 'आलोचना करना,' इत्यादि (क्योंकि अ का स्वयं से न ये काम करना जरूरी है और न ये काम न करना)।

metrical relation — न-सममित संबंध

वह संबंध जो यदि क का ख के साथ है तो ख का क के साथ कभी होता है और कभी नहीं होता, जैसे भाई का संबंध. यदि क ख का भाई है तो ख क का कभी भाई होता है और कभी बहन, अर्थात् भाई नहीं होता।

nsitive relation — न-संक्रामी संबंध

वह संबंध जो न संक्रामी हो और न असंक्रामी, जैसे "प्रेम करना" (क्योंकि यदि अ ब से प्रेम करता है और ब स से प्रेम

करना है, तो न वा म से व
जरूरी है और न उसमें प्रेम

normative science — मानकीय विज्ञान, आदर्शक वि

तथ्यों और उन प्राकृति
जिनका अनुसरण तथ्य और
करते हैं, अध्ययन करनेवाले
विज्ञान के विपरीत, उन आदर्शों
तथा मानकीय नियमों का
ढंग से अध्ययन करनेवाला ज्ञा
अनुसार जीवन, समाज इत्या
चलना चाहिए, जैसे नीतिशास्त्र
शास्त्र और तर्कशास्त्र।

notiones communes — सर्वजनीन प्रत्यय

स्टोइको (Stoics) द्वारा
अशुभ और ईश्वर के प्रति
संबंधित प्रत्ययों के लिए
पद का, जो उनके अनुसार
व्यक्ति में स्वाभाविक रूप से
है, सिसरो-कृत लैटिन अनुवाद।

noumenal world — पारमार्थिक जगत्

इंद्रियों को प्रतीत होनेवाले (P
menal) जगत् के विपरीत वह
जो कि वास्तविक है. कान्ट के
यह जगत् अज्ञेय है।

noumenon — परमार्थसत्

शुद्ध चिंतन का विषय, जो सर्वे
अंशों से बिल्कुल मुक्त हो। इस
में प्लेटो ने "प्रत्ययों" के लिए इ
का प्रयोग किया था।

कान्ट ने इसका प्रयोग "वस्तु-निज
(thing-in-itself) के लिए कि
और उसे अनैंद्रिय प्रत्यक्ष का वि

कहा है। चूंकि अनेंद्रिय प्रत्यक्ष हो नहीं सकता, इसलिए इसे कान्ट ने अज्ञेय माना है। परन्तु शुद्ध बुद्धि के द्वारा अज्ञेय होने के बावजूद कान्ट ने इसे व्यावहारिक बुद्धि का एक अभिगृहीत कहा है, अर्थात् नैतिक हेतुओं से इसकी आवश्यकता स्वीकार की है।

नाउस, बुद्धितत्व

यूनानी दर्शन में, मन, विशेष रूप से, इसकी प्रधान शक्ति, तर्कबुद्धि। संकुचित अर्थ में यह विज्ञान के प्रथम सिद्धांतों का तथा शाश्वत द्रव्यों का ज्ञान करानेवाली शक्ति है।

sition रिक्त प्रतिज्ञप्ति।

वूल श्रडर तर्क-बीजगणित में, वह प्रतिज्ञप्ति जो कभी सत्य नहीं होती अर्थात् सदैव मिथ्या होती है।

tion रिक्त संबंध

वूल-श्रडर तर्क-बीजगणित में, वह संबंध जो विश्व की किसी भी चीज का किसी अन्य चीज से नहीं होता।

दिव्य तत्व

जर्मन धर्मशास्त्री रूडोल्फ ओटो (Rudolf Otto 1869-1937) के अनुसार, एक विशेष और विचित्र प्रकार की दिव्यानुभूति ("numinous feeling") को जन्म देनेवाला दिव्य तत्व अर्थात् इस अनुभूति का विषय। इस अनुभूति में भीति, आश्चर्य, श्रद्धा, मूल्य इत्यादि अनेक तत्त्वों का समावेश रहता है और इन सबसे वह भिन्न है।

numinous — दिव्यानुभूति

रुडोल्फ ओटो के ...
धर्मात्मा व्यक्ति की मन...
उसको एक अद्भुत, चमत्का...
पवित्र, प्रेरणादायक शक्ति ...
होता है और उसमें भय ...

O

objectivation — विषयीकरण; विषयी भवन

वह मानसिक प्रक्रम जि...
संवेदन संवेत्ता की एक आंतरि...
से बदलकर बाह्य वस्तु ...
बन जाता है।

objective — वस्तुपरक, वस्तुनिष्ठ, विषयनिष्ठ

ज्ञाता के मन से स्वतंत्र रूप ...
जगत् में अस्तित्व रखनेवाल...
ऐसी वस्तु से संबंधित; ज्ञाता ...
या मन से निरपेक्ष अर्थात्...
निर्भर न रहने वाला; "sub...
का विलोम ।

objective ethics — वस्तुपरक नीति

1. वह नीति या वह आचार...
जिसका आधार व्यक्ति का ...
में नियत स्थान होना है, ...
संस्कृति में व्यक्ति के वर्ण और...
पर आधारित कर्तव्यों से संबंधि...
इस अर्थ में यह सामाजिक ...
पर्याय है।

2. वह नीति जो अच्छाई-बु...
व्यक्ति के भावों पर नहीं ...
वस्तुगत गुणों पर आधारित ...

objective idealism — विषयनिष्ठ प्रत्ययवाद

यह मत कि प्रकृति, विश्व ...
मूलतः आध्यात्मिक होने के ...

व्यष्टि के मन से स्वतंत्र अस्तित्व रखता है: मेरे सोचने पर उसका अस्तित्व निर्भर नही है, हालाकि है वह भी मेरी तरह ही चिद्रूप। विशेषतः जर्मन दार्शनिक शेलिंग (Schelling) के मत के लिए प्रयुक्त, जिसके अनुसार प्रकृति दृश्य बुद्धि है और बुद्धि अदृश्य प्रकृति।

... relativism — विषयनिष्ठ सापेक्षवाद

ज्ञानमीमांसा में, यह सिद्धांत कि प्रत्यक्ष में वस्तु के विभिन्न कोणों से जितने भी रूप दिखाई देते है (जैसे एक रुपए का किसी कोण से गोल और किसी कोण से दीर्घवृत्ताकार दिखाई देना) वे सभी वस्तुतः प्रत्यक्षकर्ता के मन से स्वतन्त्र अस्तित्व रखते है।

...ivism — विषयनिष्ठवाद, बाह्यार्थवाद

1. बाह्य जगत् का मन से स्वतन्त्र अस्तित्व माननेवाला सिद्धात। देखिए realism

2. विषयनिष्ठ प्रत्ययवाद देखिए objective idealism

3. तर्कशास्त्र, सौदर्यशास्त्र और नीतिशास्त्र में, यह मत कि मन के अदर कुछ ऐसे सत्य, मूल्य, आदर्श और मानक विद्यमान है जो सार्वभौम और शाश्वत हैं।

...ect language — 1. वस्तु भाषा

वह भाषा जिसका प्रयोग वस्तुओं, घटनाओं और उनकी विशेषताओं की चर्चा में किया जाता है, जैसे सामान्य अंग्रेजी, हिन्दी इत्यादि।

2. विषय-भाषा

वह भाषा जो चर्चा का वि॰ है अथवा जिसकी छानबीन • (metalanguage) करती है।

objecto-centric predicament — वस्तुकेंद्रिक विषयावस्था, ग. विप्रतिपत्ति

नव्य-वास्तववादियों की यह । युक्ति कि क्योंकि जो वस्तुएं विषय हैं उनके अलावा किसी में कुछ नहीं कहा जा सकता, केवल इन वस्तुओं का ही अतिरत्व है : 'egocentric predicament' जिसका आरोप प्राय वि॰ प्रत्ययवाद पर किया जाता है, के मे किया जाने वाला प्रत्यारोप।

object of moral judgment — नैतिक निर्णय का विषय

वह जिसे नैतिक दृष्टि से इच्छा द्वा उचित या अनुचित कहा जा सकता वह चीज स्पस्टतः वही होगी जि दायित्व कर्ता पर होता है और वह जिसे करना या न करना क॰ वश की बात हो, अर्थात् ऐच्छिक कर्म।

obligation — आबंध

आवश्यकता, विशेष रूप से ' चाहिए' द्वारा व्यक्त कर्म करने आवश्यकता जो किसी बाह्य दबा कारण न होकर नैतिक आदर्शों का करने की प्रेरणा का फल होती है।

obliteration philosophy — अपमार्जन दर्शन

नव्य वास्तववादियों द्वारा प्रत्य॰ दर्शन को दिया गया अनादरसूचक

जो, उनके कथनानुसार, वस्तु-जगत् के स्वतंत्र अस्तित्व का लोप ही कर देता है।

...cure definition — अस्पष्ट परिभाषा

वह दोषयुक्त परिभाषा जिसमें दुर्बोध भाषा का प्रयोग किया गया हो, जैसे "जीवन शरीरान्तर्गत एकत्रीभूत अभौतिक पदार्थ है।"

...acularity — प्रतिघता

प्राइस (*Price*) के अनुसार, बाह्य वस्तु में पाई जानेवाली वह विशेषता कि वह उसकी स्थिति में परिवर्तन चाहनेवाले की चेष्टा का प्रतिरोध करती है।

...verse — प्रतिवर्तित

वह निष्कर्ष जो प्रतिवर्तन के द्वारा प्राप्त होता है। देखिए obversion

...version — प्रतिवर्तन

अव्यवहित अनुमान का एक प्रकार जिसमें दी हुई प्रतिज्ञप्ति के गुण को बदलकर (विधान को निषेध में या निषेध को विधान में) ऐसा निष्कर्ष निकाला जाता है जिसका परिणाम और उद्देश्य वही रहता है। उदाहरण :

सब बिहारी भारतीय हैं ;

∴ कोई बिहारी अभारतीय नहीं है।

...verted contrapositive — प्रतिवर्तित प्रतिपरिवर्तित

प्रतिपरिवर्तन की क्रिया से प्राप्त निष्कर्ष का प्रतिवर्तन करने से प्राप्त वाक्य, अर्थात् किसी दिए हुए वाक्य का क्रमशः प्रतिवर्तन,

परिवर्तन और पुनः प्रतिवर्तन से प्राप्त वाक्य। उदाहरण :

सब उ वि है ;
कोई उ अ-वि नहीं है (प्रति०),
कोई अ-वि उ नहीं है (परि०);
∴ सब अ-वि अ-उ है (प्रति० प्रति...

obverted converse — प्रतिवर्तित-परिवर्तित

परिवर्तन से प्राप्त निष्कर्ष का प्रति... करके प्राप्त होनेवाला वाक्य या प्रति...
उदाहरण :

सब स प है ;
∴ कुछ प स है; (परिवर्तित)
∴ कुछ प अ-स नहीं है (प्रतिवर्तित परि...

obvertend — प्रतिवर्त्य

वह प्रतिज्ञप्ति जिसका प्रतिवर्तन ... जाता है। देखिए (obversion)

Occam's razor — औकम-न्याय, लाघव-न्याय

वैज्ञानिक व्याख्या का एक नि... जिसके अनुसार "यदि आवश्यक न है... बहुत-सारी चीजों की कल्पना ... करनी चाहिए" अथवा "यदि कम ... से काम चल जाता है तो अधिक ... को मानना व्यर्थ है।"

यह सिद्धांत भारत में "कल्पना-लाघ... या "लाघव-न्याय" के नाम से बहुत ... से प्रसिद्ध है और पश्चिम में भी ... (William of Occam, 1300-135... के नाम से प्रसिद्ध होने के बावजूद ... प्रयोग में है।

onalism — प्रसंगवाद

सत्रहवीं शताब्दी के देकार्तवादी दार्शनिक आर्नोल्ड गुलिंग्स (Geulincx) का सिद्धांत, जो मानसिक और भौतिक के द्वैत को बनाए रखते हुए उनकी परस्पर -क्रिया की व्याख्या के लिए प्रस्तुत किया गया था : जब भी कोई मानसिक या भौतिक घटना घटती है तब ईश्वर उस अवसर पर हस्तक्षेप करके स्वयं तदनुरूप भौतिक या मानसिक घटना को उत्पन्न करता है। फ्रेंच दार्शनिक मेलब्राश (Malebranche) ने भी इस सिद्धांत को माना है।

ism — गुह्यतंत्र, गुह्यविद्या

गुप्त, रहस्यमय या अलौकिक तत्वों में विश्वास तथा उन्हें वश में करने के लिए मंत्र-तंत्र और अन्य गुह्य साधनों का प्रयोग।

ant — अधिवासी

जॉनसन के अनुसार, 'अनुयायी' (continuant, सामान्य शब्दावली में जिसे 'द्रव्य' कहा जाता है) के दो प्रकारों में से वह जो स्थान घेरता है, अर्थात्, सामान्य भाषा में, भौतिक द्रव्य। (दूसरा प्रकार है (experient अर्थात् चिद्द्रव्य, जो कि अनुभव करता है।)

rent — आपाती

जॉनसन के अनुसार, दिक्काल में अस्तित्व रखनेवाली वस्तुओं के दो वर्गों में से एक : वह जिसका थोड़ी देर बाद अस्तित्व नहीं रहता, जैसे बिजली की कौंध। (दूसरा वर्ग उन चीजों का है जो स्वयं बनी रहती है, हालांकि उनकी अवस्थाएं आती-जानी

रहती है। इन्हें 'continuant' . .
है।)

one-one relation — एकैक-संबंध

वह संबंध जो एक चीज का
ही अन्य चीज से होता है; जैसे "एक
होने का संबंध, जो दो, तीन, चार–
दस इत्यादि का एक दो, तीन,—
नौ इत्यादि से अर्थात् केवल एक
संख्या से हो सकता है।

ontological argument — प्रत्यय-सत्ता-युक्ति

संत ऐन्सेल्म (Anselm) के
एक पूर्ण सत्ता के प्रत्यय से उनके
अस्तित्व के अनुमान के रूप में
ईश्वरसाधक प्रमाण को कान्ट इत्यादि
निको द्वारा दिया गया नाम। प्रमाण
में इस प्रकार है : ईश्वर महान् है
महान् कि उससे अधिक महान् कि
की बात सोची नहीं जा सकती।
हीन महान् सत्ता से एक
सत्ता निश्चित रूप से अधिक महान्
अतः ईश्वर का अनिवार्यतः अस्तित्व

ontological idealism — सत्तामीमांसीय चिद्वाद

मैकटेगर्ट (Mc Taggart) का
जो सत्ता के विवेचन से प्रारंभ
इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि
आध्यात्मिक, चिद्रूप या प्रत्यय

ontological object — सद्वस्तु

ज्ञान की वह वस्तु जो
न हो बल्कि जिसका भौतिक जगत्
में अस्तित्व हो।

सत्तामीमांसा

तत्वमीमांसा की एक शाखा, जो सत्ता के सामान्य स्वरूप का विवेचन करती है। इसमें आदि-तत्वों का विवेचन और पदार्थों का वर्गीकरण इत्यादि भी शामिल है। सर्वप्रथम क्रिश्चियन वूल्फ (Christian Wolff) ने इस शब्द को यह अर्थ दिया, हालांकि ontologia शब्द का प्रयोग स्कालैस्टिक लेखकों ने सत्रहवीं शताब्दी में शुरु कर दिया था। कुछ इसे तत्त्वमीमांसा के पर्याय के रूप में लेते हैं।

orality उदार नैतिकता

वह नीति जो किसी विशेष समाज को नहीं बल्कि समस्त मानवता के हित को ध्यान में रखकर सबके लिए कर्तव्य और सबके ऊपर लागू होने वाले नियम निर्धारित करती है।

onal definition संक्रियात्मक परिभाषा

वह परिभाषा जो यह बताती है कि अमुक पद अमुक स्थिति में केवल तभी लागू होगा जब उसमें कुछ निर्दिष्ट संक्रियाओं को करने से निर्दिष्ट परिणाम प्राप्त होंगे। ऐसी परिभाषाएं निश्चित नाप-जोख और प्रयोग की सहायता से संप्रत्ययों को स्पष्ट करने के लिए भौतिक विज्ञानों में शुरु हुईं। प्रयोजन विज्ञान से अस्पष्टता और अमूर्त प्रत्ययों को दूर करना तथा उसे अधिक उपयोगी बनाना था। इस पद का प्रयोग सर्वप्रथम पी० डब्ल्यू० ब्रिजमन ने 1927 में किया था।

onalism संक्रियावाद

यह सिद्धांत कि किसी भी संप्रत्यय या पद का अर्थ सबके सामने दोहराई जा

सकनेवाली संक्रियाओं के एक समूह
निर्धारित होता है। यह सिद्धांत पहले
में निरपेक्ष दिक्, निरपेक्ष काल
अनुपयोगी संप्रत्ययों से छुटकारा
लिए एक आंदोलन के रूप में ...

opinion

मत

ऐसी धारणा जो प्रमाण पर
तो होती है पर प्रमाण इतना
होता कि उसमें ज्ञान की
आ सके। यह अज्ञान और ज्ञान के
चीज है और कोरे विश्वास से
युक्त है।

opposition

विरोध

तर्कशास्त्र में, समान उद्देश्य और
वाली ऐसी दो प्रतिज्ञप्तियों का
केवल गुण में भिन्न हों, या केवल
में भिन्न हों, अथवा गुण और
दोनों में भिन्न हों, जैसे "सब मनुष्य म
हैं" का "कोई मनुष्य मरणशील
(केवल गुण-भेद) या "कुछ मनुष्य म
हैं" (केवल परिमाण-भेद) या
मनुष्य मरणशील नहीं है" (गुण और
दोनों में भेद) से।

O proposition

ओ प्रतिज्ञप्ति

तर्कशास्त्र में, अंशव्यापी निषेधक
ज्ञप्ति का प्रतीकात्मक नाम। उदा
"कुछ पक्षी उड़नेवाले नहीं होते"
उ वि नहीं हैं")।

organic whole

अंगिरूप साकल्य

ऐसा साकल्य या समुच्चय
समस्त अंग किसी जीव-देह के अंगों
साध्य और साधन के रूप में परस्पर
हों।

...nism — अंगिवाद

1. जीवन की व्याख्या के लिए प्रयुक्त एक सिद्धांत जो यांत्रिकवाद और प्राणतत्त्व-वाद से भिन्न है और यह मानता है कि जीवन विशेष अव्यव-व्यवस्था या आंगिक संगठन का परिणाम है, न कि शरीर के किसी एक घटक का कार्य ।

2. यह धारणा कि समाज व्यष्टियों से ऊपर के स्तर का एक अंगी है अथवा जीव-देह के सदृश है और जन्म, परिपक्वता तथा मृत्यु की विभिन्न अवस्थाओं में से गुजरता है ।

...anon — अन्वीक्षिकी, ऑर्गेनन

अरस्तू की तर्कशास्त्र-संबंधी रचनाओं के समूह को टीकाकारो द्वारा दिया गया नाम । इस नाम के मूल में यह विचार था कि तर्क-शास्त्र स्वयं न विज्ञान है, न कला, और न दर्शन , बल्कि सभी शास्त्रों को छानबीन ('अन्वीक्षा') की प्रणाली प्रदान करने वाला अर्थात् साधन-शास्त्र है ।

...ginal sin — आद्यपाप, मूल पाप

मनुष्य की सहज दुष्टता अथवा उसकी स्वभावसिद्ध असत्प्रवृत्ति जिसे ईसाई धर्म मे आदम और होव्वा के 'पतन' का फल और तब से प्रत्येक मनुष्य को वंशानुक्रम से प्राप्त माना गया है ।

...ensible object — प्रकट वस्तु, निर्दिष्ट वस्तु

वह वस्तु जो ज्ञान-क्रिया या सवेदन में प्रकट होती है, भले ही उसका वस्तुतः अस्तित्व न हो ।

ostensive definition

निदर्शनात्मक परिभाषा

किसी (व्यक्तिवाचक या जातिवाच नाम (प्रायः नए) का अर्थ बताने . तरीका, जिसमें नाम . . उस चीज को दिखाया जाता है या . ओर इशारा किया जाता है . नाम होता है।

ostensive proposition

निदर्शक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जो . को व्यक्त करती है ; जैसे 'यह लाल है'

'ought' judgment

कर्तव्यता-निर्णय

वह निर्णय जिसके द्वारा कोई . बताया जाता है, जैसे, "सच बोलना चाहिए"

outer intention

बाह्‌य अभिप्राय

मैकेंजी ने ("मैनुअल में") 'outer' . 'inner intention' में भेद किया . यदि कोई लंगड़ा भिखारी आपके . पड़ता है, जिसकी दुर्दशा देखकर आपको कष्ट होता है, और आप उसे एक . देते हैं, तो आपका 'outer Intention' उसकी सहायता करना है जबकि 'inner intention' स्वयं कष्ट की अनुभूति मुक्ति पाना है।

outness

बाह्‌यता

बर्कली के अनुसार, बाहर, दूरी पर . दिक् में स्थित होने का प्रत्यय या अनुभव।

ह्‌यूम के अनुसार, दूरी

हैमिल्टन के अनुसार, चेतना मे . होने की अवस्था।

overbelief

अधिविश्वास

विलियम जेम्स के अनुसार, आधारभूत धार्मिक विश्वास पर थोपा गया .

रिक्त बौद्धिक एवं तत्त्वमीमांसीय सिद्धांत जो कि मतभेद का विषय बनता है।

division — अतिव्यापी विभाजन

तार्किक विभाजन का एक दोष जो इस नियम के उल्लंघन से पैदा होता है कि वर्ग का ऐसे उपवर्गों में विभाजन किया जाना चाहिए जो परस्पर व्यावर्तक हो।

उदाहरण :

"मनुष्य" का "गोरे रंग के" और "लंबे कदवाले" में (कुछ "गोरे रंग के मनुष्य" निश्चय ही "लंबे कद वाले होते हैं।

P

शांतिवाद; शांतिवादिता

किसी समस्या को सुलझाने के लिए हिंसा और युद्ध का विरोध करने तथा शांति से काम लेने की नीति या प्रवृत्ति।

पैगनमत, पैगनवाद

ईसाइयों द्वारा गैर-ईसाइयों और गैर-यहूदियों के, विशेषतः अनेक देवताओं और मूर्तियों की पूजा करने वालों के, विश्वासों और आचार-विचारों के लिए प्रयुक्त अवमानसूचक शब्द।

पुनर्जन्म; पुनरुद्भवन

1. जीवात्मा का एक शरीर के बाद दूसरे में प्रकट होना।

2. शोपेनहावर के अनुसार, इच्छा-शक्ति का एक व्यष्टि की मृत्यु के बाद तब तक नए, व्यष्टि में प्रकट होते रहना जब तक जिजीविषा समाप्त नहीं हो जाती। (शोपेनहावर पूरे जीवात्मा का पुनर्जन्म नहीं मानता था)।

जानवरों को मनुष्य के समान संवेदनशील, अनुभूतिशील और आवगशील मानता है तथा उनके व्यवहार के पीछे एक आदिम प्रकार के चैतन्ययुक्त जीवन की कल्पना करता है।

...anism — सर्वासुरवाद

यह विश्वास कि विश्व शैतान की रचना है अथवा आसुरी शक्तियो की अभिव्यक्ति है। प्राय. बुरी तरह से निराश और शोक-विह्वल व्यक्ति भी ऐसा ही कुछ अस्पष्ट-सा विचार रखता प्रतीत होता है।

...matism — सर्वकायवाद

यह मत की विश्व की प्रत्येक आत्मा एक शरीर या देह है तदनुसार आत्मा और देह का अभेद है।

...eism — सर्वेश्वरवाद

संपूर्ण सत्ता का ईश्वर से अभेद मानने वाला मत। तदनुसार ईश्वर जगत् से अलग नही है बल्कि प्रत्येक वस्तु में व्याप्त है। सब चीजें ईश्वर के पर्याय (modes) उसके अंग या उसकी अभिव्यक्ति हैं।

...eistic personalism — सर्वेश्वरवादी व्यक्तिवाद

संपूर्ण सत्ता को व्यक्तिरूप माननेवाला और विश्व की वस्तुओं और जीवो को इस महाव्यक्ति के अंग मानने वाला सिद्धांत।

...igma — प्रतिमान

प्लैटो के प्रत्ययों की दृश्य जगत् की वस्तुओं के संबंध में एक विशेषता को

प्रकट ...
इंद्रियातीत प्रत्ययों का एक ...
और उन्हें दृश्य-जगत् की ...
लिए आदर्श बताया है, ...
अपूर्ण नकलें हैं।

parallelism

समांतरवाद

मन और शरीर के संबंध ...
प्रस्तुत एक सिद्धांत, जिसके ...
प्रत्येक मानसिक क्रिया के ...
एक शारीरिक, विशेषतः ...
क्रिया होती है, परन्तु उनके ...
कोई कारणात्मक संबंध नहीं ...
मन और शरीर दो द्रव्य हैं, जो ...
दूसरे को प्रभावित नहीं कर ...
पर दोनों से संबंधित ...
की शृंखलाएं समांतर चलती हैं।

paralogism

तर्काभास

सामान्यतः एक दोषपूर्ण ...
या तर्क, जिसके दोष का ज्ञान ...
प्रयोग करने वाले को नहीं होता, ...
इसलिए जिसका प्रयोग दूसरे को ...
देने के उद्देश्य से नहीं किया ...
विशेषतः कांट के द्वारा उन ...
युक्तियों के लिए प्रयुक्त जो आत्मा ...
एक द्रव्य, निरवयव और नित्य ...
करने के लिए प्रस्तुत की जाती हैं।

partial inversion

आंशिक विपरिवर्तन

एक प्रकार का अव्यवहित ...
जिसमें निष्कर्ष का उद्देश्य मूल ...
के उद्देश्य का व्याघातक होता है ...
उसका विधेय वही रहता है जो ...
प्रतिज्ञप्ति का है।
उदाहरण: सब उ वि हैं; ...
∴ कुछ अ–उ ... हैं।

r — विशेष

वर्ग के परिभाषक गुण धर्म के विपरीत उसका एक सदस्य, अथवा अनेक व्यष्टियों में समान रूप से निवास करनेवाले सामान्य के विपरीत एक व्यष्टि।

r proposition — अंश-व्यापी प्रतिज्ञप्ति

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें उद्देश्य उसके पूरे वस्त्वर्थ में ग्रहण नहीं किया जाता, जैसे, 'कुछ पशु मांसभक्षी हैं।'

empiricism — निष्क्रिय इंद्रियानुभववाद

जॉन लॉक इत्यादि का यह सिद्धांत कि ज्ञान का एक मात्र स्रोत इंद्रियानुभव है और मन तब तक निष्क्रिय बना रहता है जब तक बाह्य जगत् से आनेवाले उद्दीपन उस तक नहीं पहुंचते।

कर्मविषय

कारणविषयक लोक प्रिय धारणा के अनुसार, वह सामग्री जो स्वयं तुलनात्मक रूप से निष्क्रिय रहती है और जिस पर क्रिया करके कारण कार्य को उत्पन्न करता है, जैसे आग लगने की स्थिति में लकड़ियों का ढेर। (विज्ञान इस भेद को उचित नहीं मानता।)

philosophy — पादरी-दर्शन

ईसाई धर्म के पादरियों द्वारा प्रतिपादित दर्शन जो मानव, विश्व और ईश्वर के संबंध में तर्कगम्य दार्शनिक सिद्धांतों और धार्मिक सिद्धांतों (जैसे, 'त्रयी'—Trinity) का मिला-जुला रूप है।

कहना कि अमुक पुस्तकालय में 161 नंबर की सब पुस्तकें तर्कशास्त्र की हैं। (यह वास्तव में आगमन नहीं बल्कि एक आगमन-सदृश क्रिया है।)

sm पूर्णतावाद

अपनी या समाज की, अथवा दोनों ही की पूर्णता की प्राप्ति को सर्वोच्च लक्ष्य माननेवाला नैतिक सिद्धांत।

चंक्रमण-संप्रदाय

अरस्तू द्वारा स्थापित सम्प्रदाय का नाम, जिसका आधार यह बताया जाता है कि इस संप्रदाय के लोग घूमते-घूमते दार्शनिक चर्चा या वाद-विवाद करते रहते थे, परन्तु अब यह माना जाता है कि अरस्तू के विद्यालय में घूमने के लिए एक विशेष पथ बना हुआ था जिससे यह नाम व्युत्पन्न है।

Idealism वैयक्तिक प्रत्ययवाद

परम सत्ता को व्यक्तित्व से सम्पन्न अर्थात् ज्ञान, संकल्प, आत्म-चेतना इत्यादि वैयक्तिक गुणों से युक्त माननेवाला सिद्धांत, जैसे ब्रह्म को सगुण माननेवाला मत।

Identity वैयक्तिक तादात्म्य, व्यक्तिगत अनन्यता

समय परिवर्तन के बावजूद व्यक्ति के न बदलने या वही बने रहने की विशेषता, जो कि उसके अभिन्न बने रहने के बोध में प्रकट होती है।

nalism व्यक्तिवाद

वह सिद्धांत जो व्यक्तित्व को परम मूल्य मानता है और सत्ता के सच्चे अर्थ

penitence

परिताप

ऐसे व्यक्ति की मानसिक
सूचक शब्द जो अपनी
स्वीकार करता है तथा
बहुत दुखी है और
न दोहराने के लिए कृतसंकल्प

perceptive premise

प्रात्यक्षिक आधारिका

प्रत्यक्ष पर आधारित
कोई तार्किक निष्कर्ष निकाला

perceptual intuitionism

प्रत्यक्षपरक अंतःप्रज्ञावाद

नीतिशास्त्र में, अंतःप्रज्ञावाद
प्रकार जिसके अनुसार
विशेष कर्मों के
का तत्काल ज्ञान होता है,
बात का कि अभी जब मैं
की जल्दी में हूं मेरा
भिखारी को पैसा देना उचित
या नहीं।

perfect figure

पूर्ण आकृति

अरस्तवी तर्कशास्त्र में, प्रथम
जिस पर अरस्तू की यह अभ्युक्ति
लागू होती है कि जो बात
के बारे में सत्य है वह
व्यक्ति के बारे में सत्य है ("
विधेयं तद् व्यक्तिविधेयम्")।

perfect induction

पूर्ण आगमन

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, आगमन
प्रकार जिसमें सब विशेष उदाहरण
परीक्षा करके एक सर्वव्यापी
की स्थापना की जाती है, जैसे
पुस्तकालय की 161 नम्बर
पुस्तकों की जांच करने के

और मिथ्या है। आधुनिक युग मे शोपेनहार और प्राचीन काल में बुद्ध ('सर्व दु.खम') इस मत के मुख्य अनुयायी हुए।

perceptions

सूक्ष्म प्रत्यक्ष

लाइपनित्स के द्वारा अस्फुट तथा अचेतन प्रत्यक्षों के लिए प्रयुक्त पद। लाइपनित्स ने चेतना में मात्रा-भेद मानते हुए निम्न स्तर के चिदणुओं मे इनकी कल्पना की थी, जिसमें फ्रॉयड के "अचेतन मन" के आधुनिक सिद्धांत की झलक दिखाई देती है।

principii

आत्माश्रय-दोष

एक तर्कदोष, जो तब होता है जब निष्कर्ष को आधारिकाओं में बदले हुए रूप में पहले ही ले लिया गया होता है, अथवा जब आधारिकाओं की सिद्धि के लिए निष्कर्ष आवश्यक होता है।

enalism

संवृतिवाद, दृश्यप्रपंचवाद

यह सिद्धांत कि ज्ञान सवृति, दृश्य प्रपच या दृश्य जगत तक ही सीमित है, जिसके अंतर्गत प्रत्यक्षगम्य भौतिक विषय और अंतर्निरीक्षण-गम्य मानसिक विषय आते हैं। इसको माननेवाले साधारण वस्तुविषयक कथनों को संवृति-विषयक कथनों मे अर्थात इंद्रिय-दत्तों की भाषा में बदलने की आवश्यकता बताते हैं। वे संवृति के पीछे कोई सत्ता या तो मानते नही या उसे अज्ञेय कहते हैं।

enology

संवृतिशास्त्र, दृश्यप्रपचशास्त्र

दृश्य-प्रपंच का वर्णन-विश्लेपण करने-वाला शास्त्र। सर्वप्रथम कान्ट के समसामयिक जर्मन दार्शनिक लैम्बर्ट द्वारा "आभासों की मीमांसा" के लिये प्रयुक्त। स्वयं कान्ट द्वारा तत्वमीमांसा की उस शाखा के लिए प्रयुक्त

और मिथ्या है। आधुनिक युग मे शॉपेनहार और प्राचीन काल में बुद्ध ('सर्व दुःखम') इस मत के मुख्य अनुयायी हुए।

s perceptions

सूक्ष्म प्रत्यक्ष

लाइपनित्स के द्वारा अस्फुट तथा अचेतन प्रत्यक्षों के लिए प्रयुक्त पद। लाइपनित्स ने चेतना में मात्रा-भेद मानते हुए निम्न स्तर के चिदणुओं मे इनकी कल्पना की थी, जिसमें फ्रॉयड के "अचेतन मन" के आधुनिक सिद्धांत की झलक दिखाई देती है।

o principii

आत्माश्रय-दोष

एक तर्कदोष, जो तब होता है जब निष्कर्ष को आधारिकाओं में बदले हुए रूप मे पहले ही ले लिया गया होता है, अथवा जब आधारिकाओं की सिद्धि के लिए निष्कर्ष आवश्यक होता है।

omenalism

संवृतिवाद, दृश्यप्रपंचवाद

यह सिद्धांत कि ज्ञान संवृति, दृश्य प्रपंच या दृश्य जगत तक ही सीमित है, जिसके अंतर्गत प्रत्यक्षगम्य भौतिक विषय और अंतर्निरीक्षण-गम्य मानसिक विषय आते हैं। इसको माननेवाले साधारण वस्तुविषयक कथनों को संवृति-विषयक कथनो में अर्थात इंद्रिय-दत्तों की भाषा में बदलने की आवश्यकता बताते हैं। वे संवृति के पीछे कोई सत्ता या तो मानते नहीं या उसे अज्ञेय कहते हैं।

nomenology

संवृतिशास्त्र, दृश्यप्रपंचशास्त्र

दृश्य-प्रपंच का वर्णन-विश्लेपण करनेवाला शास्त्र। सर्वप्रथम कान्ट के समसामयिक जर्मन दार्शनिक लैम्बर्ट द्वारा "आभासों की मीमांसा" के लिये प्रयुक्त। स्वयं कान्ट द्वारा तत्वमीमांसा की उस शाखा के लिए प्रयुक्त

...calism

भौतिकीवाद

वियना सर्कल (Vienna Circle) के इद्रियानुभववादियों का यह मत कि सभी भाषाओं और विज्ञानों में प्रयुक्त प्रत्येक सार्थक वाक्य का भौतिकी की भाषा में अनुवाद किया जा सकता है, अर्थात् प्रेक्षण-योग्य वस्तुओं और उनके गुणधर्मों को व्यक्त करने-वाली भाषा आदर्श भाषा है।

...l realism

भौतिकीय वास्तववाद

यह मत कि भौतिकी में प्रयुक्त संकल्पनाओं, जैसे, इलेक्ट्रॉन, परमाणु आदि का वस्तुतः स्वतंत्र अस्तित्व है।

...sanction

भौतिक अनुशास्ति

बैन्थम के अनुसार, प्रकृति का सामान्य व्यापार और उसके नियम जो उनके विपरीत आचरण करनेवाले को बीमारी इत्यादि उत्पन्न करके कष्ट देते हैं और इस प्रकार एक सीमा तक उसे नैतिक आचरण के लिए बाध्य करते हैं।

...eological argu-...

प्रकृति-प्रयोजनमूलक युक्ति

कान्ट के अनुसार, ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए प्रकृति में व्याप्त प्रयोजन को आधार बनानेवाली युक्ति।

...solipsism

शरीरक्रियात्मक अहंमात्रवाद

यह विचार कि प्रत्येक व्यक्ति को केवल अपने शरीर के अंदर होनेवाली घटनाओं का ही ज्ञान हो सकता है।

स्थान-चिह्नक

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, प्रतीक "..." या "X" जिसका प्रयोग किसी प्रतिज्ञप्ति-फलन [यथा, (X)MX)] में उस स्थान

philosophy of history — इतिहासमीमांसा, इतिहास-दर्शन

इतिहासकार के कार्य का तर्क ज्ञानमीमांसा की दृष्टि से विवेचन और ऐतिहासिक प्रक्रम के अर्थ, लक्ष्य की छानबीन करनेवाला अध्ययन

philosophy of religion — धर्ममीमांसा, धर्म-दर्शन ।

धर्म का दार्शनिक दृष्टि से अध्ययन वाला शास्त्र, जो धर्म की प्रकृति, उत्पत्ति और मूल्य, धार्मिक ज्ञान का प्रामाण्य प्रश्नों का किसी धर्म-विशेष के प्रति न रखते हुए सामान्य रूप से विवेचन है ।

philosophy of science — विज्ञानमीमासा, विज्ञान-दर्शन

वैज्ञानिक अध्ययन के क्षेत्र में तार्किक, ज्ञानमीमासीय और तत्त्व समस्याओं का अध्ययन करनेवाला इसमें वैज्ञानिक प्रणाली में प्रयुक्त हीत', 'प्राक्कल्पना', 'प्रयोग' इत्यादि परिभाषित किया जाता है और 'बल', 'काल', 'ऊर्जा', 'द्रव्यमान' इत्यादि का विश्लेषण किया जाता है । विज्ञान अभ्युपगमों की जाच करना भी इसी में आता है ।

physical division — अवयवी-विभाजन

किसी भौतिक पदार्थ को उसके में बांटना, जैसे पेड़ का उसकी शाखाओं आदि में विभाजन । इसका तार्किक विभाजन भेद हृदयंगम कर लेना आवश्यक होता

physical evil — प्राकृतिक अशुभ, प्राकृतिक अनिष्ट

पैट्रिक (Patrick) के अनुसार इत्यादि से जनित पीड़ा, दुर्बलता इत्यादि तुलना के लिए देखिए metaphysical

alism — भौतिकीवाद

वियना सर्कल (Vienna Circle) के इंद्रियानुभववादियों का यह मत कि सभी भाषाओं और विज्ञानों में प्रयुक्त प्रत्येक सार्थक वाक्य का भौतिकी की भाषा में अनुवाद किया जा सकता है, अर्थात प्रेक्षण-योग्य वस्तुओं और उनके गुणधर्मों को व्यक्त करने-वाली भाषा आदर्श भाषा है।

al realism — भौतिकीय वास्तववाद

यह मत कि भौतिकी में प्रयुक्त संकल्पनाओं, जैसे, इलेक्ट्रॉन, परमाणु आदि का वस्तुतः स्वतंत्र अस्तित्व है।

cal sanction — भौतिक अनुशास्ति

बैन्थम के अनुसार, प्रकृति का सामान्य व्यापार और उसके नियम जो उनके विपरीत आचरण करनेवाले को बीमारी इत्यादि उत्पन्न करके कष्ट देते हैं और इस प्रकार एक सीमा तक उसे नैतिक आचरण के लिए बाध्य करते हैं।

co-theological argu- — प्रकृति-प्रयोजनमूलक युक्ति

कान्ट के अनुसार, ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए प्रकृति में व्याप्त प्रयोजन को आधार बनानेवाली युक्ति।

ological solipsism — शरीरक्रियात्मक अहंमात्रवाद

यह विचार कि प्रत्येक व्यक्ति को केवल अपने शरीर के अंदर होनेवाली घटनाओं का ही ज्ञान हो सकता है।

marker — स्थान-चिह्नक

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, प्रतीक "..." या "×" जिसका प्रयोग किसी प्रतिज्ञप्ति-फलन [यथा, (X)MX)] में उस स्थान

को बताने के लिए किया ...
किसी व्यष्टिचर या व्यष्टि के ...
निर्धारित होता है।

platonic idealism

प्लैटवी प्रत्ययवाद

प्लैटो का दर्शन, जिसमें ... शील ऐंद्रिय जगत् की वस्तुओं से ... अभौतिक प्रत्ययों को वास्तविक ... है। तदनुसार इन्हीं शाश्वत ... करण के आधार पर दृश्य ... वास्तविकता प्राप्त होती है।

platonic realism

प्लैटवी वास्तववाद

प्लैटो का यह मत कि ... अस्तितत्व रखने वाले 'प्रत्यय' ही ... हैं; दृश्य जगत् की वस्तुएँ (...) वास्तविक नहीं है बल्कि उतनी ही ... वास्तविक हैं जितनी मात्रा में ... का अनुकरण करती हैं।

plotinism

प्लोटिनसवाद

प्लोटिनस (205–270) ... निक का सिद्धांत जो कि प्लैटो के ... पौरस्त्य धारणाओं का मिला-जुला ... प्लोटिनस ने संपूर्ण सत्ता का ... 'एक' को माना है और उससे ... निर्गत वस्तुओं में सर्वप्रथम बुद्धितत्त्व ... को, द्वितीय आत्मा को और तृतीय ... बताया है, तथा ईश्वर में लय ... पार्थ माना है।

pluralism

बहुवाद, बहुतत्ववाद

विश्व में दृश्यमान नानात्व ... केवल एक या दो अंतिम या मूल ... का विरोध करनेवाला सिद्धांत ... जगत् की चार या पांच मूल ...

माननेवाले प्राचीन मत से लेकर असंख्य चिदणुओं को माननेवाले लाइबनित्ज के आधुनिक मत तक उसके अनेक रूप हैं।

nterrogationis प्रश्नछल

देखिए fallacy of many questions

cal personalism राजनीतिक व्यक्तिवाद

वह सिद्धांत जो व्यक्तित्व को सामाजिक व्यवस्था के अंदर सर्वोच्च महत्व का मानता है और इसीलिये प्रत्येक नागरिक को शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक विकास का अवसर देना राज्य का कर्त्तव्य समझता है।

ical philosophy राजनीतिमीमांसा, राजनीति-दर्शन

दर्शन की वह शाखा जो राजनीतिक जीवन कम, विशेषतः राज्य के स्वरूप, उत्पत्ति और मूल्य का, विवेचन करती है।

ical sanction राजनीतिक अनुशास्ति

बैंथम के अनुसार राजा या शासन के द्वारा गलत कामों के लिए दिए जानेवाले दंड का भय और अच्छे कामों के लिए मिलनेवाले पुरस्कार का लोभ, जो व्यक्ति को नैतिकता का पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

lemma बहुत-पाश

उभयतःपाश के समान एक युक्ति जिसकी साध्य-आधारिका में दो के बजाय अधिक विकल्प दिए जाते हैं।

syllogism अनेकन्यायवाक्य

न्यायवाक्यों की ऐसी शृंखला जो एक अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचाती है। इस शृंखला के प्रत्येक न्यायवाक्य का निष्कर्ष अगले न्यायवाक्य में आधारिका होता है, और अंतिम

…term — भावात्मक पद

वह पद जो किसी वस्तु या गुण की उपस्थिति को प्रकट करता है जैसे, 'मानव', 'शुभ्र' आदि ।

…ism — प्रत्यक्षवाद

फ्रेंच दार्शनिक ऑगस्त कोंत (Auguste Comte: 1798-1857) का यह सिद्धांत कि दर्शन को इंद्रियानुभविक विज्ञानों की प्रणालियों का अनुसरण करते हुए प्राकृतिक तथ्यों के वर्णन और कार्य-कारण संबंधों तक ही सीमित रहना चाहिए । इस सिद्धांत का आधार कोंत की यह मान्यता था कि ज्ञान के विकास में पहली दो अवस्थाएं, जिन्हें 'धर्मशास्त्रीय' और "तत्वमीमांसीय' कहा गया है, अपूर्णता की होती हैं, जबकि उसमें पूर्णता तीसरी और अंतिम अर्थात् वस्तुपरक विज्ञान-वाली अवस्था में आती है ।

…lity — संभवता

उस प्रतिज्ञप्ति की विशेषता जिसका निषेध अनिवार्य नहीं होता; उस घटना की विशेषता जो हो सकती है अथवा जिसके होने की स्वतोव्याघात के बिना कल्पना की जा सकती है ।

…oc ergo propter hoc — यदेव पूर्वं तत्कारणम्

एक तर्कदोष जो दो चीजों के आगे-पीछे होने (आनुपूर्व्य) मात्र के आधार पर उनमें कारण-कार्य-संबंध मान लेने से होता है ।

…al imperative — व्यावहारिक नियोग

कान्ट के अनुसार, व्यवहार में मार्ग दिखाने-वाला नैतिक बुद्धि का यह आदेश : " इस

gnate proposition — पूर्वनिर्दिष्ट प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसका परिमाण (अर्थात् सर्वव्यापित्व या अंशव्यापित्व) पूर्णतः व्यक्त होता है, जैसे "सब मनुष्य मरणशील हैं," "कुछ अपराधी बुद्धिमान् होते हैं" इत्यादि।

ables — विधेय-धर्म

अरस्तू के अनुसार, विधेय के वे पांच प्रकार जिनका किसी उद्देश्य के बारे में कथन या निषेध किया जा सकता है। ये हैं : परिभाषा, जाति, अवच्छेदक, गुणधर्म और आकस्मिक गुण। पॉर्फीरी और बाद के तर्कशास्त्रियों ने परिभाषा के स्थान पर उपजाति को लिया।

ment — पदार्थ

कान्ट के दर्शन में, बोधशक्ति (understanding) के सहज, प्रागनुभविक, आकारों के लिए प्रयुक्त शब्द। ऐसा प्रत्येक आकार निर्णय या विधयन का एक रूप है और चूंकि निर्णय बारह प्रकार के हैं अतः ये भी बारह माने गए हैं, जो इस प्रकार हैं : समग्रता, अनेकता, एकता; अस्तित्व, नास्तित्व सीमितत्व ; द्रव्यत्व (समवाय), कारणत्व (आश्रितत्व), अन्योन्यत्व ; संभवता, सत्ता, अवश्यकता।

tive view — विधेय-मत

उद्देश्य और विधेय के संबंध के बारे में यह मत कि प्रतिज्ञप्ति के उद्देश्य को उसके वस्त्वर्थ में (denotation) और विधेय को उसके गुणार्थ (connotation) में लेना चाहिए। तदनुसार "सब मनुष्य मरणशील हैं" का अर्थ यह होगा कि राम, श्याम

इत्यादि जितने भी मनुष्य हैं ...
नामक गुण है।

pre-established harmony — पूर्वस्थापित सामंजस्य

लाइबनित्स के अनुसार, ... के मध्य, और विशेषत: मन और ... मध्य पहले से ही स्थापित सामंजस्य ... फलस्वरूप उनके परस्पर स्वतंत्र ... भी उनकी क्रियाओं में उसी प्रकार ... बना रहता है जिस प्रकार एक ही ... वाली अलग-अलग घड़ियों में।

preformationism — पूर्वरचनावाद

यह सिद्धांत कि जीव के सब ... से निर्मित होते हैं और सूक्ष्म रूप में ... कोशिका या बीज के अंदर मौजूद होते हैं।

prehension — प्राग्ग्रहण

ए० एन० ह्वाइटहेड (1861- ... के द्वारा उपलब्ध (संवेदन, प्रत्य... आद्य रूप के लिए प्रयुक्त शब्द।

premise — आधारिका

वह प्रतिज्ञप्ति जो दी हुई होती है ... सत्य मानकर चला जाता है और ... तर्कशास्त्र के नियमों के अनुसार ... प्रतिज्ञप्ति निष्कर्ष के रूप में प्राप्त ... है। एक या अधिक ऐसी प्रति... निष्कर्ष का आधार बन सकती हैं।

pre-philosophy — प्राग्दर्शन

हॉकिंग के अनुसार, दर्शन के ... प्रारंभिक अवस्था, जिसमें जीवन ... से संबंधित विचारों एवं विश्वासों ... किसी आलोचना के स्वीकार ... जाता था।

..tionism — पुरोधानवाद

प्रतिनिधानवाद (representationism) के विपरीत यह ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत कि प्रत्यक्ष में मनस् को वस्तु का सीधा बोध होता है न कि उसके बिंब के माध्यम से।

qualities — प्राथमिक गुण, मूल गुण

लॉक के अनुसार, गौण गुणों (secondary qualities) के विपरीत वस्तुओं के स्वकीय गुण, जैसे ठोसपन, विस्तार, आकृति, गति, स्थिति और संख्या, जिनके बिना वस्तुओं को सोचा ही नहीं जा सकता।

matter — मूल उपादान

अरस्तू ने उपादान (matter) और आकार (form) का जो भेद किया है उस के संदर्भ में, पुद्गल या भौतिक द्रव्य की आकार से संयुक्त होने से पूर्व की अवस्था।

mover — आद्य चालक

अरस्तू के अनुसार, वह जो सभी परिवर्तनों का आदि कारण है और स्वयं परिवर्तनहीन तथा कारणरहित है, अर्थात् ईश्वर।

ve proposition — आद्य प्रतिज्ञप्ति

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र के जनकों में से एक पेआनो (Peano) के अनुसार, किसी निगमनात्मक तंत्र में उन प्रतिज्ञप्तियों में से एक जिन्हें सिद्ध नहीं किया जाता बल्कि आरंभ में मान लिया जाता है और निगमनों का आधार बनाया जाता है : वे न स्वयंसिद्ध या अनिवार्य रूप से सत्य होती हैं और न ऐसी बात है कि उन्हें सिद्ध किया ही न जा सके।

ple of economy — लाघव-न्याय

private attitude theories — व्यक्तिगत-अभिवृत्ति-सिद्धांत

नीतिशास्त्र में, वे सिद्धांत जो औचित्य या शुभत्व को मानव की अभिवृत्ति पर आधारित मानते हैं, सिद्धांत कि शुभ वह है जो मुझे पसंद है (मेरे हित अन्यों को वह पसन्द हो)

privative term — अभावी-पद

वह पद जो वर्तमान में किसी अभाव बताता है परन्तु साथ ही निहित होता है कि उस गुण को पहले में है, जैसे "अंधा", "बहरा", इत्यादि।

probabilism — प्रसंभाव्यतावाद

प्राचीन यूनानी संशयवादियों का कि किसी भी विषय में निश्चयात्मक प्राप्त करना संभव नहीं है, अतः व्यवहार तथा आस्थाओं का आधार प्रसंभाव्य बनाना पड़ता है।

probability — प्रसंभाव्यता

प्रसंभाव्य होने की अवस्था या किसी बात को "प्रसंभाव्य" तब कहा है जब उसका घटित होना असंभव होता परन्तु इसका पक्का विश्वास नहीं कि वह घटित ही होगी ही। इस प्रकार स्था में मात्रा-भेद होता है और उसके की निश्चितता को 1 तथा असंभवता (zero) मानते हुए उसे एक भिन्न के व्यक्त किया जा सकता है, जिसका कूल बातों की संख्या तथा हर अनुकूल प्रतिकूल बातों की संख्याओं का योग है

lic proposition अनिश्चयात्मक प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसमें किसी बात के होने को अनिश्चयात्मक रूप से बताया गया हो, अर्थात् जो न यह बताए कि बात अनिवार्य रूप से होती है और न यह कि वह सामान्य रूप से या वस्तुतः होती है, बल्कि यह सूचित करे कि वह कभी होती है और कभी नहीं होती, जैसे, "शायद वर्षा होगी"।

simulating n आगमनाभासी प्रकम

पूर्ण आगमन, तर्कसाम्य-आगमन और तथ्यानुबंधी आगमन के लिए प्रयुक्त पद, जिन्हें आगमनोचित प्लुति (inductive leap) के अभाव के कारण सही अर्थ में आगमन नहीं माना गया है। देखिए perfect induction, induction by parity of reasoning, और colligation of facts।

e train of reason- प्रगामी तर्कमाला

दो या अधिक न्यायवाक्यों का वह संयोग जिसमें पहले पूर्वन्यायवाक्य (prosyllogism) होता है और फिर उत्तर-न्यायवाक्य episyllogism) जो प्रगामी न्यायवाक्य के लिए पूर्वन्यायवाक्य बनता है, और इसी प्रकार तर्क अंतिम निष्कर्ष की ओर बढ़ता है। उदाहरण :

1. सब ब स है।
   सब अ ब है।
   ∴ सब अ स है।
2. सब स द है।
   सब अ स है।
   ∴ सब अ द है।
3. सब द य है।
   सब अ द है।
   ∴ सब अ य है।

proper (or special) sensibles विशिष्ट संवेद

सामान्य संवेदों के विपरीत, जिनका ज्ञान केवल एक ही इंद्रिय से होता है, जैसे प्रकाश को केवल ... है।

property (or proprium) गुणधर्म

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, वह पद के गुणार्थ का भाग तो नहीं (जो पद की परिभाषा में शामिल हो) परन्तु उसका कार्य या उससे निर्गत है और इस प्रकार उसका अनिवार्य होता है, जैसे "त्रिभुज के तीनों कोणों का योग दो समकोण होना" त्रिभुज की ... है तीन भुजाओं से घिरी हुई ... जिससे उदाहृत विशेषता निर्गत है।)

proposition प्रतिज्ञप्ति

पारंपरिक तर्कशास्त्र में, निर्णय का शब्दों में व्यक्त रूप अर्थात् प्रकट करनेवाला वाक्य।

प्रचलित प्रयोग के अनुसार, (1) ... वाक्य, अर्थात् वह वाक्य जो प्रश्न, इच्छा, विस्मयादि को नहीं बल्कि ... बतानेवाला हो; (2) ज्ञापक ... अंतर्वस्तु, अर्थात् उसका अर्थ, जो ... या अनेक भाषाओं में होनेवाले ... में समान होता है। (सं० 2 वाला ... अधिक प्रचलित है।)

prosyllogism पूर्वन्यायवाक्य

तर्कमाला अर्थात् न्यायवाक्यों की ... में वह न्यायवाक्य जिसका निष्कर्ष ... न्यायवाक्य में एक आधारिका बनता है।

उदाहरण : progressive train of reasoning के अंतर्गत दी हुई तर्कमाला में प्रथम (दूसरे के संबंध में) तथा द्वितीय (तीसरे के संबंध में)।

sentence — आधारिक वाक्य, आधार-वाक्य

देखिए — basic sentence।

nal hypothesis — अनंतिम प्राक्कल्पना, अस्थायी प्राक्कल्पना

वह प्राक्कल्पना जिसे किसी संतोषजनक या पर्याप्त प्राक्कल्पना के अभाव में अस्थायी रूप से मान लिया जाता है, ताकि खोज-कार्य को आगे बढ़ाने के लिए उसे प्रेक्षण और प्रयोग का आधार बनाया जा सके।

al research — परामानसिकीय अनुसंधान

मनःपर्यय, दूरदर्शन, अतींद्रिय प्रत्यक्ष इत्यादि असाधारण, सामान्य मनोविज्ञान व शरीरविज्ञान के नियमों के द्वारा अव्याख्येय, तथा मन या आत्मा के स्वतंत्र अस्तित्व के पोषक लगनेवाले तथ्यों की छानबीन करनेवाला विज्ञान, जो अब अधिक प्रचलित नाम "परामानसिकी" (parapsychology) से जाना जाता है।

logical atomism — मनोवैज्ञानिक परमाणुवाद

मन की रचना से संबंधित एक सिद्धांत जिसके अनुसार प्रत्येक मानसिक अवस्था कई सरल तथा पृथक् परमाणुवत् घटकों के मल या सश्लेषण से बनी होती है।

logical egoism — मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद

यह सिद्धांत कि प्रत्येक ऐच्छिक कर्म के मूल में प्रकट या अप्रकट रूप से स्वार्थ का अभिप्रेरक होता है, अर्थात् स्वहित-साधन के लिए ही व्यक्ति स्वभावतः काम करता है।

psychological hedonism — मनोवैज्ञानिक सुखवाद

मिल, बेन्थम इत्यादि का यह ... कि व्यक्ति स्वभावतः सुख-प्राप्ति ... से कर्म में प्रवृत्त होता है।

psychological relativism — मनोवैज्ञानिक सापेक्षवाद

एक मनोवैज्ञानिक सिद्धांत जिसके अनुसार मन का वर्तमान चेतन स्वरूप उसके भूतकालीन तथा ... अनुभवों से प्रभावित होता है।

psychologism — मनोविज्ञानपरता

ह्यूम, मिल तथा जेम्स आदि की दार्शनिक समस्याओं को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से सुलझाने की प्रवृत्ति। ... जर्मन विचारकों ने इस शब्द का अपमानसूचक अर्थ में किया है।

psychophysical parallelism — मनोदैहिक समांतरवाद

मन और शरीर के संबंध के ... प्रस्तावित यह मत कि ये परस्पर स्वतंत्र हैं और इसलिए इनमें कार्य-कारण ... कदापि नहीं हो सकता, परन्तु ... परिवर्तनों में एक संवादिता होती है ... लीजिए $म_1$ $म_2$ $म_3$ ...... परिवर्तनों की श्रृंखला है, और $त_1$ $त_2$ ... . शारीरिक या ... परिवर्तनों की श्रृंखला है। तो म-श्रृंखला ... प्रत्येक सदस्य के अनुरूप त—श्रृंखला ... सदस्य है, पर दोनों में कोई कार्य ... संबंध संभव नहीं है। गणित की भाषा ... दोनो श्रृंखलाएं समांतर हैं।

pure fallacy — केवल-तर्कदोष

तर्क का वह दोष जो केवल तार्किक ... के उल्लंघन से पैदा होता है, न कि ...

शब्दों के प्रयोग से या अप्रासंगिक बातों के आने से।

ypothetical syllogism शुद्ध हेतुफलात्मक न्यायवाक्य

वह न्यायवाक्य जिसमें तीनो प्रतिज्ञप्तियां हेतुफलात्मक होती हैं।

उदाहरण : यदि वर्षा अच्छी होती है तो फसल अच्छी होती है;

यदि गर्मी अच्छी पडती है तो वर्षा अच्छी होती है;

∴ यदि गर्मी अच्छी पड़ती है तो फसल अच्छी होती है।

nism शुद्धाचारवाद, प्युरिटनवाद

इंगलैंड में प्रोटेस्टेंट-संप्रदाय को रोमन कैथोलिक कर्मकांड के तत्वों और रूढियो से बिल्कुल मुक्त करवाने के लिए आन्दोलन करनेवाले प्यूरिटनों का सिद्धात, जो सयम, ईमानदारी, मितव्ययिता इत्यादि पर बल देता है।

Q

rism क्वेकरवाद

जॉर्ज फॉक्स (1624—1691) द्वारा स्थापित सोसायटी ऑफ फ्रेंड्स नामक धार्मिक सस्था के अनुयायियो का मत जिसमें आंतरिक प्रकाश से निर्देशन लेना, बाह्य अनुशास्तियो से मुक्ति, मौन का महत्व, रहन-सहन की सादगी तथा दूसरो के साथ शांतिपूर्वक रहने पर बल दिया गया है।

tive atomism गुणात्मक परमाणुवाद

परमाणुओं को ब्रह्माड के अंतिम घटक तथा उनके मध्य गुणात्मक अंतर माननेवाला सिद्धांत।

qualitative hedonism — गुणात्मक सुखवाद

सुखवाद का वह रूप जो ... भेद के अतिरिक्त सुखों में गुणात्मक ... मानता है जैसा कि मिल ने माना है।

quality — गुण

1. वस्तु में स्वतः पाई जाने ... (अर्थात् अ-संबंधमूलक) विशेषता।

2. तर्कशास्त्र में, वह विशेषता ... ज्ञप्तियों को विधानात्मक और ... बनाती है।

quautification — परिमाणन

तर्कशास्त्र में, किसी प्रतिज्ञप्ति ... उसके परिमाण का बोधक शब्द (जैसे, ... कुछ) जोड़ना अथवा किसी प्रतिज्ञप्ति ... में उसके परिमाण का व्यंजक ... देना।

नीतिशास्त्र में, सुखों की मात्राएं नि... करना ताकि तुलना करने के लि... योगफल निकाला जा सके।

quantification of predicate — विधेय-परिमाणन

हैमिल्टन के तर्कशास्त्र में, उद्देश्य ... विधेय के परिमाण को भी 'कुछ' ... लगाकर व्यक्त करना, जैसे, "सब ... प्राणी है" को "सब मनुष्य कुछ ... के रूप में रखना।

quantifier — परिमाणक

वह शब्द (जैसे, सब, कुछ) ... जो किसी प्रतिज्ञप्ति के परिमाण ... उसके सर्वव्यापी या अंशव्यापी ... बोध कराता है।

litative atomism — परिमाणात्मक परमाणुवाद

परमाणुओं को विश्व के अंतिम घटक और उनमें केवल परिमाणात्मक अंतरों को मानने वाला सिद्धांत ।

litative hedonism — परिमाणात्मक सुखवाद

बेन्थम का नीतिशास्त्रीय सिद्धांत जो सुखों में केवल मात्रा-भेद मानता है, गुण-भेद नहीं ।

tity — परिमाण

1. 'इतना', 'उतना', 'अधिक', 'कम' इत्यादि प्रत्ययों के द्वारा विशिष्ट लक्षण ।

2. तर्कशास्त्र में, प्रतिज्ञप्तियों की वह विशेषता जिससे उनमें सर्वव्यापी और अंशव्यापी का भेद उत्पन्न होता है ।

i-collective judgment — संकलककल्प निर्णय

बोजकैट के तर्कशास्त्र में, वह सर्वव्यापी प्रतिज्ञप्ति जो संबंधित एकव्यापी प्रतिज्ञप्तियों का संकलित रूप प्रतीत होती है, पर ऐसी होती नहीं है । उदाहरणार्थ, "सब मनुष्य मरणशील हैं", "राम मरणशील है", "श्याम मरणशील है", "यह मरणशील है" इत्यादि प्रतिज्ञप्तियों का योगफल मालूम पड़ती है, पर है नहीं ।

si-conscience — अंतर्विवेककल्प

मैकेन्जी के अनुसार, पीड़ा का वह भाव जिसका अनुभव व्यक्ति को ऐसे सिद्धांतों से कर्म का विरोध होने की अवस्था में होता है जिन्हें वह सर्वोच्च नैतिक महत्ववाले नहीं मानता, जैसे साधारण शिष्टाचार का उल्लंघन होने पर ।

quasi-numerical quantifier — संख्याकल्प परिमाणक
वाक्य में प्रयुक्त "थोड़े", "... "अधिकतर" जैसा शब्द जो ... परिमाण को निश्चित संख्या के ... बताता।

quasi-ostensive definition — निदर्शककल्प परिभाषा
वह परिभाषा जिसमें इशारे के ... साथ थोड़े से वर्णनात्मक शब्दों का प्रयोग होता है, जैसे "मेज इस ... फर्नीचर को कहते हैं", जो इस ... कारण किया जाता है कि श्रोता ... के सामने पड़नेवाली किसी और ... जैसे एक रंग-विशेष को, मेज न समझे।

quasi-substantive — द्रव्यककल्प
जॉनसन के तर्कशास्त्र में, वह ... मुख्यतः विशेषण का कार्य करता है ... विशेष वाक्य में विशेष्य के रूप में ... हुआ हो।

quaternary relation — चतुष्पदी संबंध
वह संबंध जो चार पदों के मध्य ...
उदाहरण :
"राम ने मोहन से गाय लेकर ... दे डाली।"

quaternio terminorum — चतुष्पद-दोष
देखिए—fallacy of four terms

queen monad — प्रधान चिदणु
लाइबनित्स के अनुसार, चिदणुओं ... संहति में वह चिदणु जो सबसे अधिक ... सित होता है, जैसे शरीर में मन या बुद्धि।

question begging epithet — प्रमाणापेक्ष विशेषण
ऐसा विशेषण जिसका प्रयोग ... प्रमाण के बिना कर दिया गया हो और ... लिए जिसका प्रतिवाद किया जा सकता ...

ng — वाक्छल

ऐसे तर्कों का प्रयोग जो विवाद को मुख्य विषय से हटा दें और वह महत्वहीन बातों में उलझ कर रह जाए।

y — तत्त्व, सार

वस्तु का स्वरूप; वह जो परिभाषा में व्यक्त होता है—स्कॉलेस्टिक दर्शन में प्रयुक्त एक शब्द।

m — 1. नैष्कर्म्यवाद

सत्रहवीं शताब्दी की एक रहस्यवादी विचारधारा, जिसके अनुसार ईश्वर की कृपा से ही मुक्ति प्राप्त हो सकती है और ईश्वर का कृपा-पात्र बनने के लिए पूर्ण आत्म-समर्पण आवश्यक होता है, जो तभी संभव है जब व्यक्ति बिल्कुल निष्क्रिय हो जाए।

2. नैष्कर्म्य

निष्क्रियता या पूर्ण शांति की अवस्था।

ssence — 1. सारतत्त्व

विशुद्ध सार; सार का सबसे अधिक घनीभूत रूप।

2. पंचमतत्त्व

अरस्तू के दर्शन में, पांचवां तत्त्व (पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि के अतिरिक्त), जिससे दिव्य वस्तुएं बनी हैं।

R

course paradox — धावन-पथ-विरोधाभास

जीनो (Zeno) के सुप्रसिद्ध अकिलीज (Achilles) विरोधाभास की तरह का यह विरोधाभास कि एक धावन-पथ पर अ से ब तक की दौड़ पूरी करने के लिए दौड़नेवाले को उस दूरी के $\frac{1}{2}$, $\frac{3}{4}$, इत्यादि अनंत खंडों को पूरा करना पड़ेगा और चूंकि अनंत खंडों की दौड़ किसी सीमित

कालावधि में पूरी नहीं की जा
लिए म्र से व तक की दौड़ को
तर्कतः असंभव है।

radical empiricism

उत्कट इंद्रियानुभववाद
विलियम जेम्स का सिद्धांत जिसके
(1) दार्शनिकों को वाद विवाद
उन्हीं बातों पर करना चाहिए जो
भव पर आधारित हों; (2) न
अपितु उनके संबंध भी इंद्रियानुभव
हैं; तथा (3) बाह्य जगत् के
जोड़ने के लिए किन्हीं
अनुभवातीत आलंबनों की
नहीं है।

radicalism

आमूल-परिवर्तनवाद, उत्कटवाद
साधारण, पारंपरिक तथा
ही भिन्न बात का समर्थक
या मूलगत सुधार या
पक्षपाती मत।

ramism

रामूवाद
फ्रांसीसी दार्शनिक पीटर रामू
Ramus, 1515–1572) का सिद्धांत
स्कॉलेस्टिकवाद और अरस्तू का विरोधी
केल्विनवाद का समर्थक था तथा तर्क
वादविद्या का अंग मानता था।

random sample

यादृच्छिक नमूना, यादृच्छिक प्रतिदर्श
पुराना नमूना
किसी ढेर से कहीं से भी
ढंग से चुना हुआ नमूना।

range

पराम
सामान्य रूप से, विभिन्न संदर्भों में
विस्तार, एक निश्चित सीमा के
वाली वस्तुओं के वर्ग इत्यादि का
विशेषतः, संबंध के संदर्भ में
domain' का पर्याय।

सामरस्य

मुख्यत : सम्मोहित व्यक्ति और सम्मोहन-कर्त्ता का वह संबंध जो सम्मोहन की सफलता का मूल होता है। सामान्य रूप से, किन्हीं दो व्यक्तियों के मध्य सौहार्द या घनिष्ठता का संबंध।

परमानंद

आनंदानुभूति की वह उत्कृष्ट और रहस्य-मय अवस्था जिसमें आत्मा दिव्य ज्ञान की भूमि में पहुंच जाता है।

...iction

विरलन

द्रव्य के घनीभूत होने के विपरीत वह अवस्था जिसमें उसके अणुओं या कणों के बीच का अवकाश बढ़ जाता है।

...cination

तर्कना

अनुमानमूलक बौद्धिक प्रक्रिया।

... cognoscendi

ज्ञानसाधक हेतु

वह चीज जिसके ज्ञान से किसी अन्य चीज का अस्तित्व जाना जाता है : जानकारी करवानेवाला हेतु, जैसे धुवां, जिसे देख कर आग के होने का ज्ञान होता है।

... essendi

सत्तासाधक हेतु

अस्तित्व का कारण, जैसे आग जो धुएं को उत्पन्न करती है।

...onalism

तर्कबुद्धिवाद

इंद्रियानुभववाद का विरोधी यह सिद्धांत कि ज्ञान का एकमात्र अथवा सर्वश्रेष्ठ साधन तर्कबुद्धि है और थोड़े से प्रागनुभविक या

तर्कबुद्धिमूलक सिद्धांतों या ...
निगमन द्वारा संपूर्ण तात्त्विक ...
जा सकता है।

rationalistic intuitionism — तर्कबुद्धिवादी मत.प्रज्ञावाद
रिजर्ड प्राइम तथा अन्यों का ...
तथा शुभाशुभ के नैतिक ...
मूलक हैं और तर्कबुद्धि इनका ...
वाली शक्ति है।

rational utilitarianism — तर्कबुद्धिपरक उपयोगितावाद
सिजविक (Sidgwick) ...
नैतिक सिद्धांत जिसके अनुसार ...
शुभ है और तर्कबुद्धि शुभाशुभ, ...
के बोध का आधार है।

ratio-vitalism — तर्कबुद्धीय प्राणतत्त्ववाद
समसामयिक स्पेनी दार्शनिक
(Ortega) का सिद्धांत जो प्र...
चरमतत्त्व मानता है और उसे
बौद्धिक भी मानता है।

real — सत्, वास्तविक
काल्पनिक या संभव मात्र ...
सचमुच बाह्य जगत् में अस्तित्व ...

real definition — वास्तविक परिभाषा
वह परिभाषा जो जगत् में सचमु...
रखने वाली किसी वस्तु के गुणार्थ ...
है, जैसे यह परिभाषा कि 'म...
'विचारशील प्राणी' है।

real essence — वास्तविक सार
जॉन लॉक के अनुसार, वस्तु ...
का वह अज्ञेय अंश जो उसे अन्य ...
भिन्न बनानेवाले गुणधर्मों का ...
है।
भेद के लिए देखिए—nominal

f dilemma — उभयतः पाश—विखंडन

-- किसी उभयत.पाश के निष्कर्ष को एक प्रति-उभयतःपाश के द्वारा काटना : प्रति-उभयत.पाश प्रायः मूल उभयतःपाश के अंशो को ही नए रूप में संयुक्त करके बनाया जाता है, परन्तु इस विषय मे कोई बंधन नही है; चाहिए केवल एक ऐसा उभयतः पाश जिसका निष्कर्ष मूल के निष्कर्ष का व्याघाती हो। देखिए—counter-dilemma ।

on — उद्धार

-- पाप से अथवा (हिन्दू और बौद्धधर्म की मान्यता के अनुसार) कर्म के, अर्थात् पाप और पुण्य दोनों ही के, बंधन से मुक्ति ।

ad absurdum — प्रमाणबाधितार्थप्रसंग, प्रसंगापत्ति, व्याघात-प्रदर्शन, असंगति-प्रदर्शन

किसी प्रतिज्ञप्ति को यह दिखाकर सिद्ध करना कि उसके निषेध से असंगत, व्याघाती या अवांछित परिणाम उत्पन्न होते हैं ।

ad impossibile — असंभवापत्ति

-- किसी प्रतिज्ञप्ति को सत्य सिद्ध करने के लिए यह दिखाना कि उसे असत्य मानने से असंभव परिणाम निकलते हैं ।

on — आकृत्यंतरण

तर्कशास्त्र में, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ आकृतियों के किसी भी विन्यास को प्रथम आकृति के कसी विन्यास में बदलना (अरस्तवी अर्थ), अथवा, अधिक विस्तृत अर्थ में, किसी भी आकृति के किसी भी विन्यास को किसी भी अन्य आकृति के किसी विन्यास में बदल देना । देखिए figure तथा mood । (यह प्रणाली विन्यास की

reductionism — अपचयवाद, अवव्याख्यावाद

यह सिद्धांत कि जटिल ... में या अधिक विकसित ... विश्लेषण करके पूरी व्याख्या दी ...

reductive fallacy — अपचय-दोष

किसी जटिल घटना का ... विश्लेषण करके अथवा किसी ... चीज के साथ कुछ निम्न कोटि के ... अस्तित्व दिखाकर यह मान लेने ... वह उनके अलावा कुछ है ही नहीं ... ध्वनि वायु के कणों के क्रमिक ... विरलन के अलावा कुछ है ही न...

reductive materialism — अपचयी भौतिकवाद, अपचयी पु...

ब्रॉड (Broad) के अनुसार, ... कि भौतिक वस्तुओं का सचमुच ... और मन उन्हीं के स्थूल या सूक्ष्म ... नाम मात्र है, जैसा कि व्यवहारवाद ... गया है।

reductive mentalism — अपचयी मानसवाद

ब्रॉड के अनुसार, यह सिद्धांत (... संभव है, पर माना कहीं नहीं गया है) ... का सचमुच अस्तित्व है और भौतिक... विशेषता है जिसका मानसिकता में ... किया जा सकता है।

reductive neutralism — अपचयी तटस्थवाद, अपचयी अनुभयवाद

ब्रॉड के अनुसार, यह ... भौतिकता और न मानसिकता ... गुण है, बल्कि दोनों ही एक ... द्रव्य के विवर्त (आभास) मात्र हैं।

: definition — व्यतिरिक्त परिभाषा

परिभाषा का एक दोष जिसमें किसी विशेषता की अनावश्यक पुनरावृत्ति होती है। उदाहरण "मनुष्य एक बुद्धिमान् प्राणी है जो तर्क करता है" (टिप्पणी—तर्क करने की विशेषता "बुद्धिमान्" कहने में आ जाती है)।

निर्देशक

वह जिसके द्वारा निर्देश किया जाए, अर्थात्-निर्देश क्रिया का कारण, जैसे प्रत्यक्ष जिसके द्वारा उस वस्तु का निर्देश होता है जिसका उसमे बोध होता है।

कुछ लोगों ने निर्देश के विषय के लिए भी इस शब्द का प्रयोग किया है।

निर्देश्य

वह वस्तु जिसका कोई शब्द, वाक्य या कथन बोध कराता है, निर्देश-क्रिया का विषय या "कर्म"।

ial definite — निर्देशीय निश्चयवाचक

जॉनसन के अनुसार, आर्टिकल "दि" या उसका कोई रूप-भेद जिसके प्रयोग में एक वस्तु-विशेष की ओर संकेत निहित होता है।

ial realism — निर्देशात्मक वास्तववाद

लेजर वुड (Ledger Wood) के अनुसार, यह ज्ञानमीमांसीय सिद्धांत कि ज्ञान में (1) ज्ञाता, (2) सवेद्य गुण और (3) उन गुणों के द्वारा निर्दिष्ट एक 'सावृतिक' वस्तु जिसका कि अस्तित्व भी हो सकता है : ये तीन तत्व समाविष्ट होते हैं।

(लेजर वुड : फर्म के "ए हिस्ट्री आफ फिलोसोफिकल सिस्टम्स" में एक अध्याय के लेखक।)

by logical — समानाभासमूलक खंडन

किसी युक्ति का खंडन करने का वह तरीका जिसमें सत्य आधारिकाओं किन्तु स्पष्टतः असत्य निष्कर्षवाली एक ऐसी युक्ति का निर्माण किया जाता है जिसका आकार मूल युक्ति के तुल्य होता है। उदाहरण : यदि मैं राष्ट्रपति होता तो मैं एक प्रसिद्ध व्यक्ति होता; मैं राष्ट्रपति नहीं हूं, अतः मैं एक प्रसिद्ध व्यक्ति नहीं हूं। इसका खंडन करने के लिए इस युक्ति का प्रयोग किया जा सकता है: यदि आइन्सटाइन राष्ट्रपति होते तो वे एक प्रसिद्ध व्यक्ति होते; आइन्सटाइन राष्ट्रपति नहीं हैं; अतः आइन्सटाइन एक प्रसिद्ध व्यक्ति नहीं है।

…e train of …ing — प्रतिगामी तर्कमाला

न्यायवाक्यों की वह शृंखला जिसमें क्रम उत्तर-न्यायवाक्य से पूर्व-न्यायवाक्य की ओर होता है, अर्थात् पहले अंतिम निष्कर्ष का कथन किया जाता है, फिर उसकी साधक आधारिकाओं का, फिर उन आधारिकाओं की साधक आधारिकाओं का तथा इसी प्रकार आगे भी। उदाहरण:—

> राम मरणशील है;
> क्योंकि सब मनुष्य मरणशील हैं;
> और राम एक मनुष्य है।
> सब मनुष्य मरणशील हैं;
> क्योंकि सब प्राणी मरणशील हैं;
> और सब मनुष्य प्राणी है।

…us ad infinitum — अनवस्था-दोष

एक तर्कगत दोष जिसमें तर्क बिना किसी संतोषजनक परिणाम पर पहुंचे लगातार अनंत तक चलता रहता है—इसमें समस्या को टाला जाता है, उसका समाधान नहीं होता।

…heory of — मन का संबंध-सिद्धांत

मन के स्वरूप के बारे में यह सिद्धांत कि वह तटस्थ वस्तुओं (वे जो न मानसिक हैं और न भौतिक) के बीच का संबंध है ।

संबंधवाद

जर्मन समाजशास्त्री कार्ल मानहाइम (Karl Mannheim, 1893–1947) का यह सिद्धांत कि मानवीय चिंतन का संबंध एक विशिष्ट सामाजिक-ऐतिहासिक परिस्थिति से होता है ।

…uency theory — सापेक्ष-आवृत्ति-सिद्धांत

एक सिद्धांत जिसके अनुसार प्रसभाव्यता एक वर्ग के सदस्यों में एक विशिष्ट गुणधर्म के प्रकट होने की सापेक्ष आवृत्ति है—यदि एक हज़ार ऐसे युवकों में जो 25 वर्ष के हैं, 963 ऐसे निकलते हैं जो छब्बीसवें वर्ष में पहुंचते हैं, तो इस वर्ग में इस विशेषता की सापेक्ष आवृत्ति 963/1000 है ।

…al equation — सापेक्ष वैयक्तिक विवरण

विभिन्न व्यक्तियों के द्वारा किसी घटना के जो प्रेक्षण किए जाते हैं उनमें उनकी निजी विशेषताओं के कारण आनेवाला अंतर, विशेषतः उस अंतर का सांख्यिकीय मूल्य ।

…erm — सापेक्ष पद

वह पद जिसके अर्थ में कोई संबंध निहित होता है अथवा जिसमें अनिवार्य रूप से किसी अन्य वस्तु की ओर संकेत रहता है, जैसे, पिता, पुत्र, स्वामी, इत्यादि ।

…alue — सापेक्ष मूल्य

देश, काल, समाज और परिस्थिति की आवश्यकताओं पर आश्रित मूल्य ।

relativism — सापेक्षवाद

सत्य, ज्ञान और मूल्यों को देश
और काल के अनुसार बदलनेवाले
मत ।

relativistic positivism — सापेक्ष प्रत्यक्षवाद, सापेक्ष

जर्मन दार्शनिक जोसेफ
(Joseph Petzoldt 1862-19
दार्शनिक सिद्धांत जो द्रव्यों के
निषेध करता है और उन्हें संवेदनों
रूप से स्थिर समुच्चय मात्र मानता है।

relatum — संबंधी

परस्पर संबंध रखनेवाली चीजों
में से एक ।

religion — 1. धर्म

सामान्य रूप से, शाश्वत
सत्ताओं, शाश्वत जीवन और शाश्वत
विश्वास, नैतिक व्यवस्था का
के ऊपर आधिपत्य मानना, तथा
आचार-व्यवहार ।

2. धर्मशास्त्र

विभिन्न धर्मों की सामान्य विशे
अध्ययन करनेवाला शास्त्र ।

religious a priori — धार्मिक प्रागनुभविक

मानवीय चेतना की यह सहज
कि वह दिव्य सत्ता
निरपेक्ष रूप से अंतःप्रज्ञा द्वारा बोध

religious sanction — धार्मिक अनुशास्ति

ईश्वर और नरक इत्यादि
आदमी को, जो कि स्वभावतः स्व
उन्मुख होता है, परार्थोन्मुख तथा
बनाता है ।

values — धार्मिक मूल्य

मनुष्य की गहरी आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पूरा करनेवाली इस तरह की बातें, जैसे, ईश्वर प्रेम, उपासना इत्यादि ।

class — शेष-वर्ग

यदि क कोई वस्तु है तो उसकी तुलना में उन वस्तुओं का वर्ग जो क नहीं है ।

अनुताप

अतीत में किए हुए पापों (जैसे, दूसरों को क्षति पहुंचाना) के प्रति तीव्र दुःख की अनुभूति ।

genus — विप्रकृष्ट जाति

तार्किक विभाजन में, वह वर्ग जो प्रश्नाधीन वर्ग (उपजाति) की तुलना में अधिक व्यापक होता है, परन्तु उसके ठीक ऊपर न होकर बहुत ऊपर होता है, जैसे पॉरफ़ीरी के प्रसिद्ध विभाजन में "मनुष्य" की तुलना में "द्रव्य" ।

intention — व्यवहित अभिप्राय

मैकेंज़ी के अनुसार, वह अभिप्राय जो तात्कालिक न हो । मान लीजिए कि आपके सामने एक अपराधी जिसे पुलिस लिए जा रही है नदी में कूद पड़ता है और आप तथा पुलिसवाले उसके पीछे कूद पड़ते हैं । दोनों का तात्कालिक अभिप्राय उसे बाहर निकालना है, लेकिन आपका "व्यवहित अभिप्राय" एक जीवन को बचाना है जब कि पुलिस का उसे अदालत में दंड दिलाने के लिए (जो मृत्यु दंड भी हो सकता है) सुरक्षित रखना है ।

renaissance — पुनर्जागरण, रिनेसां

सामान्यतः बौद्धिक जागृति का युग/विशेषतः ... का एक सांस्कृतिक आंदोलन जो ... शुरू हुआ और पूरे यूरोप ... तथा जिसके दौरान अतीत ... हुई, मध्य युग की धर्मप्रधान ... से मुक्ति मिली, साहित्य, कला ... के क्षेत्रों में अभूतपूर्व स्फूर्ति ... का उन्मेष हुआ।

renunciation — त्याग, संन्यास

उच्चतर आध्यात्मिक लक्ष्य ... की सिद्धि के लिए सांसारिक ... महत्वाकांक्षाओं इत्यादि को त्याग ...

repentence — पश्चाताप

अपने किए हुए पाप कर्मों ... की अनुभूति तथा साथ ही ... का पूर्णतः त्याग और केवल ... अनुसरण करने का संकल्प।

reportive definition — प्रतिवेदक परिभाषा

किसी शब्द की वह परि... बताती है कि लोग किस अर्थ में ... करते हैं।

representational occurrence — प्रतिनिधानात्मक घटना

बर्ट्रेंड रसैल के अनुसार, शरीर ... कोई भी ऐसी घटना (जैसे, ... जो बाहर किसी चीज के अस्तित्व ... करे।

representationism — प्रतिनिधानवाद

ज्ञानमीमांसा में, यह सिद्धांत ... मन में बाह्य वस्तुओं का प्रति...

प्रत्यय करते है जो उनकी प्रतिलिपियां हैं, और हमें अपरोक्ष रूप से इन्ही का ज्ञान होता है, न कि बाह्य वस्तुओं का, क्योंकि वे वास्तव में अनुमानगम्य है ।

...ntative fictions — प्रतिरूप-कल्पितार्थ

तर्कशास्त्री बैन के अनुसार, पिंडों की सूक्ष्म संरचनाओं और क्रियाओं के बारे में की गई वे प्राक्कल्पनाएं जिन्हें सीधे उपायों से कदापि प्रमाणित नही किया जा सकता, परन्तु जो इसके बावजूद घटनाओं की व्याख्या में सहायक होती हैं ।

...entative realism — प्रतिनिधानात्मक वास्तववाद

एक ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्त जो बाह्य जगत् के अस्तित्व को वास्तविक मानता है परन्तु उसके ज्ञान को उसके प्रति निधिभूत प्रत्ययों के माध्यम से ही संभव मानता है ।

...ation — शाश्वत-नरक-दंड

कैल्विन के सिद्धान्त के अनुसार, जिन जीवो को ईश्वर ने शाश्वत स्वर्गीय जीवन के लिए नही चुना है उन्हें दिया गया शाश्वत नरक निवास का दंड ।

...ogitans — चिद्द्रव्य

देकार्त के अनुसार, द्रव्य के दो मूल प्रकारों में से वह जो सोच-विचार कर सकता है; मनोद्रव्य ।

...tensa — विस्तृत द्रव्य

देकार्त के अनुसार, द्रव्य के दो मूल प्रकारों में से यह जो दिक् में फैला हुआ रहता है; भौतिक द्रव्य ।

resignation — समर्पण, आत्म-समर्पण

मन की वह धीर और शांत ... व्यक्ति वस्तुस्थिति को ... वश के बाहर मानकर उसके ... है ।

responsibility — उत्तरदायित्व

स्वतंत्र कर्ता की वह ... जिसके होने से वह अपने द्वारा कि... लिए प्रशंसा या निंदा का ...

restorationism — पुनःस्थापनवाद

कुछ ईसाई धर्मावलंबियों ... कि अंत में सब बाधाओं के ... सबको मुक्ति मिल जाएगी, ईश्वर का प्रसाद और शान्ति ...

retributive theory of punishment — प्रतिकारार्थ-दंड-सिद्धांत

यह सिद्धांत कि असत्कर्म के लि... दिया जानेवाला दंड उसकी ... अनुसार कठोर या मृदु होना ... उसकी अर्हता के अलावा किसी ... पापी का सुधार इत्यादि) का ... किया जाना चाहिए ।

revaluation — पुनर्मूल्यन

(कर्म इत्यादि का) ऐसा ... पारंपरिक से भिन्न हो या ... कोण से किया गया हो ।

revealed religion — इलहामी धर्म ; श्रुत धर्म

नैसर्गिक अर्थात् मनुष्य ... आधारित धर्म के विपरीत ... आधार इलहाम अर्थात् स्व... किसी चुने हुए व्यक्ति (दैव... हृदय में उत्पन्न दिव्य प्रकाश ... है ।

on

इलहाम; श्रुति (वैदिक संदर्भ में)

किसी चमत्कार, स्वप्न, दिव्य दर्शन आदि के माध्यम से होनेवाला ईश्वरीय इच्छा का या दिव्य तत्त्व का ज्ञान : विभिन्न धर्मों ने अपने आधारभूत ग्रंथ (बाइबिल, कुरान इत्यादि) को इस तरह का ज्ञान माना है ।

ory definition

ज्ञापक परिभाषा

एस० एफ० बार्कर ("दि एलीमेन्ट्स ऑफ लॉजिक" के लेखक) द्वारा ऐसी परिभाषा के लिए प्रयुक्त पद जो न तो शब्द के भाषा में पहले से प्रचलित अर्थ को बताती है और न वक्ता के द्वारा उसे दिया हुआ कोई नया अर्थ बताती है, बल्कि उसके द्वारा व्यक्त वस्तु की किसी ऐसी विशेषता की ओर ध्यान खींचती है जिसे वक्ता विशेष महत्त्व की समझता है, जैसे, "स्थापत्य" की यह परिभाषा कि वह "हिमीभूत संगीत" है ।

nism

संशोधनवाद

विशेषत: एक आंदोलन जो मूल मार्क्सीय समाजवाद में किन्हीं बातों में शोधन करवाने के लिए (जैसे, क्रांति के प्रत्यय को मूल कार्यक्रम से हटवाने के लिए) कुछ समाजवादी क्षत्रों में चल पड़ा है ।

alism

पुनरुद्धार-वृत्ति

अतीत की अथवा ऐसी बातो को जो अनुपयोगी समझकर छोड़ दी गई है, पुन: चलाने का प्रयत्न अथवा इसकी प्रवृत्ति ।

lous hypothesis

हास्यास्पद प्राक्कल्पना

ऐसी प्राक्कल्पना जो तथ्यों की हास्यास्पद व्याख्या प्रस्तुत करे, जैसे यह कि पृथ्वी शेषनाग के फण के ऊपर स्थित है ।

right 1. अधिकार

(सं०) वह चीज जिस... या कानूनी रूप में दावा ... समाज के द्वारा स्वीकृत ...

2. उचित, सत्

(वि०) किसी नैतिक मानक के अनुसार (कर्म इत्यादि)।

righteousness नीतिपरायणता

व्यक्ति के चरित्र की वृत्ति ... उसमें नीति या धर्म के अनुसार ... करते रहने से आती है।

regorism कठोरतावाद, निग्रहवाद

यह मत कि नियम का कठोरता से पालन किया जाए ... उसमें कोई शैथिल्य या ... आने देना चाहिए, अथवा ... इच्छाओं, प्रवृत्तियों और ... निग्रह करना चाहिए।

ritualism 1. कर्मकांडपरता

धार्मिक कृत्यों में ...

2. कर्मकांडवाद

यह विश्वास कि कर्मकांड (... यज्ञ-याग) ही नैतिक ... अभीष्ट (स्वर्ग, मोक्ष ...) प्राप्ति का उपाय है।

rule of faith आस्था-व्यवस्था

धार्मिक विश्वास का ... जिसका उद्देश्य धर्म के ... के तत्वों के प्रवेश को रोकना ...

utilitarianism — नियम-उपयोगितावाद

उपयोगितावाद का एक प्रकार जो प्रत्येक अलग-अलग कर्म के परिणामों पर विचार न करके कर्म के प्रकार, अथवा इस तरह के सामान्य नियम के, जैसे "वचन का पालन करो" के, परिणामों पर विचार करके उसके औचित्य या अनौचित्य का निर्णय करता है। दूसरे प्रकार की जानकारी के लिए देखिए— act-utilitarianism.

S

tion — निस्तार, मुक्ति, मोक्ष

पाप या कर्म के फल से, जिसकी शाश्वत नरक-दंड, सांसारिक बंधन, जन्म-मृत्यु के अविच्छिन्न चक्र इत्यादि के रूप में कल्पना की गई है, सदा के लिए छुटकारा, जिसे सभी धर्मों ने अपना लक्ष्य बनाया है, हालांकि उसके स्वरूप और उपायों के बारे में उनमे मतभेद है।

tion — अनुशास्ति

व्यक्ति को नैतिक आचरण के लिए प्रोत्साहित करनेवाला सामाजिक सम्मान इत्यादि के रूप में प्राप्त पुरस्कार अथवा कर्तव्य के उल्लंघन या कदाचरण के लिए समाज के कानून द्वारा या प्रकृति या ईश्वर के द्वारा दिए जाने-वाले दंड का भय।

epticism (or skepticism) — संशयवाद

1. यह मत कि पूर्ण, असंदिग्ध या विश्वसनीय ज्ञान की प्राप्ति असंभव है, अथवा किसी क्षेत्र-विशेष में (तत्व-मीमांसीय, नीतिशास्त्रीय, धार्मिक इत्यादि)

भी शामिल है । इसे 'विज्ञान की एकता का आंदोलन' भी कहा जाता है। इसका तार्किक प्रत्यक्षवाद से पूर्ण मतैक्य है। परन्तु विज्ञान की एकता के ऊपर विशेष बल दिया गया है। यह विज्ञान की भाषा में तार्किक एकता मानता है: विज्ञान की विभिन्न शाखाओं के सप्रत्यय मूलतः भिन्न प्रकार के नहीं हैं बल्कि एक तंत्र में संगठित हैं। इसका एक व्यावहारिक उद्देश्य विभिन्न विज्ञानों में प्रयुक्त शब्दावलियों में और अधिक सामंजस्य स्थापित करना है तथा *विज्ञान का इस प्रकार विकास करना* इसका लक्ष्य है कि भविष्य में परस्पर संबद्ध आधारभूत नियमों का एक तंत्र प्राप्त हो सके, जिससे विभिन्न विज्ञानों के विशेष नियम निगमित किए जा सकें।

explanation वैज्ञानिक व्याख्या

लोकप्रसिद्ध व्याख्या के विपरीत वह व्याख्या जो तथ्यों को नियमों के अंतर्गत तथा नियमों को और अधिक ऊंचे और आधारभूत नियमों के अंतर्गत लाती है तथा अलौकिक बातों का आश्रय नहीं लेती।

hypothesis वैज्ञानिक प्राक्कल्पना

देखिए—legitimate hypothesis.

induction वैज्ञानिक आगमन

वह आगमन जिसमें प्रकृति की एकरूपता और कारण-नियम में विश्वास रखते हुए घटनाओं के प्रेक्षण और प्रयोग के द्वारा कोई वास्तविक सर्वव्यापी प्रतिज्ञप्ति स्थापित की जाती है। यदि कारण-नियम और प्रयोग का आश्रय न लिया

अनुसार: प्रत्यक्ष में हमें अपनी चेतना के ही कुछ तत्वों (दत्तों) का ज्ञान होता है, परन्तु इन तत्वों के बाह्य जगत् में स्थित वस्तुओं के समान होने का दावा नहीं किया जा सकता। एडिंगटन ने यह माना है कि जिस प्रकार जाल केवल उन मछलियों को पकड़ सकता है जिनका आकार उसके छेदों से बड़ा होता है उसी प्रकार हमारी इंद्रियां केवल कुछ चुने हुए दत्तों को ही ग्रहण कर सकती हैं।

ry (of sensa) (संवित्तों का) वरण-सिद्धांत

यह वास्तववादी सिद्धांत कि संवेद्यों का संवेदन की क्रिया से पूर्व अस्तित्व होता है, और इसलिए मन का कार्य सर्जनात्मक नहीं बल्कि वरणात्मक होता है।

आत्मा

अनुभव या चेतना में कर्ता (विषयी या अहम्) के रूप में तथा आत्म-चेतना में कर्ता और कर्म के तादात्म्य के रूप में विद्यमान तत्त्व, जिसे प्रायः शरीर से स्वतंत्र अस्तित्व रखनेवाली, परिवर्तन के मध्य अपरिवर्तित बनी रहनेवाली, एक अभौतिक सत्ता के रूप में कल्पित किया गया है।

ism आत्मनियतत्ववाद

एक मत जिसके अनुसार कर्म स्वयं कर्ता के चरित्र या आंतरिक स्वभाव द्वारा निर्धारित होते हैं। यह मत नियतत्ववाद और अनियतत्ववाद का समन्वय करता है: नियतत्ववाद मनुष्य के संकल्प को बाह्य कारणों के द्वारा

alism — संवेदनवाद

इंद्रियानुभववाद का एक रूप जो इस बात पर बल देता है कि अंततोगत्वा ज्ञान संवेदनों से प्राप्त होता है। सामान्यतः इस मत का संबंध साहचर्यवाद से माना जाता है।

nifold — संवित्त-विविधक

अनुभव में समाविष्ट रंग, ध्वनि, स्वाद इत्यादि विविध संवेदनों के अंश।

(sing., sensibile) — संवेद्यार्थ

रसेल के अनुसार, वे चीजें जिनकी तत्त्वमीमांसीय तथा भौतिक स्थिति इंद्रियदत्त के तुल्य ही होती है किंतु जिनके बारे में यह जरूरी नहीं है कि वे सामने प्रस्तुत हों। जैसे मनुष्य विवाह-संबंध के होने पर पति बन जाता है वैसे ही संवेद्यार्थ किसी मन में संबंध होने पर इंद्रियदत्त कहलाता है।

y — संवेदन-शक्ति

कान्ट के अनुसार, मन की वह शक्ति जिसके द्वारा वह ऐंद्रिय संस्कारों को ग्रहण करता है।

n — विषयभोगवाद, इंद्रियसुखवाद

नीतिशास्त्र में, यह मत कि इंद्रियों की तृप्ति अर्थात् विषयों का भोग ही परम शुभ है।

संवित्त

वह सामग्री जो किसी बाह्य ज्ञानेंद्रिय के माध्यम से मन के समक्ष प्रस्तुत होती है; संवेदन की अंतर्वस्तु।

erm — एकशब्द पद

वह पद जिसमें केवल एक शब्द होता है, जैसे मनुष्य, राम इत्यादि।

पाप

वह काम जो धर्म-विरुद्ध हो, ईश्वर की आज्ञा का उल्लघन करनेवाला माना जाता हो या दैवी कानून के द्वारा निषिद्ध हो।

eneral proposition — एक परिमाणक सामान्य प्रतिज्ञप्ति

प्रतीकात्मक तर्कशास्त्र में, वह सामान्य प्रतिज्ञप्ति जिसमें केवल एक परिमाणक हो, जैसे 'सब कुत्ते पशु है"।

('एकपरिमाणक' प्रतिज्ञप्ति वही है जो पारंपरिक तर्कशास्त्र में 'सरल प्रतिज्ञप्ति' है।)

sm — एकतत्त्ववाद

यह मत कि मूल तत्त्व केवल एक है या संपूर्ण जगत् केवल एक ही पदार्थ से उत्पन्न है।

proposition — एकव्यापी प्रतिज्ञप्ति

वह प्रतिज्ञप्ति जिसका उद्देश्य-पद एकवाचक हो अर्थात् जो एक व्यष्टि के बारे में हो, जैसे "शंकर एक महान् दार्शनिक है"।

induction — मिद्ध आगमन

आगमनिक तर्क का एक दोष जो तब होता है जब प्रमाणो पर आधारित निष्कर्ष की प्रसंभाव्यता की मात्रा को कम आका जाता है, जैसे एक विशेष प्रतियोगिता-परीक्षा में दस बार फेल होने के बाद ग्यारहवी बार पास होने

अर्थवितंडा

आर्थिक लाभ के लिए आभासी तर्क का प्रयोग करने की कला।

वितंडा, कुतर्क

छल करने या विपक्षी को भ्रम मे डालने के उद्देश्य से आभासी तर्कों का प्रयोग।

सक्षिप्त प्रगामी तर्कमाला

न्यायवाक्यों की वह शृंखला जिसमें पहले न्यायवाक्य का निष्कर्ष अगले में एक आधारिका बनता है तथा अंतिम को छोड़कर सब निष्कर्ष और संबधित आधारिकाएं अव्यक्त होती हैं।

उदाहरण:

सब अ ब है।
सब ब स है।
सब स द है।
सब द य है।
∴ सब अ य है।

ding

एकपक्षीय प्रतिपादन

एक दोष जो किसी तर्क का एक संदर्भ में प्रयोग करने और अन्य संदर्भों में उसे अस्वीकार करने में होता है, जैसे आलस्य की समर्थ लोगों में प्रशंसा लेकिन निर्धनों में निंदा करना :

उपजाति

तर्कशास्त्र में, किसी बड़े वर्ग की तुलना में वह छोटा वर्ग जिसका वस्त्वर्थ उसके वस्त्वर्थ में समाविष्ट होता है, जैसे वृक्ष की तुलना में आम्रवृक्ष या मनुष्य की तुलना में नीग्रो।

देखिए genus।

specific accident — उपजातिगत आगंतुक गुण

वह आगंतुक गुण जो केवल प्रश्नाधीन उपजाति में ही विद्यमान हो, उसकी समकक्ष उपजातियों यानी पूरी जाति में नहीं।

specific attribute — उपजातिगत गुण

वह गुण जो केवल प्रश्नाधीन उपजाति में ही विद्यमान हो, उसकी समकक्ष उपजातियों मे नही।

specific excludent — उपजातिगत व्यावर्त्य

डिमॉर्गन के अनुसार, वह विधेय जो प्रश्नाधीन उपजाति पर लागू न हो, पर अन्य समकक्ष उपजातियों पर लागू हो।

specific non-accident — उपजातिगत अनागंतुक गुण

वह गुण जो आकस्मिक न हो और केवल संबधित उपजाति में ही पाया जाता हो, अर्थात् अवच्छेदक (differentia) का अंश या परिणाम हो।

specific property — उपजातिगत गुणधर्म

वह गुणधर्म जो उपजाति के गुणार्थ का परिणाम होता है, जैसे समद्विबाहु त्रिभुज के दो कोणों के बराबर होने की विशेषता जो कि त्रिभुज के गुणार्थ का नही बल्कि उसकी दो भुजाओं के समान होने का परिणाम है।

speculative philosophy — परिकल्पनात्मक दर्शन

समीक्षात्मक दर्शन के विपरीत, दर्शन का वह प्रकार जिसमें संप्रत्ययों की उप

और विश्लेषण करनेवाली आलोचनात्मक बुद्धि की अपेक्षा कल्पना-शक्ति से अधिक काम लिया जाता है और अंतःप्रज्ञा के आधार पर सत्ता के तात्विक स्वरूप के बारे में सिद्धांतों के एक तंत्र का निर्माण किया जाता है, जैसा कि हेगेल, स्पिनोज़ा, शंकर इत्यादि दार्शनिकों ने किया है।

spirit

आत्मा; चित्; प्रेतात्मा

मूलतः स्टोइकों द्वारा विश्व को अनुप्राणित करने वाले अग्निसदृश तत्त्व के अर्थ में प्रयुक्त ।

कृति और बुद्धिशक्ति से युक्त चेतन तत्त्व या आत्मा।

शरीर की मृत्यु के बाद बची हुई चेतन सत्ता।

spiritualism

1. अध्यात्मवाद

भौतिकवाद के विपरीत, यह सिद्धांत कि अंतिम सत्ता आत्मा है जो समस्त विश्व में व्याप्त है, अथवा यह कि विश्व मे ब्रह्म और आत्माओ के अलावा कुछ भी नही है।

2. प्रेतवाद

यह विश्वास कि प्रेतात्माएं होती हैं और वे 'माध्यमों' के द्वारा अथवा अन्यथा जीवित लोगों के साथ संपर्क कर सकती हैं।

square of opposition

विरोध-चतुरस्र

